छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

रायपुर, रविवार, 19 नवम्बर 2023

वर्ष - 65 | अंक - 214 | पृष्ठ - 12

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

केंद्र ने देश में किया महंगाई बढ़ाने का काम : कांग्रेस पृष्ठ 2

मड़ई
- भगवान विष्णु स्वरूप सालिगराम और माता तुलसी... पृष्ठ 6

- अजेय भारत अब वन डे विश्व कप जीतने को बेताब
- अहमदाबाद को किंग कोहली की एक और जादुई पारी का इंतजार पृष्ठ 8

देश विदेश
- इजरायल ने हमास से कई गुना ज्यादा लोगों को बंधक बनाया : एर्दोगन
- दक्षिणी गाजा पर इजरायली बमबारी में 26 नागरिकों की मौत
- मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली पृष्ठ 7

# विश्वकप का फाइनल आज

## अहमदाबाद में पहुंच रहे देश-दुनिया के क्रिकेट प्रशंसक, रेलवे दिल्ली-मुंबई से स्पेशल ट्रेन चलाएगा



**अहमदाबाद**, 18 नवम्बर (एजेंसियां)। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार दोपहर 2 बजे से भारत-ऑस्ट्रेलिया विश्व कप का फाइनल खेला जाएगा। मैच देखने के लिए देश-दुनिया के प्रशंसक अहमदाबाद पहुंच रहे हैं। अहमदाबाद और करीबी शहरों के फाइव, थ्री स्टार और अन्य होटलों के रूम की मांग आसमान छू रही है। रविवार रात के लिए टॉप 5-स्टार होटलों के रूम का किराया 3 लाख रुपए तक पहुंच गया है। रेलवे ने दिल्ली और मुंबई से अहमदाबाद तक के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है।

**100 से ज्यादा चार्टर्ड प्लेन उतरेंगे**

शनिवार और रविवार को 100 से ज्यादा चार्टर्ड प्लेन अहमदाबाद एयरपोर्ट पर उतरने का अनुमान है। अहमदाबाद हवाई अड्डे की कैपेसिटी 30-40 चार्टर्ड प्लेन की पार्किंग की है। ऐसे में कई प्लेन गांधीनगर और वडोदरा में पार्क होंगे। वहीं, वीवीआईपी के चार्टर्ड प्लेन को सूरत, राजकोट और वडोदरा में भी पार्किंग की सुविधा दी गई है।

**मैच से पहले होगा एयरशो**

मैच से पहले एयरफोर्स का एयरशो होगा। भारतीय वायु सेना की एरोबेटिक टीम सूर्यकिरण ने शुक्रवार और शनिवार को इसकी रिहर्सल की। मैच से पहले यह शो करीब 10 मिनट तक चलेगा।

**उड़ानों की संख्या भी बढ़ी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले इस हाईवोल्टेज मैच को देखने हजारों की संख्या में लोग अहमदाबाद पहुंच रहे हैं। क्रिकेट फैन्स की सहूलियत के लिए भारतीय रेलवे ने शनिवार को दिल्ली से अहमदाबाद के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है। रेलवे ने शनिवार को बताया कि मैच के बाद ट्रेन देर रात 2:30 बजे अहमदाबाद से दिल्ली के लिए रवाना होंगी। ऐसी ही तीन ट्रेनें मुंबई-अहमदाबाद के बीच भी चलाई जा रही हैं। रेलवे के अलावा एयरलाइंस कंपनियों ने भी अहमदाबाद के लिए अतिरिक्त उड़ानों की व्यवस्था की है। आमतौर पर शनिवार को मुंबई और अहमदाबाद के बीच रोजाना 15 से 20 उड़ानें होती हैं। मैच के चलते उड़ानों की संख्या 25 तक जा पहुंची है।

## रोहित ने गेंदबाजों की जमकर तारीफ की

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस में गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा कि गेंदबाजों ने अब तक शानदार काम किया है। हमारे गेंदबाजों ने विपक्षी टीम को 300 के अंदर रोक कर बहुत अच्छा काम किया है। स्पिनर्स ने भी अब तक अच्छा काम किया है। वहीं, दूसरे हाफ में हमने लक्ष्य का बचाव किया है। शमी सिराज बुमराह को पता है कि उन्हें क्या करना है। स्पिनर्स को पता था कि मिडिल के ओवर में उन्हें विकेट चटकाना है। तो अब तक सबने अपने रोल को बखूबी निभाया है।

## रोहित व विराट के लिए खास प्लान: कमिंस

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को आउट करने के लिए उनके पास खास प्लान है। हालांकि, उन्होंने यह बात स्वीकार की कि उन्हें शमी से बचकर रहना होगा। कमिंस ने कहा पिच काफी अच्छी लग रही है, टूर्नामेंट में पहले भी इसका इस्तेमाल किया जा चुका है। मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए।

**प्रधानमंत्री मोदी भी रहेंगे मौजूद**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीफ इस मैच में चीफ गेस्ट होंगे। ऑस्ट्रेलिया के उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के अलावा गृहमंत्री अमित शाह और 8 राज्यों के मुख्यमंत्री समेत 100 वीवीआईपी भी स्टेडियम पहुंचेंगे। सेलेब्रिटीज और बॉलीवुड सितारों के अलावा दिग्गज कारोबारी भी मौजूद रहेंगे। इनमें मुकेश अंबानी, लक्ष्मी मित्तल, गौतम अडाणी, जिंदल ग्रुप जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

# उत्तरकाशी टनल में पांच जगहों से बचाव अभियान

- टनल में 7 दिन से फंसे हुए हैं 41 मजदूर
- मशीन ले जाने के लिए सड़क बननी शुरू

**उत्तरकाशी**, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 12 नवंबर सुबह 4 बजे एक निर्माणाधीन टनल का 60 मीटर का हिस्सा धंस गया। इसमें 41 मजदूर फंस गए। संभव है कि अंदर और भी मजदूर फंसे हों।

प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे ने शनिवार शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि विशेषज्ञों ने एकमत होकर राय जताई है कि हम एकसाथ पांच योजनाओं पर काम करें। जिस तरफ से पहले लोगों तक पहुंच सकेंगे, उन्हें बचाया जाएगा। इस काम में मिलकर काम कर रहे हैं। हमारे पास टनल के अंदर जाने के लिए ज्यादा जगहें नहीं हैं, क्योंकि ज्यादातर टनल स्टील से कवर्ड हो चुकी है। जिस जगह से ड्रिलिंग होनी है, उसे चिह्नित कर लिया गया है। बीआरओ ने पहाड़ के ऊपर मशीन ले जाने के लिए सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया है।

**अंदर फंसे के बीमार पड़ने का डर**

शनिवार को परिजनों ने बताया कि अब टनल में फंसे लोगों की आवाज कमजोर पड़ रही है। बात करते समय उन्हें सुनना मुश्किल हो रहा है। अंदर फंसे टनल कर्मचारी गब्बर सिंह के भाई आकाश सिंह कहा कहना था कि हमारा देश डिजिटल हो गया है। एक तरफ चंद्रयान मिशन लॉन्च किया जा रहा है लेकिन दूसरी तरफ हमारे लोगों को फंसे एक हफ्ता हो गया है। 41 लोगों की जरूरत का खाना अंदर भेजना भी संभव नहीं है, इसलिए फंसे हुए लोगों की तबीयत खराब होने की नई चुनौती सामने आ सकती है।



**आधुनिक तकनीक की ले रहे मदद : धामी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों के रेस्क्यू पर पल पल अपडेट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को शासकीय आवास पर अधिकारियों के साथ श्रमिकों के बचाव के लिए चल रहे रेस्क्यू कार्यों की समीक्षा की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि रेस्क्यू ऑपरेशन में आ रही बाधाओं से निपटने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएं। सुरंग में फंसे लोगों के रेस्क्यू के लिए देश और दुनिया में ईजाद की गई आधुनिक तकनीक की मदद ली जा रही है।

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू ने छठ पूजा के अवसर पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छठ पूजा के अवसर पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती मुर्मू ने शनिवार को अपने संदेश में कहा , लोक आस्था के पावन महापर्व छठ पूजा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। छठ पूजा सूर्यदेव की आराधना करने के साथ ही नदियों , तालाबों और जलाशयों की पूजा करने का अवसर है। प्रकृति से जुड़ा हुआ यह पर्व हमारे भीतर आध्यात्मिक चेतना का संचार करता है और हमें पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है।

### राज्यपाल ने छठ पर्व की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने छठ पूजा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि सूर्य उपासना का यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति प्रेम का भी संदेश देता है।

### बिहार में जहरीली शराब पीने से छह की मौत

**पटना।** बिहार के सीतामढ़ी जिले के तीन गांवों में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान सोलोमन टोला गांव के विक्रम कुमार और राम बाबू, नरहर गांव के रौशन कुमार और संतोष महतो तथा बाजपट्टी थाने के नरहर कलां गांव के महेश यादव और अवधेश यादव के रूप में हुई है। जिला एसपी मनोज तिवारी ने कहा, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उनकी मौत का सही कारण पता चल सकेगा। हमने लापरवाही के लिए एक पुलिस कर्मी और एक चौकीदार को निलंबित कर दिया है।

### अभिनेत्री विजयाशांति तेलंगाना में बनी कांग्रेस की मुख्य संयोजक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने हाल में भारतीय जनता पार्टी छोड़कर पार्टी में लौटी पूर्व लोकसभा सदस्य और प्रसिद्ध अभिनेत्री विजयाशांति को तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए मुख्य समन्वयक और प्रचार समिति का संयोजक बनाया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्रीमती विजयाशांति के नेतृत्व वाली समन्वय समिति में 15 अन्य वरिष्ठ नेताओं को सदस्य नियुक्त किया है।

### आईएलबीएस मामला : आतिशी ने केजरीवाल को रिपोर्ट भेजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सतर्कता मंत्री आतिशी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि मुख्य सचिव नरेश कुमार के बेटे करण चौहान से जुड़े कई सबूत नष्ट किए जा रहे हैं।

### ऑक्सीजन मास्क लगाकर मैनेजर ने दी जान

नोएडा। नोएडा की एक हाईराइज सोसाइटी में एक एक्सपोर्ट कंपनी के एचआर मैनेजर का शव मिला। घर में मिले सुसाइड नोट में मैनेजर ने लिखा था कि जीवन से तंग आ चुका हूं। एचआर मैनेजर की पहचान सुमित कोडिया हुई है।

## उत्तर प्रदेश में हलाल उत्पादों पर प्रतिबंध आतंकी संगठनों को फंडिंग का आरोप

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने हलाल सर्टिफिकेट से जुड़े फूड प्रोडक्ट पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार का मानना है कि हलाल सर्टिफिकेशन के नाम पर अवैध कारोबार हो रहा है। यही नहीं, सर्टिफिकेशन से होने वाली अवैध कमाई से आतंकी संगठनों और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को फंडिंग की जा रही है इधर, लखनऊ के ऐशबाग के रहने वाले शैलेंद्र कुमार शर्मा ने हलाल सर्टिफिकेट के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। इसमें हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जमीयत उलेमा हिंद ट्रस्ट दिल्ली, हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया मुंबई, जमीयत उलेमा मुंबई शामिल हैं।

# अब मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा : सिंहदेव

## प्रदेश में दो-तिहाई बहुमत के साथ बनेगी कांग्रेस सरकार

**रायपुर**, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान हुआ, मतदान के पहले से ही भाजपा और कांग्रेस अपनी-अपनी सरकार बनने का दावा कर रही है। इसी बीच प्रदेश के डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव का एक बड़ा बयान सामने आया है। डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव के इस बयान के सामने आने के बाद से राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है।



डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि, अब मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसका निर्वहन करते रहूंगा। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद प्रदेश का सीएम कौन होगा इस सवाल के जवाब पर टीएस सिंह देव ने कहा कि, प्रदेश का अगला सीएम कौन होगा यह हाईकमान तय करेगा। इसके साथ ही डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने कहा कि, प्रदेश में दो तिहाई बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी।

## डीपफेक का मामला : प्रधानमंत्री की चिंता के बाद हरकत में आया मंत्रालय

# सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को चेताया

**नईदिल्ली,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। डीपफेक के बढ़ते मामलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चिंता जताने के बाद सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय हरकत में आ गया है। सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को चेतावनी दी गई है कि अगर वे डीपफेक को रोकने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाते हैं तो सेफ हार्बर इम्यूनिटी क्लॉज के तहत संरक्षण नहीं मिलेगा, जिसका वे फिलहाल लाभ उठा रहे हैं। केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी व दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बारे में कहा कि सरकार ने हाल ही में डीपफेक मुद्दे पर सोशल मीडिया कंपनियों को नोटिस जारी किया था। उन्हें ऐसी सामग्री पर कार्रवाई करने के लिए और अधिक आक्रामक होना होगा। उन्होंने कहाकि यद्यपि कंपनियां कुछ कदम उठा रही हैं,लेकिन उन्हें लगता है कि यह नाकाफी है अभी और कई कदम उठाने होंगे।

**सरकार बुलाएगी जल्द बैठक**- वे जल्द ही सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ बैठक करके यह सुनिश्चत करेंगे कि प्लेटफॉर्म डीपफेक को रोकने और सस्टिम को साफ करने के लिए पर्याप्त प्रयास करें। हालांकि उन्होंने इसकी कोई आधिकारिक तिथि नहीं बताई,लेकिन माना जा रहा है कि यह बैठक अगले सप्ताह हों सकती है। यह पूछे जाने पर कि क्या बैठक में मेटा और गूगल जैसे बड़े प्लेटफॉर्म को बुलाया जाएगा तो इस उनकी प्रतिक्रिया सकारात्मक रहीं और कहाकि डीपफेक लिए जिस किसी भी प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल होता है।

# सीएम बघेल के पिता नंदकुमार बघेल की तबीयत चिंताजनक

रायपुर, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सीएम भपेूश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल की तबियत खराब होने पर उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की निगरानी में नंदकुमार का बघेल का इलाज जारी है। आज सीएम बघेल अपने पिता से मिलने अस्पताल पहुंचे। सीएम ने एक्स कर लिखा है बाबूजी अस्वस्थ है चुनाव की गहमागहमी में उनसे मिलने अस्पताल भी नहीं आ पाया था। आज उनसे आशीर्वाद लेने पहुंचा ?। उनकी जीजीविषा मेरे लिए हमेशा प्रेरणा रही है।



श्री बालाजी हॉस्पिटल से मिली जानकारी के अनुसार सीएम बघेल के पिता नंदकुमार बघेल को ब्रेन और स्पाईन से सम्बंधित पुरानी बीमारी है तथा उसके साथ साथ उन्हें अनियंत्रित मधुमेह भी है । जिन्हे इलाज के लिए 21 अक्टूबर श्री बालाजी हॉस्पिटल मोवा रायपुर मे भर्ती कराया गया था, उनके दिमाग में खून का थक्का जमा था और उन्हें निमोनिया था, इसके साथ ही पुरे शरीर मे इन्फेक्शन फैला था जिसे सेप्टिसिमिया कहते है जिसकी वजह से नन्द कुमार को वेंटीलेटर की जरुरत पड़ी। अभी वे लगभग एक माह से बिस्तर में है, हालांकि उनकी बीमारी में इलाज के कारण अब थोड़ा सुधार आया है। हायर एंटीबायोटिक व फिजियोथेरेपी और नर्सिंग केयर की वजह से अब उन्हें व्हील चेयर में बैठा कर घुमाना शुरू किया गया है। ऑक्सीजन की ब्लड में मात्रा भी सामान्य हुई है और ऑक्सीजन की जरुरत भी कम हुई है। परन्तु अभी भी उनके शरीर में दाहिने भाग का लकवा है तथा बाया भाग पूरी तरह से काम नहीं कर रहा है ।उनकी तबीयत अभी गंभीर एवं चिंता जनक बनी हुई है।

## राजस्थान में खड़गे ने भाजपा को घेरा

# कांग्रेस की गारंटियों को कॉपी पेस्ट कर रही भाजपा



**जयपुर**, 18 नवम्बर (एजेंसियां) ।कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, ने शनिवार को राजस्थान में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में उनकी पार्टी की चुनावी गारंटी को कॉपी-पेस्ट करने का असफल प्रयास किया है। खड़गे ने कहा, भाजपा के पास नियत और नीति नहीं है। कांग्रेस ने राजस्थान और अन्य राज्यों में गारंटी के रूप में दिया है। प्रधानमंत्री और बीजेपी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी जी और बीजेपी ने कई कोशिशों के बाद हमारी असली गारंटी की नकल करना बेहतर समझा। उन्होंने चुनाव से पहले जल्दबाजी और असफल तरीके से झूठा एजेंडा परोसने की कोशिश की। कांग्रेस जानती है कि कांग्रेस ने काम किया है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारी सात गारंटी जमीनी स्तर तक पहुंचे। 200 सदस्यीय राजस्थान विधानसभा के लिए मतदान 25 नवंबर को पुनर्निर्धारित किया गया है और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। शुक्रवार को, प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी रेगिस्तानी राज्य में दो सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया था, जबकि उनके भाई और पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी ने एक दिन पहले तीन सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया था। कांग्रेस राजस्थान में लगातार दूसरा कार्यकाल चाह रही है, जहां हर पांच साल के बाद वैकल्पिक पार्टी सरकार की परंपरा है।

# चक्रवाती तूफान 'मिधिली' कमजोर पड़ा

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि चक्रवाती तूफान 'मिधिली' शनिवार को कमजोर होकर उत्तरी त्रिपुरा और आसपास के क्षेत्र में कम दबाव के क्षेत्र में बदल गया है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने आगे कहा कि मिधिली के उत्तर पूर्व की ओर आगे बढ़ने और अगले छह घंटों के दौरान कम चिह्नित होने की संभावना है। आईएमडी ने अपने बुलेटिन में मिजोरम और त्रिपुरा में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की भी भविष्यवाणी की है।



- उत्तरी त्रिपुरा के ऊपर कम दबाव के क्षेत्र में बदला

आईएमडी ने कहा, शनिवार और 20 नवंबर के दौरान तमिलनाडु और केरल में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की भी संभावना है, जबकि 21 नवंबर के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश में और 22 नवंबर को तमिलनाडु में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने आगे कहा कि 18 से 22 नवंबर के दौरान इन उपरोक्त क्षेत्रों में छिटपुट गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। इसने यह भी अनुमान लगाया कि शनिवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की उम्मीद है। आईएमडी ने घने कोहरे की चेतावनी जारी करते हुए कहा कि शनिवार, रविवार के दौरान पूर्वी और दक्षिणी असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा छाने की संभावना है।

## चिंतनीय

### लोकसभा सचिवालय की ओर से दी गई जानकारी

# चर्चा के लिए लंबित पड़े हैं 713 निजी विधेयक

विंध्यवासिनी त्रिपाठी

नई दिल्ली, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा में निजी विधेयक सदस्य पेश तो कर देते हैं, लेकिन उस पर चर्चा कम ही होती है। आंकड़े बताते हैं कि अभी भी इस निचले सदन में 713 निजी विधेयक लंबित पड़े हैं। यह जानकारी लोकसभा सचिवालय की ओर से दी गई।

*इनमें से कई विधेयक दंड प्रावधानों और चुनावी कानूनों में बदलाव से जुड़े हैं। इसमें से कई विधेयक मौजूदा लोकसभा के गठन के बाद जून 2019 में पेश किए गए थे। वहीं कुछ विधेयक इसी साल अगस्त में हुए मानसून सत्र के दौरान भी पेश किए गए। मालूम हो कि निजी वे विधेयक वे होते हैं, जो सरकार की तरफ से नहीं, बल्कि सांसद अपनी निजी हैसियत से पेश करते हैं। ये विधेयक समान नागरिक संहिता लाने, लैंगिक समानता, जलवायु परिवर्तन, कृषि, मौजूदा आपराधिक तथा चुनावी कानूनों में संशोधन और संवैधानिक प्रावधानों में बदलाव जैसे मुद्दों से जुड़े हैं। उल्लेखनीय है कि एक बार जब किसी निजी विधेयक पर बहस समाप्त हो जाती है तो संबंधित मंत्री उसमें हस्तक्षेप करते हुए सरकार का पक्ष और*



*मत रखते हैं और संबंधित सदस्य से विधेयक वापस लेने का अनुरोध भी करते हैं।*

***4 दिसम्बर से शुरू होगा शीतकालीन सत्र***

*पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के अगले ही दिन 4 दिसंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होगा। चुनाव नतीजों से ही तय होगा कि लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष में से कौन ज्यादा आक्रामक रुख अपनाता है। विपक्ष जिन मुद्दों को उछाल सकता है, उनमें जातीय जनगणना की मांग सबसे प्रमुख है। केंद्रीय एजेंसियों की कथित एकतरफा कार्रवाइयों के खिलाफ 'इंडिया' गठबंधन एकजुट है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा इस सत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड पर भी बहस छेड़ना चाहेगी।*

# देश

**उवाच**

जम्मू-कश्मीर में चुनाव बिना किसी देरी के होने चाहिए, क्योंकि लोग केवल चुनावी लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं और इसका दुनिया में अब तक कोई विकल्प नहीं है। लोग रोजमर्रा के मुद्दों के लिए अपने प्रतिनिधि से संपर्क कर सकते हैं।

–गुलाम नबी आजाद, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 27.0 | 15.0 |
| मुंबई | 32.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 26.0 | 20.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 28.0 |

# केंद्र ने देश में किया महंगाई बढ़ाने का काम : कांग्रेस

**अजमेर,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं। सभी राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव में जीत के लिए दम लगाया जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस के सभी दिग्गज केंद्रीय नेता पार्टी की मदद के लिए राजस्थान में पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने शनिवार को अजमेर के किशनगढ़ में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान

- राजस्थान के किशनगढ़ में मोदी सरकार पर बोला जमकर हमला
- राजस्थान में शासन करने के लिए बेताव दिख रही है भाजपा

उन्होंने लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी विकास चौधरी को जिताने की अपील की। भाषण के दौरान पायलट ने भाजपा और केंद्र मोदी सरकार पर भी जमकर हमला बोला। पायलट ने कहा कि 10 साल से केंद्र की भाजपा सरकार ने सिर्फ महंगाई बढ़ाने का काम किया है। गरीब और अमीर के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। पेट्रोल और डीजल के दाम देसी घी से ज्यादा हैं। गैस सिलेंडर 1100-1200 रुपए में मिल रहा है। हवाई अड्डे, रेलवे और



**हवाई अड्डे, रेलवे व बिजलीघर समेत अन्य चीजें औने-पौने दामों में अपने लोगों को बेचे : सचिन पायलट**

बिजलीघर समेत अन्य चीजें औने-पौने दामों में अपने दो-पांच लोगों को बेच दिए हैं।

**भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं**

कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा राजस्थान में शासन करने के लिए बेताव दिख रही है, पहले वे अपने सरकार के कार्यकाल में हुए काम तो दिखाएं। सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा नेता डलब इंजन की सरकार की बात करते हैं। हिमालच और कर्नाटक में भाजपा का एक-एक इंजन सीज हो गया था। जो नेता यहां मंडरा रहे हैं, वो वहां भी खूब प्रचार कर रहे थे। लेकिन, जीत कांग्रेस पार्टी की हुई। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप 25 नवंबर को कांग्रेस का बटन दबाओ, अगले साल दिल्ली वाला इंजन भी सीज कर देंगे। सभा को संबोधित करते हुए पायलट ने भाजपा पर तुष्टीकरण का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास मुद्दा नहीं है। वे सिर्फ हिंदू-मुस्लमान, मंदिर-मस्जिज और हिंदुस्तान-पाकिस्तान की बात करते हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी राजस्थान के चुनावी समर में आने वाले दिनों में 9 और सभाएं करेंगे। इसके साथ ही पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दौरे भी तय कर दिए हैं। राजस्थान के विधानसभा चुनाव में मतदान की तिथि नजदीक आने के साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के दौरे तेज हो रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को राजस्थान में तीन रैलियां संबोधित की थी। अब पार्टी ने उनकी नौ सभाएं और तय की हैं। कांग्रेस राहुल गांधी के रोड शो को लेकर भी प्लान बना रही है, लेकिन अभी तक राहुल के रोड शो को लेकर कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। राहुल गांधी सबसे पहले 19 नवम्बर को बूंदी, दौसा और सीकर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद 21 नवम्बर को वल्लभनगर, आकोली (जालौर) और बायतू (बाड़मेर) में चुनावी सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

## कांग्रेस ने दो बागी उम्मीदवारों को छह साल के लिए पार्टी से किया निष्कासित

**जयपुर।** राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के विरूद्ध चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस नेताओं तथा पार्टी द्वारा जारी चेतावनी के बावजूद अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में रिटायर ना होकर चुनाव लड़ने वाले दो बागी उम्मीदवारों को पार्टी ने छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने पार्टी के ऐसे बागी प्रत्याशियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए तुरन्त प्रभाव से पार्टी से छह वर्ष के लिए निष्कासित करने के आदेश जारी किए है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध बागी होकर चुनाव लड़ रहे विधानसभा क्षेत्र ब्यावर से मनोज चौहान तथा जैतारण से पूर्व विधायक दिलीप चौधरी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित किया गया है।

# तेलंगाना में सत्ता में आने पर कराएंगे मुफ्त में अयोध्या दर्शन : अमित शाह

**हैदराबाद,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को वादा किया कि अगर भाजपा तेलंगाना में सत्ता में आई तो अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन मुफ्त होंगे। अमित शाह ने गडवाल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए लोगों से भाजपा को सत्ता में लाने का आग्रह किया और वादा किया कि वह उन्हें मुफ्त में दर्शन के लिए अयोध्या भेजेगी। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राम मंदिर के निर्माण में 70 साल की देरी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल आधारशिला रखी बल्कि वह 22 जनवरी को इसका उद्घाटन भी करेंगे। उन्होंने दोहराया कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो पिछड़ा वर्ग (बीसी) से किसी नेता को मुख्यमंत्री बनाएगी। बीसी राज्य की आबादी का 52 प्रतिशत हैं और 135 बीसी समुदाय हैं, इसके बावजूद कोई बीसी मुख्यमंत्री नहीं था। बीआरएस और कांग्रेस दोनों पर टिकट देने में अन्याय का आरोप लगाते हुए उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने बीसी को सबसे ज्यादा टिकट दिए हैं। अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र



मोदी के रूप में भाजपा ने भारत को पहला बीसी प्रधानमंत्री दिया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि तेलंगाना की बीआरएस सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। उन्होंने बीआरएस को भ्रष्टाचार रिश्वत समिति करार दिया। आरोप लगाया कि बीआरएस शासन के दौरान कई घोटाले हुए हैं। कांग्रेस ने 2004 से 2014 तक संयुक्त आंध्र प्रदेश के लिए 2 लाख रुपये आवंटित किए, उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने अकेले तेलंगाना को 2.50 लाख करोड़ रुपए दिए। शाह ने कहा कि केसीआर की सरकार में युवाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हुई है।

**बीआरएस सरकार को बताया देश की सबसे भ्रष्ट सरकार**

## मोदी सरकार में पिछड़ा वर्ग से 27 मंत्री

केसीआर के दलित को तेलंगाना का मुख्यमंत्री बनाने के वादे को याद कराते हुए कहा कि केसीआर दो बार मुख्यमंत्री बन चुके हैं और अब वह केटीआर को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में बीसी से 27 मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि बीआरएस और कांग्रेस दोनों बीसी विरोधी हैं। केवल भाजपा ही बीसी का कल्याण सुनिश्चित कर सकती है। तेलंगाना में आने वाला चुनाव पांच साल के लिए तेलंगाना का भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को तय करना चाहिए कि वे डबल इंजन विकास चाहते हैं या केसीआर के झूठे वादे। आरोप लगाया कि केसीआर ने झूठे वादे करने में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। मैं तेलंगाना के लोगों, विशेषकर युवाओं को बताना चाहता हूं कि बीआरएस को वीआरएस देने का समय आ गया है।

## सार संक्षेप

### मध्य प्रदेश विस चुनाव में वोट देने में भोपाल पिछड़ा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को हुए मतदान के दौरान देर रात तक सामने आए आकड़ों के अनुसार 76 प्रतिशत से अधिक रिकार्ड मतदान हुआ है। राजधानी भोपाल में जहां मात्र 66 फीसदी मतदान दर्ज हुआ, वहीं बालाघाट जैसे नक्सली और आदिवासी इलाके में 85 फीसदी से ज्यादा मतदान ने इस जिले को सुर्खियों में ला दिया। आदिवासी क्षेत्र मंडला और डिंडोरी में भी लगभग 83 फीसदी मतदान दर्ज हुआ।

### राजस्थान में बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान

**जयपुर।** राजस्थान में 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में 54 हजार से अधिक बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता घर बैठे मतदान कर चुके हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 80 वर्ष उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे हैं। बुधवार से शुरू हुई होम वोटिंग में शुक्रवार तक प्रदेश भर में 54 हजार 215 मतदाताओं ने घर से मतदान किया है। गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में मंगलवार को होम वोटिंग के पहले दिन 9,687 बुजुर्ग तथा 2,655 दिव्यांग, बुधवार को 10,354 बुजुर्ग एवं 2701 दिव्यांग, गुरूवार को 14,311 बुजुर्ग एवं 3123 दिव्याग एवं शुक्रवार को 10,807 मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ लिया।

### छत्तीसगढ़ में शहरी इलाके मतदान में रहे फिसड्डी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विस चुनावों के दूसरे एवं आखिरी चरण में 75 फीसदी से अधिक प्रतिशत मतदान हुआ। शहरी इलाके चुनाव आयोग की तमाम कोशिशों के बाद भी मतदान में फिसड्डी रहे जबकि आदिवासी एवं ग्रामीण इलाकों में जमकर वोटिंग हुई और 21 विधानसभा क्षेत्रों में तो यह 80 प्रतिशत पार कर गई। देर रात जारी अंतिम आकड़ों के अनुसार हालांकि पिछले विधानसभा चुनावों के मुकाबले वोटिंग लगभग एक प्रतिशत कम हुई है। पिछली बार दूसरे चरण की 72 सीटों पर हुए मतदान का प्रतिशत 76.62 था।

### केसीआर से डरे हुए हैं दोनों राष्ट्रीय दल : राव

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने शनिवार को भाजपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों राष्ट्रीय दल केसीआर से डरे हुए हैं। उन्हें लगता है कि अगर वह तेलंगाना में जीत जाते हैं, तो वह महाराष्ट्र आएंगे और बांसुरी बजाएंगे। महाराष्ट्र में 150 पंचायतों ने प्रस्ताव पारित कर उन्हें तेलंगाना में मिलाने का अनुरोध किया।

## तेलंगाना कांग्रेस ने केसीआर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**हैदराबाद,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के उपाध्यक्ष जी निरंजन ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी को लेकर निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार के समक्ष मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और वित्त एवं स्वास्थ्य मंत्री टी हरीश राव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। निरंजन ने सीईसी को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री केसीआर ने शुक्रवार को वारंगल जिले के परकाला में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कीं जिसमें उन्होंने कांग्रेस को 'धोखेबाजी पार्टी' (धोखेबाज पार्टी) करार दिया था। पत्र की एक प्रति मीडिया को भी जारी की गई है।



उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस विश्व स्तर पर सबसे पुरानी पार्टी है, जिसने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और तेलंगाना को राज्य का दर्जा दिया। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया कि मुख्यमंत्री के रूप में राव ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया।शिकायत में एक अन्य उदाहरण पर भी प्रकाश डाला गया जहां वित्त और स्वास्थ्य मंत्री ने कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र को '420 घोषणापत्र' के रूप में संदर्भित किया, जिसके बारे में निरंजन ने तर्क दिया कि यह आदर्श आचार संहिता के भी खिलाफ है। पत्र में आदर्श आचार संहिता पर निर्देशों के सार-संग्रह के प्रासंगिक खंडों का हवाला दिया गया है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि राजनीतिक दलों को मौजूदा मतभेदों को नहीं बढ़ाना चाहिए या आपसी नफरत पैदा नहीं करनी चाहिए।

# मप्र में प्रत्याशियों की किस्मत स्ट्रांग रूम में कैद

**उज्जैन,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। मतदान के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा करने का काम पूरी रात चला रहा और वोटिंग मशीन, जहां रखी है उन स्ट्रांग रूम को सील करने में सुबह हो गई। जिले का मतदान वैसे तो शुक्रवार को 6 बजे निपट गया था, लेकिन उसके बाद मतदान अधिकारियों मतदान की संख्या एवं पत्र देने में रात 9 बज गए। इसके बाद इंजीनियरिंग कॉलेज में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा करने के लिए दल पहुंचना शुरू हो गए। जिस प्रकार से हर टेबल पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वितरण की गई थी। उसी प्रकार हर टेबल से ही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं अन्य सामग्री जमा कराई गई। सबसे पहले उज्जैन उत्तर की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा हुई, क्योंकि यह शहर का सबसे पास वाला इलाका है। रात 3:30 बजे तक सभी दलों से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा कर ली गई थी। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा करने के बाद सभी मशीनों को विधानसभा वार स्ट्रांग रूम में रखवाने का काम शुरू



- शनिवार सुबह तक चला ईवीएम जमा करने का काम
- सबसे पहले उज्जैन उत्तर का स्ट्रांग रूम हुआ सील

हुआ। सबसे पहले उज्जैन उत्तर का स्ट्रांग रूम सील हुआ और सबसे आखिरी में शनिवार सुबह तराना विधानसभा का स्ट्रांग रूम सील किया गया। स्ट्रांग रूम सील करने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर और उनकी टीम तथा निर्वाचन कार्यालय की टीम ने स्क्रूटनी का काम शुरू कर दिया है। उप जिला जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह कवचे ने बताया दोपहर एक बजे तक स्क्रूटनी का काम चलेगा। वहीं मालवा निमाड़ में भाजपा और कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली कुछ सीटों पर भी बंपर वोटिंग ने उम्मीदवारों को चौकाया है। अब वे इस गुणा भाग में जुटे हैं कि बढ़ा हुआ वोटिंग प्रतिशत किसके पक्ष में रहेगा और कौन सी लहर ने काम किया, लेकिन मालवा निमाड़ की चार सीटों पर जिलों में सबसे कम वोटिंग हुई है। इन चारों सीटों पर दोनों दलों ने अपने विधायकों को दोबारा चुनाव लड़ाया है। इंदौर की दो नंबर विधानसभा में जिले में सबसे कम वोटिंग से भी चुनावी विशेषज्ञ अश्चर्य में है। यहां से तीन बार लगातार चुनाव जीते विधायक रमेश मेंदोला प्रदेश में सबसे ज्यादा वोटों का रिकार्ड भी बना चुके है, लेकिन इस बार इतना 67 प्रतिशत ही मतदान रहा। इसके अलावा धार जिले की गंधवानी सीट पर भी धार जिले में सबसे कम मतदान 73 प्रतिशत रहा। इस सीट से लगातार कांग्रेस विधायक उमंग सिंगार चुनाव जीतते रहे है। इस जिले की दूसरी सीटों पर 75 से लेकर 83 प्रतिशत तक मतदान हुआ है।

रतलाम सिटी में भी जिले में सबसे कम वोटिंग हुई है। यहां 73 प्रतिशत मत पड़े, जबकि जिले के दूसरे विधानासभा क्षेत्रों में 80 प्रतिशत से ज्यादा वोट डाले गए। मालवा निमाड़ के सबसे धनवान विधायक चैतन्य कश्यप रतलाम सीट से दूसरी बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े हैं। इसके अलावा देवास विधानसभा में भी जिले में सबसे कम 74 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस सीट पर गायत्री राजे पंवार को तीसरी बार भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है।

### ईवीएम की सुरक्षा में पुलिस व गार्ड तैनात

सभी विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सभी दलों के प्रतिनिधियों के सामने अंदर रखी गई और स्ट्रांग रूम पर सील लगाई गई तथा वहां पुलिस सुरक्षा और गार्ड भी लगाए गए हैं। अब सील तीन दिसंबर को मतगणना के दिन ही खोली जाएगी। कब तक कड़ी सुरक्षा के बीच इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन रहेगी।

# लोस चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में भाजपा खेलेगी हिंदुत्व कार्ड

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने पश्चिम बंगाल को लेकर अपनी नई चुनावी रणनीति तैयार की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद मोर्चा संभालने जा रहे हैं। इस साल के आखिर में 24 दिसम्बर को भाजपा सूबे में गीता पाठ समारोह का आयोजन करने जा रही है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भी कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में गीता पाठ करते नजर आएंगे। माना जा रहा है कि ममता बनर्जी के गढ़ में सेंध लगाने के लिए भाजपा इस बार हिंदुत्व का बड़ा कार्ड खेलने जा रही है।

- प्रधानमंत्री पढ़ेंगे गीता

लोकसभा चुनाव से पहले गीता पाठ का आयोजन राजनीतिक रूप से अहम संकेत माना जा रहा है। मालूम हो कि पश्चिम बंगाल में लोकसभा की 42 सीटे हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा 18 सीटों को जीतनें में कामयाब रही थी। हालांकि 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा अपना वह प्रदर्शन जारी नहीं रख पाई थी। उल्लेखनीय है कि इंडिया गठबंधन के वजूद में आने के बावजूद पश्चिम बंगाल में इसके परवान चढने की संभावना बेहद कम है। क्योकि ममता की गंभीर अनबन वामदलों व कांग्रेस के साथ है। ऐस में माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा का मुकाबला सीधे टीएसमी के साथ होगा।

### 34 सीटों को जीतने का किया लक्ष्य तय

अबकी बार अमित शाह की अगुवाई में बनाई गई नई रणनीति के तहत पार्टी ने पश्चिम बंगाल में 34 सीटों को जीतने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए उसे ममता के हिंदू वोट बैंक को भेदना बेहद जरूरी होगा। इसलिए माना जा रहा है कि भाजपा हिंदुत्व के नए एजेंडे को पश्चिम बंगाल में आगे बढ़ाने की तैयारी कर रही है। बता दें कि सूबे में मुस्लिम समुदाय की 32 फीसदी आबादी है,जो पूरी तरह से टीएमसी और ममता बजर्नी के साथ जुडी है। ऐसे में भाजपा का फोकस हिंदू और आदिवासियों को साधने पर है।

## राजस्थान में 76 हजार 740 मतदान कार्मिकों ने डाले वोट

**जयपुर,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में लगे कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों में अब तक 76 हजार 740 मतदाताओं ने सभी जिलों में बने फेसिलिटेशन सेंटर्स पर डाक मतपत्र से अपना मतदान कर चुके है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इस सुविधा के तहत शुक्रवार को 42055 मतदान कार्मिकों द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों एवं अन्य जिलों में चुनाव कार्य में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर 24 नवम्बर तक विभिन्न दिवसों पर मतदान किया जा सकेगा। गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि यह सुविधा केंद्रों के अतिरिक्त प्रत्येक रिटर्निंग अधिकारी स्वयं के कार्यालय में एक सुविधा केंद्र 22 से 24 नवम्बर तक स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे।

# बालोद में 2018 के अपेक्षा 2023 के चुनाव में हुआ अधिक मतदान

**बालोद,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत बालोद जिले में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से जिले में इस बार पिछले विधानसभा निर्वाचन से मतदान में बढ़ोतरी हुई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न होने पर जिले के सभी मतदाताओं, आम नागरिकों एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारी-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी बधाई**

उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2018 में जिले में मतदान का प्रतिशत 82.43 प्रतिशत था, जो कि इस वर्ष विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी करते हुए 83.51 प्रतिशत मतदान हुआ है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 83.51 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें संजारी-बालोद विधानसभा में 84.83 प्रतिशत, डौंडीलोहारा विधानसभा में 81.89 प्रतिशत तथा गुंडरदेही विधानसभा में 83.76 प्रतिशत मतदान हुआ। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वृहद रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से जिले के मतदाताओं एवं आम नागरिकों को लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए, उन्हें सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। जिले में सभी वर्गों के मतदाताओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

**चुनाव** — *मध्य प्रदेश की सीहोर विधानसभा में ग्रामीण मतदाताओं ने दिखवाया उत्साह*

# मतदान में वरखेड़ा खरेट बना अव्वल,95 प्रतिशत ने डाले वोट

**सिहोर,18 नवम्बर (एजेंसियां)। विधानसभा चुनाव का मतदान होने के साथ ही चुनावी हलचल थम गई है। जिले में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। अब चुनाव नतीजे आने के बाद पता चलेगा कि किस दल के प्रत्याशियों की तरफ मतदाताओं का मत अधिक पड़ा और कौन से दल का प्रत्याशी बेहतर स्थिति में है। सीहोर विस की बात करें।**

तो यहां के वरखेड़ा खरेट मतदान केंद्र क्रमांक 102 के मतदाताओं ने मतदान करने में सबसे ज्यादा जागरूकता दिखाई। यहां सीहोर विधानसभा का सबसे ज्यादा 95.22 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि मतदान में सबसे फिसड्डी सीहोर शहरी क्षेत्र का स्वामी विवेकानंद स्कूल में बना मतदान केंद्र 233 रहा। यहां मात्र 54.83 प्रतिशत मत डाले गए। 17 नवम्बर को चुनाव मतदान होने के बाद जिले के 39 प्रत्याशी और उनके समर्थक विभिन्न पोलिंगों पर हुए मतदान को लेकर डाले गए वोट का मंथन के साथ जीत हार का गणित लगाते रहे। वहीं, अनेक प्रत्याशियों ने चुनाव मतदान होने के बाद पिछले करीब दो सप्ताह से चली आ रही चुनावी थकान को मिटाया। इसके साथ ही अब चुनावी चर्चाएं प्रत्याशियों के कार्यालयों के अलावा चौक-चौराहों और पान की दुकानों पर होने लगी है। आखिर ऊंट किस करवट बैठेगा। हालांकि दोनों दलों के प्रत्याशी और समर्थक अपने-अपने दलों के नेताओं को विजयी श्री का गुण गा रहे हैं और जीत के दावे कर रहे हैं। सीहोर विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो सीहोर विधानसभा में ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम रहा। ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत 80 प्रतिशत से अधिक रहा। वहीं, शहरी क्षेत्र के एक मतदान केंद्र का प्रतिशत 54.83 तक नीचे रहा। सीहोर विधानसभा में सबसे अधिक मतदान केन्द्र क्रमांक 102 वरखेड़ा खरेट का रहा। यहां सीहोर विस का सबसे ज्यादा 95.22 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां 565 वोटरों में से 538 ने मतदान किया, जबकि मतदान में सबसे फिसड्डी सीहोर शहरी क्षेत्र का स्वामी विवेकानंद स्कूल में बना मतदान केंद्र 233 रहा।



- मतदान होने के बाद चौक-चौराहों पर चुनावी चर्चाओं का दौर शुरू

यहां मात्र 54.83 प्रतिशत मत डाले गए। यहां कुल वोटर 642 में से 352 ने मतदान किया। वहीं राजनैतिक विशेषज्ञों की माने तो इस बार कटनी में बढ़े मतदान प्रतिशत का रोल निभाने वाली महिलाएं हैं, जिन्होंने 75.05 प्रतिशत मतदान करते हुए लोकतंत्र के महापर्व में अपनी आहुति देने का बेहतर कार्य किया है। जो पुरुषों से 0.5 प्रतिशत ही कम था। क्योंकि इस तरह से 76 प्रतिशत पुरुषों का मतदान रेसियो शामिल है। बात करे थर्ड जेंडर की इस बार इन्होंने 46.15 लोगों ने वोटिंग कर चौंका दिया, जो काफी ज्यादा माना जा रहा है। देखना यह है आने वाले तीन दिसंबर को ये वोटिंग किसका भाग्य उदय करेगी।

# थोड़ी दूर और

कहानी

■ वृंदावनलाल वर्मा

जब महमूद गजनवी (सन 1025-26 में) सोमनाथ का मंदिर नष्ट-भ्रष्ट करके लौटा तब उसे कच्छ से होकर जाना पड़ा। गुजरात का राजा भीमदेव उसका पीछा किए चल रहा था। ज्यों-ज्यों करके महमूद गजनवी कच्छ के पार हुआ। वह सिंध होकर मुल्तान से गजनी जाना चाहता था। लूट के सामान के साथ फौज की यात्रा भारी पड़ रही थी। भीमदेव व अन्य राजपूत उस पर टूट पड़ने के लिए इधर-उधर से सिमट रहे थे। महमूद इनसे बच निकलने के लिए कूच पर कूच करता चला गया। अंत में लगभग छह सहस्त्र राजपूतों से उसकी मुठभेड़ हो ही गई।

महमूद की सेना राजपूतों की उस टुकड़ी से संख्या में कई गुनी बड़ी थी। विजय का उल्लास महमूद की सेना में, मार्ग की बाधाओं के होते हुए भी, लहरें मार रहा था। उधर राजपूत जय की आशा से नहीं, मारने और मरने की निष्ठा से जा भिड़े थे।

उन छह सहस्त्र राजपूतों में से कदाचित ही कोई बचा हो। परंतु अपने कम-से-कम दुगुने शत्रुओं को मारकर वे मरे थे।

इस लड़ाई से महमूद का मन खिन्न हो गया। उस समय वह और अधिक युद्ध के संकट को नहीं ओढ़ना चाहता था। महमूद ने गहन रेगिस्तान का मार्ग पकड़ा। सोचा, उत्तर-उत्तर चलते किसी दिन मुल्तान और फिर वहाँ से गजनी पहुँच जाने में कठिनाई नहीं पड़ेगी।

आतुरता के साथ दो-तीन दिन चलते-चलते यकायक उसने देखा तो सामने सिवाय बालू एवं रेतीले टीलों के और कुछ नहीं। मार्ग का नाम-निशान तक नहीं।

ऊँटों पर लदा पीने का पानी कम होने लगा। दूर-पास पानी की एक बूँद भी अप्राप्य। राजपूतों के संकट से पार हुए तो रेगिस्तान का यह प्राणघातिन विभीषिका चारों ओर।

वहाँ रेतीले टीलों के पीछे के छाग (बकरा) की खालों में पानी पीठ पर कसे दो ग्रामीण उसकी छावनी में आए। अधनंगे, बिलकुल फटेहाल। उनके पास पानी देखकर महमूद के सिपाहियों को ढाँढ़स मिला।

उनसे पूछा, 'कौन हो? कहाँ के हो?'

उत्तर मिला, 'हिंदू हैं। एक गाँव के रहनेवाले'

'पानी कहाँ से लाए?'

'आगे जरा दूर से।'

'कहाँ है पानी? कितनी दूर?'

'सुल्तान को बतलावेंगे।'

'चलो उनके पास। इनाम मिलेगा।' सिपाही उन दोनों को महमूद के पास ले गए। महमूद ने इनाम का वचन दिया। वे दोनों महमूद की सेना के मार्ग-प्रदर्शक बने। सेना उनके पीछे-पीछे चलने लगी।

कई दिन हो गए। न तो किसी के पदचिह्न वहाँ और न पानी का कोई पता। प्रचंड आँधी बालू के ढेर उठाती, उड़ाती और फिर कहीं जमा देती।

> इस लड़ाई से महमूद का मन खिन्न हो गया। उस समय वह और अधिक युद्ध के संकट को नहीं ओढ़ना चाहता था। महमूद ने गहन रेगिस्तान का मार्ग पकड़ा। सोचा, उत्तर-उत्तर चलते किसी दिन मुल्तान और फिर वहाँ से गजनी पहुँच जाने में कठिनाई नहीं पड़ेगी।

महमूद ने खिसियाकर दोनों मार्ग-प्रदर्शकों को अपने पास बुलवाया।

'कहाँ है पानी? और कितनी दूर?'

'थोड़ी दूर।'

'यह कैसी थोड़ी दूर! रोज यही कह देते हो!'

'बस, बिलकुल थोड़ी सी दूर।'

संध्या हो गई। महमूद ने टीलों में अपनी सेना का पड़ाव डाल दिया। ऊँटों पर पानी थोड़ा सा ही और रह गया था। एकाध दिन यह 'थोड़ी दूर' और चली कि सेना के पशु और मानव - दोनों का ढेर इन टीलों में हो जाएगा।

महमूद के एक नायक ने समाधान किया - 'इन गँवारों को फासले की जानकारी बिलकुल नहीं। एक गाँव से दूसरे गाँव के बीच की दूरी को कह देते हैं - वह रहा गाँव थोड़ी दूर। होता है वह गाँव कई कोस के फासले पर।'

'उन दोनों की मसकों में कितना पानी रह गया है?' महमूद ने पूछा।

'एक दिन के पीने लायक, बस।'

'तब तो कल के बाद पानी के पास पहुँच जावेंगे। ये लोग यों ही अपनी जान नहीं देंगे। इनाम पाने की भी उम्मीद है इन्हें। वैसे हैं दोनों कोड़े खाने के हकदार।'

दूसरे दिन भोर के पहले ही महमूद ने कूच कर दिया। दिन भर चले। साँझ हो गई। पानी का फिर भी कहीं कोई लक्षण नहीं।

फिर वही 'थोड़ी दूर'। महमूद क्रोध से भर गया। उसके ऊँटों पर पानी बहुत थोड़ा सा रह गया था। 'ज्यों ज्यों करके रात काटी, फिर प्रात:काल के पहले ही कूच करना पड़ा; क्योंकि मार्ग-प्रदर्शकों ने आश्वासन दिया था कि दिन में अवश्य अभाव की समाप्ति हो जावेगी।

तीसरा पहर लग गया। सूर्य की किरणों से आग सी बरस रही थी। प्रचंड आँधी और जलती हुई किरणें आसपास मृगजल तो दिखला रही थीं, पर प्यास बुझानेवाला जल कहीं भी नहीं। रेत के टील इतने अधिक दिखलाई पड़ने लगे कि ठिकाना नहीं। सेना को चलना दु:सह हो गया। महमूद ने निश्चय किया। दोनों पथ-प्रदर्शकों को बुलवाया।

'अब कितनी दूर है पानी?'

'बस थोड़ी सी ही दूर।'

'महमूद की आँखों से लौ-सी छूट पड़ी।'

'तुम्हारे पास कितना पानी है?'

'चुक गया।'

'कितनी देर में पानी के पास पहुँचोगे?'

'आ गए समझो।'

'कहाँ?'

'इन्हीं टीलों में।'

'इन टीलों में!'

उन दोनों के क्षीण मलीन चेहरों पर मुसकान की छोटी सी लहर आई।

'हाँ, इन्हीं टीलों में।'

महमूद का क्रोध और भी भभका।

'यहाँ तो कुछ भी नहीं है! ये टीले तो पानी के कब्रिस्तान जान पड़ते हैं। सच बतलाओ, नहीं तो अभी सिर कटवाकर फिंकवा दूँगा।'

उन दोनों के चेहरों पर मुसकान की जगह आभा छहर गई। घुसी हुई आँखों में तेज आ बैठा।

'सच यह है कि पानी के इस कब्रिस्तान में हमें तुम सबका कब्रिस्तान बनाना है।'

'क्या?'

'बिलकुल यही है। तुम हमारे देश का नाश करने आए हो। हम तुम्हें मिटाकर रहेंगे।'

'अभी मार दो इन दोनों को!' महमूद तड़पा।

'मार दो। हमने अपने देश को जिंदा रहने का मार्ग दिखलाया। मरने से हमें जो कुछ मिलेगा, वह तुम सोच ही नहीं सकते।'

मरने के समय उन दोनों के चेहरों पर आभा सदा के लिए आ बैठी।

महमूद चला गया। अनेक कठिनाइयों के उपरांत उसे मुल्तान का मार्ग मिल गया था। और उन दोनों ने जो मार्ग दिखलाया, उससे इतिहास धन्य हो गया।



# छठ पूजा हमारी आस्था



■ कमलेश झा

जब विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता की स्त्रियां अपने सम्पूर्ण वैभव के साथ सज-धज कर अपने आँचल में फल और पकवान ले कर निकलती हैं तो लगता है जैसे संस्कृति स्वयं समय को चुनौती देती हुई कह रही हो, देखो! तुम्हारे असँख्य झंझावातों को सहन करने के बाद भी हमारा वैभव कम नहीं हुआ है, हम हम भारत हैं हम आर्यावर्त के धरोहर हैं। हम तबसे हैं जब से तुम हो, और जब तक तुम रहोगे तब तक हमारा अस्तित्व भी रहेगा।

जब घुटने भर जल में खड़ी व्रती की सिपुलि में बालक सूर्य की किरणें उतरती हैं तो लगता है जैसे स्वयं सूर्य भगवान बालक बन कर उसकी गोद में खेलने उतरे हों। स्त्री का सबसे भव्य, सबसे वैभवशाली स्वरूप मातृत्व का है। इस धरा को भारत माता कहने वाले बुजुर्ग के मन में स्त्री का यही स्वरूप रहा होता है। कभी ध्यान से देखिएगा छठ के दिन जल में खड़े हो कर सूर्य देव को अर्घ दे रही किसी स्त्री को, देखकर आपके मन में मोह नहीं श्रद्धा उपजेगी।

छठ वह प्राचीन पर्व है जिसमें राजा और रंक एक घाट पर शीश नवाते हैं, एक देवता को अर्घ देते हैं, और एक बराबर आशीर्वाद पाते हैं। धन और पद का लोभ मनुष्य को मनुष्य से दूर करता है, पर धर्म उन्हें साथ जोड़ता है।


अपने धर्म और परंपरा के साथ होने का सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि आप अपने समस्त पुरुखों के आशीर्वाद की छाया में होते हैं। छठ के दिन नाक से माथे तक सिंदूर लगा कर घाट पर बैठी स्त्री अपनी हजारों पीढ़ी की परंपरा की वाहक ही नहीं होती है, बल्कि वह उन्ही का स्वरूप होती है। उसके आंचल में केवल फल नहीं होते, समूची प्रकृति समाई होती है। वह एक सामान्य स्त्री सी नहीं, अन्नपूर्णा सी देवी दिखाई देती है। ध्यान से देखिये! आपको उनमें कौशल्या दिखेंगी, उनमें सीता दिखेगी, उनमें अनुसुइया दिखेगी, सावित्री दिखेगी... उनमें पद्मावती दिखेगी, उनमें लक्ष्मीबाई दिखेगी, उनमें भारत माता को छवि दिखेगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि उनके आँचल में बंध कर ही यह सभ्यता अगले हजारों वर्षों का सफर करने में समर्थ होगी ।

छठ डूबते सूर्य की आराधना का पर्व है। डूबता सूर्य इतिहास होता है, और कोई भी सभ्यता तभी दीर्घजीवी होती है जब वह अपने इतिहास को पूजे। अपने इतिहास के समस्त योद्धाओं को पूजे और इतिहास की गलती को न दुहराए।

छठ उगते सूर्य की आराधना का पर्व है। उगता सूर्य भविष्य होता है, और किसी भी सभ्यता के यशश्वी होने के लिए आवश्यक है कि वह अपने भविष्य को पूजा जैसी श्रद्धा और निष्ठा से सँवारे... हमारी आज की पीढ़ी को सदैव इसका स्मरण रहे अगली जिम्मेदारी उनकी है ... यही छठ व्रत का मूल भाव है।

मैं खुश होता हूँ घाट जाती स्त्रियों को देख कर, मैं खुश होता हूँ उनके लिए राह बुहारते पुरुषों को देख कर, मैं खुश होता हूँ उत्साह से भरे बच्चों को देख कर... सच पूछिए तो यह मेरी खुशी नहीं, मेरी मिट्टी, मेरे देश, मेरी सभ्यता की खुशी है।

मेरे देश की माताओं! कल और परसों जब आदित्य देव आपकी बंश सूप में उतरें, तो उनसे कहिएगा कि इस देश, इस संस्कृति और समाज पर अपनी कृपा बनाये रखें, ताकि हजारों वर्ष बाद भी हमारी पुत्रवधुएँ यूँ ही सज-धज कर गंगा के जल में खड़ी हों और कहें- उगह्य हो सुरुज देव..........



## प्रेग्नेंसी

■ प्रभा दीक्षित

दस साल तक साथ-साथ को लिविंग में रहने के बाद एक दिन प्रियंका ने अनूप से कहा कि ''मैं तुम्हारे बच्चे की मां बनने वाली हूं।'' उसने कहा-''डार्लिंग तुम्हें तो खुश होना चाहिये कि तुम बाप बनने वाले हो।'' यह बात उसने अनूप के चेहरे पर उभर आई कालिख को देखकर कहां।

उसने फिर इठलाते हुये कहा, ''क्या बात है अनूप ? क्या तुम खर्चे को लेकर परेशान हो रहे हो ? हम लोग अभी तक अपना आधा-आधा खर्च उठा रहे हैं। बच्चे का खर्च भी आधा-आधा बंट जायेगा। वैसे तुम मुझमें कम कमाते हो इसीलिये मैं तुम्हें कुछ छूट दे सकती हूं और बच्चे का खर्च भी अकेले उठा सकती हूं। अब तो तुम्हें खुश होना चाहिये। अनूप ने एक लम्बी सांस छोड़ते हुए कहा-''बात खर्च की नहीं है डार्लिंग ! मुझे बच्चे वाली औरतें पसन्द नहीं हैं। अगर तुमने एबार्शन न कराया तो बहुत सम्भव है मुझे तुमसे अलग होना पड़ेगा।'' ''ओह गुड ! मेरा खयाल बिल्कुल सही था। अनूप मैंने तैयारी कर ली है।'' कहते हुए प्रियंका ने अटैची उठाई और कमरे से बाहर निकल गई। और जाते-जाते यह भी कहना न भूली-''मुझे अभी तक कोई प्रेग्नेंसी नहीं है दोस्त ! मैं तो तुम्हारी औकात जानना चहती थी।''

वह तेजी से सड़क पर जा रही है और अनूप ''सुनो तो ! सुनो तो डार्लिंग'' कहता हुआ कुछ दूर उसके पीछे गया पर निराश होकर लौट आया।

## थकना भी लाज़मी था कुछ काम करते करते

■ ज़फ़र इक़बाल

थकना भी लाज़मी था कुछ काम करते करते
कुछ और थक गया हूँ आराम करते करते

अंदर सब आ गया है बाहर का भी अंधेरा
ख़ुद रात हो गया हूँ मैं शाम करते करते

ये उम्र थी ही ऐसी जैसी गुज़ार दी है
बदनाम होते होते बदनाम करते करते

फँसता नहीं परिंदा है भी इसी फ़ज़ा में
तंग आ गया हूँ दिल को यूँ दाम करते करते

कुछ बे-ख़बर नहीं थे जो जानते हैं मुझ को
मैं कूच कर रहा था बिसराम करते करते

सर से गुज़र गया है पानी तो ज़ोर करता
सब रोक रुकते रुकते सब थाम करते करते

किस के तवाफ़ में थे और ये दिन आ गए हैं
क्या ख़ाक थी कि जिस को एहराम करते करते

जिस मोड़ से चले थे पहुँचे हैं फिर वहीं पर
इक राएगाँ सफ़र को अंजाम करते करते

आख़िर %ज़फ़र% हुआ हूँ मंज़र से ख़ुद ही ग़ाएब
उस्लूब-ए-ख़ास अपना मैं आम करते करते

## हास्य व्यंग्य

# काम ना काज के दुश्मन अनाज

■ रेखा शाह आरबी

शहरों में तो लोग पड़ोसी -अड़ोसी क्या करते हैं क्या नहीं करते हैं कभी पड़ोसियों को पता ही नहीं रहता है। बगल के फ्लैट में कौन रहता है ,कौन जिंदा है, कौन मर गया किसी भी चीज का कुछ पता नहीं रहता । जिंदगी अपनी दौड़ से दौड़ाती रहती है और और सभी लोग उसमें दौड़ते रहते हैं । लेकिन गांव में अभी ऐसा कुछ नहीं होता है जिंदगी तो यहां भी भागती है पर बुलेट ट्रेन की स्पीड से नहीं पैसेंजर की स्पीड से है । दिन भर भले ही लोग एक दूसरे से ना मिल पाए। लेकिन शाम को किसी डेरा पर तो, किसी चौपाल पर बैठकर अक्सर ही गप्पे गपियाते हैं । और यही निठल्लापन उन्हें घोर अवसाद और जीवन के अन्य दुखों से बचा लेता है। यह चौपाल ऐसी ही होती है जैसे संयुक्त राष्ट्र का अधिवेशन होता है बातचीत खूब होती है पर हल-भल कुछ किसी का नहीं निकलता है। मुझे भी गांव का जीवन प्रभावित करता है.. गांव में आखिर ऐसा क्या है कि लोग थोड़े से संसाधन में ही गुजर-बसर कर लेते हैं । उन्हें जीवन जीने के लिए बहुत कुछ नहीं चाहिए और कुछ लोगों को तो कुछ भी नहीं चाहिए। कुछ भी नहीं का मतलब.. कुछ भी नहीं चाहिए फिर भी जीवन मजे में जी लेते हैं । अब हमारे ही गांव के चौपट लाल जी को देख लीजिए जिन्हें देखकर मुझे कभी-कभी बहुत ही रश्क होता है। कैसे बारहों महीने बिना काम धाम के यह इतने खुश रह लेते हैं। गांव में भी लोग सब लोग खाली नहीं रहते। कुछ खेत खलिहान में कुछ ना कुछ काम करते व्यस्त रहते हैं।

लेकिन उस गांव के चौपट लाल जी ऐसे व्यक्ति हैं जो कुछ भी नहीं करते । वह ऐसे व्यक्ति हैं जिनके खर्च शुन्य.. कमाई धेला भी नहीं है । फिर भी अन्य लोगों से ज्यादा मजेदार जीवन जीते हैं। ना घर द्वार बनवाने की चिंता ना कमाने धमाने की चिंता.. जिंदगी के सारे मजे उनके लिए ही है। उनकी प्रसन्नता तो यही बताती है।वह कहीं भी खटिया बिछाकर उल्टे पड़े रहते हैं। बिल्कुल मगरमच्छ के जैसे कोई हलचल नहीं कोई व्यवधान नहीं है उनके जीवन में.. सब मंगल ही मंगल है। जैसे नेता चुनाव में एक्टिव होते हैं वैसे ही चौपट जी सुबह और संध्या को एक्टिव होते हैं वह भी अपनी रोटियां सेकने के लिए बाकी समय चौपट लाल जी हमारे माननीय के जैसे अपने आरामगाह में पड़े रहते हैं।

घर के नाम पर उनके पास एक घास फूस की झोपड़ी है। जिसको बनाने के लिए उन्हें कुछ भी खरीदना नहीं पड़ता है। और सामान के नाम पर उनके पास कुछ एक बर्तन है। आखिर इतने कम साधन में इतने प्रसन्न चौपट जी कैसे हैं जानने की सहज जिज्ञासा जागृत हो उठी .. तो एक दिन उनके जीवन का गहन अध्ययन करने का निश्चय किया।

> मुझे भी गांव का जीवन प्रभावित करता है.. गांव में आखिर ऐसा क्या है कि लोग थोड़े से संसाधन में ही गुजर-बसर कर लेते हैं । उन्हें जीवन जीने के लिए बहुत कुछ नहीं चाहिए और कुछ लोगों को तो कुछ भी नहीं चाहिए।

आखिर जो इंसान कुछ नहीं करता उसका जीवन इतने मजे से कैसे चल जाता है। तो सुबह से ही उनके पीछे लग गए सुबह-सुबह की दुनिया भर की पहली जरूरत टॉयलेट होती है उनकी भी है पर शौचालय की व्यवस्था का चक्कर और खर्चा क्यों पालना वह तो लोटा उठाकर चल दिए और कुछ ही देर में दूसरे के खेत को उर्वर बनाकर वापस आ गए । उसके बाद हर इंसान को चाय पानी की जरूरत पड़ती है उन्होंने ऐसे शौक पाले ही नहीं सीधे खाने का ही व्यवस्था रखते हैं ।सड़क किनारे के पेड़ों को काटकर छांटकर जमा किए गए लकड़ी से मुफ्त में खाना बना लिए.. राशन पानी सरकारी कोटे से मुफ्त मिल ही जाता है ।यानी कि यहां भी उनका एक अठन्नी खर्चा नहीं हुआ। कपड़े लत्ता के नाम पर उनके देह पर एक बनियान एक बरमुंडा एक गमछे के सिवा कभी कुछ ज्यादा देखने को नहीं मिला। उसका भी पैसा जाने कौन-कौन से भत्ते से उनको मिल ही जाता है । सुबह से शाम हो गई लेकिन उनको एक अठन्नी खर्च करते देखने की हसरत ही रह गई। खाने के बाद सोना और सोने से पहले लोगों से मांग कर पेपर पढ़ कर उस पर दुनिया भर का ज्ञान देना उनका पसंदीदा शगल है। जितने करीने से वह समाचार पत्र पढ़ते हैं उतना तो जो उस अखबार का पैसा उनके पड़ोसी चुकाता है वह भी नहीं पढ़ता है ।

चौपट लाल जी को देखकर ज्ञान के चक्षु खुल गए बेकार ही हम सब कोल्हू के बैल की तरह दिन-रात जुते हुए हैं। और मेहनत कर रहे हैं । रात दिन खून पसीना एक किए हुए हैं । फालतू के संसाधन जुटाने में जीवन नर्क बने हुए हैं। चौपट लाल जी को देखकर समझ में आ गया जिंदगी तो बिना संसाधनों के बिना कुछ किये भी बड़े मजे से मजेदार गुजर सकती है। कुछ राम भरोसे कुछ सरकार भरोसे।

## जिगर-ए-सोख़्ता हैं और दिल-ए-बिरयाँ हैं हम

■ मीर हसन

जिगर-ए-सोख़्ता हैं और दिल-ए-बिरयाँ हैं हम
शोले की तरह सदा दीदा-ए-गिर्यां हैं हम

मुत्तसिल लख़्त-ए-जिगर करते हैं आँखों से सदा
आह किस आशिक़-ए-ग़म-दीदा की मिज़्गाँ हैं हम

कभी हँसते हैं कभी रोते हैं जलते हैं कभी
गुल हैं शबनम हैं कि या आतिश-ए-सोज़ाँ हैं हम

हम में ही आलम-ए-अकबर हुए गो जुर्म-ए-सग़ीर
मज़हर-ए-जल्वा-ए-हक़ हज़रत-ए-इंसाँ हैं हम

दहर पुर-शोर है हाथों से हमारे ऐ आह
आफ़रीनश में मगर नाला-ओ-अफ़्ग़ाँ हैं हम

फ़िक्र-ए-जमइय्यत-ए-दिल हम को कहाँ आह %हसन%
ख़ातिर-आशुफ़्ता-ए-गेसू-ए-परेशाँ हैं हम

## अफगानिस्तान में तीन अलग अलग दुर्घटनाओं में 24 घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान में पिछले 24 घंटों में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 24 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय पुलिस के शनिवार को बताया कि उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत के अर्घंज ख्वा जिले में शुक्रवार सुबह दो कारों की भिड़ंत में कम से कम 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने दुर्घटना की वजह लापरवाही से ड्राइविंग बताया और कहा कि गैरजिम्मेदारी से वाहन चलाने से अक्सर निर्दोष यात्रियों की जान जाती है।

# देश विदेश

# इजरायल ने हमास से कई गुना ज्यादा लोगों को बंधक बनाया : एर्दोगन

**अंकारा,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। तुर्की गाजा पट्टी में बंधकों की अदला-बदली की वकालत करता है, लेकिन समस्या यह है कि इजरायल ने फिलिस्तीनी आंदोलन हमास की तुलना में कई गुना अधिक लोगों को बंधक बना रखा है।

**तुर्की ने बंधकों की अदला-बदली की वकालत की**

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने शुक्रवार को यह बात कही। श्री एर्दोगन ने बर्लिन में जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ के साथ बंधकों की अदला-बदली पर एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, हां, हम भी इसकी वकालत करते हैं। अगर बंधकों की संख्या की बात करें तो इजरायल के पास कितने बंधक हैं और हमास के पास कितने बंधक हैं। अगर आप इस पर गौर करें तो, इजरायल ने कई गुना ज्यादा लोगों को बंधक बना रखा है, अगर हम इस पर आंखें मूंद लें तो यह अनुचित होगा।



### इजरायल ने अल-शिफा अस्पताल खाली करने को कहा

**गाजा।** इजरायली सेना ने गाजा शहर में एक घंटे के भीतर अल-शिफा अस्पताल को खाली करने को कहा है। फिलिस्तीन टीवी ने शनिवार सुबह यह जानकारी दी। अस्पताल के सूत्रों ने मीडिया को बताया कि इजरायली सेना के अस्पताल को खाली करने को कहने के बाद से अस्पताल में घबराहट और भय की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गयी है। सूत्रों ने चिकित्साकर्मियों को हवाला देते हुए कहा, जब तक एक भी मरीज अस्पताल में हम मरीजों के साथ कुछ भी गलत नहीं होने देंगे और न ही हम अस्पताल

## दक्षिणी गाजा पर इजरायली बमबारी में 26 नागरिकों की मौत

**गजा।** दक्षिण गाजा में खान यूनिस शहर पर शनिवार तड़के इजरायली बमबारी में लगभग 26 फिलिस्तीन नागरिक मारे गए। फ़िलिस्तीनी समाचार एजेंसी वाफा ने यह जानकारी दी है। स्थानीय सूत्रों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायली विमानों ने खान यूनिस के अपार्टमेंटों पर कई हमले किए, जिससे 26 नागरिकों की मौत हो गई, मृतकों से ज्यादातर बच्चे थे। हमले में कई लोग घायल हो गए है। इज़रायली सेना ने रिपोर्ट पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की।



## मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

**माले,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। मोहम्मद मुइज्जू ने शुक्रवार को राजधानी माले में एक समारोह में मालदीव के 8वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति कार्यालय यह जानकारी दी है। श्री मुइज्जू ने रिपब्लिक स्क्वायर पर आयोजित पीपुल्स मजलिस की विशेष सभा में राष्ट्रपति पद की शपथ ली। श्री मुइज्जू ने शपथ ग्रहण के बाद शपथ पत्र पर हस्ताक्षर किए। शपथ पत्र पर मुख्य न्यायाधीश अहमद मुथासिम अदनान और संसद के अध्यक्ष मोहम्मद असलम ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए। राष्ट्रपति ने अपने उद्घाटन भाषण में मालदीव के नागरिकों के हितों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने मालदीव की विदेश नीति के लिए अपने दृष्टिकोण के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें पड़ोसी और दूर के देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों के संरक्षण पर जोर दिया गया।



राष्ट्रपति ने घोषणा की कि उनका प्रशासन पर्यटन उद्योग को अत्यधिक प्राथमिकता देगा एवं सरकार पर्यटन उद्योग के प्रबंधन और उसे आगे बढ़ाने के लिए नए दृष्टिकोण विकसित करेगी। राष्ट्रपति के भाषण में अर्थव्यवस्था, शिक्षा, युवा विकास, महिलाओं के अधिकार और आवास नीति सहित कई विषय शामिल थे। समारोह में उपराष्ट्रपतिहुसैन मोहम्मद लतीफ ने भी

## सुडोकू 6380


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 9 | 5 | | |
| | 9 | | | | 8 | | 3 | |
| 5 | 4 | 8 | 6 | | | | | 1 |
| | 8 | | 3 | | | | 1 | 2 |
| | 5 | 4 | 1 | | 7 | 3 | 8 | |
| 1 | 6 | | | | 4 | | 9 | |
| 8 | | | | | 5 | 1 | 4 | 7 |
| | 1 | | 7 | | | | 2 | |
| | | 2 | 9 | 4 | | 8 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6380



**बायें से दायें:-**

१. लोगों की मानसिकता
४. नक्शेकदम
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. धीमा
८. एक से अधिक
१०. पत्थर
११. एक छोटी चिड़िया
१३. असहमति (उर्दू)
१४. दुर्घटना
१५. सैनिकों का अभ्यास, कसरत
१७. वह धन जिसे तुरंत अदा किया जाए, सिक्कों के रूप में धन
१९. मातृभूमि (उर्दू)
२१. राक्षस, असुर
२२. जंगल में पैदा होने वाला
२४. कौशल्या

**ऊपर से नीचे:-**

१. करत-करत अभ्यास के...होत सुजान
२. मृत्यु-शोक (उर्दू)
३. 'टाईम कीपर'
४. पधारना
५. उत्तर भारत की एक नदी
९. कलाकार (उर्दू)
११. निमंत्रण
१२. ऊंचा
१३. मानव (उर्दू)
१४. आवश्यकता, चाह (उर्दू)
१५. ऋणी
१६. आजीवन अविवाहित रहने वाली स्त्री
१८. कछुआ
१९. व्यापारी
२०. मक्खन
२३. शीघ्र (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6379



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 19 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 6

### राशिफल

मेष - आपके किसी कार्य या प्रोजेक्ट को सरकार की तरफ से लाभ हो सकता है। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा हो सकती है। ऑफिस के काम से प्रवास होने की संभावना है।

वृषभ - विदेश जाने के इच्छुक लोगों के लिए अधिक अवसर मिलेंगे। विदेश में रहने वाले मित्रों और सगे- सम्बंधियों से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे। व्यापार धंधे में भी आर्थिक लाभ हो सकेगा।

मिथुन - स्वभाव की आक्रमकता के कारण आप अपना नुकसान कर बैठेंगे। स्वास्थ्य अच्छा न हो, तो भी अभी कोई नई चिकित्सा पद्धति नहीं अपनानी चाहिए अथवा ऑपरेशन टालना चाहिए। आत्म सम्मान को ठेस न पहुंचे।

कर्क - प्रेम और स्नेह की भावनाओं से अभिभूत हुआ मन आज किसी खास व्यक्ति की तरफ आकर्षित होगा। मनोरंजन और मौज-शौक में आपका दिन व्यतीत होगा।

सिंह - उदासीनता और शंका आपको बेचैन करेंगे। दैनिक काम पूरा होने में थोड़ा समय लगेगा। अधिक परिश्रम करने पर भी निर्धारित फल नहीं मिलेगा। नौकरी के स्थान पर संभलकर चलना पड़ेगा।

कन्या - आज आपको चिंता और भय परेशान करेगा। पेट सम्बंधी तकलीफ हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएंगे। अचानक किसी बड़े खर्च आने की आशंका बनी रहेगी। बौद्धिक चर्चा में भाग ले सकते हैं।

तुला - आज आपको सावधान रहने की जरूरत है। सतत विचारों के कारण आपकी मानसिक स्थिति कमजोर रहेगी। घर में माता और स्त्रीवर्ग की चिंता हो सकती है। आज यात्रा करने से बचना आपके हित में रहेगा।

वृश्चिक - आप काम में सफलता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि होने की संभावना है। सहोदरों के साथ पारिवारिक मामलों पर चर्चा करेंगे और घरेलू योजनाएं बना सकेंगे।

धनु - पारिवारिक सदस्यों के साथ कोई मतभेद हुआ हो, तो आज इगो को अलग रखकर मतभेद दूर करें। गलत जगह पैसे खर्च हो सकते हैं। मन में दुविधा रहने से कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई हो सकती है।

मकर - आज की शुरुआत भगवान की भक्ति और स्मरण से कर सकेंगे। पारिवारिक वातावरण बहुत अच्छा रहेगा। मित्रों तथा स्नेहियों से मेल-मुलाकात हो सकती है। इससे खुशी अनुभव करेंगे। आपका कामकाज सरलतापूर्वक पूरा होगा।

कुंभ - पैसे के लेन-देन में आज बहुत ध्यान रखें। आज किसी को भी पैसा उधार देने से बचें। मन में भय रहेगा। इस कारण एकाग्र नहीं रह पाएंगे। स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। गलत जगह निवेश की योजना बना सकते हैं।

मीन - आप समाज में विशेष प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक कार्यक्रम में आप भाग ले सकेंगे। आपको मित्रों और बुजुर्गों से अच्छी मदद मिलेगी। कोई नया नेटवर्क बनेगा। नौकरी या व्यवसाय में आपकी आय बढ़ेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**


## ईयू की लेयेन मिस्त्र जॉर्डन की यात्रा करेंगी

**ब्रसेल्स,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन शनिवार को मिस्त्र और जॉर्डन का दौरा करेंगी तथा दोनों क्षेत्रीय नेताओं के साथ गाजा पट्टी के मौजूदा घटनाक्रम पर चर्चा करेंगी। सबसे पहले, सुश्री लेयेन मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह सिसी से मिलने के लिए काहिरा जाएंगी। मिस्त्र की राजधानी में रहते हुए, यूरोपीय आयोग की प्रमुख यूरोपीय संघ की मानवीय आपूर्ति की डिलीवरी का स्वागत करने के लिए एल-अरिश हवाई अड्डे का भी दौरा करेंगी, जो दिन में बाद में आने वाली है। उसके बाद, सुश्री लेयेन अम्मान के लिए उड़ान भरेंगी, जहां वह जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय से मुलाकात करेंगी। जॉर्डन की उनकी यात्रा किंग अब्दुल्ला द्वितीय की पिछले सप्ताह ब्रसेल्स यात्रा के बाद होगी।



## फिनलैंड ने रूसी सीमा पर 4 क्रॉसिंग प्वॉइंट बंद किए

**हेलसिंकी,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। फिनलैंड सरकार ने शरण चाहने वालों की वृद्धि को रोकने के प्रयास में रूस के साथ देश की सीमा पर चार क्रॉसिंग प्वॉइंट को बंद करने का आदेश दिया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, फिनिश बॉर्डर गार्ड के अनुसार, इस सप्ताह लगभग 300 शरण चाहने वाले देश में पहुंचे। अकेले शुक्रवार को ऐसे 100 आगमन हुए। हेलसिंकी द्वारा मॉस्को पर नॉर्डिक राष्ट्र के नाटो में शामिल होने के प्रतिशोध में प्रवासियों को क्रॉसिंग पर भेजने का आरोप लगाने के बाद शुक्रवार रात को दक्षिण-पूर्व फिनलैंड में वलीमा, नुइजामा, इमात्रा और नीराला सीमा चौकियों को बंद कर दिया गया।



**सीरिया, यमन और इराक के नागरिकों द्वारा अवैध सीमा पार करने की हो रही थी वृद्धि**

फ़िनिश बॉर्डर गार्ड ने कहा कि सीरिया, यमन और इराक सहित देशों के नागरिकों द्वारा अवैध सीमा पार करने में वृद्धि देखने के बाद चार क्रॉसिंग पर अवरोध लगाए जाएंगे। चार सीमा क्रॉसिंगों को बंद करने की पुष्टि करते हुए, प्रधान मंत्री पेटेरी ओर्पो ने बताया कि फिनलैंड के सुदूर उत्तर में सल्ला और वर्टियस के बिंदु शरण आवेदनों के लिए खुले रहेंगे। उन्होंने रूस पर जानबूझकर बिना उचित दस्तावेजों के लोगों को सीमा तक पहुंचने में मदद करने का भी आरोप लगाया। रूसी राज्य समाचार एजेंसी टीएएसएस ने कहा कि फिनलैंड के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार रात कहा कि फिनिश अधिकारियों ने द्विपक्षीय संबंधों को नष्ट करने का रास्ता अपनाया है, फिनलैंड की रूस के साथ 1,340 किलोमीटर लंबी सीमा है, जो यूरोप की सबसे लंबी सीमा है।

## कश्मीर में सर्दियों में आग की घटनाओं से निपटना एक चुनौती

**जम्मू,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। यह पूरी तरह से सच है कि कश ?मीर में सर्दियों के मौसम में बार-बार होने वाली आग की घटनाओं से निपटने की खतरनाक चुनौती पिछले कई सालों से बनी हुई है। और इस साल भी सर्दी की शुरूआत के साथ ही अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग ने अपने कर्मियों और मशीनरी को तैयार कर लिया है और राजधानी शहर श्रीनगर में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए 70 से अधिक फायर टेंडरों को अलर्ट पर रखा है। जानकारी के लिए आमतौर पर,



**राज्य में हर साल 2000 से अधिक आग लगने की घटनाएं हो रही**

कश ?मीर में शुष्क मौसम की स्थिति के कारण शरद ऋतु के मौसम और सर्दियों की शुरुआत के दौरान आग की घटनाओं में वृद्धि देखी जाती है, क ?योंकि ठंड से निपटने के लिए गैस हीटर के अलावा हीटर, तेल से भरे रेडिएटर, इलेक्ट्रिक कंबल सहित बिजली के उपकरणों का बड़े पैमाने पर उपयोग होता है। ऐसे में अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग के सहायक निदेशक आकिब हुसैन मीर कहते थे कि हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनके बकौल हमारे अग्निशमन कर्मी सतर्क स्थिति में हैं। केवल श्रीनगर शहर में 50 से अधिक फायर टेंडरों को अलर्ट पर रखा गया है, जबकि 20 से अधिक छोटे फायर टेंडर भी अग्निशामकों के निपटान में हैं। इसके अलावा, वे कहते थे कि शहर के भीड़भाड़ वाले हिस्सों तक पहुंच को सक्षम करने के लिए छोटे आकार के फायर टेंडर शुरू किए गए हैं।

## फिलीपींस में भूकंप से मरने वालों की संख्या सात हुई

**मनीला,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। फिलीपींस में मिंडानाओ द्वीप के कई इलाकों में शुक्रवार को आए 6.7 की तीव्रता वाले भूकंप में मरने वालों की संख्या सात हो गई है। फिलीपीन अखबार इन्क्वायरर ने देश के नागरिक सुरक्षा कार्यालय (ओसीडी) के हवाले से शनिवार को यह खबर दी। दक्षिणी फिलीपींस में कल शक्तिशाली भूकंप आया। अधिकारियों ने शुरू में 7.2 की तीव्रता की सूचना दी थी, फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने बाद में भूकंप की तीव्रता को घटाकर 6.8 कर दिया और संभावित झटकों की चेतावनी दी। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने तीव्रता को और घटाकर 6.7 कर दिया। भूकंप के कारण कई कस्बों में बिजली गुल हो गई और कई स्कूल भवन और घर क्षतिग्रस्त हो गए। मीडिया ने बताया कि जनरल सैंटोस सिटी में एक कंक्रीट की दीवार से कुचलकर एक जोड़े की मौत हो गई, जिससे शुरुआत में मरने वालों की संख्या दो हो गई। फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने बाद में कल कहा कि उन्होंने सरकारी एजेंसियों को मिंडानाओ में भूकंप पीड़ितों को तत्काल राहत प्रदान करने का निर्देश दिया है। फिलीपींस भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्र में स्थित है जिसे रिंग ऑफ फायर के नाम से जाना जाता है और यहां अक्सर शक्तिशाली भूकंप आते रहते हैं।

## आज का इतिहास

1835-1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का जन्म।
1917-भारत की चौथी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जन्म।
1933-यूरोपीय देश स्पेन में महिलाओं को मताधिकार का अधिकार मिला।
1951-अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1952-स्पेन यूनेस्को का सदस्य बना।
1977-मिस्त्र के राष्ट्रपति अनवर सादात की ऐतिहासिक इजरायल यात्रा।
1982-नौवें एशियाई खेल दिल्ली में शुरु।
1986-पर्यावरण संरक्षण अधिनियम लागू हुआ।
1994-भारत की ऐश्वर्या राय मिस वर्ल्ड चुनी गईं।
1995-कर्णम मल्लेश्वरी ने भारोत्तोलन में विश्व कीर्तिमान बनाया।
1997-कल्पना चावला अंतरिक्ष जाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।
1998-कैंब्रिज स्थित इंटरनेशनल बायोग्राफ़िकल सेंटर ने भरनाट्यम की प्रख्यात नृत्यांगना कोमला वर्धन को वर्ष 1998 का %वूमेन ऑफ दी इयर% पुरस्कार के लिए चुना।
2000-पाकिस्तान की एक अदालत द्वारा पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की माँ नुसरल भुट्टो को दो वर्ष के कठिन कारावास की सज़ा।
2002-आस्कर पुरस्कार से सम्मानित अभिनेता जेक्स कोबर्न का लास एंजिल्स में निधन।
2005-पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ़ ने भारत को भूकम्प पीड़ितों के हित में कश्मीर समस्या सुलझाने का सुझाव दिया।
2006-भारत ने परमाणु ऊर्जा और यूरेनियम सप्लाई के लिए आस्ट्रेलिया का समर्थन मांगा।

**आयोजन** *विदेश मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में दी जानकारी*

# 22 नवम्बर को जी-20 का वर्चुअल शिखर सम्मेलन

**नई दिल्ली, 18 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत की अध्यक्षता में जी-20 का वर्चुअल शिखर सम्मेलन 22 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विगत दस सितंबर को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के समापन सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के समापन से पहले भारत जी20 नेताओं के एक आभासी शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।**

इसी के अनुरूप प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में जी-20 नेताओं का आभासी शिखर सम्मेलन 22 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष सहित सभी जी-20 सदस्यों के नेताओं, साथ ही नौ अतिथि देशों और 11 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। ज्ञातव्य है कि नयी दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन में नेताओं की घोषणापत्र को सर्वसम्मति से अपनाया गया था। वर्चुअल शिखर सम्मेलन, नई



दिल्ली शिखर सम्मेलन के प्रमुख, चयनित परिणामों/कार्य बिंदुओं को आगे बढ़ाएगा और साथ ही तब से हुए विकास की समीक्षा भी करेगा। कल 17 नवंबर को आयोजित दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के विचार-विमर्श भी चर्चा में शामिल होंगे। वर्चुअल जी20 शिखर सम्मेलन में प्रासंगिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्मों सहित विभिन्न जी-20 निर्णयों के प्रभावी कार्यान्वयन पर जोर दिये जाने की भी उम्मीद है।

भारत के पास 30 नवंबर तक जी-20 की अध्यक्षता है। 2024 में ब्राज़ील की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान जी-20 ट्रोइका में भारत, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका शामिल होंगे।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टू प्लस टू वार्ता सोमवार को

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा तथा विदेश मंत्रियों के बीच दूसरी टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता सोमवार को यहां होगी। ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस और विदेश मंत्री सुश्री पेनी वोंग वार्ता के लिए रविवार को दो दिन की भारत यात्रा पर आ रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों के साथ वार्ता की सह अध्यक्षता करेंगे। टू प्लस टू वार्ता से पहले दोनों देशों के मंत्री द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। दोनों देशों के बीच पहली टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता सितंबर 2021 में हुई थी।

## दुनिया को जानें

### जापान में इन्फ्लूएंजा के मामलों में गिरावट दर्ज की गई

**टोक्यो,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। जापान में इस सप्ताह नियमित रूप से निगरानी किए जाने वाले प्रत्येक चिकित्सा संस्थान में इन्फ्लूएंजा रोगियों की औसत संख्या 17.35 हो गई, जो एक सप्ताह पहले की तुलना में 3.78 कम है। लगभग तीन महीनों में यह पहली सप्ताह-दर-सप्ताह गिरावट है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। राष्ट्रीय संक्रामक रोग संस्थान ने शुक्रवार को कहा कि देश भर में लगभग 5,000 ऐसी नामित सुविधाओं ने रविवार तक सप्ताह में 85,766 मामले दर्ज किए। 14 अगस्त से शुरू होने वाले सप्ताह के बाद पहली बार प्रति संस्थान संख्या में सप्ताह दर सप्ताह गिरावट आई है। संस्थान ने कहा है कि रविवार तक आने वाले सप्ताह में देशभर में मरीजों की अनुमानित संख्या 635,000 है, जो पिछले सात दिनों की अवधि से 98,000 कम है। टोहो विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी और संक्रामक रोग विभाग के प्रोफेसर काजुहिरो तातेदा ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारियों को यह निर्धारित करने के लिए कई हफ्तों तक स्थिति की निगरानी करने की आवश्यकता है कि क्या मामलों की संख्या में गिरावट जारी रहेगी।

# खेल जगत

## मैक्सवेल को बहुत अच्छी गेंदबाजी करनी होगी : इयान चैपल

**नई दिल्ली,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल का मानना है कि अगर भारतीय बल्लेबाज लेग स्पिनर एडम ज़म्पा को संभालने में सक्षम हैं तो रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में ग्लेन मैक्सवेल को बहुत अच्छी गेंदबाजी करनी होगी। ज़म्पा ने रविवार के फाइनल में टूर्नामेंट के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में प्रवेश किया, उन्होंने 21.40 की औसत और 5.47 की इकॉनमी रेट से 22 विकेट लिए। दूसरी ओर, मैक्सवेल का इकॉनमी रेट 4.72 रहा है और उन्होंने सितंबर में राजकोट में भारत के खिलाफ शानदार 4-40 का विकेट आंकड़ा भी हासिल किया था। चैपल ने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स से कहा, भारतीय स्पिन को बहुत अच्छा खेलते हैं और मुझे लगता है कि अगर वे समझदारी से खेलते हैं तो वे शायद ज़म्पा को बहुत अच्छी तरह से संभाल लेंगे, जिसका मतलब है कि मैक्सवेल को वास्तव में अच्छी गेंदबाजी करनी होगी।



# अजेय भारत अब वन डे विश्व कप जीतने को बेताब

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 18 नवंबर (देशबन्धु)। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की अगुआई वाली अजेय भारतीय टीम अब ऑस्ट्रेलिया को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में रविवार को फाइनल में भी हरा लगातार 11वीं जीत के साथ 12 बरस बाद फिर आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप खिताब जीतने को बेताब है। भारत और ऑस्ट्रेलिया दो दशक के बाद फिर फाइनल में आमने-सामने होंगे। मेजबान भारत अपनी मौजूदा फॉर्म के साथ बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन के कारण फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खिताब जीतने का प्रबल दावेदार है। भारत ने मौजूदा संस्करण में अपना अभियान ऑस्ट्रेलिया को चेन्नै में छह विकेट से हराकर शुरू किया था। भारत ने इस साल ऑस्ट्रेलिया से अपने पिछले पांच में से तीन मैच जीते हैं। भारत के पास अब ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में भी हराकर तीसरी बार वन डे विश्व कप खिताब जीतने का सुनहरा मौका है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के हाथों राउंड रॉबिन लीग में हार से आगाज करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने लीग और सेमीफाइनल सहित लगातार आठ मैच जीत सही वक्त पर अपनी रंगत पा ली है। भारत को ऐसे में ऑस्ट्रेलिया से पूरी तरह चौकस रहने की जरूरत है। कप्तान रोहित शर्मा के पास फटाफट क्रिकेट में अपने नए दे दनादन , दे दनादन के अवतार में अपना नाम महान ऑलराउंडर कपिल देव (1983) और कैप्टन कूल महेंद्र सिंह धोनी (2011) की तरह भारत को वन डे विश्व कप जिताने वाले अनुकरणीय कप्तानों की फेहरिस्त में नाम दर्ज कराने का मौका है। चौथी बार फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम के पास आठवी फाइनल में पहुंचने वाली ऑस्ट्रेलिया से 2003 में जोहानिसबर्ग में फाइनल में 125 रन की हार का हिसाब चुका कर उसी की तरह लगातार 11 वां मैच जीत अजेय रहकर खिताब जीतने का मौका है। भारत इस मौके को पूरी तरह भुनाने को बेताब है। दुनिया की दोनों दिग्गज टीमों भारत और



ऑस्ट्रेलिया के बीच बेहद रोमांचक फाइनल की उम्मीद है। भारत को अपनी फील्डिंग जरूर और चौकस करनी होगी क्योंकि फाइनल में एक भी छूटा कैच उसकी खिताब जीतने की हसरत पर पानी फेर सकता है। भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में जरा सी भी ढील की गुंजाइश नहीं है। भारत को फाइनल में जरा सी चूक सांप सीढ़ी के खेल की तरह एकदम धरती पर ला सकती है। इस फाइनल को देखने के लिए हर भारतीय क्रिकेट प्रेमी के साथ दुनिया भर में क्रिकेट प्रेमी बेताबी से मैदान के साथ अपने अपने घरों में टीवी पर मौजूदा संस्करण में हर गेंद को खेलने के लिए बेताबी से इंतजार करेंगे। कप्तान रोहित शर्मा सहित मौजूदा भारतीय टीम के करीब आधा दर्जन का खिलाडियों का यह अंतिम वन डे विश्व कप है और वह इसी लिए इसमें भारत के जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे। दोनों टीमों के लिए फाइनल में शुरू के दस ओवर बेहद इसके नतीजे में खासे अहम रहने वाले है क्योंकि भारत के पास शीर्ष क्रम में खुद कप्तान रोहित शर्मा व उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल जैसे दे दनादन में माहिर बल्लेबाजों के साथ विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जैसे बराबर स्कोर बोर्ड को चला कर किसी भी तूफान से टीम की नैया को किनारे लगाने वाले सक्षम बल्लेबाज हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पास हालात कोई भी हो अपने स्वच्छंद अंदाज में खुल कर खेलने वाले बाएं हाथ के ट्रेविज हेड और डेविड वॉर्नर की सलामी जोड़ी के साथ तीसरे नंबर पर विस्फोटक मिचेल मार्श जैसे बल्लेबाज हैं जो शुरू से ही दे दनादन कर मैच का रुख शुरू में अपनी टीम की ओर मोडने में सक्षम हैं। साथ ही ऑस्ट्रेलिया के पास निचले मध्यक्रम में मौजूदा संस्करण में दोहरा शतक जडने वाले ग्लेन मैक्सवेल जैसा हारी बाजी पलटने में सक्षम बल्लेबाज है। मौजूदा संस्करण में तीन शतकों और पांच अर्द्धशतकों सहित भारत के विराट कोहली (कुल 711 रन) रन बनानें में और रफ्तार के सौदागर मोहम्मद शमी छह मैचों में कुल 23 विकेट लेकर सबसे आगे चल रहे हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा (कुल 22 विकेट) शमी के बाद फिलहाल मौजूदा संस्करण में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने में दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया की ओर से अब तक मौजूदा संस्करण में अब सात-सात शतक जड़े गए हैं। साथ ही ऑस्ट्रेलिया के आठ के मुकाबले भारत की ओर से जड़े 16 अर्द्धशतक मेजबान टीम की बल्लेबाजी की गहराई को बताते हैं। हार्दिक पांडया के चोट के शुरू के चार मैचों के बाद बाहर होने से भारत बाकी के छह मैचों में खासतौर पर शमी की चमत्कारिक गेंदबाजी के चलते खालिस पांच गेंदबाजों से मैच जीतने में कामयाब रहा है। वहीं ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी दो-दो शतक जडने वाले ग्लेन मैक्सवेल(कुल 398 रन), डेविड वॉर्नर(कुल 528 रन) और मिचेल मार्श (कुल 426 रन) के साथ आखिर के पांच मैचों में टीम से जुड़े और उतरते ही न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जडने वाले सलामी बल्लेबाज ट्रेविज हेड पर निर्भर है। भारत की खुशकिस्मती है कि मौजूदा संस्करण में अब तक सेमीफाइनल में सहित छह मैचों में तीन बार पांच या इससे अधिक चटका सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले मोहम्मद शमी(कुल 23 विकेट) के साथ सदाबहार जसप्रीत बुमराह(कुल 18 विकेट) और मोहम्मद सिराज(कुल 13 विकेट) की रफ्तार के सौदागरों की त्रिमूर्ति के साथ बाएं हाथ चतुर लेग स्पिनर कुलदीप यादव (कुल 15 विकेट) और बेहद शांत रवींद्र जडेजा (कुल 16 विकेट) हैं। एक दिलचस्प बात यह है कि अहमदाबाद में मौजूदा संस्करण में मैन ऑफ द' मैच जसप्रीत बुमराह की अगुआई में मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में गेंदबाजों के इकाई के रूप में बढिया प्रदर्शन तथा कप्तान रोहित शर्मा की मात्र 63 गेदों में 6 छक्कों और 6 चौकों की 83 रन) तथा श्रेयस अय्यर के अविजित 53 रन से भारत ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट शिकस्त दी थी जबकि ऑस्ट्रेलिया ने एडम जम्पा के हरफनमौला खेल से चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड को 33 रन से हराया था। भारत को बतौर तेज गेंदबाज बुमराह के साथ सबसे खतरनाक व कामयाब शमी उपलब्ध हैं और वह इन दोनों से गेंद से रफ्तार के साथ धार और कप्तान रोहित शर्मा से पाकिस्तान के खिलाफ मैच जैसी तूफानी पारी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में भी खेलने की आस लगाए है।

### भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन

| बल्लेबाज | मैच | कुल रन | सर्वोच्च | औसत | स्ट्राइक रेट | शतक/अर्द्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली | 10 | 711 | 117 | 101.57 | 90.68 | 3/5 |
| रोहित शर्मा | 10 | 550 | 131 | 55.00 | 124.15 | 1/3 |
| श्रेयस अय्यर | 10 | 526 | 128* | 75.14 | 113.11 | 2/3 |
| केएल राहुल | 10 | 386 | 102 | 77.20 | 98.72 | 1/1 |
| शुभमन गिल | 8 | 350 | 92 | 50.00 | 108.02 | 0/4 |
| रवींद्र जडेजा | 10 | 111 | 39* | 55.50 | 115.62 | 0/0 |

### ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा रन

| बल्लेबाज | मैच | कुल रन | सर्वोच्च | औसत | स्ट्राइक रेट | शतक/अर्द्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| डेविड वॉर्नर | 10 | 528 | 163 * | 52.80 | 107.53 | 2/2 |
| ग्लेन मैक्सवेल | 8 | 398 | 201* | 66.33 | 150.18 | 2/0 |
| मिचेल मार्श | 9 | 426 | 177 | 53.25 | 107.84 | 2/1 |
| लबुशेन | 10 | 304 | 71 | 33.77 | 75.62 | 0/ 2 |
| ट्रेविज हेड | 5 | 192 | 109 | 38.40 | 139.13 | 1/1 |
| स्मिथ | 9 | 298 | 71 | 37.25 | 81.86 | 0/2 |

### भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट

| गेंदबाज | मैच | ओवर | रन दिए | विकेट | बेस्ट बॉलिंग | इकॉनमी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मोहम्मद शमी | 6 | 41.5 | 210 | 23 | 7/57 | 5.01 |
| जसप्रीत बुमराह | 10 | 82.5 | 330 | 18 | 4/39 | 3.98 |
| रवींद्र जडेजा | 10 | 83.3 | 355 | 16 | 5/33 | 4.25 |
| कुलदीप यादव | 10 | 85.1 | 368 | 15 | 2/7 | 6.84 |
| मोहम्मद सिराज | 10 | 75.3 | 424 | 13 | 3/16 | 5.6 |
| हार्दिक पांडया | 4 | 16.3 | 113 | 5 | 2/34 | 6.8 |

### ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा विकेट

| गेंदबाज | मैच | ओवर | रन दिए | विकेट | बेस्ट बॉलिंग | इकॉनमी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एडम जम्पा | 10 | 86 | 471 | 22 | 4/8 | 5.47 |
| जोश हेजलवुड | 10 | 83.1 | 389 | 14 | 3/38 | 4.67 |
| पैट कमिंस | 10 | 79.3 | 481 | 13 | 3/51 | 6.05 |
| मिचेल स्टार्क | 9 | 77.0 | 473 | 13 | 3/34 | 6.14 |
| ग्लेन मैक्सवेल | 8 | 62.3 | 295 | 5 | 2/34 | 4.72 |
| मरकस स्टोइनस | 6 | 19.0 | 143 | 4 | 2/40 | 7.52 |

# ऑस्ट्रेलिया टीम की ताकत और कमजोरी, भारत के लिए क्या उम्मीद है?



**नई दिल्ली,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। 2023 पुरुष एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप की शुरुआत में भारत और दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया फाइनल में पहुंच चुका है। कोलकाता में कम स्कोर वाले और तनावपूर्ण सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने 16 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से जीत दर्ज की। पैट कमिंस के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया अब अपने आठवें पुरुष एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में है और रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में छठे खिताब का पीछा करेगा।

**यहां पढ़िए खिताबी मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम का विश्लेषण :**

**ऑस्ट्रेलिया की ताकत** :- टूर्नामेंट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापस लौटने के लिए बल्लेबाजी ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख शक्तियों में से एक रही है। चाहे वह ट्रैविस हेड हों (जो हाथ में फ्रैक्चर के कारण शुरू में टूर्नामेंट से चूक गए थे), मिशेल मार्श (426 रन), डेविड वार्नर (528 रन) या ग्लेन मैक्सवेल (398 रन), स्टीव स्मिथ या मार्नस लाबुशेन, सभी ने बल्लेबाजी में योगदान दिया है।

गेंद के साथ, लेग स्पिनर एडम जम्पा शीर्ष फॉर्म में हैं, उन्होंने 22 विकेट लिए हैं। जबकि, मैक्सवेल और हेड के अंशकालिक ऑफ-स्पिन ने उन्हें अच्छा समर्थन दिया है। फाइनल से पहले तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (2/12), मिच स्टार्क (3/34) और कप्तान पैट कमिंस (3/54) का प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया के लिए और भी खुशी की बात है।

**कमजोरी :** चेन्नई में भारत के खिलाफ, स्पिन-अनुकूल पिच पर ऑस्ट्रेलिया को नियंत्रण में रखा गया क्योंकि कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन की स्पिन तिकड़ी ने मिलकर छह विकेट लिए। कुलदीप और जडेजा शीर्ष फॉर्म में हैं, सेमीफाइनल में तबरेज शम्सी और केशव महाराज से ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को कुछ परेशानी हुई, स्पिन के खिलाफ बल्लेबाजी कमजोरी बनी हुई है।

**अवसर :** आखिरी बार 2015 में खिताब जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया अपने छठे पुरुष एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप खिताब की तलाश में है। उनके पास नॉकआउट में शानदार प्रदर्शन करने की अच्छी क्षमता है और फाइनल जैसे बड़े मैचों में, वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए जाने जाते हैं।

उन्होंने भारत के खिलाफ 2003 विश्व कप जीता और इस साल के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भी उन्हें हरा दिया।

**खतरा :** प्रतियोगिता में टीमों के लिए बल्ले और गेंद से भारत के दबदबे को रोकना बहुत कठिन रहा है। एक से ग्यारह तक हर कोई शीर्ष फॉर्म में है और उन्होंने विरोधियों को अच्छी तरह से नष्ट कर दिया है। विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की मुख्य चुनौती अजेय भारतीय रथ को रोकना होगा।

# लगातार 10 जीत, टीम इंडिया के स्वप्निल सफर पर एक नजर

**नई दिल्ली,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में अपने अजेय प्रदर्शन की बदौलत अक्टूबर से ही शानदार प्रदर्शन कर रही है। लगातार दस मैच जीतने के दबदबे का मतलब है कि दो बार का चैंपियन भारत खिताबी मुकाबले में पहुंच गया है, जहां रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में उसका सामना शक्तिशाली ऑस्ट्रेलिया से होगा। यहां 2023 पुरुष विश्व कप फाइनल में भारत की अजेय यात्रा पर एक नजर है, जहां उन्होंने बड़े पैमाने पर यात्रा की है और शानदार प्रदर्शन के साथ अपने वफादार प्रशंसकों को ढेर सारी खुशियां दी हैं।

**मैच 1, 8 अक्टूबर: भारत ने चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराया:** भारतीय स्पिनरों, रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव ने मिलकर छह विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 49.3 ओवर में सिर्फ 199 रन पर आउट कर दिया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दो ओवर में 2-3 विकेट लेकर भारतीय खेमे में शुरुआती घबराहट पैदा कर दी। लेकिन केएल राहुल (नाबाद 97) और विराट कोहली (85) के बीच 215 गेंदों पर 165 रनों की शानदार साझेदारी ने भारत को ऑस्ट्रेलिया पर छह विकेट से जीत दिलाकर अपने अभियान की शुरुआत की।

**मैच 2, 11 अक्टूबर : भारत ने नई दिल्ली में अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया :** जसप्रीत बुमराह (4-39) ने घातक तेज गेंदबाज़ी करते हुए अफगानिस्तान को 272/8 पर रोक दिया। 273 रनों के मुश्किल लक्ष्य के सामने कप्तान रोहित शर्मा ने 131 रनों की पारी खेली और स्थानीय खिलाड़ी विराट कोहली ने नाबाद 55 रनों की पारी खेलकर घरेलू दर्शकों का मनोरंजन करते हुए प्रतियोगिता में भारत की अच्छी शुरुआत को बनाए रखा।

**मैच 3, 14 अक्टूबर: अहमदाबाद में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया :** एक जोरदार मुकाबले में, बुमराह की अगुवाई में भारत के गेंदबाजों ने दो-दो विकेट लिए, जिससे बीच के ओवरों में आश्चर्यजनक पतन हुआ, क्योंकि पाकिस्तान ने 36 रन पर आठ विकेट खो दिए, और 191 रन पर ही समाप्त हो गया। रोहित ने फिर से बल्ले से चमक बिखेरी। 83 रन बनाए जबकि श्रेयस अय्यर ने नाबाद 53 रन बनाकर भारत के लिए जीत की हैट्रिक बनाई।

**मैच 4, अक्टूबर 19: भारत ने पुणे में बांग्लादेश को सात विकेट से हराया :** बाएं टखने की चोट के कारण हार्दिक पांड्या को खोने के बाद, भारत को थोड़े समय के



लिए बैकफुट पर रखा गया, इससे पहले कि रवींद्र जडेजा ने 2-38 विकेट लिए और बांग्लादेश को 256/8 पर रोके रखने के लिए मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया। रोहित और शुभमन गिल के बीच पहले विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी हुई, इसके बाद कोहली ने नाबाद 103 रन की पारी खेली, जो उनका 48वां एकदिवसीय शतक था और उन्होंने 51 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

**मैच 5, 22 अक्टूबर: धर्मशाला में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया :** अपने पहले विश्व कप मैच में खेलते हुए, मोहम्मद शमी ने आखिरी दस ओवरों में 5-54 विकेट लेकर शानदार वापसी की और न्यूजीलैंड को 273 रनों पर आउट कर दिया। जवाब में, कोहली ने 104 गेंदों में 95 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि जडेजा ने नाबाद 39 रन की बहुमूल्य पारी खेली,जिससे भारत न्यूजीलैंड पर चार विकेट से जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

**मैच 6, 29 अक्टूबर: भारत ने लखनऊ में इंग्लैंड को 100 रन से हराया :** रोहित ने भारत के लिए सर्वाधिक 87 रन बनाए जबकि सूर्यकुमार यादव ने बैक-एंड में महत्वपूर्ण 49 रन बनाए, जिससे भारत ने मुश्किल दो गति वाली पिच पर 229/9 रन बनाए। शमी ने 22 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि बुमराह ने 32 रन देकर 3 विकेट लिए और इंग्लैंड के पहले दस ओवरों में चार विकेट झटके।

कुलदीप ने 24 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि जडेजा ने 16 रन देकर 1 विकेट लिया, जिससे भारत ने सटीकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 34.5 ओवर में 129 रन पर आउट कर दिया और तालिका में फिर से शीर्ष पर आ गया।

**मैच 7, 2 नवंबर: भारत ने मुंबई में श्रीलंका को 302 रनों से हराया :** भारत ने 357/8 का स्कोर बनाया, जिसमें गिल, कोहली और अय्यर ने 92, 88 और 82 रनों की पारी खेली, जिससे श्रीलंका को चढ़ने के लिए एक बड़ा पहाड़ मिल गया। नई गेंद से बुमराह, शमी और सिराज ने इस कदर धमाल मचाया कि श्रीलंका की टीम 19.4 ओवर में सिर्फ 55 रन पर आउट हो गई। बुमराह के पास पांच ओवरों में 1-8 के आंकड़े थे, जबकि सिराज ने बल्लेबाजों को स्विंग और सीम से परेशान करके सात ओवरों में 3-16 रन बनाकर टूर्नामेंट में एक उदासीन समय की भरपाई की। शमी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पांच ओवर में 18 रन देकर 5 विकेट लिए।

**मैच 8, नवंबर 5: भारत ने कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका को 243 रनों से हराया :** अपने 35वें जन्मदिन पर, कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 101 रन की शानदार पारी खेलकर सचिन तेंदुलकर के 49 एकदिवसीय शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की, और अय्यर के शानदार 77 रन की मदद से भारत ने 326/5 का स्कोर बनाया। जड़ेजा ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 33 रन देकर 5 विकेट लिए जबकि कुलदीप ने दो विकेट लिए जिससे दक्षिण अफ्रीका 27.1 ओवर में 83 रन पर आउट हो गया।

**मैच 9, 12 नवंबर: बेंगलुरु में भारत ने नीदरलैंड को 160 रन से हराया :** भारत ने 410/4 का स्कोर बनाया, क्योंकि केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने शतक बनाए, कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली ने अर्द्धशतक बनाए। जवाब में, नीदरलैंड्स की टीम 47.5 ओवर में 250 रन पर आउट हो गई, जिसमें सिराज, बुमराह, कुलदीप और जडेजा ने दो-दो विकेट लिए, वहीं विराट और रोहित को भी एक-एक विकेट मिला।

**सेमीफाइनल, 15 नवंबर: भारत ने मुंबई में न्यूजीलैंड को 70 रन से हराया :** कोहली ने शानदार 117 रन बनाए, जो वनडे में उनका 50वां शतक भी है और उन्होंने महान सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों के लंबे समय के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जो दिलचस्प है कि यह उनके घरेलू मैदान पर इस महान खिलाड़ी के सामने हुआ था। शुभमन गिल ने 66 गेंदों में नाबाद 80 रन बनाए, जबकि श्रेयस अय्यर ने अपने घरेलू दर्शकों के सामने 105 रन बनाए, जिससे भारत ने 397/4 रन बनाए। मोहम्मद शमी ने 57 रन देकर 7 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को 327 रन पर आउट कर दिया, जिससे खिताबी मुकाबले में भारत की जगह पक्की हो गई।

## सार संक्षेप

### टॉस फैक्टर आएगा काम, अहमदाबाद में रन चेज आसान

**अहमदाबाद।** विश्व कप 2023 एक बार फिर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में लौट आया है। 5 अक्टूबर को टूर्नामेंट का आगाज यहीं हुआ था और अब समापन भी दो बार के विश्व कप विजेता भारत और पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के बीच खिताबी मुकाबले के साथ यहीं होगा। टूर्नामेंट का मेजबान भारत शानदार फॉर्म में है। भारत ने अब तक टूर्नामेंट में अपने सभी मैच जीते हैं, जिसमें 8 अक्टूबर को चेन्नई में टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया पर छह विकेट की जीत भी शामिल है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल करने से पहले दो हार के साथ शुरुआत की लेकिन लगातार आठ मैच जीतकर फाइनल में पहुंची है। इस वेन्यू पर वनडे मैचों में भारत का जीत प्रतिशत 58 है। जबकि, ऑस्ट्रेलिया के लिए यह 67 प्रतिशत है। पिछली बार जब भारत और ऑस्ट्रेलिया वनडे विश्व कप फाइनल में भिड़े थे, तो यह टूर्नामेंट के 2003 संस्करण में दक्षिण अफ्रीका के वांडरर्स, जोहान्सबर्ग में हुआ था, जहां ऑस्ट्रेलिया ने 125 रनों से जीत हासिल की थी। आखिरी बार भारत और ऑस्ट्रेलिया वनडे विश्व कप के नॉकआउट मैच में अहमदाबाद में 2011 में भिड़े थे, जहां जीत भारत की हुई थी। क्रिकेट-21.कॉम द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार कप्तानों ने इस वेन्यू पर विश्व कप के चार मैचों में से तीन में पहले गेंदबाजी करना पसंद किया है और उनका यह फैसला सही साबित हुआ।

### अहमदाबाद पहुंचते ही स्टेडियम पहुंचे कमिंस, पिच की फोटो खींचते आए नजर

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को नरेंद्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल मैच के लिए इस्तेमाल की जाने वाली अहमदाबाद पिच की रविवार को तस्वीरें लेते देखा गया। अब ये फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। पिच की फोटो लेते हुए पैट कमिंस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। यह दावा किया जा रहा है कि अगर मैच के दिन पिच में छेड़छाड़ होती है तो ऑस्ट्रेलियाई कप्तान इसे सबूत के तौर पर पेश करेंगे। इससे पहले, प्रेस कॉन्फ्रेंस में कमिंस ने विश्व कप फाइनल से पहले अहमदाबाद के विकेट पर बयान दिया था। कमिंस ने कहा, हम हर वार के लिए तैयार है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारी जो योजनाएं हैं, वो सफल रहे।

# अहमदाबाद को किंग कोहली की एक और जादुई पारी का इंतजार

**अहमदाबाद,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। भारत ने बुधवार को न्यूजीलैंड को हराकर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के फाइनल में प्रवेश किया। इसी मैच में विराट कोहली ने एकदिवसीय करियर का अपना 50वां शतक जड़कर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक वनडे शतकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कोहली ने अपना पहला वनडे शतक 2009 में श्रीलंका के खिलाफ कोलकाता में बनाया था। उस समय बहुतों ने सोचा भी नहीं था कि वह इतने लंबे समय तक क्रिकेट खेलेंगे। क्रिकेट पंडितों को भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि कोहली जैसा कोई व्यक्ति आधुनिक क्रिकेट में तेंदुलकर से आगे निकल सकता है। कोहली 2012 आते-आते भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप का अभिन्न और महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके थे, लेकिन मास्टर ब्लास्टर के रिकॉर्ड को पार करना अभी भी एक कठिन काम था, यह देखते हुए कि खिलाड़ियों के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना कितना मुश्किल है।

हालाँकि, तेंदुलकर को पता था कि अगर कोई उनके रिकॉर्ड के करीब पहुंच सकता है तो वह कोहली या रोहित शर्मा होंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने 11 साल पहले भविष्यवाणी की थी कि कोहली भविष्य में उनका रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। और जब बुधवार को कोहली ने उनका रिकॉर्ड तोड़ा, तो वह वानखेड़े में तेंदुलकर को सम्मान देने के लिए झुक गए, जहां मास्टर ब्लास्टर ने अपने शुरुआती वर्षों के दौरान क्रिकेट खेला था। कोहली ने इस विश्वकप में तेंदुलकर का एक और रिकॉर्ड तोड़ा है। वह अब तक 711 रन के साथ वनडे विश्व कप के एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने रिकॉर्ड तोड़े नहीं बल्कि इतिहास फिर से लिखा क्योंकि दोनों रिकॉर्ड एक भारतीय खिलाड़ी के ही नाम थे।

इस विराट कारनामे के बाद तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती कि एक भारतीय खिलाड़ी ने उनका रिकॉर्ड तोड़ा, और वह भी सबसे बड़े मंच पर। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि वह युवा लड़का विराट खिलाड़ी बन गया है। मैं इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकता कि एक भारतीय ने मेरा रिकॉर्ड तोड़ा। और सबसे बड़े मंच पर - विश्व कप सेमीफाइनल में - और मेरा घरेलू मैदान सोने पर सुहागा है। वर्ष 2008 में पदार्पण करने से लेकर 2022 में कप्तानी से हटाए जाने तक कोहली के अंतर्राष्ट्रीय करियर में कई चुनौतियां आईं। फिर भी, प्रत्येक झटके के बाद वह पहले से कहीं अधिक मजबूत होकर उभरे, और कई मौकों पर भारत को तब जीत दिलाई जब परिस्थितियां मेन इन ब्लू के खिलाफ थीं। चाहे वह पाकिस्तान के खिलाफ 2022 टी20 विश्व कप में उनकी आक्रामक पारी हो या चल रहे शोपीस इवेंट के लीग मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी मैच बचाने वाली 104 गेंदों में 95 रन की पारी - कोहली ने टीम को तब आगे बढ़ाया है जब इसकी बहुत जरूरत थी।

लक्ष्य का पीछा करने की कला के लिए जाने जाने वाले कोहली ने बाद में बल्लेबाजी करते हुए 27 शतक बनाए हैं। उनके 50 एकदिवसीय शतकों में से 42 बार टीम जीती है जो यह बताता है कि कैसे वह भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप में मुख्य आधार रहे हैं। विभिन्न देशों के खिलाफ असाधारण प्रदर्शन के साथ, कोहली की एकदिवसीय बल्लेबाजी की प्रतिभा लगभग हर देश के खिलाफ निखरकर सामने आई है। श्रीलंका के खिलाफ 51 पारियों में 10 शतक बनाकर वह एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं।

वेस्टइंडीज ने 41 पारियों में नौ शतकों के साथ कोहली का कौशल देखा है जबकि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने क्रमशः 46 पारियों में आठ और 31 पारियों में छह शतक लगाये हैं। किंग कोहली 2018 में जबरदस्त फॉर्म में थे। उन्होंने उस साल केवल 14 पारियों में छह शतक बनाए। अगले साल 2019 में भी उनकी असाधारण रन-स्कोरिंग जारी रही। उन्होंने 25 पारियों में पांच शतक बनाए। उनके करियर के शुरुआती वर्षों में 2012 (17 पारियों में पांच शतक), 2013 (30 पारियों में चार शतक), और 2014 (20 पारियों में चार शतक) में उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ लगातार वृद्धि देखी गई।

2011 में उन्होंने 34 पारियों में चार शतक लगाकर अपना दमखम दिखाया। वर्ष 2023 में एक बार फिर कोहली का उदय हुआ है। इस बल्लेबाज ने 23 पारियों में छह शतक लगाए हैं, जिससे भारत को मौजूदा आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में उनके शानदार प्रदर्शन पर भरोसा है।

चूंकि यह (2023 संस्करण) उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ विश्व कप रहा है, क्या कोहली अपना 51वां शतक बना पाएंगे? रविवार का इंतजार करना होगा।



### सुडोकू 6380 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 7 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 | 5 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 3 |

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.09 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.50 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.06 प्रतिशत |
| एलटी | 1.00 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.56 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.33 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.22 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.00 प्रतिशत |

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## 'भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में स्टार्टअप निभाएंगे अहम भूमिका'

तिरुवनंतपुरम, 18 नवंबर (एजेंसियां)। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने शनिवार को कहा कि स्टार्टअप भारत को अपनी महत्वाकांक्षी विकास संबंधी लक्ष्य हासिल करने और कुछ वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम के तीसरे और अंतिम दिन केरल स्टार्टअप मिशन (केएसयूएम) के हडल ग्लोबल 2023 में लीडरशिप टॉक देते हुए नागेश्वरन ने बताया कि तिरुवनंतपुरम सहित देश के टियर-2 और टियर-3 शहर स्टार्टअप पावरहाउस के रूप में उभर रहे हैं।

नागेश्वरन ने कहा, जैसा कि आप सभी अच्छी तरह से जानते हैं, हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, जो कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। वास्तव में, मैं कहूंगा कि 7-इन-7 चर्चा का नारा है, यानी सात



वर्षों में 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था। यह 2030 तक संभव है यदि भारत अपने वर्तमान विकास पथ को बनाए रखता है, और उस यात्रा में स्टार्टअप उद्यमी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे हैं।

नागेश्वरन ने कहा, भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे के विस्तार की नींव पर व्यापार मॉडल विकसित करने में भारत में स्टार्टअप्स की सक्रिय भागीदारी देश के लिए दक्षता, राजस्व और आर्थिक रिटर्न उत्पन्न करना जारी रखेगी। उद्यमिता और नवाचार की संस्कृति एक महामारी है जिसे भारत लगातार अनुभव करना चाहेगा।

उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत के स्टार्टअप परिदृश्य में एक असाधारण परिवर्तन देखा गया है, जो विश्व स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा पारिस्थितिकी तंत्र बनकर उभरा है, वर्तमान में 763 जिलों में उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा 1.12 लाख से अधिक स्टार्टअप को मान्यता दी गई है। सीईए ने कहा, उनमें से कई यूनिकॉर्न हैं, जिनका कुल मूल्यांकन लगभग 350 अरब डॉलर है। साथ ही इनोवेशन क्वालिटी में भी देश दूसरे स्थान पर है।

नागेश्वरन ने कहा, भारत में नवाचार केवल कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है, क्योंकि स्टार्टअप 56 औद्योगिक क्षेत्रों में समस्याओं का समाधान कर रहे हैं, जिनमें से 13 प्रतिशत आईटी सेवाओं से, 9 प्रतिशत स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान से, 7 प्रतिशत शिक्षा से, 5 प्रतिशत कृषि से और खाद्य एवं पेय पदार्थों से 5 प्रतिशत हैं। ।

उन्होंने कहा, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि 49 प्रतिशत स्टार्टअप टियर-2 और टियर-3 शहरों से हैं, जो एक गेम-चेंजर रहा है, क्योंकि इन स्थानों में व्यावसायिक लाभ उद्यमियों को टियर-1 शहर की तुलना में कम लागत पर काम करने में सक्षम बनाते हैं।

## अगर मैं बाहर गया तो ओपनएआई बोर्ड मेरे शेयरों के पीछे पड़ जाएग : सैम ऑल्टमैन

**सैन फ्रांसिस्को,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। ओपनएआई के बर्खास्त सीईओ सैम ऑल्टमैन ने शनिवार को यह कहते हुए राज उगलना शुरू कर दिया कि अगर उन्होंने रहस्य उजागर करना शुरू किया, तो चैटजीपीटी कंपनी का बोर्ड उनके शेयरों की पूरी कीमत के लिए उनके पीछे पड़ जाएगा। एक्स पर एक नवीनतम पोस्ट में, ऑल्टमैन, जिन्हें बोर्ड से बाहर कर दिया गया था, को अब ओपनएआई का नेतृत्व जारी रखने की अपनी क्षमता पर भरोसा नहीं है, उन्होंने कहा कि यह कई मायनों में उनके लिए एक अजीब अनुभव रहा है।

उन्होंने पोस्ट किया, आज का दिन कई मायनों में एक अजीब अनुभव था। लेकिन एक अप्रत्याशित बात यह है कि यह आपके जीवित रहते हुए अपनी ही स्तुति पढ़ने जैसा है। प्यार का प्रवाह अद्भुत है। उन्होंने कहा, एक उपाय, जाकर अपने दोस्तों को बताएं कि आप उन्हें कितना महान मानते हैं। अगले एक्स पोस्ट में, उन्होंने कहा कि अगर मैं बाहर जाना शुरू कर दूं, तो ओपनएआई बोर्ड को मेरे शेयरों के पूरे मूल्य के लिए मेरे पीछे जाना चाहिए। एक एक्स अनुयायी ने प्रतिक्रिया व्यक्त की यह मेरे



द्वारा अब तक देखे गए किसी भी शो से बेहतर क्लिफहैंगर है, मैं यह जानने के लिए कुछ भी करूंगा कि क्या हुआ था।

ओपनएआई के अध्यक्ष और सह-संस्थापक ग्रेग ब्रॉकमैन ने भी आज की खबर के बाद बोर्ड के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन कंपनी में बने रहेंगे। बोर्ड ने आज जो किया, उससे सैम और मैं हैरान और दुखी हैं। ब्रॉकमैन ने शनिवार को पोस्ट किया, हम भी अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि वास्तव में क्या हुआ था।

उन्होंने कहा कि कल रात (शुक्रवार अमेरिकी समय), सैम को इल्या से एक संदेश मिला, जिसमें शुक्रवार को दोपहर में बात करने के लिए कहा गया।

## यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस को दूसरी तिमाही में 204 करोड़ रुपये का मुनाफा

**चेन्नई,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र की तीन सामान्य बीमा कंपनियों के पुनरोद्धार की कहानी को पूरी करते हुये यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में 204.30 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। पिछले साल समान अवधि में उसे 347.44 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

गत 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में कंपनी को प्रीमियम से 4,163.80 करोड़ रुपये की आय हुई जो पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 3,517.97 करोड़ रुपये थी। आलोच्य अवधि में उसे 204.30 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ भी प्राप्त हुआ। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस का शुद्ध दावा भुगतान भी बढ़कर 3,845.95 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी अवधि में कंपनी ने 3,707.56 करोड़ रुपये के दावों का भुगतान किया था। निवेश की बिक्री में कंपनी को एक साल पहले जहां 284.34 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था वहीं पिछली तिमाही में उसे 434.38 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। ब्याज लाभांश और किराये से प्राप्त लाभ 613.23 करोड़ रुपये से बढ़कर 624.96 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हालाँकि सॉल्वेंसी मार्जिन निर्धारित 1.5 के मुकाबले 0.38 है। इससे पहले, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में 1,768.46 करोड़ रुपये के नुकसान के मुकाबले चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 44.82 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ घोषित किया था।

## अमेजन ने भारत में की कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने के बीच, अमेजन ने भारत सहित अपने एलेक्सा डिवीजन से कई सौ कर्मचारियों को निकालने की घोषणा की है। भारत में इस फैसले से प्रभावित होने वाले कर्मचारियों की संख्या अभी तक पता नहीं चल सकी है।

ई-कॉमर्स दिग्गज अगले सप्ताह भारत में प्रभावित सहकर्मियों से संवाद करेंगे। कर्मचारियों को भेजे गए एक ज्ञापन में, एलेक्सा और फायर टीवी टीम के उपाध्यक्ष डैनियल रौश ने कहा कि कंपनी कई सौ कर्मचारियों को निकाल रही है।

उन्होंने ज्ञापन में कर्मचारियों से कहा, जैसे-जैसे हम आविष्कार करना जारी रखते हैं, हम अपने कुछ प्रयासों को अपनी व्यावसायिक प्राथमिकताओं के साथ बेहतर ढंग से संरेखित करने के लिए स्थानांतरित करते हैं, और जो हम




जानते हैं वह ग्राहकों के लिए सबसे अधिक मायने रखता है, जिसमें जेनरेटर एआई पर केंद्रित हमारे संसाधनों और प्रयासों को अधिकतम करना शामिल है। रौश ने कहा, ये बदलाव हमें कुछ पहलों को बंद करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, जिसके चलते कई सौ भूमिकाएं समाप्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी अगले सप्ताह भारत में प्रभावित सहकर्मियों के साथ संवाद करेगी, और अन्य क्षेत्रों में स्थानीय प्रक्रियाओं का पालन कर रही है, जिसमें कर्मचारी प्रतिनिधि निकायों के साथ परामर्श के लिए समय शामिल हो सकता है, और संभवत: संचार के लिए लंबी समयसीमा हो सकती है। अमेजन ने बंद की जा रही पहलों के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी।

ई-कॉमर्स दिग्गज ने पिछले साल कंपनी-व्यापी कटौती के हिस्से के रूप में अपने डिवाइसेस एंड सर्विसेज डिवीजन में छंटनी की थी। रौश ने कहा कि जेनेरेटिव एआई में निवेश पहले से कहीं अधिक सहज, बुद्धिमान और उपयोगी एलेक्सा के लिए हमारे दृष्टिकोण को करीब ला रहा है।

हम अमेरिका और कनाडा में उन सहकर्मियों तक पहुंचेंगे जो इन भूमिकाओं में कटौती से प्रभावित हैं। अधिसूचना ईमेल शीघ्र ही भेजे जाएंगे, और हम उम्मीद करते हैं कि .एस और कनाडा में सभी सूचनाएं आज सुबह (प्रशांत समय) पूरी हो जाएंगी।

## सार संक्षेप

### फेडबैंक का आईपीओ 22 नवंबर को खुलेगा

**अहमदाबाद।** फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 22 नवंबर को खुलकर 24 नवंबर को बंद होगा। कंपनी की ओर से शनिवार को यहां जारी बयान के अनुसार कंपनी आईपीओ में कुल 600 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू और विक्रेता शेयरधारकों के 35,161,723 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। एंकर निवेशक बोली की तारीख 21 नवंबर मंगलवार होगी। ऑफर सब्सक्रिप्शन के लिए 22 नवंबर बुधवार को खुलेगा और 24 नवंबर शुक्रवार को बंद होगा। ऑफर का प्राइस बैंड 133 से 140 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 107 इक्विटी शेयर और उसके बाद 107 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। इस ऑफर में कर्मचारियों के लिए 10 करोड़ रुपये तक का आरक्षण 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर की छूट पर शामिल है। कंपनी अपने व्यापार और परिसंपत्तियों की वृद्धि से उत्पन्न होने वाली कंपनी की भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कंपनी के टियर - द्व पूंजी आधार को बढ़ाने के लिए नए निर्गम से शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है। इसके अलावा फ्रेश इश्यू से प्राप्त आय का एक हिस्सा ऑफर व्यय को पूरा करने के लिए उपयोग किया जाएगा।

### मस्क के यहूदी विरोधी पोस्ट के बाद एप्पल व अन्य प्रमुख कंपनियों ने एक्स से विज्ञापन लिए वापस

**सैन फ्रांसिस्को।** टेक प्रमुख आईबीएम के बाद, आईफोन निर्माता एप्पल ने भी कथित तौर पर एक्स से विज्ञापन वापस ले लिया है क्योंकि इसके मालिक एलन मस्क लगातार उन पोस्ट से सहमति जता रहे हैं जो यहूदी विरोधी भावना को बढ़ावा देते हैं। एक्सियोस ने शुक्रवार देर रात रिपोर्ट दी कि मस्क द्वारा यहूदी विरोधी साजिश सिद्धांतों के समर्थन के बाद एप्पल मस्क द्वारा संचालित प्लेटफॉर्म पर सभी विज्ञापन रोक रहा है। एप्पल एक्स पर एक प्रमुख विज्ञापनदाता रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि डिज्नी, वार्नर ब्रदर्स, डिस्कवरी, पैरामाउंट और कॉमकास्ट/एनबीसीयूनिवर्सल भी अपने विज्ञापन रोक रहे हैं। कम से कम दो अन्य संगठनों, लायंसगेट और यूरोपीय आयोग ने भी कथित तौर पर दुष्प्रचार के प्रसार से संबंधित व्यापक चिंताओं के कारण एक्स पर विज्ञापन रोक दिया है। गैर-लाभकारी संगठन मीडिया मैटर्स ने इस विषय पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि मस्क श्वेत राष्ट्रवादी और यहूदी विरोधी षड्यंत्र के सिद्धांतों पर आगे बढ़ रहा है, उनका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एडॉल्फ हिटलर और उनकी नाजी पार्टी का समर्थन करने वाले कंटेंट के आसपास एप्पल, ब्रावो (एनबीसीयूनिवर्सल), आईबीएम, ओरेकल और एक्सफ़िनिटी (कॉमकास्ट) जैसे प्रमुख ब्रांडों के लिए विज्ञापन दे रहा है। मीडिया मैटर्स ने एक रिपोर्ट में कहा, एक्स ने अपने निर्माता विज्ञापन राजस्व साझाकरण कार्यक्रम के हिस्से के रूप में कट्टरपंथियों के कई अकाउंट्स को भी बहाल किया है और दूर-दराज चरमपंथियों को भुगतान किया है, जिसमें जाहिर तौर पर हिटलर-समर्थक और होलोकॉस्ट डेनियर अकाउंट भी शामिल है।

## 'सुपरस्टार' निवेशक कम या बिना कर्ज वाली कंपनियों को दे रहे प्राथमिकता

**नई दिल्ली,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। ट्रेंडलाइन के एक विश्लेषण के अनुसार, सुपरस्टार निवेशकों के बीच एक दिलचस्प प्रवृत्ति कम या बिना कर्ज वाली कंपनियों को प्राथमिकता देना है।

उदाहरण के लिए, विजय केडिया की शीर्ष तीन होल्डिंग्स, अतुल ऑटो, तेजस नेटवर्क और एलेकॉन इंजीनियरिंग, जो उनके पोर्टफोलियो का आधा हिस्सा हैं, पर या तो न्यूनतम ऋण है या ऋण-मुक्त हैं।

कम ऋण को उच्च राजस्व वृद्धि के साथ संयोजित करने की रणनीति ने उनके लिए रिजल्ट दिए हैं। मिड और स्मॉल-कैप स्टॉक, जो अपने उच्च जोखिम-इनाम अनुपात के लिए जाने जाते हैं, ने केडिया जैसे निवेशकों को उच्च रिटर्न दिया है।

उनकी शीर्ष तीन में से दो होल्डिंग्स में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 100 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। केडिया की कुल संपत्ति वित्तीय वर्ष 24 की पहली और दूसरी तिमाही में क्रमश: 65 प्रतिशत और 40 प्रतिशत बढ़ी।

ट्रेंडलाइन के अनुसार, कुल मिलाकर, पिछले वर्ष में उनके पोर्टफोलियो में 88 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे वह रेखा झुनझुनवाला के बाद दूसरे सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वाले शख्स बन गए हैं।

रेखा झुनझुनवाला अपनी नेटवर्थ में 209 प्रतिशत की वृद्धि के साथ इस सूची में सबसे आगे हैं। यह तीव्र वृद्धि काफी हद तक उनके दिवंगत पति राकेश झुनझुनवाला के पोर्टफोलियो को विरासत में मिलने और टाइटन में उनकी हिस्सेदारी लगातार बढ़ने के कारण है। इसके अलावा, टाइटन




और टाटा मोटर्स, उनकी शीर्ष दो होल्डिंग्स में पिछले वर्ष के दौरान 24 प्रतिशत और 57 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

वित्तीय वर्ष 23 की तीसरी और चौथी तिमाही में उच्च अस्थिरता के बावजूद, अधिकांश सुपरस्टार निवेशकों की कुल संपत्ति में एक साल के बदलाव से कुल मिलाकर काफी वृद्धि हुई है।

विश्लेषण में कहा गया है कि निवेश में बने रहने और बाजार गिरने पर निवेश जोड़ने की उनकी रणनीति ने पिछले साल अधिकांश सुपरस्टार निवेशकों की शुद्ध संपत्ति बढ़ाने में मदद की है।

पिछले तीन वर्षों में आशीष कचोलिया और अनिल कुमार गोयल की शीर्ष होल्डिंग्स की औसत राजस्व वृद्धि 100 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

नतीजतन, पिछले वर्ष में उनकी नेटवर्थ में क्रमश: 38 प्रतिशत और 35 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सनटेक रियल्टी और लक्ष्मी मशीन वर्क्स जैसी उनकी शीर्ष होल्डिंग्स के कमजोर प्रदर्शन के कारण मोनिश परबाई और नेमिश शाह ने अपने नेटवर्थ में मध्यम वृद्धि देखी है।

सुनील सिंघानिया के पोर्टफोलियो में विभिन्न क्षेत्रों में फैले 28 स्टॉक हैं। ट्रेंडलाइन के अनुसार, उनकी शीर्ष तीन में से दो होल्डिंग्स में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जिससे पिछले वर्ष में उनकी नेटवर्थ में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

इसके विपरीत, दो सुपरस्टार निवेशकों, डॉली खन्ना और राधाकिशन दमानी ने पिछले वर्ष के दौरान नेटवर्थ में गिरावट दर्ज की है।

दमानी के पोर्टफोलियो का 95 फीसदी से ज्यादा हिस्सा एवेन्यू सुपरमार्ट्स में निवेश किया गया था, जिसमें पिछले साल 8 फीसदी की गिरावट आई थी।


दूसरी ओर, खन्ना ने वित्तीय वर्ष 23 की तीसरी और चौथी तिमाही में कई होल्डिंग्स में अपनी हिस्सेदारी में कटौती की, जिससे उनकी नेटवर्थ में गिरावट आई है।

## इस वर्ष भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले केवल सात स्टार्टअप को फंडिंग

**नई दिल्ली,** 18 नवंबर (आईएएनएस)। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप में फंडिंग 2014 में 183 स्टार्टअप से घटकर इस साल अब तक केवल 7 रह गई है। महिलाओं के नेतृत्व वाली कंपनियों के लिए फंडिंग परिदृश्य में राउंड की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो 2014 में 171 से बढ़कर 2022 में 460 हो गई।

हालांकि, अग्रणी मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में भारी गिरावट आई और राउंड की संख्या घटकर 185 रह गई। ज़ोमैटो, बायजू लेंसकार्ट और ज़ेरोधा भारत के शीर्ष 10 महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप में से हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि बेंगलुरु में 1783 महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप हैं, जो अहमदाबाद के बिल्कुल विपरीत है, जहां 181 महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप हैं।

इस बीच, भारत में इस साल एक तिमाही में तकनीकी फंडिंग में लगातार तीसरी गिरावट देखी गई, जुलाई-सितंबर अवधि में पिछले पांच वर्षों में सबसे कम फंड वाली तिमाही बन गई। ट्रैक्सन के अनुसार,



2023 की तीसरी तिमाही में फंडिंग में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई, कुल 1.5 बिलियन डॉलर जुटाए गए, जो पिछली तिमाही से 29 प्रतिशत की कमी और 2022 तीसरी तिमाही की तुलना में 54 प्रतिशत की भारी गिरावट है। अंतिम चरण के दौर में 33 प्रतिशत की कमी देखी गई, जबकि प्रारंभिक चरण और प्रारंभिक चरण की फंडिंग में पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में क्रमश: 74 प्रतिशत और 75 प्रतिशत की गिरावट आई।

## आरबीआई ने रिलायंस कैपिटल के हिंदुजा समूह इकाई के अधिग्रहण को दी मंजूरी

**मुंबई,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल के लिए समाधान योजना को मंजूरी दे दी। इस कदम से अंतत: हिंदुजा समूह की इकाई - इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) के लिए कंपनी के अधिग्रहण का रास्ता साफ हो गया है।

कंपनी की ओर से कहा गया है कि आपको सूचित किया जाता है कि रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के प्रशासक को भारतीय रिजर्व बैंक से 17 नवंबर, 2023 के पत्र के माध्यम से अनापत्ति प्राप्त हुई है। लंबी लड़ाई के बाद, आईआईएचएल इस अप्रैल में संपन्न नीलामी के दूसरे दौर में रिलायंस कैपिटल का अधिग्रहण करने के लिए 9,650 करोड़ रुपये की पेशकश के साथ सबसे अधिक बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी थी।

आरबीआई ने 29 नवंबर, 2021 को भुगतान चूक और गंभीर शासन संबंधी मुद्दों को देखते हुए रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को भंग कर दिया। आरबीआई ने कंपनी के कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के संबंध में नागेश्वर राव वाई को प्रशासक नियुक्त किया।

रिलायंस कैपिटल तीसरी बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है,जिसके खिलाफ आरबीआई ने दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) के तहत दिवालियापन की कार्यवाही शुरू की थी। अन्य दो श्रेई ग्रुप एनबीएफसी और दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन (डीएचएफएल) थे।

बाद में केंद्रीय बैंक ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की मुंबई पीठ में कंपनी के खिलाफ सीआईआरपी शुरू करने के लिए एक आवेदन दायर किया।

## असुरक्षित छोटे टिकट आकार के व्यक्तिगत ऋणों में चूक बढ़ी

**नई दिल्ली,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। एनबीएफसी/बैंकों के डेटा और प्रबंधन टिप्पणियों से पता चलता है कि असुरक्षित ऋणों में, विशेष रूप से छोटे टिकट आकार के व्यक्तिगत ऋण (एसटीपीएल), 50,000 रुपये से कम और फिनटेक साझेदारी के माध्यम से प्राप्त ऋणों में देरी हो रही है। एक रिपोर्ट में विदेशी ब्रोकरेज नोमुरा ने यह बात कही।

पिछले दो वर्षों में मात्रा के हिसाब से वृद्धिशील उत्पत्ति का लगभग 25 प्रतिशत छोटे टिकट व्यक्तिगत ऋण (एसटीपीएल) से आया, लेकिन मूल्य के हिसाब से यह सिस्टम पीएल का केवल 2.5 प्रतिशत था।

इसके अलावा, जून 2023 तिमाही में, छोटे टिकट वाले व्यक्तिगत ऋण लेने वाले 51 प्रतिशत उधारकर्ताओं के पास एक और नया ऋण लेने के समय पहले से ही चार से अधिक क्रेडिट उत्पाद थे (जून 2019 तिमाही में




17 प्रतिशत)।

एसटीपीएल में अपराधों में वृद्धि से सिस्टम स्तर पर समस्याएं पैदा होने की संभावना नहीं है। हालांकि, इसका कुछ मध्यम/छोटे आकार की एनबीएफसी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना चाहिए जो पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में तेजी से बढ़े हैं और असुरक्षित ऋणों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

नोमुरा ने कहा कि वित्तवर्ष 22-24 की दूसरी तिमाही के दौरान एनबीएफसी के लिए वृद्धिशील ऋण वृद्धि का लगभग 25-30 प्रतिशत असुरक्षित ऋणों से आया है और इसलिए बढ़ती चूक से सबसे पहले एनबीएफसी की ऋण वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना चाहिए।

इसके अलावा, अगर असुरक्षित ऋणों में तनाव बढ़ता रहा, तो वित्तवर्ष 2015 में एनबीएफसी के लिए क्रेडिट लागत प्रक्षेपवक्र ऐतिहासिक रुझानों से अधिक होगा और फंड की लागत पर रेपो दर में कटौती के अपेक्षित सकारात्मक प्रभाव को नकार सकता है।

पिछली तिमाहियों के अनुरूप, सुरक्षित क्षेत्रों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण दूसरी तिमाही में असुरक्षित ऋणों में एनबीएफसी प्रणाली/बैंकों की तुलना में तेजी से बढ़ती रही। वित्तवर्ष 22 से 24 की दूसरी तिमाही के दौरान एनबीएफसी के असुरक्षित ऋण समग्र प्रणाली के लिए 75 प्रतिशत बनाम 45 प्रतिशत बढ़े। इन 13 एनबीएफसी के कुल एयूएम ने 2024 की दूसरी तिमाही के लिए 24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की (वित्तवर्ष 22 से 24 की दूसरी तिमाही में 37 प्रतिशत), जिसमें से पीएल पोर्टफोलियो %24 की दूसरी तिमाही में 51 प्रतिशत की तेज गति से बढ़ा। .







## 'टाइगर' फ्रेंचाइजी मेरे और सलमान के भी दिल के करीब है : कैटरीना कैफ

**मुंबई,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। 'टाइगर 3' में जोया की भूमिका निभाने वाली कैटरीना कैफ ने कहा कि फ्रेंचाइजी उनकी लाइफ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। यह वास्तव में उनके और को-स्टार सलमान खान के दिल के करीब है। शुक्रवार रात मुंबई में 'टाइगर 3' की सक्सेस पार्टी के दौरान कैटरीना, सलमान खान और इमरान हाशमी के साथ मीडिया और फैंस से बातचीत कर रही थीं।।जब कैटरीना से हिट फिल्म की शुरुआत और फ्रेंचाइजी के साथ होने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'हम में से हर किसी के लिए, 'टाइगर' फ्रेंचाइजी बेहद खास है, यह सलमान और मेरे दिलों के सबसे करीब की फिल्म है।' कैटरीना ने कहा, 'मुझे आज ही एहसास हुआ कि यह फ्रेंचाइजी लगभग 11 सालों से हमारी लाइफ का हिस्सा रही है।

# यूके ने सिकल सेल, थैलेसीमिया के इलाज के लिए दुनिया की पहली जीन थेरेपी को दी मंजूरी

**लंदन,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन ने जीन-एडिटिंग टूल सीआरआईएसपीआर का इस्तेमाल करके रक्त विकारों सिकल-सेल और थैलेसीमिया के इलाज के लिए दुनिया की पहली जीन थेरेपी को मंजूरी दे दी है, जिसने इसके आविष्कारकों को 2020 में नोबेल पुरस्कार दिलाया था। अब तक, अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण ही एकमात्र स्थायी उपचार विकल्प रहा है।



■ यूके की मेडिसिन्स एंड हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी एजेंसी (एमएचआरए) ने 12 साल और उससे अधिक उम्र के सिकल सेल रोग और ट्रांसफ्यूजन बीटा-थैलेसीमिया वाले रोगियों के लिए कैसगेवी नामक नए उपचार को अधिकृत किया

यूके की मेडिसिन्स एंड हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी एजेंसी (एमएचआरए) ने 12 साल और उससे अधिक उम्र के सिकल सेल रोग और ट्रांसफ्यूजन बीटा-थैलेसीमिया वाले रोगियों के लिए कैसगेवी नामक नए उपचार को अधिकृत किया है। सिकल सेल रोग और बीटा-थैलेसीमिया दोनों आनुवंशिक स्थितियां हैं, जो हीमोग्लोबिन के जीन में त्रुटियों के कारण होती हैं, जिसका उपयोग लाल रक्त कोशिकाओं द्वारा शरीर के चारों ओर ऑक्सीजन ले जाने के लिए किया जाता है।

कैसगेवी को मरीज की अस्थि मज्जा स्टेम कोशिकाओं में दोषपूर्ण जीन को संपादित करके काम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है ताकि शरीर कार्यशील हीमोग्लोबिन का उत्पादन कर सके। ऐसा करने के लिए, स्टेम कोशिकाओं को अस्थि मज्जा से बाहर निकाला जाता है, एक प्रयोगशाला में संपादित किया जाता है और फिर रोगी में वापस डाला जाता है जिसके बाद परिणाम जीवन भर रहने की संभावना होती है। सिकल सेल रोग वाले लोगों में, आनुवंशिक त्रुटि के कारण बहुत गंभीर दर्द, संक्रमण और एनीमिया (जिससे आपके शरीर को ऑक्सीजन ले जाने में कठिनाई होती है) हो सकती है। बीटा-थैलेसीमिया रोगियों में, यह गंभीर एनीमिया का कारण बन सकता है। मरीजों को अक्सर हर 3 से 5 सप्ताह में ब्लड ट्रांसफ्यूजन और इंजेक्शन और दवाओं की आवश्यकता होती है।

एमएचआरए में हेल्थकेयर क्वालिटी एंड एक्सेस के अंतरिम कार्यकारी निदेशक जूलियन बीच ने एक बयान में कहा, 'सिकल सेल रोग और बीटा-थैलेसीमिया दोनों दर्दनाक, जीवन भर रहने वाली स्थितियां हैं, जो कुछ मामलों में घातक हो सकती हैं।' सिकल सेल रोग के लिए कैसगेवी की मंजूरी 29 मरीजों के क्लीनिकल ट्रायल पर आधारित रही, जिनमें से 28 (97 प्रतिशत) उपचार के बाद कम से कम 12 महीने तक गंभीर दर्द संकट से मुक्त थे। बीटा-थैलेसीमिया के क्लीनिकल ट्रायल में 42 मरीजों में से 39 (93 प्रतिशत) को उपचार के बाद कम से कम 12 महीने तक रेड ब्लड सेल ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता नहीं पड़ी। शेष तीन में रेड ब्लड सेल ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई।

उपचार के दुष्प्रभाव ऑटोलॉगस स्टेम सेल प्रत्यारोपण से जुड़े दुष्प्रभावों के समान थे, जिनमें मतली, थकान, बुखार और संक्रमण का खतरा बढ़ गया था। एमएचआरए ने कहा कि परीक्षणों के दौरान कोई महत्वपूर्ण सुरक्षा चिंता की पहचान नहीं की गई, उपचार की सुरक्षा का आगे विश्लेषण किया जाएगा।

# भगवान भास्कर की भक्ति में सराबोर हुआ बिहार, चहुंओर गूंज रहे छठी मईया के गीत



पटना, 18 नवम्बर (एजेंसियां)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर पटना सहित पूरा बिहार भगवान भास्कर की भक्ति में सराबोर हो गया है। चार दिवसीय इस अनुष्ठान के दूसरे दिन शनिवार की शाम व्रतधारी खरना करेंगे, जबकि रविवार की शाम व्रती गंगा के तट और विभिन्न जलाशयों में पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अघ्र्य अर्पित करेंगे।

छठ पर्व को लेकर पूरा बिहार भक्तिमय हो गया है। मुहल्लों से लेकर गंगा तटों तक, यानी पूरे इलाके में छठ पूजा के पारंपरिक गीत गूंज रहे हैं। राजधानी पटना की सभी सड़कें पूरी तरह सज गई हैं, जबकि गंगा घाटों में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है।

राजधानी के मुख्य सड़कों से लेकर गलियों तक की सफाई की गई है। आम से लेकर खास तक के लोगों ने सड़कों की सफाई में व्यस्त हैं। हर कोई छठ पर्व में हाथ बंटाना चाह रहा है। पटना में कई पूजा समितियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भगवान भास्कर की मूर्ति स्थापित की गई है। पूरा माहौल छठमय हो उठा है। कई स्थानों पर तोरण द्वारा लगाए गए हैं तो कई पूजा समितियों द्वारा लाइटिंग की व्यवस्था की गई है।

पटना में जिला प्रशासन ने व्रतियों के लिए गंगा के करीब 100 घाटों और 90 तालाब तथा पार्कों में व्रतधारियों के लिए भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए व्यवस्था की है। सभी घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है। किसी भी घटना की आशंका को लेकर भी इन घाटों पर पुलिस की तैनाती की गई है। औरंगाबाद के देव, पटना के उलार सूर्य मंदिर, पुण्यार्क सूर्य मंदिर परिसर में हजारों लोग सूर्योपासना के लिए पहुंच चुके हैं।

पुलिस मुख्यालय के मुताबिक सभी जगहों पर पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। पुलिस मुख्यलय की ओर से जिलों को 24 हजार से अधिक अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इनमे सात कंपनी शामिल हैं, जिन्हें संवेदनशील जिलों में भेजा गया है।

इधर पटना के जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि पटना के गंगा घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 13 मॉडल घाटों का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा शहर की यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया जाता है। घाटों पर दंडाधिकरियों की तैनाती की है तथा पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इधर, मुजफ्फरपुर, सासाराम, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर सहित सभी सभी जिला मुख्यालयों से लेकर के गांव तक लोग छठ पर्व की भक्ति में डूबे हैं।उल्लेखनीय है कि शनिवार की शाम व्रतियों ने भगवान भास्कर की अराधना कर और खरना करेंगे और उसके बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ हो जाएगा। पर्व के तीसरे दिन रविवार की शाम छठव्रती नदी, तालाबों सहित विभिन्न जलाशयों में पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

## छठ के दूसरे दिन खरना करने की है परंपरा



लोकआस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन खरना करने की परंपरा रही है और इस दिन प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रत करने वाले छठ पूजा पूर्ण होने के बाद ही अन्न-जल ग्रहण करते हैं। बिहार में लोकआस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के आज दूसरे दिन राजधानी पटना समेत राज्य के विभिन्न इलाकों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा नदी समेत अन्य नदियों और तालाबों में स्नान किया। गंगा नदी में आज सुबह स्नान करने के बाद व्रती समेत उनके परिवार के सदस्य गंगाजल लेकर अपने घर लौटे और पूजा की तैयारी में जुट गये हैं। छठ व्रत का आज दूसरा दिन है इस दिन खरना व्रत की परंपरा निभाई जाती है, जो कार्तिक शुक्ल की पंचमी तिथि होती है। छठ में खरना का अर्थ है शुद्धिकरण।यह शुद्धिकरण केवल तन न होकर बल्कि मन का भी होता है इसलिए खरना के दिन केवल रात में भोजन करके छठ के लिए तन तथा मन को व्रती शुद्ध करते हैं। खरना के बाद व्रती 36 घंटे का व्रत रखकर सप्तमी को सुबह अर्घ्य देते हैं। ऐसी मान्यता है कि खरना के दिन यदि किसी भी तरह की आवाज हो तो व्रती खाना वहीं छोड़ देते हैं। इसलिए, इस दिन लोग यह ध्यान रखते हैं कि व्रती के प्रसाद ग्रहण करने के समय आसपास शोर-शराबा ना हो।

## 20 नवंबर को 54वें आईएफएफआई ओपनिंग एक्ट में श्रिया सरन करेंगी परफॉर्म

**मुंबई,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। 54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) 20 नवंबर को गोवा में शुरू हो रहा है। एक्ट्रेस श्रिया सरन महोत्सव का उद्घाटन समारोह करने के लिए तैयार हैं, और बाद में रेड कार्पेट की शोभा बढ़ाएंगी।

महोत्सव के बारे में अधिकांश विवरण गुप्त हैं, और इसका समापन कैसे होगा यह अभी तक सामने नहीं आया है। श्रिया आईएफएफआई में परफॉर्मेंस देंगी। वह इसके उद्घाटन समारोह में परफॉर्म करने के लिए रोमांचित हैं। कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए, 'गौतमीपुत्र सातकर्णी' एक्ट्रेस ने कहा, 'लाइव ऑडियंस के लिए परफॉर्म करना हमेशा उत्साहजनक और अद्भुत होता है। मैंने गोवा में 'दृश्यम' (बॉलीवुड रीमेक) की शूटिंग की है। यह एक खूबसूरत जगह है।



उन्होंने कहा, 'आईएफएफआई एक बहुत प्रतिष्ठित प्लेटफॉर्म है, इसलिए मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। लेकिन, मैं परफॉर्मेंस के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती, क्योंकि इससे एक्साइटमेंट खत्म हो जाएगी। लेकिन, मैं 20 नवंबर का बहुत इंतजार कर रही हूं।' श्रिया समारोह के प्रमुख उद्घाटनकर्ताओं में से एक होंगी, जो साथी सितारों पंकज त्रिपाठी, शाहिद कपूर, माधुरी दीक्षित और नुसरत भरूचा की लिस्ट में शामिल होंगी। आखिरी बार फिल्म 'दृश्यम 2', 'आरआरआर', 'कब्जा' और 'म्यूजिक स्कूल' में नजर आई एक्ट्रेस वर्तमान में अपनी तमिल फिल्म 'नारागासूरन' के लिए तैयार हैं, जिसे कार्तिक नरेन द्वारा निर्देशित किया जा रहा है।

# मुश्किल दिन जीवन के सबसे अच्छे दिन होते हैं: मनीषा सिंह

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। इस सत्य से सभी परिचित हैं कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है, और यह तभी प्राप्त होता है जब हम सकारात्मक जीवनशैली अपनाते हैं। माँ बनने की परीक्षा से गुजरने और पक्षाघात को मात देने वालीं सुविख्यात जीवनशैली और फिटनेस कोच मनीषा सिंह जानती हैं कि मुश्किल दिन जीवन के सबसे अच्छे दिन होते हैं, क्योंकि इन्हीं कठिनाइयों की अग्नि में तप कर चैंपियन बनते हैं। उनकी जीवन यात्रा ने कई लोगों को प्रेरित किया है और उन्होंने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। जीवनशैली और फिटनेस के विभिन्न आयोजनों में नाम कमाने के अलावा, उन्होंने पंजाबी संगीत एल्बमों में भी काम किया है और कई टेलीविजन शो में भाग लिया है। वह



एक भाषा विशेषज्ञ भी हैं।मनीषा ने पुश इंडिया पुश चैलेंज चैंपियन 2023 एक बार में अधिकतम संख्या में फुल रेंज पुशअप करके, एमटीवी रोडीज़ 2019, मिस फिटनेस इंडिया 2015 और मिसेज इंडिया 2017 परफेक्ट बॉडी टाइटल जैसी प्रतियोगिताओं में सफलतापूर्वक भाग लिया है। उनके टीवी शो में शामिल हैं एमटीवी रोडीज़, एनडीटीवी न्यूज़, न्यूज़ नेशन, टाटा स्काई फ़ैमिली हेल्थ शो सीरीज़, द कराटे फीमेल। गौरतलब है कि मनीषा भारत की पहली महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी के साथ अब तक की सबसे बड़ी आत्मरक्षा कार्यशाला का हिस्सा रही हैं, जिसमें 5000 से अधिक लड़कियों ने भागीदारी की थी।

# नासा ने प्रयोग के तौर पर पहली बार लेजर के माध्यम से चंद्रमा से कहीं बहुत आगे भेजा डाटा

**वाशिंगटन,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। साइकी अंतरिक्ष यान पर हाल ही में लॉन्च किए गए नासा के डीप स्पेस ऑप्टिकल कम्युनिकेशंस (डीएसओसी) प्रयोग ने पहली बार चंद्रमा से कहीं बहुत दूर लेजर के माध्यम से डेटा भेज और प्राप्त कर 'पहली रोशनी' हासिल की है।

ऑप्टिकल संचार को पृथ्वी की निचली कक्षा और चंद्रमा की कक्षा के बीच प्रदर्शित किया गया है। डीएसओसी गहरे अंतरिक्ष में पहला परीक्षण है। डीएसओसी प्रयोग अंतरिक्ष यान के संचार करने के तरीके को बदल सकता है। इसके तहत लगभग 1.6 करोड़ किलोमीटर दूर - पृथ्वी से चंद्रमा की दूरी से लगभग 40 गुना अधिक - से परीक्षण डेटा के साथ एन्कोडेड एक निकट-अवरक्त लेजर को



कैलिफोर्निया प्रांत के सैन डिएगो काउंटी के कैल्टेक के पालोमर वेधशाला में हेल टेलीस्कोप तक भेजा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि यह ऑप्टिकल संचार का अब तक का सबसे दूर का प्रदर्शन है। डीएसओसी को अपने दो साल के प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के दौरान पृथ्वी पर उच्च-बैंडविड्थ परीक्षण डेटा भेजने के लिए कॉन्फ़िगर किया गया है क्योंकि साइके मंगल और बृहस्पति के बीच मुख्य क्षुद्रग्रह बेल्ट की यात्रा पर है।

टेक डेमो ने अपनी उड़ान लेजर ट्रांसीवर के बाद 14 नवंबर के शुरुआती घंटों में 'पहली रोशनी' हासिल की। अपलिंक बीकन ने ट्रांसीवर को अपने डाउनलिंक लेजर को वापस पालोमर (जो कि टेबल माउंटेन से 130 किलोमीटर दूर है) तक लक्ष्य करने में मदद की, जबकि ट्रांसीवर और ग्राउंड स्टेशनों पर स्वचालित सिस्टम ने इसके पॉइंटिंग को ठीक किया।

वाशिंगटन में नासा मुख्यालय में प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के निदेशक ट्रुडी कोर्टेस ने कहा, 'पहली रोशनी हासिल करना आने वाले महीनों में कई महत्वपूर्ण डीएसओसी मील के पत्थर में से एक है।'

# नालंदा के सूर्यमंदिर में भगवान भास्कर की पूजा अर्चना करने से भक्तों की हर मनोकामना होती है पूरी

राजगीर, 18 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार में नालंदा जिले के बड़गांव स्थित सूर्यमंदिर में भगवान भास्कर की पूजा अर्चना करने से भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। नालंदा जिले का बड़गांव सूर्योपासना का प्रमुख केंद्र है। देश के 12 स्थानो पर भगवान श्री कृष्ण के पौत्र राजा शाम्ब द्वारा सूर्यपीठ की स्थापना की गई थी जिसमें नालंदा का बड़गांव का सूर्य मंदिर शामिल है। बड़गांव का सूर्यपीठ ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व के साथ प्रसिद्ध मान्यताओं के कारण यहां छठ व्रत करने बिहार ही नहीं पूरे देश से लोग यहां आकर सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ व्रत करते हैं। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु यहां सच्चे रूप से भगवान भास्कर की पूजा अर्चना करते हैं उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। बड़गांव निवासी अमित कुमार पांडे एवं नीरज पांडे ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के पौत्र राजा शाम्ब को कुष्ठ रोग हो गया था। राजा शाम्ब ने बड़गांव में रहकर सूर्य की उपासन की जिससे उन्हें श्रप से मुक्ति मिली, उनका कुष्ठ रोग पूरी तरह ठीक हो गया। राजा शाम्ब ने बड़गांव में तालाव का निर्माण कराया। रोहित कुमार पांडे ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस पवित्र सूर्य तालाब में स्नान कर और मंदिर में पूजा करने से कुष्ठ रोगों से मुक्ति मिल जाती है। साथ ही वंश वृद्धि की कामना भी पूरी होती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु यहां कार्तिक एवं चैत्र माह में छठ व्रत करने आते हैं।



# 'एनिमल' का लेटेस्ट गाना 'अर्जन वैली' हुआ रिलीज, रणबीर कपूर का दिखा खूंखार किरदार

मुंबई, 18 नवम्बर (एजेंसियां)। रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्म 'एनिमल' के निर्माताओं ने इसका लेटेस्ट ट्रैक 'अर्जन वैली' जारी किया है। भूपिंदर बब्बल द्वारा गाया गया यह ट्रैक एक पंजाबी गैंगस्टा-पॉप ट्रैक है, जो वास्तव में उनके कैरेक्टर को दिखाता है। ट्रैक बहुत ही सुखद है और इसमें हिप-हॉप से प्रेरित ग्रुव और रिदम हैं, जबकि मेलोडी पंजाबी पॉप से भरपूर है। गाने में स्वैग भी है, लेकिन इसका साउंड जो यह दर्शाता है, उसके विपरीत चलता है, जो एक बहुत ही पूरक विरोधाभास है। मनन भारद्वाज ने म्यूजिक कंपोज किया है। म्यूजिक वीडियो बताता है कि एक्टर का कैरेक्टर वास्तव में कितना हिंसक है।

वीडियो में दिखाया गया है कि रणबीर कपूर अपने गैंगस्टर व्यक्तित्व में हैं और उसे पूरी तरह से अपनाते हुए हिंसक हो जाते हैं। इसमें क्रूर और हिंसक हत्याओं का एक



समूह शामिल है जो एक पूर्ण जानवर में उनके परिवर्तन को दर्शाता है। स्टाइल, स्वैग, ग्रुव, मेलोडी, एटीट्यूड, एज, 'अर्जन वैली' उन सभी एलिमेंट्स से भरपूर है जो एक फुल बैंगर के लिए चाहिए। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित, 'एनिमल' एक गैंगस्टर थ्रिलर एक्शन फिल्म है।

# विदेशी मेहमान पक्षियों के कलरव से गुंजायमान हुआ देवीपाटन मंडल

**बलरामपुर,**18 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में देवीपाटन मंडल के चारों जिलों गोण्डा, बहराइच,बलरामपुर और श्रावस्ती में स्थित ऐतिहासिक झीलें इन दिनों सात समुन्दर पार कर से आये विदेशी पक्षियों के कलरव से गुंजायमान है। कई देशों की सरहदों पर सीमाओं को बेबस कर आकाशमार्ग से प्रेमसंदेश लेकर शरद ऋतु की शुरुआत से आये विदेशी मेहमानों के मनमोहक कलरव की तरंगें इन दिनों देवीपाटन मंडल में झूम उठी है। मंडल मुख्यालय गोण्डा जिले के वजीरगंज में स्थित पार्वती अरगा पक्षी विहार में साइबेरिया से भोजन की तलाश में आये विदेशी मेहमान पक्षियों की अठखेलियों से पक्षी विहार पर्यटन केंद्र बना हुआ है। पक्षियों को देखने आ रहे पर्यटक बड़ी संख्या में आनंद उठा रहे हैं। इससे अरगा-पार्वती झील की रौनक बढ़ गई है। यहां देशी-विदेशी पक्षियों का जमावड़ा लगने लगा है।

मध्य एशिया व तिब्बत से लंबी दूरी तय करके आने वाले पक्षियों का कलरव इस झील में गूंज रहा है। जिले से 30 किमी दूर टिकरी मार्ग पर ग्राम कोठा की झील अरगा व बहादुरा ग्राम में पार्वती झील एवं वजीरगंज कस्बे से सटी कोडर झील का अपना विशेष महत्व है। करीब पांच किमी क्षेत्र में फैली अरगा-पार्वती झील में अन्य पक्षियों के अलावा सैकड़ों सारस भी अपने- अपने जोड़े के साथ आ चुके हैं। प्रवासी पक्षी यहां अधिकांश प्रवासी पक्षी लेह, लद्दाख, साइबेरिया, मंगोलिया, तिब्बत और राजस्थान से आए हैं। इनमें ब्राउन हेडेड गल यानि भूरा सिर ढोमरा, और ब्लैक हेडेड गल यानि काला सिर ढोमरा, जल कुकरी, पनचौरा आदि परिंदे हैं। इसमें पनजौरा प्रजाति प्रजनन भी करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि साइबेरियन पक्षियों का शरीर गरम वातावरण के अनुकूल है और साइबेरिया में ठंड के मौसम में उनका जीना नामुमकिन हो जाता है इसलिए दूर- देश से ये पक्षी जीवन रक्षा के लिए यहां आते हैं। वहीं तिब्बत से आने वाले पक्षियों में छोटी मुर्गाबी, नकटा, गिर्री व सुर्खाब, मध्य एशिया से आने वाले पक्षियों में काज, चट्टा व लगलग प्रमुख हैं। इसके अलावा तीतर, जंगली मैना, एप में पढ़ें न, लाल मोनिया, बया, छपका।, नीलकंठ,



धनेश, कठफोड़वा, बाज, चल और हरियल आदि पक्षी शामिल हैं। इसके अलावा देशी पक्षियों में काला तीतर, भूरा तीर,बटेर, रंगीन बटेर, लक बटेर पहाड़ी भट तीतर ,तिब्बत से आने वाले पक्षियों में छोटी मुर्गाबी, नकटा, गिरी व सुर्खाब, मध्य एशिया से आने वाले पक्षियों में काज, चट्टा व लगलग प्रमुख हैं।

देश के विभिन्न स्थानों से राम नगरी अयोध्या आने वाले श्रद्धालु भी अरगा-पार्वती झील में पक्षियों का कलरव देखने जाते हैं, क्योंकि अयोध्या से अरगा-पार्वती झील मात्र 23 किमी दूर है। वहीं मधवापुर सती अनुसुइया आश्रम को जाने वाले श्रद्धालु भी अरगा- पार्वती झील में पक्षियों को देखने जाते हैं। यहां कोडर झील व पथरी झील भी है, लेकिन पक्षियों का जमावड़ा सिर्फ अरगा व पार्वती झील में ही रहता है। विदेशी पक्षी मेहमानों का आगमन नवंबर से ही शुरू हो जाता है और इनका पड़ाव फरवरी तक रहता है। आरगा-पार्वती झील को गोखुर झील भी कहा जाता है। ये झील गाय के खुर के जैसी है। यहां का मौसम विदेशी पक्षियों को खूब भाता है। करीब पांच किमी क्षेत्र में फैली अरगा-पार्वती झील में अन्य पक्षियों के अलावा सैकड़ों सारस भी अपने- अपने जोड़े के साथ आ चुके हैं। देश के विभिन्न स्थानों से राम नगरी अयोध्या आने वाले श्रद्धालु भी अरगा-पार्वती झील में पक्षियों का कलरव देखने जाते हैं, क्योंकि अयोध्या से अरगा-पार्वती झील मात्र 23 किमी दूर है। वहीं मधवापुर सती अनुसुइया आश्रम को जाने वाले श्रद्धालु भी अरगा- पार्वती झील में पक्षियों को देखने जाते हैं। यहां कोडर झील व पथरी झील भी है, लेकिन पक्षियों का जमावड़ा सिर्फ अरगा व पार्वती झील में ही रहता है। विदेशी पक्षी मेहमानों का आगमन नवंबर से शुरू हो जाता है और इनका पड़ाव फरवरी तक रहता है। आरगा-पार्वती झील को गोखुर झील भी कहा जाता है। ये झील गाय के खुर के जैसी है। यहां का मौसम विदेशी पक्षियों को खूब भाता है। इसी प्रकार, बलरामपुर जिले के सौहेल्वा वन्य जीव संरक्षित क्षेत्र का पक्षी विहार गुंजायमान है । यूरोपीय व एशियाई देश साइबेरिया , अफगानिस्तान व अन्य देशों से आये रंग बिरंगी विदेशी मेहमान पक्षी अपनी मृदुल चहचहाहट और मनमोहक अटखेलियों से आसपास एवं नेपाल से आ रहे पर्यटकों को खूब लुभा रहे है । इन दिनों शरद ऋतु की शुरुआत से ही साइबेरिया मे जबरदस्त बर्फबारी से पक्षियों को भोज्य पदार्थ का अकाल पड़ने लगता है । इस कारण साइबेरियन पक्षी भोजन की तलाश मे भटककर इतनी लंबी दूरी तय कर भारत के इन पक्षी विहारों में नवम्बर मास लगते ही उड़ान भर आते हैं । चार महीने पश्चात मार्च मे बसंत ऋतु का आगमन होते ही अपने स्थान पर वापस लौट जाते हैं।

# संगवारी मतदान केंद्र में मतदान के बाद सेल्फी लेने का मिला मौका

**महासमुंद,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के साथ अपनी पसंद का जनप्रतिनिधि चुनने मतदाता आज 17 नवंबर को मतदान करने पहुंच रहे है। सुबह 8:00 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया है। यहां आदर्श और संगवारी मतदान केंद्र मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए विशेष रूप से सजाया गया है। यहां मतदान देने पहुंचे अनुष्काए रितुशा ने बताया कि आदर्श मतदान केन्द्र में पहुंचकर ऐसा लगा कि हम किसी खास जगह पर पहुंचे है। उन्होंने प्रशासन की इन तैयारियों की सराहना करते हुए उत्साह पूर्वक मतदान किया। इसके साथ ही विशेष सहायता केंद्र और स्वास्थ्यगत त्वरित उपचार के लिए भी स्टॉल लगाया गया है। महासमुंद जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है।



विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देशानुसार अन्य विशेष तैयारियां भी की गई है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए है। खास बात यह है कि महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने संगवारी मतदान केंद्र बनाकर विशेष रूप से सजाया गया है। इन बूथों में पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान दल के सभी अधिकारी महिलाएं है। यहां मतदान के पश्चात् परिसर में सेल्फी जोन भी तैयार किया गया हैए जहां मतदाता सेल्फी ले सकते हैं। जिले में अलग.अलग विधानसभा अंतर्गत कुल 40 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सभी विधानसभा क्षेत्र में 10.10 संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है।

# कलेक्टर एवं एसपी ने किया मतदान, सेल्फी जोन में लिया सेल्फी

**महासमुंद,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक एवं पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने आज सुबह 9 बजे मचेवा के मतदान केन्द्र क्रमांक 225 में मतदान किया। उन्होंने मतदाताओं के साथ लाईन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए मतदान किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी से मतदान करने की अपील की। कलेक्टर एवं एसपी ने सेल्फी जोन में तस्वीर भी लिया इस दौरान उन्होंने स्काउट गाइड के मतदाता मित्रों से मिलकर उनके कार्यों की सराहना की कलेक्टर ने यहां मतदाता सहायता केंद्र में भी जाकर बीएलओ से जानकारी ली। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक ने सपत्नीक मतदान किया।




## प्रेक्षक पवन कुमार ने बिलाईगढ़ के 45 मतदान केन्द्रों के मतदान कार्य का निरीक्षण किया

**बिलाईगढ़,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। बिलाईगढ़ विधानसभा-43 के सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार ने मतदान दिवस पर बिलाईगढ़ क्षेत्र के 19 मतदान केन्द्र और कसडोल क्षेत्र में स्थित बिलाईगढ़ विधानसभा के 129 मतदान केन्द्रों के 26 मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। प्रेक्षक पवन कुमार ने मतदान कार्मिकों के द्वारा किए जा रहे मतदान कार्य का अवलोकन किया। इस दौरे में लाइजनिंग अधिकारी शैलेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।



# निर्वाचन कार्य में लापरवाही, दो निलंबित

**महासमुंद,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने मतदान दल अधिकारी क्रमांक 1 एवं मतदान दल अधिकारी क्रमांक 2 क्रमश: कार्तिकेश्वर भोई प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सुखापाली एवं थानेश्वर प्रसाद मार्कण्डेय शिक्षक ई एलबी शास पूर्व माध्यमिक शाला मानपुर को निलंबित कर दिया है। विधानसभा निर्वाचन.2023 अंतर्गत 16 नवम्बर को कृषि उपज मंडी पिटियाझर महासमुंद में मतदान सामग्री वितरण के दौरान दोनों अधिकारी द्वारा लापरवाही पूर्वक कार्य करने की सूचना मिलने पर डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया। जिसमें दोनों को शराब का सेवन किया जाना पाया गया। इनके उक्त कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के नियम 134 तथा छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1,2,3 का स्पष्ट उल्लंघन है। जो छग सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत दंडनीय है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के तहत कार्तिकेश्वर भोई, प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सुखापाली एवं थानेश्वर प्रसाद मार्कण्डेय शिक्षक ई एलबी शासण् पूर्व माध्यमिक शाला मानपुर को छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में कार्तिकेश्वर भोई एवं थानेश्वर प्रसाद मार्कण्डेय का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सरायपाली निर्धारित किया गया है तथा निलंबन अवधि के दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

## विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाताओं ने मतदान के प्रति दिखाई रूचि

**महासमुंद,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के वोटरों का इस बार विशेष रूझान दिखाई दिया। पिथौरा, बागबाहरा और महासमुंद जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के मतदाता आगे बढ़कर वोट कर रहे हैं। कमार जनजाति बहुल संगवारी मतदान केंद्र-सिर्री पठारीमुड़ा विकासखंड. बागबाहरा को कमार जनजाति द्वारा निर्मित सूपा, पर्रा, टुकनी, धान बाली, छिंद पत्ते आदि से सजाया गया है। पिछड़ी जनजाति कमार के महिलाए पुरूष मतदाता बढ़.चढ़कर वोटिंग किया। ग्राम सिर्री के कमार मतदाता ने बताया कि वे आज सुबह से मतदान देने के लिए तैयार हो गए है। सामान्यत: वे खेत और जंगल में रहकर काम करते है। लेकिन आज के इस चुनई तिहार में वे भी भागीदारी निभाने आए हैं। ज्ञात है कि जिले के 75 ग्रामों में कुल 895 कमार जनजाति के लोग निवास करते हैं। जिनकी जनसंख्या 3240 है।

## 101 वर्ष की उम्र में मतदान, ना हौसला कम हुआ ना उत्साह : श्रीमती केशर कंवर जैन

**महासमुंद,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। आज जिले में मतदान सुचारू रूप से जारी है। पूरे उत्साह के साथ सुबह होते ही पहला सवाल कितने बजे जाना है, तैयार हो कर कहने लगी चले क्या मतदान केन्द्र। हर चुनाव नगरपालिका, विधानसभा हो या लोकसभा उन्होंने हमेशा मतदान किया है यह कहना है शतायु पार कर चुकी श्रीमती केशर कंवर जैन का। पिछली बार खुद चलकर गयी थी इस बार स्वास्थ खराब होने के कारण हुए आपरेशन के चलते व्हील चेयर का सहारा लेना पड़ा पर वोट डालने का उत्साह वही रहा। वह अपने नाती के साथ खल्लारी विधानसभा अंतर्गत खल्लारी स्थित मतदान केंद्र पहुंची। ना उनका हौसला कम हुआ और न ही उत्साह। लोकतंत्र के इस महापर्व में इस उम्र में भी उनका मतदान देने का जज्बा दूसरों को प्रेरणा देने लायक है। वहीं विधानसभा क्षेत्र 40 बसना के मतदान केंद्र 197 में आज सुबह ग्राम रेमड़ा के 81 वर्षीय सिकंदर महाकुर व नवादी दीप उम्र 75 वर्ष ने अपने मत का प्रयोग किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में इनका योगदान अन्य को भी प्रेरित करेगा।



## ग्राम पंचायत बेलसोंडा के सचिव निलंबित

**महासमुंद,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक ने महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलसोंडा के ग्राम पंचायत सचिव समीर बंजारे को निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेश में मतदान केन्द्र में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण एवं 16 नवम्बर को ग्राम पंचायत में अनुपस्थित पाए जाने के कारण कार्यवाही की गई है। श्री बंजारे को जिला पंचायत महासमुंद कार्यालय में निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

## उम्र नहीं बन रही बाधा, 93 वर्षीय महिला मतदाता डोकरी पटेल ने स्वयं पैदल आकर किया मतदान



**बिलाईगढ़,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ विधानसभा अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 338, बाघमला में 93 वर्षीय महिला मतदाता डोकरी पटेल ने तो मानों उम्र की बाधाओं को ही पीछे छोड़ दिया। उन्होंने स्वयं लाठी के सहारे पैदल आकर उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया एवं ? युवा मतदाताओं के लिए एक तरह से नज़ीर पेश करते हुए लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

# विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर में स्कूली बच्चों को मिली महत्वपूर्ण जानकारी

**कवर्धा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। नालसा (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली) एवं सालसा (राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण) के दिशा निर्देश अनुसार श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार अमित प्रताप चंद्रा न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के नेतृत्व में दो विशेष सत्र का आयोजन कर अभुयदय पब्लिक स्कूल कवर्धा में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर 18 नवम्बर 2023 को किया गया। शिविर के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं को सालसा द्वारा निर्मित कहानी नसीहत भरी नाबालिक लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रावधानों के बारे में बनी लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। लघु फिल्म के माध्यम से पाक्सो कानून की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। शिविर में सुश्री उदयलक्ष्मी सिंह परमार अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा विशेष न्यायाधीश (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम) के द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं को असुरक्षित स्पर्श एवं सुरक्षित स्पर्श के संदर्भ में लघु फिल्म खुशी का प्रदर्शन कर विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति आपको असुरक्षित स्पर्श करते हैं तो तीन मुख्य बातों का ध्यान रखें और इस उपाय को अपनायें। यह तीन बातें इस प्रकार है। पहला. नो जोर से चिल्लाए। दूसरा गो- वहां से तुरंत भाग जाएं। तीसरा. टॉक- किसी विश्वसनीय एवं भरोसेमंद व्यक्ति को समस्त बातों की जानकारी प्रदान करें। इस तरीके से आप अपनी सुरक्षा एवं बचाव कर सकते हैं। शिविर में पोक्सो कानून के प्रावधान पीड़ित बच्चे की पहचान उजागर नहीं करने, उजागर करने वाले को सजा का प्रावधान। इसके साथ ही जो कोई भी व्यक्ति पोक्सो प्रकरण की जानकारी होते हुए भी छुपाते हैं या अनिवार्य रिपोर्टिंग नहीं करते हैं, ऐसे व्यक्ति को भी सजा का प्रावधान किया गया है। तथा झूठी शिकायत एवं झूठी जानकारी देना भी इस कानून में दंडनीय प्रावधान किए गए हैं। सभी स्कूलों में पाक्सो बॉक्स लगाये जाने के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्री पल्लव रघुवंशी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के द्वारा मोटर व्हिकल एक्ट, सायबर एक्ट, आई टी एक्ट के बारे में विस्तार से बताया गया। नाबालिक बच्चों को वाहन नहीं चलाने के लिए नसीहत दी गई। कार्यक्रम प्राधिकरण के पैरालीगल वालंटियर्स सुश्री चित्रारेखा राडेकर, तरुण सिंह ठाकुर, योगेंद्र सिंह गहरवार, श्रीमती प्रभा गहरवार, डालेश्वर वर्मा, दीनदयाल कौशिक, विजय राजपूत एवं किशन साहू के साथ प्राचार्य एवं विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं के साथ छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।



## जिलाधीश एल्मा ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी समेत सुरक्षा बल और मतदाताओं को दी बधाई

**बेमेतरा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। ज़िले की तीनों विधानसभा में मतदान का प्रतिशत 79.51 रहा। पिछले विधानसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत 77.92 था। इस बार के मतदान के प्रतिशत में 1.59 की बढ़ौतरी हुई है। तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 870 मतदान केन्द्र है। इनमें से 123 मतदान केन्द्र दुर्ग ज़िले की धमधा तहसील में आते है। जिलाधीक्ष एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस.एल्मा ने जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारियों, सुरक्षा बल के जवानों और पुलिस बल, के साथ ही स्काउट गाइट के विद्यार्थियों और मतदाताओं समेत आम नागरिकों को बधाई दी। कलेक्टर द्वारा जारी संदेश में कहा कि मतदाताओं ने बे-खोफ होकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदाताओं को विभिन्न रोचक कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक करने में समाजसेवी संस्थाएं, जनप्रतिनिधि, आम नागरिक, स्कूल-कॉलेज के बच्चों, अधिकारी-कर्मचारी और पुलिस सुरक्षा बल महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके लिए सभी को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता में महिलाओं ने भी अपनी महत्ती भूमिका निभाई है, वे भी बधाई की पात्र है। उन्होंने जिले के 30 संगवारी मतदान केन्द्रों के सफल संचालन के लिए महिला दल को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन इन केन्द्रों में महिला कर्मचारियों ने मतदान केन्द्र की अच्छे से बागडोर संभाली है। इसके साथ ही एक-एक दिव्यांग और युवा मतदान केंद्र में शांति पूर्वक निर्वाचन के लिए मतदान दल को भी बधाई दी। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने भी जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारियों, सुरक्षा बल के जवानों और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों-जवानों का शुक्रिया अदा करते हुए बधाई दी।

# शुक्रवार देर रात्रि और शनिवार दोपहर तक स्ट्रांग रूम पहुंची सभी ईव्हीएम मशीनें



**बेमेतरा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 के लिए दूसरे अंतिम दौर का मतदान खत्म हो चुका है। बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ के सभी मतदान दलों की सड़क मार्ग से वापसी भी शुरू हो चुकी है। कड़ी सुरक्षा के बीच देर रात्रि तक बेमेतरा ज़िले में विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग 744 और तीन सहायक मतदान केन्द्रों की जिम्मेदार अधिकारी के साथ ईव्हीएम सह व्हीव्हीपेट मशीन जिला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी में बने मतगणना केन्द्र के स्टांग रूम तक पहुंच गई है। मालूम हो कि ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल तीन सहायक मतदान केंद्र मिलाकर कुल 870 मतदान केन्द्र है।बेमेतरा ज़िले में तीनों विधानसभा के 744 और तीन सहायक मतदान केंद्र है।

वही साजा विधानसभा के 101 और बेमेतरा के 22 मतदान केंद्र इस प्रकार कुल 123 मतदान केंद्र दुर्ग ज़िले की धमधा तहसील में स्थित है। इनकी की आज शनिवार को ईव्हीएम सह व्हीव्हीपेट मशीन को दोपहर पहुँची। ज़िले की तीनों विधानसभा के लिए 6 लाख 49 हजार 523 मतदाताओं ने मतदान किया।

- **कलेक्टर, सामान्य प्रेक्षक और प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों के समक्ष सीलबंद हुआ स्ट्रॉग रूम**
- **6 लाख 49 हजार 523 मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का उपयोग**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सामान्य प्रेक्षक श्री अभिशेक कृष्णा और विधानसभा प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की समक्ष आज शनिवार को सभी ईव्हीएम सह व्हीव्हीपेट मशीनों को स्ट्रॉग रूम में सीलबंद कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस. एल्मा ने कहा कि कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रॉग रूम में रखे इन ईव्हीएम को अब 3 दिसंबर 2023 को मतगणना वाले दिन निकाला जायेगा। मतगणना स्थल की सुरक्षा के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। इसी के साथ जिले की तीनों विधानसभा के लिए 46 प्रत्याशियों का भाग्य ईव्हीएम में 3 दिसंम्बर 2023 तक के लिए बंद हो गया है।

मालूम हो कि बेमेतरा ज़िले में तीन विधानसभा क्षेत्र 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ सीट है। ज़िले की तीनों विधान सभा का प्रतिशत पिछले विधानसभा निर्वाचन 2018 के मुक़ाबले 1.59 प्रतिशत का बढ़ा है। जहां वर्ष 2018 में मतदान का प्रतिशत 77.92 था। इसवार यह प्रतिशत 79.51 रहा। ज़िले में पिछले विधानसभा वर्ष 2018 में जहाँ साजा का मतदान का प्रतिशत 82.26 था वही इस वर्ष 83.19 प्रतिशात रहा। इसी प्रकार बेमेतरा विधानसभा का पिछले विधानसभा में 78.38 था इस बार 79.39 हुआ। नवागढ़ का पिछले विधानसभा के मुक़ाबले अधिकार रहा।पिछले निर्वाचन में 73.10 था इस बार 75.95 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।


**आम सूचना**

वाके मौजा ग्राम-भूरकोनी प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. सारागांव, तहसील-धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.) के रॉयल एवेन्यू नामक कॉलोनी में स्थित भूखण्ड क्रमांक ए-14 रकबा 1489 वर्गफुट जिसका खसरा नं. 252/6 है जो कि संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर छ.ग. के द्वारा अनुमोदित है।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती विनेश्वरी जोगी पति री करण सिंह जोगी निवासी हाउस नं. बी-44 महावीर नगर मंगला चौक बिलासपुर छ.ग. ने विक्रेता श्रीमती सरला बाफना पति श्री मोहन चंद बाफना द्वारा मुख्त्यार आम श्री मोहन चंद बाफना पिता श्री तुलसी चंद बाफना दोनों निवासी सी /111 सेक्टर-01 देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि भूखण्ड क्रमांक ए-14 रकबा 1499 वर्गफुट जिसका खसरा नं. 252/6 है जो कि ग्राम भूरकोनी प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है को मेरे पक्षकार क्रेता ने विक्रेता से क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया गया है एवं टोकन ब्याना अदा कर इकरारनामा भी निष्पादित कर दिया है मात्र बैनामा पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म सोसायटी, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 07 दिनों के भीतर कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवे। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति या उजर दावा हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जाने।

स्थान-रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 18.11.2023

संत राज
मो. नं. 98268-98271

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:-जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00082 सेजबाहर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202324440727100027

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00082 के अंतर्गत ग्राम सेजबाहर के वर्तमान भूमिस्वामी चन्द्रशेखर किरण गिरी पिता/पति सोमप्रकाश गिरी पता शंकर नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 162/8 0.0080 में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता प्रभावती गिरी पिता/पति स्व. चन्द्र शेखर गिरी पता फेस-02 वार्ड नंबर 60 मठपुरैना सांई मंदिर के पास रावतपुरा कॉलोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग., सुमन गिरी पिता/पति स्व. चन्द्र शेखर गिरी पता फेस-02 वार्ड नंबर 60 मठपुरैना सांई मंदिर के पास रावतपुरा कालोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.,

धर्म प्रकाश गिरी पिता/पति स्व. चन्द्र शेखर गिरी पता फेस-02 वार्ड नंबर 60 मठपुरैना सांई मंदिर के पास रावतपुरा कॉलोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग., हर्षलता गिरी पिता/पति स्व. चन्द्र शेखर गिरी पता फेस-02 वार्ड नंबर 60 मठपुरैना सांई मंदिर के पास रावतपुरा कॉलोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18.11.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DIVYA MAHESH SAHAJWANI W/O GULSHAN DAWRA resident of 145 SBI COLONY, JUNWANI BHILAI (C.G.) have changed my old name DIVYA MAHESH SAHAJWANI W/O GULSHAN DAWRA so in future I should be recognized by my new name that is KASHISH DAWRA W/O GULSHAN DAWRA in all Government and other documents.

**KASHISH DAWRA**
145 SBI COLONY, JUNWANI BHILAI (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KHURSHID AHMAD S/O OF ALI AHMED IRAQUI resident of HOUSE NO 69 GRAM KHAIRJHITI POST DARRI TEHSIL PENDRAROAD DISTRICT BILASPUR 495117 (C.G) have changed my old name KHURSHID AHMAD S/O ALI AHMED IRAQUI, so in future I should be recognized by my new name that is KHURSHID AHMED IRAQUI in all Government and other documents.

**KHURSHID AHMED IRAQUI**
HOUSE NO 69 GRAM KHAIRJHITI POST DARRI TEHSIL PENDRAROAD DISTRICT BILASPUR 495117 (C.G)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SUMAN JAIN W/O SANJAY KUMAR JAIN resident of HOUSE NO 55 MAITHIL PARA WARD 32 DURG (C.G.) have changed my old name SUMAN JAIN W/O SANJAY KUMAR JAIN so in future I should be recognized by my new name that is SUMAN DEVI JAIN W/O SANJAY KUMAR JAIN in all Government and other documents.

**SUMAN DEVI JAIN**
HOUSE NO 55 MAITHIL PARA WARD 32 DURG (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SHREHIL MALOO S/O SANJAY MALU resident of WARD NO. 18 CIVIL LINE GANDHI CHOWK MAHASAMUND (C.G.) have changed my old name SHREHIL MALOO S/O SANJAY MALU so in future I should be recognized by my new name that is SHREHIL MALU S/O SANJAY MALU in all Government and other documents.

**SHREHIL MALU**
WARD NO. 18 CIVIL LINE GANDHI CHOWK MAHASAMUND (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SANJAY MALOO S/O UTTAM CHAND MALU resident of WARD NO. 18 CIVIL LINE GANDHI CHOWK MAHASAMUND (C.G.) have changed my old name SANJAY MALOO S/O UTTAM CHAND MALU so in future I should be recognized by my new name that is SANJAY MALU S/O UTTAM CHAND MALU in all Government and other documents.

**SANJAY MALU**
WARD NO. 18 CIVIL LINE GANDHI CHOWK MAHASAMUND (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, CHETNA MALOO W/O SANJAY MALU resident of WARD NO. 18 CIVIL LINE GANDHI CHOWK MAHASAMUND (C.G.) have changed my old name CHETNA MALOO W/O SANJAY MALU so in future I should be recognized by my new name that is CHETNA MALU W/O SANJAY MALU in all Government and other documents.

**CHETNA MALU**
WARD NO. 18 CIVIL LINE GANDHI CHOWK MAHASAMUND (C.G.)

# छग से चलने वाली 30 ट्रेनों को रेलवे ने फिर किया निरस्त

■ 25 नवंबर से 4 दिसंबर तक ट्रेनें निरस्त रहेंगी

**रायपुर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में एक बार फिर रेल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ने वाली है।रेलवे प्रशासन ने अधोसंरचना विकास के कार्यों के लिए 30 ट्रेनें निरस्त कर दी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत चंदिया रोड स्टेशन प्री एनआई और एनआई कमीशनिंग के तहत तीसरी रेल लाइन कनेक्टिविटी का कार्य किया जाना है।जिसके चलते 25 नवंबर से 4 दिसंबर तक 30 यात्री ट्रेनें निरस्त रहेंगी।कार्य के पूर्ण होने से ट्रेनों के परिचालन में गतिशीलता आने का दावा रेल्वे प्रबंधन ने किया है।

### रेलवे ने इन ट्रेनों को किया निरस्त

25 नवंबर से 4 दिसंबर तक चिरमिरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

25 नवंबर से 4 दिसंबर तक चँदिया रोड से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08270 चंदिया रोड ङ्क चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

23 नवंबर से 4 दिसंबर तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

24 नवंबर से 5 दिसंबर तक इंदौर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18233 इंदौर- बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

22 नवंबर से 4 दिसंबर तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

24 नवंबर से 6 दिसंबर तक भोपाल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18235 भोपाल- बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

25 नवंबर व 2 दिसंबर को उदयपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।



26 नवंबर व 3 दिसंबर को शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20972 शालीमार- उदयपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

29 नवंबर को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20828 सांतरागाछी -जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

30 नवंबर को जबलपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20827 जबलपुर- सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

25 नवंबर व 2 दिसंबर को शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22830 शालीमार-भुज एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

28 नवंबर व5 दिसंबर को भुज से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22829 भुज -शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

24 नवंबर से 4 दिसंबर को जबलपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11265 जबलपुर- अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

25 नवंबर से 05 दिसंबर को अम्बिकापुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11266 अम्बिकापुर- जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

23 नवंबर से 04 दिसंबर तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

24 नवंबर से 05 दिसंबर तक रींवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

26 नवंबर व 03 दिसंबर को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

27 नवंबर व 04 दिसंबर को अजमेर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

30 नवंबर व 07 दिसंबर को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

2 दिसंबर व 09 दिसंबर को नौतनवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

27 नवंबर, 1 व 4 दिसंबरको लखनऊ से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12535 लखनऊ-रायपुर गरीबरथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

28 नवंबर, 2 व 5 दिसंबर को रायपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12536 रायपुर- लखनऊ गरीबरथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

29 नवंबर को रानी कमलापति से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

30 नवंबर को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति एक्सप्रेस रद्द रहेगी.

24 नवंबर से 4 दिसंबर तक बरौनी से रवाना होनेवाली गाडी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

25 नवंबर से 5 दिसंबर तक गोंदिया से रवाना होने वाली गाडी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

24 नवंबर से 4 दिसंबर तक रीवा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

25 नवंबर से 5 दिसंबर तक चिरमिरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

24 नवंबर से दिसंबर तक नागपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11201 नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

25 नवंबर से 05 दिसंबर तक शहडोल से रवाना होने वाली गाडी संख्या 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### देर से रवाना होने वाली गाड़ी

28 नवंबर से निजामुद्दीन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 04044 निज़ामुद्दीन-अम्बिकापुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 04 घंटा 15 मिनिट देर से रवाना होगी।

# छत्तीसगढ़ में 70 सीटों पर 75.08 फीसदी मतदान, अंतिम आंकड़े जारी

**रायपुर**, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में पूरे उत्साह के साथ मतदाताओं ने अपना फैसला दे दिया है। दूसरे चरण में 70 सीटों पर शुक्रवार को मतदान हुआ, जिसमें 958 उम्मीदवारों की किस्मत अब ईवीएम में कैद हो चुकी है। इधर, दूसरे चरण में 70 सीटों पर हुए मतदान के अंतिम आंकड़े जारी कर दिए हैं।

चुनाव आयोग ऐप वोटर टर्न आउट के मुताबिक दूसरे चरण में 70 सीटों पर 75.08 प्रतिशत मतदान हुआ जोकि वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव की तुलना में 1.8 प्रतिशत कम है। 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में प्रदेश में 76.88 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था।

प्रदेश में सबसे अधिक 86.54 प्रतिशत मतदान खरसिया विधासभा क्षेत्र में हुआ, वहीं सबसे कम 53.80 प्रतिशत मतदान रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में हुआ। खराबी के चलते 137 बैलेट यूनिट, 113 कंट्रोल यूनिट और 349 वीवीपैट मशीनों को बदला गया। दूसरे चरण में शुक्रवार को मतदान के बाद 958 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है।

### कहां कितना रहा मतदान का प्रतिशत

| | | | |
|---|---|---|---|
| खरसीया- | 86.54 | बलौदाबाजार- | 76.10 |
| कुरुद- | 86.00 | जशपुर- | 75.93 |
| सिहावा- | 86.00 | अंबिकापुर- | 75.58 |
| धरमजयगढ़- | 86.00 | महासमुंद- | 75.17 |
| लैलुंगा- | 85.44 | भाटापारा- | 75.10 |
| लुण्ड्रा- | 85.10 | नवागढ़- | 75.00 |
| पाटन- | 84.12 | दुर्ग ग्रामीण- | 74.79 |
| संजारी बालोद- | 84.07 | जांजगीर चांपा | 74.59 |
| रामानुजगंज- | 83.50 | अकलतरा- | 74.13 |
| बसना- | 83.47 | आरंग- | 74.12 |
| सामरी- | 83.42 | कटघोरा- | 74.02 |
| बिन्द्रानवागढ़- | 83.20 | मनेन्द्रगढ़- | 74.02 |
| गुण्डरदेही- | 83.01 | कसडोल- | 73.60 |
| अभनपुर- | 83.00 | तखतपुर- | 73.52 |
| राजिम- | 82.04 | कोटा- | 73.20 |
| भरतपुर सोनहत- | 81.80 | अहिवारा- | 72.02 |
| बैकुंठपुर- | 81.79 | बिलाईगढ़- | 70.39 |
| सरायपाली- | 81.68 | बिल्हा- | 69.63 |
| भटगांव- | 81.35 | जैजैपुर- | 69.50 |
| खल्लारी- | 81.34 | चंद्रपुर- | 68.66 |
| सीतापुर- | 81.31 | लोरमी- | 67.98 |
| डौण्डीलोहारा- | 81.24 | पामगढ़- | 67.48 |
| धमतरी- | 81.00 | मुंगेली- | 67.30 |
| पाली-तानाखार- | 80.38 | दुर्ग शहर- | 66.48 |
| प्रेमनगर- | 79.56 | मस्तुरी- | 66.40 |
| बेमेतरा- | 79.55 | भिलाईनगर- | 66.34 |
| प्रतापपुर- | 79.44 | कोरबा- | 66.30 |
| सारंगढ़- | 79.37 | बेलतरा- | 65.71 |
| रायगढ़- | 78.80 | वैशालीनगर- | 65.67 |
| पत्थलगांव- | 78.66 | रायपुर दक्षिण- | 59.99 |
| मरवाही- | 78.27 | रायपुर उत्तर- | 57.80 |
| साजा- | 77.80 | रायपुर ग्रामीण- | 57.20 |
| धरसींवा- | 77.63 | बिलासपुर- | 56.28 |
| कुनकुरी- | 77.29 | रायपुर पश्चिम- | 55.93 |
| सक्ती- | 76.70 | | |
| रामपुर- | 76.65 | **कुल मतदान** | **75.08** |

# राज्यपाल हरिचंदन ने 'नृत्य रहस्य' पुस्तक का किया विमोचन

**रायपुर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज प्रसिद्ध ओडिशी नृत्यांगना श्रीमती पूर्णश्री राऊत द्वारा लिखित पुस्तक "नृत्य रहस्य द सेक्रेड मिस्टिक्स ऑफ डांस" का आज राजभवन में विमोचन किया।



संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा प्रकाशित यह नृत्य विधा पर श्रीमती राउत द्वारा लिखी गई चौथी पुस्तक है। इस पुस्तक के माध्यम से बताया गया है कि नृत्य के माध्यम से स्वस्थ रहा जा सकता है और बड़ी-बड़ी से बिमारियों को दूर किया जा सकता है। नृत्य प्राचीनतम योग कला का एक स्वरूप है। यह शारीरिक तंत्र क्रिया, कुंडलिनी जागरण, आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का एक माध्यम है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य एक ऐसी विधा है जिससे शरीर के अंग में हल-चल होती है और ऊर्जा जागृत होती है तथा आध्यात्मिक अनुभूति का भाव पैदा करती है। इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ के बस्तर से लेकर सरगुजा तक के ऐतिहासिक मंदिरों में अंकित नृत्य मुद्राओं का उल्लेख किया गया है। राज्यपाल हरिचंदन ने पुस्तक प्रकाशन के लिए श्रीमती राऊत को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पुस्तक विमोचन के अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी, संचालक विवेक आचार्य, रेडक्रॉस सोसाइटी छत्तीसगढ़ के सीईओ एम. के. राऊत, रेडक्रॉस छत्तीसगढ़ सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल उपस्थित थे।

# पति ही निकला पत्नी का हत्यारा, चरित्र शंका में फावड़ा मारकर ले ली थी जान, गिरफ्तार

**रायगढ़,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। रायगढ़ से एक बड़ी खबर खबर निकल कर आ रही है कोसाबाडी पीछे जंगल के पगडंडी में मिली महिला के शव की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने मामले में महिला के पति को गिरफ्तार किया है।

दरअसल, शारदा खडिया पति कीर्तन खडिया उम्र 35 वर्ष का शव 16 नवम्बर को रक्तरंजित अवस्था में पड़ा मिला था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि शारदा और उसके पति कीर्तन खडिया के बीच घरेलू बात को लेकर विवाद हो रहा था, झगडा बढा तो कीर्तन खडिया अपने पास रखे लोहे के फावडा से शारदा खडिया के सिर में मारकर उसकी हत्या कर भाग गया है। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मौके पर शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजी।



घटना के संबंध में रिपोर्ट करता निराकार रठिया के रिपोर्ट पर आरोपी कीर्तन खडिया पर हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी में लिया गया। आरोपी कीर्तन खडिया के संबंध में जानकारी मिली कि वह चोरी के मामले में जेल में था, करीब दो माह पहले बाहर आया है। गांव आने के बाद से कीर्तन उसकी पत्नी पर चरित्र शंका कर झगड़ा विवाद करता था और झगड़ा विवाद में उसकी हत्या किया है।

फरार आरोपी कीर्तन खडिया के आज सुबह गोपालपुर में देखे जाने की सूचना पर तत्काल टीआई प्रशांत राव स्टाफ के साथ दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी द्वारा चरित्र शंका पर उसकी पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया, जिसके मेमोरेंडम पर हत्या में प्रयुक्त लोहे का फवड़ा, घटना समय पहने कपड़े (खून लगे) तथा घटनास्थल के पास से महत्वपूर्ण साक्ष्य को सुरक्षित जप्त किया गया है।

आरोपी कीर्तन खडिया पिता जयमंगल खडिया उम्र करीब 31 वर्ष साकिन सम्बलपुरी थाना चक्रधरनग जिला रायगढ को आज हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, उप निरीक्षक जी.एल. साहू, प्रधान आरक्षक लोमश राजपूत, आरक्षक सुशील यादव की अहम भूमिका रही है।

# ई वी एम मशीने स्ट्रांग रूम में सील, कड़ी सुरक्षा

- ■ कैंपस पूरी तरीके से छावनी में तब्दील कर दिया गया है
- ■ 90 सीटों में 1181 उम्मीदवार अजमा रहे अपनी किस्मत, 3 दिसंबर को होगा फैसला

**रायपुर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में दो चरण में पूरे 90 विधानसभा सीटों में कुल 1181 उम्मीदवारों के किस्मत का फैसला 3 दिसंबर को होगा।शुक्रवार दो चरणों में मतदान के बाद अब ईवीएम मशीन को कड़ी सुरक्षा के व्यवस्था के बीच स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। रायपुर जिले के 7 विधानसभा सीटों के 123 प्रत्याशियों के भविष्य ईवीएम में कैद हो चुका है।जिसे रायपुर के सेजबहार स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज के स्ट्रांग रूम में रखा गया है।



स्ट्रांग रूम स्थानीय पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स के सुरक्षा घेरे में 24 घंटे पहले पहरेदारी रहेगी। कैंपस को पूरी तरीके से छावनी में तब्दील कर दिया गया है

सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी. वही स्ट्रांग रूम के अंदर निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारी की अनुमति लेकर के प्रत्याशी स्ट्रांग रूम तक प्रवेश कर सकते हैं। 3 दिसंबर को मतगणना में फैसला होगा की आखिर जीत का ताज किसके सर सजेगा।

पहले चरण के 20 सीटों में 223 उम्मीदवार

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 20 विधानसभा सीटों में 7 नवंबर को मतदान हुआ।20 सीटों में कुल 223 उम्मीदवार हैं। जिनमें 198 पुरूष और 25 महिला हैं।

20 विधानसभा सीट- पंडरिया , कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंटा।

दूसरे चरण के 70 सीटों में 958 प्रत्याशी

दूसरे चरण के 70 विधानसभा सीटों में 17 नवंबर को मतदान हुआ. सभी 70 सीटों में कुल 958 उम्मीदवार मैदान में हैं. जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग हैं।

70 विधानसभा सीट जहा पर मतदान हुए उनमें भरतपुर-सोनहट, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी-बालोद, डौंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़। शामिल है।




# कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष हलधर 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित

■ पार्टी विरोधी गतिविधि में थे शामिल

**रायपुर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पार्टी विरोध गतिविधि में शामिल होने के चलते बालोद के पूर्व जिला अध्यक्ष हलधर साहू को बाहर का रास्ता दिखा दिया है।पार्टी ने उन्हें प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। इस संबंध में संगठन के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने आदेश जारी किया है।

विधानसभा चुनाव-2023 में कई जगहों से पार्टी विरोधी गतिविधियों की शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसे में पार्टी लगातार ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है. आज ही पार्टी ने 3 विधानसभा सीटों में कांग्रेस नेताओं ने पार्टी विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने पर पार्टी ने संज्ञान लेते हुए 5 नेताओं को नोटिस जारी कर दिया. साथ ही 24 घंटे के भीतर उनसे जवाब मांगा है।

पामगढ़, बेलतरा और चंद्रपुर में पार्टी अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ पार्टी विरोधी काम करने का मामला सामने आया है। इस मामले में त्रिलोक श्रीवास, पुष्पा पाटले, तारकेश्वर गभेल, दुर्गेश जायसवाल और गीतांजली पटेल को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर लिखित में जवाब मांगा है।जिसे प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजना होगा।

## अवैध शराब बिक्री और शराब दुकान के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा, वार्ड 14 के निवासियों ने थाने का किया घेराव

**महासमुंद,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के बागबाहरा में अवैध शराब बिक्री और शराब दुकान के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है. शनिवार को वार्ड नंबर 14 के निवासियों ने बागबाहरा थाने का घेराव कर दिया. इस दौरान भारी संख्या में युवाओं के साथ महिलाए और बच्चे मौजूद थे. काफी देर तक लोगों ने थाने के बाहर प्रदर्शन करते रहे, जिसके बाद बागबाहरा थाना प्रभारी के उचित कार्रवाई के आश्वासन पर लोगो ने प्रदर्शन ख़त्म किया. बागबाहरा के वार्ड क्रमांक 14 के नागरिकों ने गली मोहल्ले में अवैध रूप से शराब की बिक्री और शराब की दुकान से खासे परेशान होकर शनिवार को थाने का घेराव कर करने पहुंचे आक्रोशित महिलाओं और बच्चों का कहना था कि, वार्ड में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है और लोग शराब के नशे में धूत होकर गली मोहल्ले में गाली-गलौज करते रहते हैं।

### NECC

| 19.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.46 | 83 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 195 |

डिलीवरी 561 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पति- फेसबुक पर उलझा हुआ था, पत्नी रोमांटिक मूड में थी!
पत्नी- आई लव यू
पति-कोई नई बात हो तो बताओ
पत्नी- मै मां बनने वाली हूं
पति- अच्छा.. और कोई नई बात।
पत्नी (चिढ़कर)- बच्चे के बाप तुम नहीं हो.! पति के होश उड़ गए।

# खरना का प्रसाद ग्रहणकर व्रतियों ने रखा 36 घंटे का उपवास







**जगदलपुर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। लोक आस्था का महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार को व्रतियों ने खरना पूजा के साथ 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरुआत की। इस दौरान व्रतियों ने खरना के दिन छठी माता के दूसरे स्वरूप मां अन्नापूर्णा की पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ में खरना पूजा के बाद शनिवार को प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही 36 घंटे के व्रत की शुरुआत को हो गई। वहीं बाजारों में छठ महापर्व को लेकर दुकानें सज गई है। छठ महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को वृत्तियां द्वारा शाम को छठ माई की विधि विधान के साथ पूजन की और भगवान भाष्कर को नमन किया। इस दौरान शाम को रोटी और साठी चावल से बनी खीर का भोग लगाया और केले के पत्ते पर दिया जलाकर पूजन को संपन्न किया गया। इस दौरान छठव्रती महिलाओं ने निर्जला व्रत रखने के लिए आह्वान कर अनुष्ठान का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रयोग में होने वाली सामग्रियों में सभी मौसमी फल, साठी चावल दूध के साथ 56 प्रकार के व्यंजन और फलों का प्रयोग होता है।

**खरना में नया चांवल से बना खीर का प्रसाद:** सूर्य उपासना का पर्व है जो चार दिन तक होता है, प्रथम दिन कद्दू की सब्जी चने की दाल और चावल का भोग लगाया गया। इस पर्व पर व्रती महिलाएं पवित्र नदियों का जल लाकर प्रसाद बनाती हैं और इसे नहाए खाए का व्रत रहते हैं। वहीं दूसरे दिन खरना में खीर दूध साठी चावल और गुड़ से बनी खीर और रोटी का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण कर महिलाओं ने पूजन प्रारंभ किया।

**प्रसाद की शुद्धता का विशेष महत्व:** छठ महापर्व को शुद्धता का पर्व कहा जाता है। लोग इस पर्व में शुद्धता पर काफी ध्यान देते हैं। तीसरे दिन आस्ताचलगामी भगवान भास्कर को नदी तालाबों और पोखरी के जल में खड़े होकर अर्घ्य दिया जाता है। जबकि चौथे दिन रविवार को उदयाचल गामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही अनुष्ठान का समापन होता है। छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन स्थानीय लोगों के द्वारा नदी और तालाबों में विशेष सफाई की गई। यह पर्व पूरे बस्तर के नदी और तालाबों में मनाया जा रहा है।

**छठ पूजा में विशेष सामग्री का इस्तेमाल:** छठ पूजा में नई साड़ी, बांस की बनी हुई टोकरिया, पीतल या बास का सुप, दूध, जल, लोटा, थाली, गन्ना, मौसमी फल, पान, सुपारी मिठाई आदि सामानों की जरूरत होती है। दरअसल सूर्य देव को छठ के दिन इस मौसम में मिलने वाले सभी फल और सब्जी अर्पण किए जाते हैं। छठ पूजा की शुरुआत 17 नवंबर को नहाए खाए से शुरू हुई। अब दूसरा पर्व शनिवार को खरना की पूजा के प्रसाद ग्रहण किया गया। इसी तरह तीसरे दिन रविवार की शाम को अस्ताचल गामी को अर्घ्य दिया जाएगा और आखिरी दिन सोमवार को उदयाचलगामी को अर्घ्य देकर पर्व का समापन होगा।

**बाजार में सजी फलों की दुकानें:** छठ महापर्व को लेकर जगदलपुर के संजय बाजार, सिरहासार, चांदनी चौक, समेत विभिन्न् स्थलों में छठ पूजा की सामग्री के लिए दुकानें लगी हुई है। जहां पर व्रतियों ने शनिवार को बाजार, नया चावल, फल, गन्ना समेत अनेक फल, सुप, दौरान आदि की खरीदी की।

# सत्य साईं जन्मोत्सव सप्ताह आज निकलेगी शोभा यात्रा



**जगदलपुर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। सत्य साईं बाबा के 98वें जन्मोत्सव की शुरुआत मोती तालाब पारा स्थित सांई मंदिर में शुक्रवार से हुई है। सात दिनों तक मनाए जाने वाले इस जन्मोत्सव के दूसरे दिन शाम सात बजे वेद पाठ के बाद सामूहिक भजन की गई। इसके बाद साईं बाबा की आरती कर प्रसाद बांटा गया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। समिति के सदस्यों ने बताया कि ये दोनों कार्यक्रम 23 नवबर तक चलेंगे। 3 नवंबर की शाम 7 से सांई बाबा का संदेश और वीडियो शो होगा। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया जाएगा।

जन्मोत्सव सप्ताह कार्यक्रम में 19 को शोभा यात्रा निकलेगी। यात्रा सत्य साईं मंदिर से शुरू होगी जो दंतेश्वरी मंदिर, गोल बाजार चौक, स्टेट बैंक चौक, चांदनी चौक और संजय बाजार मार्केट से होते हुए मंदिर पहुंचकर समाप्त होगी। 20 को महारानी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। समिति के सदस्य संजय कुमार, मुकेश रायकवार ने बताया कि 23 नवंबर को पूजा की शुरुआत ओंकारम, सुप्रभातम और नगर संकीर्तन से होगी।

## बस्तर की खुशहाली के लिए छठ घाट पर दीप प्रज्वलित किया जाएगा

**जगदलपुर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा मुंडा छठ घाट पर 1501 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। मिथिला समाज के लक्ष्मण झा ने बताया कि छठ महापर्व के शाम के अर्ध के बाद दीप प्रज्वलन विगत 3 वर्षों से निरंतर प्रज्वलित किया जा रहा है और हर वर्ष दीपों की संख्या बढ़ती जा रही है। कुछ लोग स्वयं दीप लेकर भी आ रहे है । तालाब की ऊपरी सफाई हो रही है, लेकिन इस पर्व में जो व्रती होते है वो तालाब के अंदर जाते है इस कारण युवाओं के द्वारा घाट के अंदर की साफ सफाई भी की जाएगी।

**गंगा मुंडा छठ घाट पर 1501 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे**



# अनाचार के बाद हत्या का आरोपी गिरफ्तार



**दंतेवाड़ा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। अनाचार के बाद हत्या के आरोपी को दंतेवाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। पूछताछ में आरोपी ने मृतका के साथ अनाचार के बाद गला दबाकर हत्या की बात स्वीकार की है। आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

**दंतेवाड़ा पुलिस की कार्रवाई, 24 घंटे के अंदर सुलझाया मामला**

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी राहूल उईके के पर्यवेक्षण में थाना सिटी कोतवाली दंतेवाड़ा के अपराध क्रमांक 118/2023 धारा-376, 302, भादवि. के अज्ञात आरोपी की पता साजी कर गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी विजय यादव साकिन पोटाकेबीन के सामने जांगला जिला-बीजापुर हाल-आंवराभाटा दंतेवाड़ा को घेराबंदी कर पकड़ा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय पटेल, उप निरीक्षक किशोर कुमार जोशी, राम कुमार श्याम, एएसआई भूरेलाल शर्मा, सुनीता साहू, प्रशांत सिंह, गुरूवन्ता बर्गे रणवीर सिंह ठाकुर, रोशलिन तिर्की, सरस्वती राणा, हरिश नायर, भूनेश्वर नेताम का सराहनीय भूमिका रही।

# शिल्पी सांस्कृतिक संस्था की स्मारिका दृष्टिकोण का हुआ विमोचन

**जगदलपुर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय सांस्कृतिक संस्था शिल्पी के द्वारा शनिवार की शाम बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स भवन में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर संस्था की स्मारिका दृष्टिकोण का आठवां संस्करण वंदे मातरम से जन गण मण तक का विमोचन किया गया। भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं शंख ध्वनि के साथ कार्यक्रम का शूभारंभ हुआ। स्वागत गीत इंद्राणी, स्वेता, निवेदिता, डॉ गाइन और दीशान चक्रवर्ती ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात वंदे मातरम गीत की आकर्षक प्रस्तुति डाक्टर तमाअसीम गाइन ने दी।





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से पद्मश्री धर्मपाल सैनी ने कहा कि दृष्टिकोण में भिन्नता तो दिखाई देती है, लेकिन अगर इस पर विचार करें तो एकता भी नजर आती है। स्मारिका के इस अंक में वंदे मातरम से जन गण मण तक की जो भावना है, इसके लिए सुबीर नंदी प्रसंसा के पात्र है। भूमि को मातृभूमि बनाने का काम है। हिमालय से प्रशांत महा सागर तक भारत है, यहां रहने वाले भारतीय है। पहले इसे भारत उप महाद्वीप कहा जाता था। दृष्टिकोण शब्द में ही बहुत कुछ समाहित है।

योगेंद्र मोतीवाला, शांति पांडेय एवं अन्य ने भी इस स्मारिका में लेख लिखा है। यह किताब घर-घर राष्ट्रीयता की भावना पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विशिष्ठ अतिथि महेंद्र संघाणी ने कहा कि शिल्पी सांस्कृतिक संस्था नाम से ही जाहिर है की शिल्पी से ही नए रचना का श्रीजन होता है। संस्कृति से समाज को गढ़ने का कार्य कर रही है। वंदे मातरम देश की माटी की पूजा से देश को शिखर तक पहुंचाने का कार्य गीतांजलि के माध्यम से टैगोर ने किया। जनजागरण कर जनता तक पहुंचाने का कार्य जन गण मण ने किया। शिल्पी संस्था ने एक नया अध्याय जोड़ा है बधाई।

संस्था के अध्यक्ष सुबीरनंदी ने कहा कि इस्माइल का की इस अंक को छपवाने के लिए विगत 2 वर्ष से प्रयासरत है। वंदे मातरम से जन गण मण तक की भावना को पूरी गंभीरता के साथ जन मानस तक पहुंचने के लिए बंकिमचंद्र के निवास पर गए। वैसे ही रविंद्रनाथ टैगोर के शांतिनिकेतन भी गए और उस स्थान के महत्व को अनुभव किया। सभी साथियों के सहयोग से ही यह कार्य सफल हुआ है, और संस्था 36 वर्ष से चल रहा है। उन्होंने इस मलिक के प्रकाशन में सहयोग के लिए पंकज प्रिंटर्स का आभार माना। डॉ योगेंद्र मोतीवाला ने कहा इस पत्रिका में जो शीर्षक में देश की आजादी के संघर्ष को बयान करने वाला है। विषय चिननीय है देश कैसे ऊंचाइयों पर पहुंचे रविंद्रनाथ टैगोर वह व्यक्तित्व है जिन्होंने दो देश के राष्ट्रगान लिखा है। बंकिम चंद्र चटर्जी के साहित्य ने देश को ऊंचाई तक पहुंचाने का कार्य किया है। डॉक्टर हेमंत ने संस्था की स्मारिका दृष्टिकोण वन्देमातरम से जनगणमन तक के विमोचन पर बधाई दिए। डाक्टर बसाक ने कहा शिल्पी एक परिवार है सभी सदस्यों ने परिश्रम से संस्कृति को अगले पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है। शिल्पी संस्था की सदस्य निवेदिता राय चौधरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के हरि माधव दास ने प्रस्तुत किया। इस दौरान काफी संख्या में संस्था के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम

**दंतेवाड़ा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए दोनों चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। दंतेवाड़ा सहित 20 सीटों के लिए 7 और शेष 17 सीटों के लिए 17 नवंबर को वोट डाले गए।

दंतेवाड़ा में सीआरपीएफ की कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम को रखा गया है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट को स्ट्रांग रूम बनाया गया है। हर विधानसभा चुनाव में मतदान के बाद यहीं पर इव्हीएम रखे जाते हैं और मतगणना होती है। इस बार मतों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। इव्हीएम की रखवाली के लिए कांग्रेस और भाजपा दोनों ही राजनीतिक दलों ने अपने प्रतिनिधियों को नियुक्त किया है। भाजपा से एक तो कांग्रेस से दो कार्यकर्ता स्ट्रांग रूम के बाहर निर्धारित स्थल पर रात को रूकते हैं। यहीं पर सीसीटीवी स्क्रीन भी लगा हुआ है, जो भीतर में रखे ईव्हीएम की सुरक्षा के लिए है। विधानसभा चुनाव में यहां 7 उम्मीदवारों की किस्मत ईव्हीएम में कैद है। मुख्य मुकाबला कांग्रेस के छविन्द्र कर्मा और भाजपा के उम्मीदवार चैतराम अटामी के बीच में है।




- रखवाली में कांग्रेस-भाजपा के प्रतिनिधि
- सीआरपीएफ का सुरक्षा घेरा सीसीटीवी भी लगाए गए
- ईव्हीएम में बंद हैं 7 उम्मीदवारों के सपने

वहीं आम आदमी पार्टी से बल्लू भवानी, सीपीआई (निर्दलीय) से भीमसेन मंडावी, जोगी कांग्रेस से बेला कुंजाम, निर्दलीय अमूलकर नाग तथा बसपा से केशव नेताम विधायक बनने अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

मतदान खत्म होने के तीन-चार दिनों तक जीत के दावे होते रहे। राजनीतिक दल ही नहीं बल्कि आम मतदाता भी जीत-हार के आंकलन में लगे रहे, लेकिन अब समय बीतने के बाद सभी 3 दिसंबर के इंतजार में हैं। इसी दिन मतगणना होगी और दंतेवाड़ा को नया विधायक मिल जाएगा। वर्तमान में कांग्रेस से शहीद महेन्द्र कर्मा की पत्नी श्रीमती देवती कर्मा दंतेवाड़ा विधायक है। उनके सुपुत्र छविन्द्र कर्मा को पार्टी ने टिकट दी और भाजपा के साथ उनका कड़ा मुकाबला है।

## बाइक से फिसल कर युवती की हुई मौत

**कोंडागांव,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर जैतपुरी में शनिवार की दोपहर हुए एक सड़क हादसे में युवती की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक जैतपुरी सड़कपारा निवासी सरिता मरकाम पिता धनीराम 25 अपने एक अन्य परिजन के साथ बाइक में सवार होकर लांजोड़ा बाजार जा रही थी। इसी दौरान वह बाइक से फिसल कर सड़क पर गिर गई तभी जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रही एक ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## युवक पहुंचा कोतवाली पत्नी और बच्चों की गुमशुदगी की शिकायत लेकर

**कोंडागांव,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। सिटी कोतवाली कोंडागांव अंतर्गत कोंडागांव के बाजारपारा निवासी मनोज सोढ़ी अपनी पत्नी 25 वर्षीय पिंकी सोढ़ी और अपने दो बच्चियों की गुमशुदगी की शिकायत लेकर सिटी कोतवाली कोंडागांव पहुंचा है। इस बारे में 18 नवंबर को पीड़ित मनोज सोढ़ी ने बताया कि, दशहरा के लिए पिंकी और उसके बच्चे माईके के छोटे भिरावनड गए हुए थे। जहां से 29 अक्टूबर को वे कोंडागांव वापसी के लिए निकले लेकिन पिंकी और बच्चे घर नहीं पहुंचे। पता तलाश करने पर जब पिंकी और बच्चों का कोई पता नहीं चल पाया तो उन्होंने सिटी कोतवाली पहुंच गुमसुदगी की शिकायत दर्ज कराया गया है।

# ठण्ड की दस्तक, गर्म कपड़ों का सहारा

**दंतेवाड़ा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश सहित दंतेवाड़ा में भी मौसम ने करवट बदली है। यहां सुबह से ही ठण्ड बढ़ गयी है। दोपहर और शाम को ठण्डी हवा भी चल रही थी। लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिये हैं। अलाव का भी सहारा ले रहे हैं। वैसे ज्यादा ठण्डी अभी नहीं होने के कारण पालिका ने अलाव की व्यवस्था नहीं की है। नवंबर के आखिरी सप्ताह और पूरे दिसंबर तक ठण्ड ज्यादा पड़ती है। इसी दौरान सार्वजनिक रूप से अलाव का भी इंतजाम होता है। दंतेवाड़ा में तापमान में गिरावट आ रही है। सुबह की शुरूआत भी कोहरे से होती है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले एक-दो दिनों में प्रदेश के तापमान में और भी गिरावट दर्ज की जा सकती है।

**रात को न्यूनतम रहता है तापमान**

मौसम विभाग ने बताया है कि एक गहरा अवदाब पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर है। यह लगातार उत्तर-पूर्व की ओर से आगे बढ़ते हुए और प्रबल हो सकता है।

## अंचल का प्रथम मड़ई मेला आज चांपा में

**बलौदाबाजार,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। ग्रमीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंचल के ग्राम पंचायत चांपा में लगभग गत 50 वर्षों से यादव समूहों द्वारा गांव और क्षेत्र के किसानों के पुर्ण सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन किया जाता है। इसी परम्परा के अनुसार धार्मिक त्यौहार शुभ दीपावली के सप्ताह भर बाद छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक संस्कृति के आयोजन मड़ई का प्रथम आयोजन ग्राम चांपा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 19 नवंबर रविवार को मड़ई आयोजित की गयी है। जहां यादव समाज द्वारा आस-पास के यादव टोलियों को बाजे-गाजे और राऊत नाच के पारंपरिक वेशभूषा में पधारने के लिए आमंत्रित करते हैं और उनके आगमन पर बाजे-गाजे के साथ पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते हुए ससम्मान उनका स्वागत करते हैं। तत्पश्चात पगड़ी और लाठियों से लैस सभी यादव समूहों द्वारा गोल घेरे में एक ताल, लय, और धुनों में सामूहिक नृत्य करते हुए बीच-बीच में बारी-बारी से वीर रस, ब्यंग रस, ओज रस और धार्मिक रस तथा माधुर्य रस में लाठी को ऊपर उठाकर उछल-ऊछल कर दोहे का वाचन करते हैं। जिसका सामूहिक रूप से लाठी ऊपर उठाकर एक स्वर में सभी आवाज देकर समर्थन करते हैं। वहां झूला एवं सर्कस तथा खिलौने सहित सभी प्रकार की दुकानें लगती हैं। जहां बच्चे, बुजुर्ग, किसान, जवान और युवक-युवतियां जान-पहचान, दोस्तों यारों और रिश्तेदारों से भावनात्मक मेलजोल होते हैं तथा मनभावन खरीददारी करते हैं, जिसे कहते हैं छत्तीसगढ़ का पारंपरिक मड़ई।

# जगह उपलब्ध किए जाने के बावजूद सड़क किनारे नगर निगम कर रहा कचरा डंप





**जगदलपुर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए चार एकड़ की भूमि दिए जाने के बावजूद जगह पर कचरा ना डालते हुए नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा सड़क के किनारे ही कचरा डंप किया जा रहा है जिसके चलते लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विदित हो कि शहर से निकलने वाले कचरा को डंप करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चार एकड़ की जमीन धरमपुरा क्षेत्र में नगर निगम को उपलब्ध कराई गई है, लेकिन इस जगह पर भी सही ढंग से कचरा नहीं डाला जा रहा है। नगर निगम के कर्मचारी रास्ते पर ही सड़क के किनारे कचरा डंप कर रहे हैं जिसके चलते आने जाने वालों को आवागमन में परेशानी होने की शिकायत करने लगे हैं।

**कचरा में आग लगने से आसपास के रहवासी हो रहे परेशान**

कचरा डंप करने की जगह पर जमा कचरा में आग लगने से उठने वाले जहरीले धुएं से आसपास के निवासी काफी परेशान हो रहे हैं। इन लोगों ने शिकायत की है कि इस जगह पर कचरा डंप किया जा रहा है और प्लास्टिक झिल्ली एवं थैलियां की संख्या अधिक होने से इनमें आग लगने पर जहरीला धुंआ निकल रहा है जिसके चलते सांस लेने में परेशानी हो रही है। 2 दिन पूर्व इस कचरे के ढेर में आग लग गया था जिसे नगर निगम द्वारा अग्निशमन वाहन भेज कर बुझाया गया। इसके बावजूद कचरे की ढेर से हल्का धुआं निकलने का क्रम अब भी जारी है।

**जमा कचरा में पहुंच रहे मवेशी, पॉलिथीन खाने से मौत का खतरा**

जमा कजरा में भोजन की तलाश करते काफी संख्या में मवेशी पहुंच रहे हैं। कचरा में काफी अधिक मात्रा में पॉलिथीन होने से पॉलिथीन खाकर मवेशियों के करने का खतरा बढ़ गया है। सरकार द्वारा गोठान बनाया गया है लेकिन गोठानों में मवेशियों को सही ढंग से नहीं रखा जा रहा है, जिसके चलते काफी संख्या में आवारा पशु सड़कों और कचरा के ढेर पर पहुंच रहे हैं।

# सकुशल वापस लौटा मतदान दल, प्रशासन ने ली राहत की सांस

**गरियाबंद**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के दोनों विधानसभाओं के सभी 573 मतदान दल सुरक्षित सकुशल वापस आ गये हैं। मतदान दलों की वापसी का सिलसिला शुक्रवार शाम से ही प्रारंभ हो गया था जो देर रात दो बजे तक जारी रहा। मतदानकी प्रकिया पूर्ण करने के पश्चात मतदान दलों की सकुशल वापसी हो गई है। जिस स्थानसे मतदान सामग्री का वितरण किया गया था, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसीहुई। मतगणना रविवार 3 दिसम्बर 2023 को सुबह 8 बजे से जिला मुख्यालय गरियाबंद के कृषिउपज मंडी परिसर में किया जाएगा।

मतदान दल के वापसी के बाद सामान्य प्रेक्षक सुश्री अंजू चौधरी, पुलिस प्रेक्षक अरूण कुमार श्रीवास्तव, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाशछिकारा एवं राजनैतिक दलों की उपस्थिति में शनिवार की सुबह 10.30 मंडी परिसरस्थित स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनें सील कर दी गई। इसके पहले प्रेक्षक,कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने राजनैतिक दलों के साथ कृषि उपज मंडी परिसर मेंस्थापित स्ट्रांग रूम में रखे मशीनों का अवलोकन किया। तत्पश्चात राजनीतिक दलों कीउपस्थिति में दोनों विधानसभा के स्ट्रांग रूम को सील की गई। सुरक्षा कीजिम्मेदारी अर्द्धसैनिक बल के जवानों को सौंपी गई।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-54 राजिम केस्ट्रांग रूम में मतदान केन्द्रों में उपयोग किये गये कुल 276 कन्ट्रोल यूनिट, 276 बैलेट यूनिट एवं 277 व्हीव्ही पेट मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील किया गया है। इसीतरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-55 बिन्द्रानवागढ़ के स्ट्रांग रूम में मतदान केन्द्रोंमें उपयोग किये गये कुल 306 कन्ट्रोल यूनिट, 306 बैलेट यूनिट एवं 315 व्ही.व्ही.पेटमशीनो को स्ट्रांग रूम में सील किया गया है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमतीरीता यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई,संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, डिप्टी कलेक्टर टी आर देवांगन, रिटर्निंग अधिकारी राजिम धनंजयनेताम, रिटर्निंग अधिकारी बिंद्रानवागढ़ सुश्री अर्पिता पाठक सहित



**प्रेक्षक, कलेक्टर एवं राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईव्हीएम व वीवीपेट स्ट्रांग रूम में सील निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने जताया आभार**

राजनैतिक दलों केप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

**कलेक्टर ने जताया आभार**

जिले के दोनों विधानसभाओं में शांतिपूर्ण एवंनिर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने मतदानकार्य संपादित एवं संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों,सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहाकि जिले में बड़ी संख्या में मतदान कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों कीड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू ढंग सेसंपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया, वहींसुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। जिलेके नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ निर्वाचन व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुएउत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनीआस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहले बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों, युवा मतदाताओं एवं दिव्यांगजनों ने भी मतदान किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री छिकारा ने मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंनेसभी तरह के समाचारों का पर्याप्त कव्हरेज करते हुए सभी को अवगत कराया।स्काउट-गाईड एवं एनएसएस के छात्रों द्वारा मतदान के समय उपयोगी भूमिका निभाईगई, जो सराहनीय है। मतदान दलों को लाने-ले जाने के अन्य कार्यों में लगेवाहन चालकों के सहयोग के बिना यह निर्वाचन कार्य भली-भांति संपादित नहीं होपाता, इनके पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठ होने के फलस्वरूप यह कार्य संपादित हुआहै, इसके लिए सभी वाहन चालक बधाई के पात्र हैं। इसके अलावा स्वसहायता समूह,सामाजिक संगठनों सहित अन्य सभी संस्थाओं ने अपनी भूमिका अदा की है और उनकाकार्य सराहनीय रहा है, ये सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्तकरते हुए बधाई दी है।

# प्रेक्षक पवन कुमार ने राजनीतिक दलों के समक्ष सील कराया स्ट्रांग रूम



**बिलाईगढ़,** 18 नवंबर(देशबंधु)। बिलाईगढ़ विधानसभा 43 के सामान्य प्रेक्षक श्री पवन कुमार ने रिटर्निंग अधिकारी डॉ स्निग्धा तिवारी और राजनीतिक दलों की उपस्थिति में मतदान दलों के निर्वाचन सामग्री संग्रहण और बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कसडोल क्षेत्र में बिलाईगढ़ विधानसभा के 129 मतदान केंद्रों में हुए मतदान के बाद ईवीएम मशीनों आदि को कलेक्टर बलौदाबाजार से प्राप्त करने पर सील किया गया। अब इसका सुरक्षा सीआईएसएफ के जवान कर रहे हैं। साथ ही साथ सीसीटीवी कैमरा भी चालू है। इसी प्रकार रायगढ़ विधानसभा क्रमांक 16 अंतर्गत सरिया क्षेत्र के 59 मतदान केंद्र में निर्वाचन कराने के बाद ईवीएम मशीनों आदि को रायगढ़ के स्ट्रांग रूम के लिए कलेक्टर रायगढ़ को 17 नवम्बर की रात को भेजा गया है। इस अवसर पर लाइजनिंग अधिकारी श्री शैलेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

# रंगोली व कला प्रदर्शनी आयोजित



**भाटापारा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। हर साल की तरह इस वर्ष भी दीपावली के पावन अवसर पर दुबे क्लासेज द्वार अपने निज निवास शंकर वार्ड में कला उत्सव के रूप में रंगोली और कला प्रदर्शनी अयोजित की गई। जिसमें रंगोली द्वार कांतारा, कथकली और रसोई सामग्री बनाई गई। नागरवासियों द्वारा कलाकार अभिनव दुबे, अनुष्का दुबे, जागृति साहू और दीपा गिन्नौर की कला की सराहना कर मान बढ़ाया। भविष्य में और बेहतर प्रयास करने की शुभकामनाएं दी।

# ईवीएम मशीन में खराबी आने से घंटों प्रभावित रहा मतदान कार्य

**बागबाहरा,** 18 नवंबर (देशबंधु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अनेक मतदान केंद्रों में ईवीएम मशीनों में खराबी आने से कई ग्रामों के मतदान केंद्रों में वोट डालने के लिए मतदान कार्य प्रभावित रहा। हालांकि कुछ देर बाद उक्त मशीन को सुधार लिया गया। जिससे प्रभावित हुए मतदान कार्य प्रारम्भ किया गया। वोट डालने के लिए मतदाताओं में लम्बी लाईन लगी हुई थी। जो सुचारु रूप से चलता गया। लोकतंत्र के महापर्व खल्लारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 41 में कल शुक्रवार 17 नवम्बर को मतदान शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मतदाताओं में मतदान करने अपार उत्साह देखा गया। वहीं मतदान के दिन सुबह से लेकर शाम तक लंबी कतार देखा गया। वहीं ओड़िशा सीमा से लगे खल्लारी क्षेत्र के ग्राम पंचायत खट्टी के मतदान केन्द्र मे वोटिंग मशीन मे खराबी आने से आधे घंटे तक मतदान प्रभावित रहा। इसी तरह मतदान केन्द्र झिटकी मे भी वोटिंग मशीन खराब होने की वजह से दो घंटे तक मतदान कार्य प्रभावित हुआ। इसी तरह ग्राम पंचायत नर्रा मतदान केन्द्र मे आधे घंटे तक मशीन मे खराबी की वजह से मतदान कार्य बंद रहा। मतदान केन्द्र नर्रा बुथ क्रमांक 257 और 259 मे कुल मतदाता संख्या 2035 में 1795 मत पड़े। इसी तरह मतदान केन्द्र बिन्द्रावन में कुल मतदाता 1952 मे 1665 मत पड़े। मतदान केन्द्र खट्टी में कुल मतदाता 1449 में 1196 मत पड़े। मतदान केन्द्र परसुली मे 910 मे 700 मत पड़े। मतदान केन्द्र मुडपार में कुल मतदाता 1063 मे 858 मत पड़े। मतदान केन्द्र



परकोम ?? में कुल मतदाता 875 मे 735 मत पड़े। इसी तरह मतदान केन्द्र राटापाली में कुल मतदाता 565 मे 518 मत पड़े। मतदान केन्द्र कारागुला मे कुल मतदाता 996 मे 768 मत पड़े। मतदान केन्द्र पंडरीपानी मे कुल मतदाता 725 मे 628 मत पड़े। इसी ? प्रकार मतदान केन्द्र उखरा मे कुल मतदाता 730 मे 629 मत पड़े। मतदान केन्द्र लामीसरार मे कुल मतदाता 442 मे 354 मत पड़े।? मतदान केन्द्र अमेरा मे कुल मतदाता 428 मे 368 मत पड़े। ग्रामीण अंचल में मतदान करने मतदाताओं में सुबह से लेकर शाम तक लम्बी लाईन लगी रही। ग्रामीण मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने काफी उत्साहित थे। जिसका उन्होंने पूरा उपयोग किया है।

# केशला में हुए 75 फीसदी प्रतिशत मतदान आदर्श युवा संघ ने की

**केशला खरोरा में मतदान हेतु लोगों को जागरूक**



**खरोरा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। 17 नवंबर को हुवे द्वितीय चरण के मतदान में पूरे खरोरा क्षेत्र मानो चुनाव त्योहार मना रहा हो ऐसा सक्रिय माहौल सुबह से दिखाई देता रहा सुबह 8 बजे से प्रारंभ हुआ मतदान में 1 बजे तक 30 फीसदी मतदान क्षेत्र में हो चुका था आदर्श युवा संघ के सदस्य द्वारा लगातार शत प्रतिशत मतदान हेतु मुहिम चलाई गई थी और पूरे दिन भर लोगो से सोसल मीडिया में वोट की इंक दिखाते हुए फोटो अपलोड करने प्रोत्साहित किया जिससे सभी लोगो ने मतदान हेतु क्रेज दिखाई दिया खासकर फस्ट टाइम वोटर मतदान हेतु उत्साहित होकर मतदान केंद्र पहुंचे और व्हास्टैप, हो या फेसबुक, इंस्टाग्राम सभी सोसल मीडिया में फोटो अपलोड करते रहे।

# आज संत जलाराम जयंती होंगे विविध कार्यक्रम

**धमतरी,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। रविवार को श्री जलाराम जयंती महोत्सव का आयोजन गुजराती समाज व श्री जलारामबापा मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया गया है। सुबह 4 बजे जलाराम बापा मंदिर में मंगला आरती होगी। 5 बजे गुजराती समाज भवन से प्रभात फेरी निकलेगी। 11.30 बजे मंदिर में नारायण भोग आरती होगी। 12 बजे गुजराती समाज भवन में नारायण भोग लगाया जाएगा। शाम 5.30 बजे गुजराती समाज भवन से व 6.30 बजे जलाराम मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। गुजराती समाज भवन में रात 7.45 बजे आरती के बाद 8 बजे महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। इसी तरह जलाबापा मंदिर में महाप्रसादी दोपहर 12.30 बजे से 2.30 बजे तक होगी। श्री जलाराम महिला सत्संग मंडल द्वारा मंदिर में शाम 4 से 5.30 बजे तक भजन संध्या होगी।

# कलेक्टर ने सुबह 4 बजे तक जमा करवाया मतदान सामग्री

**बिलाईगढ़,** 18 नवंबर(देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में 17 नवम्बर को शाम 6 बजे से 4 बजे रात तक विधानसभा सारंगढ़, बिलाईगढ़ और रायगढ़ के मतदान केंद्रों के मतदान दलों की वापसी पर निर्वाचन सामग्री का संग्रहण पूरा कराया गया। जिला प्रशासन के इस टीम में पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, एएसपी निवेदिता पाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा, डॉ स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी, बी एक्का, एआरओ तहसीलदार, सीईओ योगेश्वरी बर्मन, प्रज्ञा यादव, संजू पटेल सहित जिले के सभी अधिकारी उपस्थित थे।

# नगर ठेठवार यादव समाज ने मातर मिलन महोत्सव का किया आयोजन

**फिंगेश्वर**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। नगर ठेठवार यादव समाज फिंगेश्वर द्वारा मातर मिलन महोत्सव का शानदार आयोजन किया गया इस अवसर पर फिंगेश्वर के राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों के द्वारा जिसमें जगदीश यादव अध्यक्ष नगर पंचायत फिंगेश्वर, बिसौहा हरित पूर्व सरपंच, डॉक्टर चंद्रशेखर हरित समाजसेवी, दूजलाल बंजारे पूर्व नगर अध्यक्ष, घनश्याम यदु संरक्षक नगर यादव समाज एवं मनचस्थ सभी अतिथियों के द्वारा भगवान श्री कृष्ण के पूजन वंदन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तत्पश्चात सभी अतिथियों ने गौ माता को सोहई बांधा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वागत भाषण में घनश्याम यदु संरक्षक नगर यादव समाज ने सभी समाज के प्रमुखों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया और इस प्रकाश पर्व पर सबको बधाई देते हुए विशेष रूप से राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह की बधाई देते हुए उन्हें अपनी ओर से बहुत साधुवाद दिया कि उन्होंने फिंगेश्वर जो की मंदिरों के नाम से प्रसिद्ध है ऐसे सभी मंदिरों को एक नया रूप प्रदान किया है इसके लिए उन्हें बधाइयां दी साथ ही मंच पर उपस्थित फिंगेश्वर के गौशाला के संचालक डॉक्टर चंद्रशेखर हरित को भी इस अवसर पर बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सरपंच बिसौहा हरित ने यादव समाज को धन्यवाद दिया और कहा कि आप लोगों के कारण हम लोग भी इस दीपावली मिलन के कार्यक्रम में उपस्थित होकर एक दूसरे से मिल पाते हैं साथ ही गौ माता का पूजन करने का अवसर हम सब लोगों को प्राप्त होता है इसके लिए उन्होंने धन्यवाद दिया। अगले वक्ता दूज लाल बंजारे ने आज के वर्तमान स्थिति में समाज में लोग गोपालन से विमुख होकर दूसरे पालतू पशु जैसे कुत्ते पालन को अपना शान समझने लगे हैं इस पर कटाक्ष किया और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह ने दीपावली की शुभकामनाएं सभी नगर वासियों को देते हुए यादव समाज को बहुत-बहुत बधाई और धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक यदुनंदन श्रीवास, धर्मवीर




यादव, रामजी विश्वकर्मा,संतोष थदानी, जितेंद्र ठाकुर, ओमप्रकाश सिंह , खेदू सिंहा,मन्नू यदु, अमृत यदु , दशरथ बंजारे, सुनहर यदु,रविदत्त पांडे,लाल चंद सिन्हा,सुशील शर्मा,सहित नगर फिंगेश्वर के यादव बंधु रज्जू यादव, संतोष यदु, गोपेश यदु, विनोद यदु, मनोज यदु, दिलीप यदु, बालमुकुंद यदु,पप्पू यदु, बलवंत यदु, कमलेश यदु, संतोष यदु, योगी यदु, चमन यदु,यशवंत यदु ,अरविंद यदु, त्रिलोक यदु, पांडा यदु,विजय यदु , अनिल यदु, हीरु यदु,सोनल यदु सहित फिंगेश्वर नगर के समस्त यादव बंधु और माताएं जिसमे संतोषी श्रीवास्तव,शांति कोसरे,शीला यदु,चंदा यदु, पद्मा यदु, मंटोरा यदु , पुष्पा यदु, संगीता यदु,संध्या यदु सहित सभी माताएं व बहनें शामिल थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अखाड़ा प्रदर्शन रहा जिसमे नगर के मौली पर के जाबाज वीरों ने शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का संचालन उमेश यदु शिक्षक एवम सचिव ने किया साथ ही आभार प्रदर्शन नगर अध्यक्ष तेजेश यदु ने किया।

# कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर आभार व्यक्त किया

**धमतरी,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की तीनो विधानसभाओं में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर मतदान कार्य संपादित एवं संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।



उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में मतदान कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू ढंग से संपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया, वहीं सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। जिले के नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ निर्वाचन व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहले बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों ने भी मतदान किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सभी तरह के समाचारों का पर्याप्त कव्हरेज करते हुए सभी को अवगत कराया। स्काउट-गाईड, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्रों द्वारा मतदान के समय उपयोगी भूमिका निभाई गई, जो सराहनीय है। मतदान दलों को लाने-ले जाने के अन्य कार्यों में लगे वाहन चालकों के सहयोग के बिना यह निर्वाचन कार्य भली-भांति संपादित नहीं हो पाता, इनके पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठ होने के फलस्वरूप यह कार्य संपादित हुआ है, इसके लिए सभी वाहन चालक बधाई के पात्र हैं। इसके अलावा स्वसहायता समूह, सामाजिक संगठनों सहित अन्य सभी संस्थाओं ने अपनी भूमिका अदा की है और उनका कार्य सराहनीय रहा है, ये सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## निधन

### भगवानधर दीवान

**नवापारा-राजिम,** 18 नवंबर।



ब्राम्हणपारा निवासी भगवानधर दीवान का निधन शनिवार शाम को हो गया। शवयात्रा आज रविवार 19 नवंबर को सुबह निवास स्थान से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजेश दीवान के पिता थे।

### नेतराम वर्मा

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 18 नवम्बर। ग्राम कोसमंदी निवासी नेतराम वर्मा का निधन हो गया। उनके निधन पर परिजन आत्मीयजन, ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम में किया गया। वे मन्नु वर्मा के पुत्र थे।



### स. किरत सिंह मथारू

**रायपुर,** 18 नवंबर। सिविल लाइन निवासी स. किरत सिंह मथारू (15 वर्ष) का आकस्मिक निधन 15 नवंबर को हो गया था। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे हरमीत सिंह मथारु के पोते, सचेतन सिंह के बेटे व जसदेव सिंह के भतीजे थे।



# बाल दिवस के अवसर पर किया गया जागरूकता शिविर का आयोजन



**खैरागढ़,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। बाल दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता शिविर का आयोजन 18 नवम्बर को नालसा बिलासपुर व राजनांदगांव जिले के विधिक सेवा अध्यक्ष आलोक कुमार तालुका विधिक सेवा समिति खैरागढ़ के अध्यक्ष चन्द्र कुमार कश्यप सचिव देवशीष ठाकुर के मार्गदर्शन में शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हीं में बाल दिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया जहां पैरालीगल वालेंटियर गोलू दास साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाल दिवस 14 नवंबर को मनाया जाता है किन्तु स्कूलों का अवकाश होने के कारण से 18 नवम्बर को मनाया गया यह स्वतंत्र भारत का पहला प्रधानमंत्री दिवंगत जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। नेहरू स्वतंत्रता सेनानी व आदर्श नेता थे। वह बच्चों को देश की उन्नति और भविष्य का आधार मानते थे. उनका कहना था कि बच्चे कुम्हार कि कच्ची मिट्टी की तरह बना होता है। बच्चों को उन्नति के अनुसार आकार व आकृति देने की जरूरत होती है. बच्चों का मन निश्छल निर्मल होता है। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा खाने कि समाग्री व ग्रुप में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। बच्चों के भविष्य के प्रति सजग रहे तभी देश का भविष्य कायम रहेगा पैरालीगल वालेंटियर गोलू दास साहू ने कार्यक्रम को संबोधित किया उक्त कार्यक्रम में प्रधान पाठक भूमि रावते सहित शिक्षक गण मनीता सिंह, शशि साहू व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# चोरी का सामान खरीदने वाला कबाड़ी गिरफ्तार

**तीनों आरोपियों को भेजा गया ज्युडिशियल रिमाण्ड पर**

**खैरागढ़,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। नगर के वार्ड क्रमांक 2 पंडरिया गंडई निवासी प्राथी किशन लाल यादव ने 16 नवम्बर को गंडई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था. प्रार्थी किशन ने बताया कि 13-14 नवम्बर की रात्रि में मेरे घर के सामने बना छड़ सिमेंट रखने का गोदाम का ताला टुटा हुआ था. उसमे 8 एमएम का 4 चिंटल का रिंग व छत ढ़ालने का 10 नग स्पांच जिसकी कीमत लगभग 49000 हजार रूपए बताई जा रही है. जो कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया प्राथी के द्वारा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा के तहत 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान एसपी अंकिता शर्मा, एएसपी नेहा पाण्डेय के निर्देशन में एसडीओपी प्रशांत खाण्डे के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में 8 एमएम का 4 चिंटल का रिंग व छत ढ़ालने का 10 नग स्पांच कीमत 49000 रुपए की चोरी करने वालो को पुलिस के द्वारा पता तलास किया जा रहा था. तलासी के दौरान गंडई के एक कबाडी दुकान में चोरी का 8 एमएम का रिंग व स्पांच मिलने पर



कबाडी दुकान वाले मो. जावेद से पुलिस के द्वारा पूछताछ करने पर चोरी का सामान खरीदना स्वीकार किया गया पुलिस के द्वारा पूछने पर बताया गया कि विकाश जायसवाल पिता फगनू जायसवाल उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 2 पंडरिया गडई आपचारी बालक उम्र 17 वर्ष का नाम पता बताने पर आरोपियों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया गया दोनो आरोपियों से चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी दुकान के संचालक मो. जावेद पिता नूर मोहम्मद उम्र 46 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 15 रामपारा गंडई को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया व अपचारी बालक को बाल न्यायालय में पेश किया गया है।

# युवकों ने बढ़ चढ़कर किया मतदान



**देवकर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। मतदान के प्रति आमजन मानस में रहा भारी उत्साह लोकतंत्र के महात्सव विधानसभा चुनाव में मतदान को लेकर लोगों में जमकर उत्साह नजर आया ।नगर देवकर में सबसे पहले युवाओं राकेश पान्डेय ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लगभग सभी वर्ग अपने -अपने घरों से निकलकर अपने दायित्व का निवँहन करते हुए ।जागरूकता का परिचय दिए ।मतदान केंद्रों में लोग सहपरिवार पहुंचकर चुनाव तिहार में भाग लिए ।विशेष कर पहली बार वोट डाल रहे युवाओं में काफी उत्साह नजर आया ।लोकतंत्र की बुनियाद रखने में सभी ने अपनी जिम्मेदारी निभाई ।इसी प्रकार छात्र वर्ग ,नौकरी पेशा वर्ग व्यापारी वर्ग ,गृहिणी वर्ग ,वरिष्ठ जन सहित तमाम वर्ग के लोग मतदान केन्द्रों में पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी का निवँहन किए ।साथ ही बाकी लोगों को भी मतदान करने का संदेश देकर जागरूक लाते रहे। देवकर नगर में मतदान केंद्र पर अपना अपना मतदान करने पहुंचे रहे हैं ।मतदाता मतदान केंद्र को खूबसूरत सचाया गया है। सेल्फी पॉइंट देंखे युवाओं ने।

# प्रदेश में सबसे अधिक मतदान धमतरी में हुआ, 86.65 प्रतिशत हुआ मतदान



**धमतरी,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत् शुक्रवार 17 नवम्बर को जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी 753 मतदान केंद्रों में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस बार हुए मतदान ने यह सिद्ध कर दिया है कि आदिवासी क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार को लेकर काफी जागरूक हो चुके हैं। जिले में स्थापित किए गए आदर्श मतदान केन्द्र, संगवारी पोलिंग बूथ, बिटिया हेल्प डेस्क, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्थापित किए गए मतदान केन्द्रों में वोट डालने मतदाताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। 17 नवम्बर को सुबह 7.30 बजे से ही कतार में लगकर मतदाताओं ने वोट डाला, जो कि देर शाम तक चलता रहा।

प्राप्त आंकड़े अनुसार जिले के कुल 5 लाख 38 हजार 945 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 86.65 प्रतिशत है। इसमें 2 लाख 66 हजार 244 पुरूष मतदाता एवं 2 लाख 72 हजार 696 महिला मतदाता और 5 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56-सिहावा (अनुसूचित जनजाति) में 1 लाख 69 हजार 417 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 87.64 प्रतिशत है। इसमें 82 हजार 338 पुरूष मतदाता एवं 87 हजार 77 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 57-कुरूद में 1 लाख 88 हजार 136 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 90.17 प्रतिशत है। इसमें 94 हजार 437 पुरूष मतदाता एवं 93 हजार 698 महिला मतदाताओं ने मतदान किया, जो डाले गए मतों का 90.17 प्रतिशत है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 58-धमतरी में 1 लाख 81 हजार 392 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 82.44 प्रतिशत है। इसमें 89 हजार 469 पुरूष मतदाता एवं 91 हजार 921 महिला मतदाताओं ने मतदान किया, जो डाले गए मतों का 82.44 प्रतिशत है।

**पोस्टल बैलेट और होम वोटिंग के माध्यम से जिले के 3307 लोगों ने मतदान किया**

17 नवम्बर 2023 को हुये मतदान एवं पोस्टल बैलेट वोटिंग तथा होम वोटिंग को मिलाये तो जिले में 87.18 प्रतिशत मतदान हुआ है। सिहावा विधानसभा में पोस्टल बैलेट एवं होम वोटिंग के माध्यम से 986 लोगों ने मतदान किया। कुरूद विधानसभा में पोस्टल बैलेट एवं होम वोटिंग के माध्यम से 982 और धमतरी विधानसभा में 1339 लोगों ने मतदान किया। इस तरह पोस्टल बैलेट और होम वोटिंग के माध्यम से जिले के 3307 लोगों ने मतदान किया।

**मतदाता सूची का सटीक पुनरीक्षण के कारण बढा मतदान प्रतिशत**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में पुनरीक्षण के कार्य को गंभीरता के साथ कराने के निर्देश दिए थे। जिसके परिणाम स्वरूप पूरे जिले में 29 हजार 717 से अधिक नए मतदाता जुड़े, वही 18 हजार 363 के नाम मतदाताओं के नाम सूची से काटे गए।

**स्वीप गतिविधियों के परिणामस्वरूप प्रदेश का सबसे अधिक मतदान धमतरी जिले में हुआ**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने विभिन्न स्वीप गतिविधियां आयोजित की गईं। इसके परिणामस्वरूप धमतरी जिला प्रदेश का सबसे अधिक मतदान वाला जिला बना।

- पूरे प्रदेश में अधिक मतदान के साथ साथ विधानसभावार कुरुद व सिहावा विधानसभा में भी हुआ अधिक मतदान
- धमतरी जिले में ऐतिहासिक रहा मतदान, पिछले कई सालों के मतदान रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 86.65 हुआ मतदान

**जिले के अधिकतर नये मतदान केन्द्रों में 90 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदान**

विधानसभा 56 सिहावा के मतदान केन्द्र क्रमांक 4 बांसपारा में 90.32 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 13 साल्हेभाठा में 94.23 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 55 हथबंध में 82.15 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 57 रेंगाडीह में 87.78 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 83 भोभलाबाहरा में 83 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 91 झूरातराई में 90 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 110 खैरभर्री में 95 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 120 आमदी में 86.77 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 124 दाबगांव में 86.80 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 127 राजपुर में 90.18 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 134 चारगांव में 85.66 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 189 देवपुर में 87.63 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 194 पंडरीपानी रैयत मे 90.43 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 235 लखनपुरी में 89.14 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 237 पंडरवाही में 88.96 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 239 मौहाबाहरा में 91.72 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 240 रानीगांव में 87.88 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 245 तुमड़ीबाहार 91.26 प्रतिशत और मतदान केन्द्र क्रमांक 248 फरसगांव में 90.79 प्रतिशत वोट पड़े।

विधानसभा 57 कुरूद के मतदान केन्द्र क्रमांक 3 कचना में 88.77 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 35 दर्रा में 95.66 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 39 संकरी में 93.68 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 117 बगौद में 89.91 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 134 भाठागंव में 89.93 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 205 परसट्ठी में 93.66 प्रतिशत वोट पड़े। विधानसभा 58 धमतरी के मतदान केन्द्र क्रमांक 92 बलियारा में 84.41 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 102 मुजगहन में 85.87 प्रतिशत वोट पड़े।

**'संगवारी मतदान केन्द्रों में पिछले निर्वाचन से अधिक हुआ मतदान**

संगवारी मतदान केन्द्रों में भी पिछले निर्वाचन से इस बार अधिक मतदाताओं ने वोट डालकर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था जताई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा के मतदान केन्द्र क्रमांक 62 मगरलोड में वर्ष 2018 में 79.25 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि इस वर्ष 84.49 प्रतिशत वोटरों ने वोट किया। इस तरह 2023 में 5.24 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ। मतदान केन्द्र क्रमांक 143 बिलभदर में वर्ष 2018 में 83.43 प्रतिशत वोट पड़ा, जबकि इस बार 86.04 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार 2.62 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। इसी तरह मतदान केन्द्र क्रमांक 146 हरदीभाठा में वर्ष 2018 में 82.97 प्रतिशत वोट पड़े वहीं इस वर्ष 87.08 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। इस तरह 4.12 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 151 नगरी में वर्ष 2018 में 73.50 प्रतिशत वोट पड़े, इस साल 78.76 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। इस तरह 5.26 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 152 नगरी में वर्ष 2018 में 72.47 प्रतिशत वोट पड़े, वर्ष 2023 में 78.62 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला, इस तरह 6.16 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 153 नगरी में वर्ष 2018 में 68.04 प्रतिशत तो वर्ष 2023 में 77.39 प्रतिशत वोट पड़े, इस तरह 9.36 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 163 अमाली में वर्ष 2018 में 89.63 प्रतिशत, तो वर्ष 2023 में 89.52 प्रतिशत वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 173 सांकरा में वर्ष 2018 में 81.52 प्रतिशत तो 2023 में 82.15 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला, इस तरह 0.64 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 189 देवपुर में 2023 में 87.63 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 196 सेमरा में वर्ष 2018 में 81.70 प्रतिशत तो वर्ष 2023 में 86.32 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाले। इस तरह 4.62 प्रतिशत वोट अधिक पड़े।

विधानसभा क्षेत्र 57 कुरूद के तहत मतदान केन्द्र क्रमांक 01 कचना में वर्ष 2018 में 92.78 प्रतिशत मतदान हुआ था, वहीं 2023 में 95.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस तरह 2.47 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 15 सरबदा में वर्ष 2018 में 87.61 प्रतिशत वोट पड़ा, जबकि इस बार 86.39 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार 1.22 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। इसी तरह मतदान केन्द्र क्रमांक 32 फुसेरा में वर्ष 2018 में 87.73 प्रतिशत वोट पड़े वहीं इस वर्ष 90.99 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। इस तरह 3.27 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 71 भखारा में वर्ष 2018 में 88.21 प्रतिशत वोट पड़े, इस साल 87 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। मतदान केन्द्र क्रमांक 126 नवागांव (थु.) में वर्ष 2018 में 80.80 प्रतिशत वोट पड़े, वर्ष 2023 में 90.40 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला, इस तरह 9.60 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 129 मरौद में वर्ष 2018 में 85.10 प्रतिशत तो वर्ष 2023 में 76.69 प्रतिशत वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 133 भाठागांव में वर्ष 2018 में 89.94 प्रतिशत, तो वर्ष 2023 में 88.49 प्रतिशत वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 152 सेलदीप में वर्ष 2018 में 89.95 प्रतिशत तो 2023 में 90.13 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला, इस तरह 0.18 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 162 चर्रा में वर्ष 2018 में 91.37 प्रतिशत था, वर्ष 2023 में 90.56 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान केन्द्र क्रमांक 175 कुरूद में वर्ष 2018 में 87.82 प्रतिशत तो वर्ष 2023 में 84.81 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाले।

विधानसभा क्षेत्र 58 धमतरी के तहत मतदान केन्द्र क्रमांक 104 लोहरसी में वर्ष 2018 में 86.17 प्रतिशत मतदान हुआ था, वहीं 2023 में 93.17 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस तरह 6.99 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 106 लोहरसी में वर्ष 2018 में 88.73 प्रतिशत वोट पड़ा, जबकि इस बार 91.98 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार 3.25 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। इसी तरह मतदान केन्द्र क्रमांक 115 गोकुलपुर में वर्ष 2018 में 79 प्रतिशत वोट पड़े वहीं इस वर्ष 77.39 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। मतदान केन्द्र क्रमांक 116 गोकुलपुर में वर्ष 2018 में 65.16 प्रतिशत वोट पड़े, इस साल 70.57 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला।

इस तरह 5.41 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ। मतदान केन्द्र क्रमांक 151 रामपुर वार्ड में वर्ष 2018 में 74.53 प्रतिशत वोट पड़े, वर्ष 2023 में 71.59 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। मतदान केन्द्र क्रमांक 154 रामपुर वार्ड में वर्ष 2018 में 75.09 प्रतिशत तो वर्ष 2023 में 73.05 प्रतिशत वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 179 बठेना वार्ड में वर्ष 2018 में 85.84 प्रतिशत, तो वर्ष 2023 में 84.54 प्रतिशत वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 216 रूद्री में वर्ष 2018 में 77.74 प्रतिशत तो 2023 में 72.31 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। मतदान केन्द्र क्रमांक 218 रूद्री में वर्ष 2018 में 59.08 प्रतिशत था, वर्ष 2023 में 56.74 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान केन्द्र क्रमांक 221 भटगांव में वर्ष 2018 में 90.38 प्रतिशत तो वर्ष 2023 में 88.47 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाले।



## दिव्यांग वी वृद्धजन मतदाताओं का सहयोग किया एनएसएस के स्वयंसेवकों ने



**सरायपाली,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय - लम्बर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के मतदाता मित्रों द्वारा डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो महासमुंद के निर्देशन में तथा जी. पी. पटेल प्राचार्य, व आर. के. पटेल कार्यक्रम अधिकारी के मार्गनिर्देशन में 27 स्वयं सेवको ने 14 मतदान केन्द्रो जिसमें करनापाली, ढूटीकोना, प्राथमिक शाला लम्बर, मिडिल स्कूल लम्बर, छिर्राबाहरा, डोंगरीपाली, झालपाली, पोटापारा, लोहरिनडीपा, सागरपाली, रोहिना, बंसुलीडीह पलसाभाडी, विजराभांठा आदि में वृद्धजन एवं दिव्यांग लोगों की मतदान करने में सहायता किये, उसमें सुमित चौरसिया दलनायक, प्रीति साहू दल नायिका सीमा साहू, अंजली भास्कर, रुपाली वैरागी, कुन्ती मैत्री, प्रेमशीला पटेल, गुलाब पटेल, योगेश अजय, हरीश पटेल, भूपेन्द्र बरिहा नीकेश पटेल, ताराचंद नागवंशी, विकास चौहान, अजय कत्थाकार, राहुल पटेल, हर्ष चौधरी, करनदास मानिकपुरी, नंदकुमार पटेल, गोपी किशन श्रीवास, अनुराग साहू, विनाद पटेल, चुमन पटेल, करन निषाद, कुशल पटेल, घनेश पटेल, अंकित चंद्रा आदि स्वयं सेवक सहयोग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उक्त जानकारी आर के पटेल कार्यक्रम अधिकारी ने दिया।

## पहले मतदान फिर अंतिम संस्कार

### पहले मतदान उसके बाद दूसरा काम की तर्ज पर

**बागबाहरा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधान सभा के बागबाहरा के समीपस्थ ग्राम हरनादादर में नरेंद्र मांझी की माता शतायु प्राप्त श्रीमती मिथिला मांझी का निधन हो जाने से अंतिम संस्कार के लिए जाने की तैयारी कर रहे थे। इस घटना की जानकारी होने पर स्वीप ब्रांड एंबेसेडर डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही शोक संतप्त परिवार के बीच पहुंच कर सांत्वना दी। साथ ही परिवार जनों को समझाया कि अंतिम संस्कार के पहले मतदान जरूर करें। डॉ पाणिग्रही ने बताया कि शोक संतप्त परिवार के बीच ऐसे संवेदनशील अवसर पर जहां शव पड़ा हो, मतदान की बात करना चुनौतीभरा था, फिर स्वीप कार्यक्रमों के मैदानी अनुभवों एवं सबसे पहले मतदान उसके बाद दूसरा काम च्च इस सूत्र वाक्य को लेकर साहस जुटा कर मैने परिवार जनों के बीच बात रखा।



परिवार के मुखिया नरेंद्र मांझी ने परिवार के बीच चर्चा की। नरेंद्र मांझी ने बताया कि जगबंधु मांझी, कोई बाई मांझी, कृष्टो मांझी, सुभद्रा मांझी, नूरपति मांझी, नैन कुमार मांझी, जोगेश्वरी मांझी, मुकेश मांझी, प्रे म मांझी, वंदना मांझी, पहले मतदान करने निकले तथा बाकी लोग अंतिम संस्कार के बाद मतदान करने जाएंगे। अंतिम संस्कार पूर्ण कर लौटने के बाद मैं पुनः मांझी परिवार के घर पहुंचा। मुझे जानकार अच्छा लगा कि परिवार के सारे सदस्य मतदान करने गए हुए थे। मेरी मुलाकात नहीं हो सकी। मतदान समय समाप्त होने के बाद फिर मैं उनके पास गया। उन्होंने बताया कि परिवार के सभी लोग मतदान करके आ चुके हैं इस तरह नरेंद्र मांझी परिवार ने शोक के समय भी मतदान एक अनुकरणीय कार्य किया है।

## स्ट्रांग रूम किया गया सील

### 3 दिसम्बर को होगी मतगणना




**धमतरी,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में विधानसभा मतदान के पश्चात सभी मशीनों को आने के बाद सामान्य प्रेक्षक विधानसभा धमतरी एवं सिहावा मनीष अग्रवाल, सामान्य प्रेक्षक विधानसभा कुरुद दीपक रामचंद्र तावरे तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी और सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पॉलिटेक्निक कालेज रुद्री में स्ट्रांग रूम को सील किया गया। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए जवान तैनात हो गए हैं। स्ट्रांग रूम में विधानसभा वार 3 विधानसभा के हिसाब से अलग-अलग ईवीएम एवं वीवीपैट रखी गई हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने पॉलिटेक्निक कालेज रुद्री में मतगणना स्थल और सीसीटीवी मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमति रोक्तिमा यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी, समस्त एसडीएम एवं रिटर्निंग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएं मतदान केन्द्रों में कर रहे हैं सेवा कार्य



**खरोरा,** 18 नवंबर। भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा के स्काउट गाइड की छात्र-छात्राएं खरोरा ,केशला, बुढेरा मांठ, के विभिन्न मतदान केंद्रों में सेवा कार्य का सुचारू व व्यवस्थित तरीके से कर रहे हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 67, 68, 69, 70, 71, 72, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 80 में विद्यालय के छात्र प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन व स्काउट गाइड प्रभारी शाहिना परवीन के मार्गदर्शन में यह शुभ कार्य संचालित है। इस सेवा कार्य में बीना देवांगन अंजलि देवांगन, अमृता देवांगन, चंद्र कुमार ने अपनी सेवा दी।

## पहली बार मतदान, विकास पर वोट


पहली बार अपने मत

**खरोरा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय खरोरा नगर सहित अंचल के गांवों में शुक्रवार को विधानसभा चुनाव का मतदान किया गया। लोकतंत्र का महापर्व पर ग्रामीण मतदाताओं के चेहरों में चमक दिखाई दे रहा था। वहीं मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सुबह ऐसे ही मतदान केंद्र की ओर निकल रहे थे। लोगों ने पूरी तरह शांति और सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में मतदान किया। मतदान में पुरुषों के साथ महिलाओं और युवाओं ने भी स्वस्फूर्त होकर मुद्दों के आधार पर अपने मतों का प्रयोग किया। जिसके कारण दोपहर 12.30 से 2.30 बजे के बीच पिक टाइम रहा। जिसके कारण मत दान केंद्रों में खासकर महिलाओं की लंबी लंबी लाइनें लगी रही वहीं खेतों में काम करने गए। किसानों ने दोपहर बाद मतदान केंद्र पहुंचकर वोट किया जिसके कारण 70 से 71त्न तक मतदान हुआ है ।लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट ही एक ऐसा अधिकार है,जिससे जनता अपनी मनचाही सरकार चुनती है,इसलिए आवश्यक है कि सभी को इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए ।

अपने मताधिकार का उपयोग ऐसे प्रतिनिधि के लिए करें जो बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र का विकास करे।

सुबह से ही क्षेत्र के मतदान केंद्र में मतदाताओं की लंबी कतार देखने में मिली पुरुष मतदाताओं के साथ महिलाएं भी सुबह से मतदान के प्रति जागरूक दिखी। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को प्रदेश में संपन्न हुआ । बड़ी संख्या में जागरूक नागरिकों ने बढ़ चढ़कर अपने मताधिकार का ।उपयोग किया।

## गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने हेतु विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ता दिल्ली में होने वाले आंदोलन के समर्थन हेतु रवाना हुए



**सरायपाली,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने हेतु विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता दिल्ली में होने वाले आंदोलन के समर्थन हेतु रवाना हुए। 20 नवंबर, सोमवार को गोपाष्टमी के पर्व पर गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने हेतु पूरे देश के हर एक क्षेत्र के गौ रक्षकों, गौ भक्तों के द्वारा एकत्रित होकर दिल्ली के रामलीला मैदान में वृहद रूप से आंदोलन किया जाएगा। इसी कार्यक्रम में समर्थन देने गौ माता को राष्ट माता का सम्मान दिलाने में अपना योगदान देने हेतु सरायपाली प्रखंड से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता कल 18 नवंबर को सरायपाली से रवाना हुए हैं। दिल्ली हेतु विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू जायसवाल, प्रखंड संयोजक मयंक पाणिग्राही, प्रखंड सहङ्कसंयोजक दीपक यादव, सहङ्कसंयोजक नंदन सिंह , कार्यकर्ताओं में नितिन साहू , अनंत भोई , हेमंत, खिरेंद्र, कमलेश्वर बंछोर, आशीष निषाद, कामेश मलिक, दीपेश यादव, विकेश भोई, खिरोद बंछोर, अनंत भोई, आशीष डडसेना, घनश्याम बैरागी आदि रवाना हुए हैं।

उल्टा पुल्टा

**पत्नी (पति से)**- तुम तो कहते थे कि शादी के बाद भी मुझे खूब प्यार करोगे?

**पति**- सॉरी यार! मुझे क्या पता था कि तुम्हारी शादी मेरे साथ हो जाएगी!



# नई सरकार के इंतजार में किसान धान बेचने की प्रक्रिया हुई धीमी

## अब तक केवल पांच प्रतिशत किसानों ने बेचा अपना धान



**रायपुर**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस और भाजपा ने जब सेअपना चुनावी घोषणापत्र जारी किया है, उसके बाद से धान की खरीदी धीमी हो गई है। किसान नई सरकार के इंतजार में खरीदी केंद्रों तक अपनी फसल लेकर नहीं पहुंच रहे हैं। अभी तक महज पांच प्रतिशत किसानों ने ही धान बेचा है।

लगभग एक लाख तीन हजार 377 किसानों ने पांच लाख 17 हजार टन धान बेचा। धान के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 958.08 करोड़ रुपये का भुगतान जारी कर दिया गया है। अभी तक महज पांच प्रतिशत ही धान की खरीदी हुई है। ये आंकड़े 18 नवंबर 2023 की स्थिति में हैं।

**किसानों के लिए दोनों प्रमुख दलों ने की बड़ी घोषणाएं**

भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री नवीन शेष का कहना है कि त्योहार और चुनाव के कारण धान कटाई में देरी हुई है और किसान तीन दिसंबर को किस दल की सरकार बनेगी किसान इसकी भी प्रतिक्षा कर रहा है, क्योंकि किसानों के लिए दोनों प्रमुख दल ने बड़ी घोषणाएं की है। सरकार कोई भी बने किसानों को लाभ मिलना निश्चित है। वहीं रायपुर के किसान उमा वर्मा और साधु चंद्राकर ने कहा कि दोनों ही दलों ने घोषणा की है और उसी के अनुसार किसानों को उम्मीद है कि लाभ मिलेगा।

**प्रदेश में 25 लाख किसान धान बेचेंगे**

छत्तीसगढ़ शासन ने पंजीकृत किसानों से खरीफ विपणन वर्ष 2023-2024 में 20 चिंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी का निर्णय लिया गया। पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी एक नवंबर 2023 से धान खरीदी बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत शुरू हो चुकी और 31 जनवरी 2024 तक चलेगा। इसी तरह मक्का खरीदी भी एक नवंबर 2023 से ही शुरू हो चुकी और 28 फरवरी 2024 तक चलेगी। इस वर्ष में किसानों से 125 लाख टन धान खरीदने का अनुमानित लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में 25 लाख किसान धान बेचेंगे।

**कांग्रेस-भाजपा ने किया है यह वादा**

कांग्रेस ने 3,200 रुपये की दर से 20 चिंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का वादा किया है, वहीं भाजपा ने 3,100 रुपये की दर से 21 चिंटल धान खरीदी की घोषणा की है। भाजपा ने बकाया दो साल का बोनस देने का भी वादा किया है। यही वजह है कि किसान अब तीन दिसंबर का इंतजार कर रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लाभ उठा सके। अभी धान बेचने पर उन्हें वर्तमान दर 2,183 रुपये प्रति चिंटल की दर से ही भुगतान होगा। किसानों का मानना है कि अभी तीन दिसंबर के बाद समर्थन मूल्य के साथ-साथ राज्य सरकार की योजनाओं का भी फायदा मिलेगा। इससे धान का भाव अधिक मिलेगा।

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष 18 नवंबर 2022 तक लगभग 2 लाख 61 हजार 346 किसानों से 8 लाख 67 हजार 487 टन धान की खरीदी हुई थी। धान के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 1,777.59 करोड़ रुपये का भुगतान जारी कर दिया गया था। पिछले वर्ष राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 110 लाख टन धान का उपार्जन अनुमानित था। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए प्रदेश में 25.91 लाख किसानों का पंजीयन हुआ था, जिसमें लगभग 2.18 लाख नए किसान थे।

**त्योहार और चुनाव के कारण किसान व्यस्त रहे**

धान खरीदी को लेकर सभी केंद्रों में व्यवस्था की गई है। इस बार अभी तक करीब पांच प्रतिशत धान खरीदी हुई है। त्योहार और चुनाव के कारण किसान व्यस्त रहे। अब रफ्तार बढ़ेगी।

# कांग्रेस की समीक्षा बैठक में फूटा आक्रोश



**भीतरघातियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर किया हंगामा**

**रायपुर**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया के बाद पार्टियों ने जीत-हार का गुणा-भाग करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस ने भी शनिवार को राजीव भवन में समीक्षा बैठक रखी। इस बैठक में पार्टी के समर्थकों का भीतरघात करने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ गुस्सा फूट पड़ा। केशकाल प्रत्याशी व विधानसभा के उपाध्यक्ष संतराम नेताम के नेतृत्व में केशकाल के समर्थक रायपुर पहुंचे।

समर्थकों ने राजीव भवन के बाहर अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अमीन मेनन पर भीतरघात का आरोप लगाते हुए हंगामा मचाया। साथ ही पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यकताओं ने यहां खूब नारेबाजी की। समर्थकों के नारेबाजी के बीच कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू के साथ भी बहस हो गई। मामले को बढ़ता देख कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने मोर्चा संभाला और उन्होंने कार्यकर्ताओं को शांत कराया।

शनिवार को केशकाल विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी संतराम नेताम के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा औज प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से मिलने राजीव भवन पहुंचे। जहां उन्होंने कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अमीन मेनन पर विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होकर काम करने का आरोप लगाते हुए निष्काषित करने मांग की।

कांग्रेस नेता और केशकाल विधानसभा से प्रत्याशी संतराम नेताम ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आमीन मेनन ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होकर काम किया है।विपक्ष के लोगो से अमीन मेनन ने 7 करोड़ रुपए लिए है। अमीन मेनन कांग्रेस को कमजोर करने का काम कर रहा है जिसके विरोध में सैकड़ों कार्यकर्ता आज राजीव भवन पहुंचे है।

संतराम नेताम ने कहा कि हम प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और प्रभारी कुमारी शैलजा से मुलाक़ात कर अमीन मेनन के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई कर पार्टी से निष्कासित करने की मांग कर रहे है। अमीन मेनन को आज नहीं हटाया गया तो सभी कार्यकर्ता राजीव भवन में सामूहिक इस्तीफा देंगें। साथ ही लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए काम नहीं किया जाएगा।

# रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन ने मनाया दिपावली मिलन



**एक किलो चाँदी के सिक्कों का भी वितरण किया गया**

**रायपुर**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन का दिपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी ने सभी सदस्यों को दीपावली की बधाई दीप जलाकर दी। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी विशेष रूप से समारोह में शामिल हुए 7

संस्था के सचिव अनिल दुग्गड ने बताया कि इस अवसर पर लकी ड्रॉ के द्वारा कुल 1 किलो चाँदी के सिक्कों का भी वितरण किया गया 7 निम्न सदस्यों को वितरित किया गया।

500 ग्राम निमेक बिल्डर, 250 ग्राम रिधि सिद्धि स्टैनलेस, 100 ग्राम एस डी इलेक्ट्रिक,50 ग्राम सांवरिया सेल्स, 20 ग्राम रोशन हार्डवेयर सैनिटरी 10 ग्राम के 10 सिक्के, गुरुदेव स्पैयार, इंडस्ट्रियल बेयरिंग, नवदुर्गा वेल्डिंग, बिएमएस रायपुर, मंगलम ट्रेडर, बबल साई हार्डवेयर, यश इलेक्ट्रिक, गौतम इंडस्ट्रीज, श्री तुलसी ट्रेडर, बेयरिंग सेंटर।

इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के कैलाश खेमानी, सुरेंद्र सिंह, वासु मखीजा, शंकर बजाज, रवि भवन अध्यक्ष जयनवानी एवं रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के संरक्षकन्मोहन खंटूजा ,गिरीश सिंघवी, मंगल शाह, सुशील सराफ, गोविंद अग्रवाल, कोषाध्यक्षन्अमित अग्रवाल,मनोज जैन, हर्षुक पटेल, विक्रम व्यास, रमेश जैन गोपाल अग्रवाल रूप महाडिया, नीरज गोयल ,हेमंत तोतला, प्रदीप पगारिया, शोएब अंसारी, हरीश गहलोत जय किशन मोहता, मोहन वल्यानी व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# राजधानी सहित बड़े शहरों में कम मतदान चिंताजनक, शहरियों को ग्रामीणों ने पछाड़ा

**रायपुर**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। लोकतंत्र के उत्सव में पढ़े-लिखों के शहरों की भागीदारी प्रश्न चिन्ह खड़े कर रही है।जहां ग्रामीण व अर्धशहरी क्षेत्रों में 75 से 84 प्रतिशत तक मतदाताओं ने भागीदारी की, वहीं रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, मुंगेली, दुर्ग जैसे बड़े शहरों के आंकड़े 65 प्रतिशत तक पहुंचते-पहुंचते हाफ गए।

रायपुर प्रदेश की राजधानी हैं, बिलासपुर न्यायधानी, वहीं भिलाई औद्योगिक नगरी है, लेकिन इन तीन बड़ों शहरों की स्थिति चिंताजनक है। यहां मतदाताओं का नहीं निकलना बड़ा सवाल खड़े कर रहा है। इसका फायदा कांग्रेस को होगा या भाजपा को होगा, यह तो मतगणना के दिन ही पता चलेगा। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि जहां काफी कम मतदान हुआ है, वहां भाजपा को नुकसान हो सकता है, वहीं 65 प्रतिशत से अधिक मतदान वाले सीटों पर दोनों पार्टियों में टक्कर हो सकती है। ऐसा कहा जा रहा है कि रायपुर उत्तर में निर्दलीय प्रत्याशी अजीत कुकरेजा समीकरण बदलने में कामयाब हो सकते हैं।

**वोटिंग नहीं किए छुट्टी मनाई**

रायपुर के लिए 2018 में भी स्थिति चिंताजनक रही थी। तब यहां औसत 60 प्रतिशत तक ही मतदान हुआ था। जानकारों का कहना है कि शहरी क्षेत्रों में कई पढ़े-लिखे युवा, बेरोजगार, नौकरीपेशा मतदान के दिन छुट्टी में मशगूल रहते हैं। छठ पर्व के चलते बिहारी लोग परिवार समेत अपने प्रदेश लौट गए है। ये लोग प्राय; शहरी इलाकों में रहते है। कई व्यापारी वर्ग भी छुट्टी मनाने चले जाते हैं। हालांकि चैंबर आफ कामर्स ने व्यापारियों के ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए अभियान भी चलाया था।

**सबसे कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्र**

| | |
|---|---|
| रायपुर ग्रामीण | 58.55 |
| रायपुर पश्चिम | 55.94 |
| रायपुर उत्तर | 55.59 |
| रायपुर दक्षिण | 60.20 |
| बिलासपुर | 56.39 |
| दुर्ग सिटी | 66.36 |
| भिलाई नगर | 66.34 |
| वैशाली नगर | 65.71 |
| कोरबा | 66.77 |
| अंबिकापुर | 75.64 |
| अहिवारा | 72.00 |
| मुंगेली | 67.40 |
| तखतपुर | 73.66 |

# पहली बार आज नौ बेटियों की एक साथ निकलेगी बारात



**रायपुर**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। सामाजिक संस्था सेवा पथ पिछले तीन वर्षों से निःशुल्क वर-वधुओं का शादी करा रहा है। इस साल भी वह 9 जोड़ों का शादी रविवार को कराने जा रहा हैं जिसमें चार दुल्हन व 6 दूल्हे रायपुर के हैं। जबकि एक दूल्हा अपनी दुल्हानिया लेने ओडिशा से आ रहा है। सबसे खास बात यह है कि हमेशा दुल्हो की बारात निकलती है लेकिन यहां पहली बार 9 दुल्हानों की बारात भी निकलेगी।

संस्था के प्रमुख सदस्य पहलाज खेमानी, राजा बजाज, शकुंतता लखवानी, सुलोचना नारायणी, संजय लालवानी व रवि पंजवानी ने संयुक्त पत्रकारवार्ता में बताया कि जांजगीर-चांपा की बेटी गुंजन रोचवानी की शादी रायपुर के शुभम चाँवला, तिल्दा की जया फतनानी की भानुप्रतापपुर के अंकित फोटाणी, रायपुर की पूनम खटवानी की रायपुर के ही सोमेश इंदनानी, रायपुर की

- **चार दुल्हन व 6 दूल्हे रायपुर के, ओडिशा से भी आ रहा दूल्हा**

सोनाली वाधवानी का विवाह रायपुर के निखिल अंदानी, दुर्गकोंदल की कोमल नथानी खैरागढ़ के मुकेश वाधवानी की दुल्हानियां बनेंगी। रायपुर की यशोदा सोनी की रायपुर के ही संतोष तलरेजा, बिलासपुर की रोशनी आहूजा की रायपुर के रवि मोटवानी, रायपुर की निकिता साधवानी की शादी रायपुर के ही रहने वाले दिनेश पिंजानी के साथ होगी। इन सब में सबसे खास शादी रायपुर की चिंकी कुकरेजा की होने वाली है जिसे अपनी दुल्हानियां बनाने ओडिशा के काटाभाजी के रहने वाले भावेश माखीजा आ रहे है और 19 नवंबर को शादी कर अपने साथ काटाभाजी ले जाएंगे।

पहलाज खेमानी ने बताया कि विवाह का पूरा कार्यक्रम अग्रसेन धाम में किया गया है जहां सभी वर-वधु लेडिस संगीत का आयोजन किया गया है। सबसे खास बात यह है कि हमेशा दुल्हो की बारात निकलती है लेकिन इस बार बेटियों की बारात भी निकलेगी। दुल्हों की बारात छोकरानाला से निकली तो वहीं बेटियों की बारात सालासार मंदिर से निकलेगी।

# सभी सीटें जीतकर भाजपा बनाएगी सरकार : सरोज पाण्डेय

**रायपुर**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा डॉ. सरोज पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश में हुआ अधिक मतदान, मतदाताओं का उत्साह यह साबित करता है कि प्रदेश में भाजपा सभी 90 विधानसभा में चुनाव जीतकर अपनी सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें छठ पर्व की बधाई दी है। सुश्री पाण्डेय ने दुर्ग जिले के सभी 6 सीटों पर हुए भारी मतदान को भाजपा की मजबूत स्थिति का परिचायक बताया है। राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.सरोज पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत का कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी, महतारी वंदन योजना, धान का खरीदी मूल्य 31 सौ रूपये प्रति क्विंटल करना बताते हुए कहा कि इसके अलावा प्रदेश की जनता कांग्रेस की वादा खिलाफी एवं भ्रष्टाचार से ऊब चुकी है। भाजपा ने नये चेहरों पर भरोसा कर 40 सीटों पर नये प्रत्याशी मैदान में उतारे थे और यह प्रयोग सफल होगा।



**छठ पर्व की बधाई :** सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा की राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि पर्व कुशल मंगल की कामना का पर्व है।

# नाबालिग लड़की का अपहरण कर अनाचार

**रायपुर**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। हेमराज उर्फ़ हेमंत जांगड़े पिता पुरुषोत्तम जांगड़े उर्फ़ रतन लाल जांगड़े उम्र 35 साल साकिन ग्राम भटगांव थाना घुमका जिला राजनांदगाव। घटना 30 अगस्त को घुमका थाना अंतर्गत ग्राम की एक नाबालिक लड़की को भटगांव निवासी संदेही हेमराज उर्फ़ हेमंत के द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने के संबंध मे पीड़िता की माँ की शिकायत पर थाना घुमका मे संदेही के विरुद्ध धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगाव दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना घुमका पुलिस के द्वारा आज दिनांक 18.11.2023 को ही आरोपी हेमराज जांगड़े उर्फ़ हेमंत को ठेलकाडीह जिला खैरागढ़ से हिरासत मे लेकर पूछताछ किया आरोपी के द्वारा अपराध घटित किया जाना बताया आरोपी के कब्जे से नाबालिक पीड़िता को बरामद कर महिला पुलिस अधिकारी से पूछताछ कराये जाने पर आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने, मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के संबंध मे नए तथ्य आने पर विवेचना के दौरान 366, 376(2), 377,323, 506 भादवि व धारा 4,6 पोस्को एक्ट की धारा जोड़कर आरोपी को आज दिनांक 18.11.23 को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड मे जेल दाखिल किया गया है

**आरोपी गिरफ्तार**

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना घुमका से थाना प्रभारी विनय कुमार पम्मार, उप निरीक्षक दयाशंकर मिश्रा, प्रधान आर. हेमंत अनंत, आरक्षक गोवर्धन कंवर, गौतम सिंह, सी.पी. साहू, केयूर भूषण यादव, महिला आरक्षक राजश्री मरकाम एवं थाना ठेलकाडीह पुलिस स्टॉफ की भूमिका सराहनीय रही।

# अनाचार के बाद हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। अनाचार के बाद हत्या के आरोपी को दंतेवाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने मृतका के साथ अनाचार के बाद गला दबाकर हत्या की बात स्वीकार की है। आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।



पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी राहूल उईके के पर्यवेक्षण में थाना सिटी कोतवाली दंतेवाड़ा के अपराध क्रमांक 118/2023 धारा-376,302, भादवि.के अज्ञात आरोपी की पता साजी कर गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी विजय यादव साकिन पोटाकेबीन के सामने जांगला जिला-बीजापुर हाल-आंवराभाटा दंतेवाड़ा को घेराबंदी कर पकड़ा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय पटेल, उप निरीक्षक किशोर कुमार जोशी, राम कुमार श्याम, एएसआई भूरेलाल शर्मा, सुनीता साहू, प्रशांत सिंह, गुरूवन्ता बर्गे रणवीर सिंह ठाकुर, रोशलिन तिर्की, सरस्वती राणा, हरिश नायर, भूनेश्वर नेताम का सराहनीय भूमिका रही।

# बाइक से फिसल कर युवती की हुई मौत

रायपुर, 18 नवंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर जैतपुरी में शनिवार की दोपहर हुए एक सड़क हादसे में युवती की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक जैतपुरी सड़कपारा निवासी सरिता मरकाम पिता धनीराम 25 अपने एक अन्य परिजन के साथ बाइक में सवार होकर लांजोड़ा बाजार जा रही थी।

इसी दौरान वह बाइक से फिसल कर सड़क पर गिर गई तभी जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रही एक ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# चोरी का सामान खरीदने वाला कबाडी गिरफ्तार

**रायपुर**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। प्रार्थी किशन ने बताया कि 13- 14 नवम्बर की रात्रि में मेरे घर के सामने बना छड़ सिमेंट रखने का गोदाम का ताला टुटा हुआ था। उसमे 8 एमएम का 4 चिंटल का रिंग व छत ढ़ालने का 10 नग स्पांच जिसकी कीमत लगभग 49000 हजार रूपए बताई जा रही है। जो कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया प्राथी के द्वारा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। पुलिस ने 8 एमएम का 4 चिंटल का रिंग व छत ढ़ालने का 10 नग स्पांच कीमत 49000 रुपए की चोरी करने वालो को पुलिस के द्वारा पता तलास किया जा रहा था। तलासी के दौरान गंडई के एक कबाडी दुकान में चोरी का 8 एमएम का रिंग व स्पांच मिलने पर कबाडी दुकान वाले मो। जावेद से पुलिस के द्वारा पूछताछ करने पर चोरी का सामान खरीदना स्वीकार किया गया।

CMYK

# आपसी रंजिश के चलते हत्या, 4 गिरफ्तार



**रायपुर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। आपसी रंजिश के चलते युवक की हत्या करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों में 2 नाबालिग भी शामिल हैं। मामला धरसींवा थाना का है।

जानकारी के अनुसार ग्राम निनवा निवासी मालिक राम वर्मा ने थाना धरसींवा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह में रहता है तथा राजमिस्त्री का काम करता है। 15 नवंबर को गांव में मातर का कार्यक्रम था। मातर देखने उसका भाई मयंक भारती भी दैहान पारा निनवा गया था। शाम करीबन 6.30 बजे उसे पता चला कि उसके भाई मयंक भारती को गांव के राहुल वर्माए रमाकांत साहू सुमित साहू और उसके साथियों ने चाकू मार दिया है। घटना के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए थे। जब वह वहां पहुंचा तो मयंक भारती खून से लतपथ जमीन में बेहोश पड़ा था तथा सीना में गहरी चोट थी। उसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने मयंक को मृत घोषित कर दिया। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना धरसींवा में धारा 147, 148, 149,302 भादवि,25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी धरसींवा व चौकी प्रभारी सिलयारी के नेतृत्व में चौकी सिलयारी पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी तथा आस.पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी शुरू की गई। टीम द्वारा अरोपियों के छिपने के हर संभावित स्थानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी रमाकांत साहू, राहुल वर्मा, सुमीत साहू, मुकेश साहू एवं विधि के साथ संघर्षरत 02 बालक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त कर उनके विरूद्ध कार्यवाही किया गया। पूछताछ में उनके द्वारा आपसी रंजिश के कारण हत्या की घटना को अंजाम देना बताया गया।

**2 नाबालिग भी पकड़ाए**

# एमएमआई अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप



**रायपुर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर स्थित एमएमआई अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। एमएमआई के ओपीडी इंचार्ज को कॉल पर धमकी दी गई। पूरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। पुलिस को मामले की जानकारी मिलते ही बम निष्क्रिय दस्ता को अस्पताल के लिए रवाना किया गया। मौके पर बम दस्ता को कोई सुराग नहीं मिला। इधर धमकी देने वाले अज्ञात काल धारक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

कांग्रेस नेता सुशील आनंद शुक्ला का बेटा भर्ती

बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अस्पताल में हड़कंप का माहौल है। मिली जानकारी अनुसार अस्पताल में कांग्रेस नेता सुशील आनंद शुक्ला का बेटा भर्ती हैए जिसे देखने के लिए सीएम भूपेश बघेल कुछ देर में अस्पताल पहुंचने वाले हैं।

सूचना के बाद मौके पर पहुंचे बम डिस्पोजल दस्ता और डॉग स्चायड की टीम ने अस्पताल की बारीकी से जांच की लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला आरोपी युवक ने धमकी क्यों दी इस मामले का खुलासा होना बाकी है

# सहस्त्रबाहु जयंती पर कल होंगे विविध क्रीडा प्रतियोगिता

**रायपुर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। क्षत्रिय वंष के प्रणेता राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु जयंती के अवसर पर रविवार को रायपुर कान्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जनता कॉलोनी गुढियारीए न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह रोड, शिवानंद नगर,,, एवं सी.बी.एस.ई मान्यता प्राप्त विद्यालय केन्ट इंटरनेशनल स्कूल झीट रायपुरा अमलेश्वर मार्ग में वार्षिक क्रीडा उत्सव का आयोजन किया गया है। भगवान सहस्त्रबाहु का साम्राज्य पूरे भारत वर्ष में एवं विदेशों में रहा। भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा विद्यालय में प्रातरू 10 बजे की जायेगीए इसके पश्चात् तीन मशाल ;शक्तिए एकता व विकासद्ध प्रज्जवलित की जायेगी। इस अवसर पर विद्यालय में छात्र.छात्राओं के शारीरिकए मानसिक एवं बौद्धिक विकास हेतु विभिन्न प्रकार की क्रीडा प्रतियोगिताएँ कक्षावार आयोजित की जायेगी। जैसे . गोला फेंक तवा फेंक व्यंजन प्रतियोगिता रंगोली पुष्पसज्जा सुलेख सलाद फैंसीड्रेस कबड्डी इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रथम व द्वितीय आने पर पुरस्कृत किया जायेगा।

# पोलिंग आपरेशन में आक्रमक रही भाजपा

**रायपुर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। कल मतदान के दिन भाजपा ने सूरजपुर से दुर्ग तक कल मतदान काफी अग्रेशन के साथ पूरे पोलिंग को संचालित किया। स्वयं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ठाकरे परिसर में पोलिंग कंट्रोल रूम बनाकर तैनात रहे। जहां विस जिला और बूथ स्तर से मिल रही शिकायतों पर फौरी कार्रवाई की जाती रही। ये शिकायते केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों के जरिए दूर की गई। डॉ मांडविया के साथ सासद संतोष पांडे,महामंत्री केदार कश्यप, महामंत्री पवन साय, दीपक म्हस्के, डॉ विजय शंकर पांडे, रजनीश शुक्ला भी मौजूद रहे। जहां से शिकायत मिलती डॉण् मांडविया तत्काल उस पर एक्शन करवाते। उन्होंने यहां तक कह दिया था कि प्रशासन कार्रवाई नहीं करेगा तो वे स्वयं मौके पर जाएंगे। इसके लिए एक चॉपर भी स्टैंड बाय रखा गया है। वे परसो रात से ही सक्रिय रहे।

पहली शिकायत उन्हें और नितिन नवीन को मिली कि सीतापुर में कांग्रेस प्रत्याशी के प्रभाव में तीन मंडल अध्यक्ष काम नहीं कर रहे और कार्यकर्ताओं को भी डराया धमकाया जा रहा है। इस पर फोर्स भेजकर स्थिति को नियंत्रित किया। इधर राजधानी के पश्चिम विस क्षेत्र के छोटा अशोक नगर बूथ से भी शिकायत मिली। जहां ईवीएम सीलिंग की पर्ची देने में देरी को लेकर पूर्व पार्षद पति वर्तमान पार्षद पति और समर्थक तनाव बढ़ा रहे थे। इस सूचना पर फिर फोर्स के डेढ़ दर्जन जवानों ने दौड़ा दौड़ाकर पिटाई की। इसी तरह से रायपुर ग्रामीण के उरला क्षेत्र में रात 10. 30 बजे प्रत्याशी मोतीलाल लाल साहू को ईवीएम के लिए धरने पर बैठना पड़ा। दरअसल मतदान के बाद सील्ड ईवीएम रात तक स्ट्रांग रूम न भेजकर उरला थाने में रखी गई थी। और कांग्रेसियों की थाने के भीतर आमदरफ्त की छूट दी गई थी और भाजपाइयों को रोका जाता रहा। सूचना पर पहुंचे मोतीलाल साहू थाने के सामने धरने पर बैठ गए। नियंत्रण कक्ष कि सूचना पर पहुंची फोर्स ने लाठी चार्ज किया। इसमे दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई। इधर भाजपा से मिली जानकारी पर कलेक्टर एसपी ने ईवीएम को थाने से निकलवाकर सेजबहार में जमा करवाया। उसके बाद मोतीलाल ने धरना खत्म किया। अंबिकापुर में तो सत्तापक्ष ने लठतोए रिवाल्वरधारियों की मदद ली। तो फोर्स उनपर भी भारी पड़ी। यह नियंत्रण कक्ष अंतिम ईवीएम स्ट्रांग रूम में जमा होने तक सक्रिय रहा। हालांकि डॉ माडविया शाम की फ्लाइट से दिल्ली लोटे।

# 18 वर्ष की नौकरी या रिटायरमेंट से 5 साल पहले नहीं हुआ सत्यापन तो कार्यालय प्रमुख होंगे जिम्मेदार

**रायपुर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। डीओपीटी द्वारा सेवा सत्यापन को लेकर मौजूद वैधानिक प्रावधानों के तहत बार.बार मंत्रालयों विभागों को सूचित किया जा रहा है फिर भी यह देखा गया है कि इन नियमों के तहत आवश्यक अर्हक सेवा सत्यापन से कर्मचारी को हमेशा सूचित नहीं किया जाता है। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की 18 वर्ष की सेवा पूरी होने के बाद और उनकी सेवानिवृत्ति से पांच साल पहले अर्हक सेवा का आवधिक सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। इस बाबत प्रत्येक वर्ष 31 जनवरी तक प्रशासनिक मंत्रालय विभाग के सचिव को एक रिपोर्ट सौंपी जाएगी। उसमें सरकारी कर्मचारियों के सेवा सत्यापन से जुड़ा विवरण रहेगा। सेवा सत्यापन को समय पर कराने की जिम्मेदारी कार्यालय प्रमुख को सौंपी गई है। नियमानुसार अगर किसी कर्मचारी का सेवा सत्यापन नहीं हो रहा है या गलत हो रहा है तो उसके लिए संबंधित कार्यालय अध्यक्ष को व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार माना जाएगा। भारत सरकार के कार्मिकए लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा जारी परिपत्र में कहा गया है कि सभी केंद्रीय कर्मियों का सेवा सत्यापन होना जरूरी है। केंद्रीय सिविल सेवा पेंशनद्ध नियम 2021 के नियम 30 के उप.नियम 1 में प्रावधान है कि एक सरकारी कर्मचारी जिसने अठारह वर्ष की सेवा पूरी कर ली है या उसके रिटायरमेट में पाच साल बचे हो तो संबंधित विभाग के सचिव को उस कर्मी की सेवा सत्यापन रिपोर्ट भेजी जाएगी। इस मामले में कार्यालय प्रमुखए लेखा अधिकारी के परामर्श से और उस समय लागू नियमों के अनुसार सत्यापन रिपोर्ट तैयार करेंगे। नियमों में यह प्रावधान है कि प्रत्येक वर्ष 31 जनवरी तक प्रशासनिक मंत्रालय विभाग के सचिव को उक्त रिपोर्ट सौंपी जाएगी। उसमें ऐसे सरकारी कर्मचारियों का विवरण दिया जाएगा जिन्हें पिछले कैलेंडर ईयर के दौरान अर्हक सेवा का प्रमाण पत्र जारी करने की आवश्यकता थी। उप.नियम 1 के अनुसार उन सरकारी सेवकों का विवरण एकत्रित कर तय अवधि के दौरान वास्तव में उनका सेवा सत्यापन प्रमाण पत्र जारी किया गया है या नहींए ये बात रिपोर्ट में शामिल होगी। अगर किन्ही मामलों में उक्त प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है तो उसका कारण बताना होगा। डीओपीटी द्वारा सेवा सत्यापन को लेकर मौजूद वैधानिक प्रावधानों के तहत बार.बार मंत्रालयोंध्विभागों को सूचित किया जा रहा हैए फिर भी यह देखा गया है कि इन नियमों के तहत आवश्यक सेवा सत्यापन से कर्मचारी को हमेशा सूचित नहीं किया जाता है। डीओपीटी ने अब सभी मंत्रालयो विभागों से अनुरोध किया है कि वे उक्त प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन करे। सभी विभागों में कार्यालय प्रमुखों के सज्ञान में उक्त प्रावधानों को लाया जाए। यदि कार्यालय प्रमुख उपरोक्त नियम का अनुपालन नहीं करता है या बाद में योग्यता सेवा की गणना में कोई गलती पाई जाती है तो उसके लिए कार्यालय प्रमुख को ही व्यक्तिगत रूप से जवाबदेह ठहराया जाएगा। ऐसे में अब सभी विभागों के कार्यालय प्रमुखों यह सुनिशित करने के लिए कहा जाए कि वे कर्मचारियों की 18 वर्ष की सेवा पूरी होने के बाद और उनकी सेवानिवृत्ति से पाच साल पहले अर्हक सेवा के आवधिक सत्यापन की रिपोर्ट विभाग के सचिव को भेजे। सत्यापन प्रमाण पत्र जारी होने के बाद कर्मचारी के पेंशन संबंधी मामले निपटाने में देरी नहीं होती। रिटायरमेंट के वक्त दोबारा से पहले वाली सेवा का सत्यापन नहीं कराना पड़ता। उस वक्त केवल उतनी ही सेवा का सत्यापन होगाए जो पूर्व के सत्यापन के बाद की गई

# महादेव घाट तट पर कल डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी महिलाएं



**रायपुर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। 19 और 20 नवंबर को इस साल छठ महापर्व का मुख्य आयोजन 19 नवंबर की शाम को महादेवघाट तट पर होगा जहां महिलाएं विधिवत पूजन करके डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी। शाम से लेकर ब्रह्म मुहूर्त तक सांस्कृतिक कार्यक्रमए लोक गीतों की प्रस्तुति होगी। 20 नवंबर को सुबह ब्रह्म मुहूर्त में स्नान के पश्चात उगते सूर्य को जलए विविध तरह के फल सब्जियों से अर्घ्य देने की परंपरा निभाई जाएगी। छठ पर्व के प्रमुख व्यंजन ठेकुआ का प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात व्रती महिलाएं पारणा करेंगी। दिनभर परिचितों और रिश्तेदारों को प्रसाद वितरण करने का सिलसिला चलेगा। इसी के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा। छठ महापर्व स्वच्छता का सबसे बड़ा प्रतीक है। प्राचीन काल से पर्व के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। महादेवघाट के अलावा बिरगांव के व्यास तालाब हीरापुर के छुइयां तालाब बूढ़ापारा के बूढ़ातालाब समता कालोनी के आमा तालाब मठपारा के मलसाय तालाब महाराजबंध तालाब गुढियारी के मच्छी तालाब समेत अन्य तालाबों में भी छठ महापर्व का उल्लास छाएगा। यहां पर्व के पहले साफसफाई कराई गई ताकि आने वाले लोगों को पर्व के दौरान कोई परेशानी न हो। प्रशासन हर साल यहां सफाई कराता है।

# सूने मकान में चोरी, नगदी समेत सोने चांदी के जेवरात पार

**रायपुर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। दिपावली पर त्योहार मनाने अपने गांव गए एक साहू दंपत्ति के सूने मकान में चोरी हो गई। अज्ञात चोर मकान को ताला तोड़ कमरे में रखे आलमारी का ताला तोड़कर 21 हजार नगदी और 25 हजार के चांदी के जेवर की चोरी कर ले गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। टिकरापारा थाना क्षेत्र का मामला जमुना साहू ने पुलिस को बताया कि वह कविता नगर टिकरापारा में रहती है। जहां उसका परिवार 12 नवम्बर को मकान में ताला लगाकर त्यौहार मनाने अपने गाव गए हुए थे। जो 17 को वापस आने पर देखा कि मकान में लगा ताला टूटा हुआ था। और कमरे के अंदर जाकर देखा तो आलमारी खुली हुई थी उसमें रखे। नगदी चांदी के जेवर नहीं थे। आसपास के लोगों से इस बारे में पूछताछ करने पर भी कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात चोर सूने मकान का फायदा उठाकर नगदीए जेवर चोरी कर ले गया। जमुना साहू ने इसकी रिपोर्ट टिकरापारा थाना में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ457,380 का अपराध दर्ज किया है।

# रायपुर में लगाया गया प्रीमियम स्कूल एग्जीबिशन



**रायपुर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर में एक बार फिर प्रीमियम स्कूल एग्जीबिशन लगाया गया बोर्डिंग स्कूल और इंटरनेशनल स्कूल का एग्जीबिशन लगाया गया है एग्जीबिशन के आयोजनकर्ता जयदीप त्रिवेदी ने बताया कि रायपुर में पिछले 12 साल से एग्जीबिशन लगा रहे हैं एग्जीबिशन का ऑब्जेक्टिव है कि पूरे भारत से नामांकित जो बोर्डिंग स्कूल हैए उस स्कूल को रायपुर में लेकर आते हैं यहां 25 से ज्यादा स्कूल अवेलेबल हैं इसमें हैदराबाद, दिल्ली, देहरादून, मसूरीए इंदौर और रायपुर के स्कूल शामिल है जयदीप त्रिवेदी ने बताया कि सब जगह से देशभर में नामांकन जो बोर्डिंग स्कूल है वह सभी स्कूल के प्रिंसिपल, उसकी एडमिशन टीम यहां अवेलेबल है,यह एक बहुत अनोखी अपॉर्चुनिटी है,दुर्ग भिलाई के पेरेंट्स के लिए जो अपने बच्चों के लिए अच्छी स्कूल की तलाश करते हैं यहां पर डायरेक्ट वह स्कूल मिल सकते हैं, एग्जीबिशन में स्कूल की जानकारी, स्कूल की फीस, कितने टीचर है,क्या पढ़ाते हैंए पूरी जानकारी एक ही छत के नीचे उनको मिलेगी,उन्होंने बताया कि प्रीमियम स्कूल के माध्यम से हमारा ऑब्जेक्टिव यही है कि ज्यादा से ज्यादा पेरेंट्स एग्जीबिशन का फायदा ले और अच्छे से अच्छे स्कूल के साथ इंटरेक्ट करेंण् पूरी एंड इनफार्मेशन ले राजस्थान से हैं,उत्तराखंड, मस्तूरी, देहरादून, सोनीपत,दिल्ली एनसीआरए बेंगलुरु और हैदराबाद से भी है,ओवरऑल 25 से ज्यादा स्कूल है,देशभर के अलग.अलग राज्यों से लोग आए हुए हैं पेरेंट्स के पास आप्शन रहते हैं वह लोग भी सोच सकते हैं सभी को जानकारी मिलेगी जो स्कूल किशोर से वह प्रिंसिपल के माध्यम से रहेगी वही आयोजनकर्ता प्रीमियम स्कूल है

**बड़ी संख्या में शामिल हुए पेरेंट्स**

## निधन

### भगवानधर दीवान

**नवापारा-राजिम,** 18 नवंबर। ब्राम्हणपारा निवासी भगवानधर दीवान का निधन शनिवार शाम को हो गया। शवयात्रा आज रविवार 19 नवंबर को सुबह निवास स्थान से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजेश दीवान के पिता थे।



### नेतराम वर्मा

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 18 नवम्बर। ग्राम कोसमंदी निवासी नेतराम वर्मा का निधन हो गया। उनके निधन पर परिजन आत्मीयजन, ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम में किया गया। वे मन्नु वर्मा के पुत्र थे।



### स. किरत सिंह मथारू

**रायपुर,** 18 नवंबर। सिविल लाइन निवासी स. किरत सिंह मथारू (15 वर्ष) का आकस्मिक निधन 15 नवंबर को हो गया था। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे हरमीत सिंह मथारु के पोते, सचेतन सिंह के बेटे व जसदेव सिंह के भतीजे थे।



## दूसरे चरण के मतदान से 24 घंटे पहले लगातार घनघनाती रही पुलिस कंट्रोल रूम और 112 की घंटी

**रायपुर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 17 को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। जिलेभर में कहीं से किसी तरह की अप्रिय वारदात नहीं हुई। इसकी वजह पोलिंग बूथों में बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की मौजूदगी रही। पुलिस की अतिरिक्त पेट्रोलिंग पार्टियों की गाड़ियां 16 रात से लेकर 17 शाम मतदान खत्म होने तक घूमती रही। कदम.कदम पर पुलिस बल की मौजूदगी को भांपकर न असामाजिक तत्व और न ही पार्टियों से जुड़े लोगों ने किसी तरह की हरकत करने की हिमाकत की। हालांकि इस दौरान पुलिस कंट्रोल रूम पीसीआर हेल्प लाइन नंबर और डायल 112 की घंटिया घनघनाती रहीं। कहीं से साड़ीए कंबल घड़ी तो कहीं से शराब पैसा बांटने और मतदान केंद्रों में पार्टी के लोगों के जबरिया घुसने की ढाई सौ से अधिक शिकायतें पुलिस तक पहुंचीं। हर एक सूचना को गंभीरता से लेकर पेट्रोलिंग पार्टी बताए गए स्थानों पर तस्दीक करने पहुंची।

# राज ठेठवार परिवार ने मातर को धूमधाम से मनाया



**रायपुर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। पुरानी बस्ती के राज ठेठवार परिवार चौक में मे राज ठेठवार परिवार, रायपुर राज व सामाजिक ठेठवार बंधुओं ने मातर उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया । साथ ही श्री राधा कृष्ण जी की प्रतिमा का भी अनावरण किया गया।

इस दौरान सैकड़ो की संख्या मे ठेठवार बंधुओं की उपस्थिति रही । ठेठवार बंधुओ ने अपने पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर एक से बढ़कर एक दोहा बोले राज ठेठवार परिवार द्वारा , कृष्ण जी, गौ माता के साथ खुड़हर देवता की विधि विधान से पूजा की गयी । गौ माता को दाढ़ खिलाया गया । सभी को गौमाता का रबड़ी एवं दूध प्रसाद वितरण कर उपस्थित लोगो को भोजन कराया गया । इस अवसर पर संरक्षक डॉ रेवाराम यदु अध्यक्ष हरिराम यदु यादव ठेठवार समाज रायपुर महानगर इकाई , परमानंद यादव प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ महासभा छत्तीसगढ़, राजेश यदु, रमेश अनंत राम यदु, विनय यदु सूर्यकांत यदु विजय यदु गजेश यदु, जय यदु , दशरथ यादव, राजकुमार यदु , नीतीश यदु, तुषार यदु , संतोष यादव, दिलीप यदु ,सूरज यदु चितरंजन यदु राज कुमार पांड, , प्रवीण झा, दीपक महंत राम आशीष दास, सत्येंद्र श्रीवास्तव, श्रीवास , संतोष अग्रवाल देवेंद्र शर्मा सुरेश अग्रवाल नवीन यदु युगल यदु, रविन्द्र, राहुल,विवेक, कमलेश, नागेश, रजत, शुभम, प्राजंल, साहिल राज कान्हा गुल्लू सहित समस्त राज ठेठवार परिवार रायपुर राज के सदस्य मौजूद रहे।

## मतदान का कम प्रतिशत भाजपा-कांग्रेस से नाराजगी का परिचायक : विजय झा

**रायपुर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी द्वारा रायपुर दक्षिण की प्रतिष्ठापूर्ण सीट पर पार्टी के प्रदेश का प्रवक्ता व कर्मचारी नेता विजय कुमार झा को उम्मीदवार बनाया गया है। रायपुर दक्षिण के प्रत्याशी पं विजय कुमार झा अधिवक्ता ने बताया है कि इतना कम मत प्रतिशत होना जन आक्रोश का घोतक है। मात्र रायपुर दक्षिण में 52 प्रतिशत मतदाताओं ने प्रयोग किया है। दक्षिण में लगभग 2,56,000 मतदाता है। इस प्रकार जनता का आक्रोश व विरोधी इसी से परिलक्षित हो रहा है की मात्रा 52 प्रतिशत मतदान हुआ है। दक्षिण के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से हर क्षेत्र में जनता बदलाव चाह रही है। कम मतदान भी इस ओर इशारा कर रहा है कि आम जनता भाजपा कांग्रेस दोनों से नाराज है। ऐसी स्थिति में भाजपा कांग्रेस से नाराज़गी का लाभ तीसरे विकल्प के रूप में आम आदमी पार्टी को मिलने की संभावना है और आप पार्टी जीतेगी। अरविंद केजरीवाल एवं भगवंत मान की नीतियों को छत्तीसगढ़ राज्य में लागू करना है।


पंजीयन नं. - 122201967026
महादेव घाट छठ महापर्व आयोजन समिति, रायपुर
समस्त सूर्य भक्तों का हार्दिक अभिनंदन करती है...
जय दीनानाथ
दिलीप षड़ंगी जी, हेमा पांडे जी, सुर संग्राम विजेता- आलोक कुमार जी एवं सोनाली चोपड़ा की शानदार प्रस्तुति
श्री दिलीप षड़ंगी जी
महा आरती व दीपदान 19 नवंबर संध्या 6.30 बजे से शुद्ध घी से निर्मीत का महा भंडारा- 20 नवंबर प्रातः से
सांस्कृतिक कार्यक्रम 19 नवंबर दोपहर 3 बजे से रात्रि 2 बजे तक महादेव घाट पर
राजेश कुमार सिंह
(संस्थापक अध्यक्ष एवं आयोजन प्रमुख)

# दुर्ग जिले में औसत 71.59 फीसदी मतदान

## सर्वाधिक 84.24 फीसदी पाटन में, सबसे कम 65.71 प्रतिशत वैशाली नगर में

**दुर्ग,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में दुर्ग जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों का औसत मतदान 71.59 प्रतिशत रहा है। इसके अंतर्गत पाटन में 84.27 प्रतिशत, दुर्ग ग्रामीण में 74.74 प्रतिशत, दुर्ग शहर में 66.36 प्रतिशत, भिलाई नगर में 66.34 प्रतिशत, वैशाली नगर में 65.71 प्रतिशत व अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में 72 प्रतिशत मतदान रहा है।

**जिले में पुरूषों की तुलना में महिलाओं के वोट कम पड़े :** पूरे जिले की 6 विधानसभा सीटों पर गत दिवस हुए मतदान में सभी विधानसभा क्षेत्रों में पुरूषों की तुलना में महिलाओं का मतदान का प्रतिशत कम रहा। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्रों में 74 हजार 886 पुरूषों व 76195 महिलाओं ने वोट किया। दुर्ग शहर में पड़े मतों को लेकर आज भी लोग तरह तरह से कयास लगाते रहे।

पाटन क्षेत्र में कुल 2 लाख 16 हजार 977 वोटर है। इनमें 1 लाख 82 हजार 806 वोटरोंने वोट डाला। इनमें 74.26 प्रतिशत पुरूष व 83.52 महिलाओं ने वोट डाला। कुल मतदान 84.27 प्रतिशत हुआ। पाटन में मतदान का प्रतिशत सबसे ज्यादा होने का कारण कांग्रेस व भाजपा दोनों प्रत्याशी राजनीतिक विगशन माने जाते है। घरों घर से वोट निकवाने में सभी दलीय व निर्दलीय प्रत्याशियों ने मेहनत की।

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सीट होने के कारण उनके लोगों में अतिरिक्त उत्साह था।




दुर्ग ग्रामीण में 2 लाख 20 हजार 277 मतदाता है। यहां 75.23 प्रतिशत पुरूषों ने व 74.26 प्रतिशत महिलाओं ने वोट डाले। यहां पर कुल 74.74 प्रतिशत मतदान हुआ है। दुर्ग शहर में 2 लाख 27 हजार 690 वोटर है। यहां 67.08 प्रतिशत पुरूषों ने 65.67 प्रतिशत महिलाओं ने वोट दिये।

भिलाई नगर में कुल 1 लाख 68 हजार 577 वोटर है। यहां पर कुल 66.80 प्रतिशत पुरूषों व 65.88 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया। इसी प्रकार वैशाली नगर की कुल मतदाता संख्या 2 लाख 927 है यहां पर 66.27 प्रतिशत पुरूषों ने व 65.18 प्रतिशत महिलाओं ने वोट दिया।

अहिवारा सुर. विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 44 हजार 608 वोटर है जिसमें 1 लाख 76 हजार 107 लोगों ने वोट डालें। यहां पुरूषों में 73.18 व महिलाओं ने 70.84 प्रतिशत वोट डालें।

जिले में पाटन में 84.27, दुर्ग ग्रामीण में 74.74, दुर्ग शहर में 65.38, भिलाई नगर में 65.34, वैशाली नगर में 65.71, अहिवारा में कुल 72 प्रतिशत वोट पड़े। पूरे जिले में 71.59 प्रतिशत वोट पड़े। इस तरह मुख्यमंत्री के पाटन विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 84.27 प्रतिशत वोट पड़े। सबसे कम वोट वैशाली नगर में 65.71 प्रतिशत पड़े।

# युवाओं ने बढ़ चढ़कर किया मतदान

**देवकर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। युवकों ने बढ़ चढ़कर किया मतदान . मतदान के प्रति आमजन मानस में रहा भारी उत्साह लोकतंत्र के महात्सव विधानसभा चुनाव में मतदान को लेकर लोगों में जमकर उत्साह नजर आया।नगर देवकर में सबसे पहले युवाओं राकेश पान्डेय ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लगभग सभी वर्ग अपने -अपने घरों से निकलकर अपने दायित्व का निवँहन करते हुए।जागरूकता का परिचय दिए।मतदान केंद्रों में लोग सहपरिवार पहुंचकर चुनाव तिहार में भाग लिए।विशेष कर पहली बार वोट डाल रहे युवाओं में काफी उत्साह नजर आया।लोकतंत्र की बुनियाद रखने में सभी ने अपनी जिम्मेदारी निभाई।इसी प्रकार छात्र वर्ग ,नौकरी पेशा वर्ग व्यापारी वर्ग ,गृहिणी वर्ग ,वरिष्ठ जन सहित तमाम वर्ग के लोग मतदान केन्द्रों में पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी का निवँहन किए।साथ ही बाकी लोगों को भी मतदान करने का संदेश देकर जागरूक लाते रहे। देवकर नगर में मतदान केंद्र पर अपना अपना मतदान करने पहुंचे रहे हैं।मतदाता मतदान केंद्र को खूबसूरत सचाया गया है।सेल्फी पाँइंट देंखे युवाओं ने।



# सभी सीटें जीतकर भाजपा बनाएगी सरकार : सरोज

**दुर्ग,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा डॉ. सरोज पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश में हुआ अधिक मतदान, मतदाताओं का उत्साह यह साबित करता है कि प्रदेश में भाजपा सभी 90 विधानसभा में चुनाव जीतकर अपनी सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें छठ पर्व की बधाई दी है। सुश्री पाण्डेय ने दुर्ग जिले के सभी 6 सीटों पर हुए भारी मतदान को भाजपा की मजबूत स्थिति का परिचायक बताया है।



राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.सरोज पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत का कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी, महतारी वंदन योजना, धान का खरीदी मूल्य 31 सौ रूपये प्रति क्विंटल करना बताते हुए कहा कि इसके अलावा प्रदेश की जनता कांग्रेस की वादा खिलाफी एवं भ्रष्टाचार से ऊब चुकी है।

भाजपा ने नये चेहरों पर भरोसा कर 40 सीटों पर नये प्रत्याशी मैदान में उतारे थे और यह प्रयोग सफल होगा।

**छठ पर्व की बधाई :** सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा की राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि पर्व कुशल मंगल की कामना का पर्व है।

# हेमचंद यादव विवि की सेमेस्टर परीक्षा में मिले 24200 ऑनलाईन आवेदन

**दुर्ग,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग में अगामी दिसंबर-जनवरी माह में आयोजित होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं के ऑनलाईन आवेदन पत्र विलंब शुल्क के साथ जमा करने के अंतिम दिन तक कुल 24200 ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हुए है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रशांत श्रीवास्तव एवं उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रारंभ में बिना विलंब शुल्क के सेमेस्टर परीक्षा की तिथि 10 नवंबर तक निर्धारित थी तथा 10 से 18 नवंबर तक 100 रूपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षार्थियों को आवेदन पत्र जमा करने की अनुमति प्रदान की गई थी। आज आवेदन के अंतिम दिन लगभग 600 से अधिक सेमेस्टर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र विलंब शुल्क के साथ जमा किया।



सेमेस्टर परीक्षाओं में महाविद्यालयों के नियमित विद्यार्थी एमए, एमएससी, एमकॉम, एमएड, बीएड तृतीय सेमेस्टर, बीबीए, एलएलबी, एमएसडब्लयू, पीजी डिप्लोमा इन योगा आदि कक्षाओं हेतु परीक्षा देंगे। बीएड प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया जारी रहने के कारण बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा हेतु पृथक से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जायेंगे। शेष सेमेस्टर कक्षाओं की परीक्षा दिसंबर माह की अंतिम सप्ताह से प्रारंभ होने की विश्वविद्यालय प्रशासन तैयारी कर रहा है।

इस बीच विद्यार्थियों को समय पर परीक्षा परिणाम उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वि.वि. की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने परीक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिका के केन्द्रीय मूल्यांकन कराये जाने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में चल रही वि.वि. की पूरक परीक्षाओं के केन्द्रीय मूल्यांकन के फलस्वरूप उत्तरपुस्तिकाओं का तीव्र गति से मूल्यांकन हो रहा है तथा वि.वि. द्वारा बीसीए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा एमफिल इन क्लीनिकल साइकोलॉजी, बीएबीएड भाग 02 के पूरक परीक्षा के परिणाम घोषित किये जा चुके हैं।

# पार्श्व तीर्थ नगपुरा में ज्ञान पंचमी पर भव्य पूजा संपन्न



**दुर्ग,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में आज ज्ञान पंचमी (लाभ पंचमी) की आराधना सम्पन्न हुई। साध्वी वृंद की निश्रा में तीर्थ यात्रियो ने प्रात: आगम की पांच पूजा चैत्यवंदन आदि क्रिया की। उपाश्रय प्रवचन हाल में प्रवचन के अंतराल में सूरत से पधार मुमुक्षु जिगनेश भाई कोरडिया, निमिशाबेन, कु नम्या का तीर्थ प्रबंधन की ओर से बहुमान किया गया। ये दंपत्ति अपने 8वर्षीय पुत्री के साथ 28 जनवरी 2024 को प पू आ रश्मिरत्न सूरीश्वर जी मसा के हस्ते दीक्षित होगे।

तीर्थ मे सा. मुक्ति प्रिया श्रीजी मसा. की निश्रा कल 19 नवंबर रविवार को प्रात: 9.30 बजे उनकी जन्मतिथि के उपलक्ष्य में प्रवचन -गुणानुवाद सभा होगी।

# चोरी का सामान खरीदने वाला कबाडी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खैरागढ़,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। नगर के वार्ड क्रमांक 02 पंडरिया गंडई निवासी प्राथी किशन लाल यादव ने 16 नवम्बर को गंडई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था। प्रार्थी किशन ने बताया कि 13- 14 नवम्बर की रात्रि में मेरे घर के सामने बना छड़ सिमेंट रखने का गोदाम का ताला टुटा हुआ था। उसमे 8 एमएम का 4 चिंटल का रिंग व छत ढ़ालने का 10 नग स्पांच जिसकी कीमत लगभग 49000 हजार रूपए बताई जा रही है। जो कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया प्राथी के द्वारा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा के तहत 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान एसपी अंकिता शर्मा, एएसपी नेहा पाण्डेय के निर्देशन में एसडीओपी प्रशांत खाण्डे के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में कीमत 49000 रुपए की चोरी करने वालो को पुलिस के द्वारा पता तलास किया जा रहा था। तलासी के दौरान गंडई के एक कबाडी दुकान में चोरी का 8 एमएम का रिंग व स्पांच मिलने पर कबाडी दुकान वाले मो। जावेद से पुलिस के द्वारा पूछताछ करने पर चोरी का सामान खरीदना स्वीकार किया गया पुलिस के द्वारा पूछने पर बताया गया कि विकाश जायसवाल पिता फगनू जायसवाल उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड क्र। 2 पंडरिया गडई आपचारी बालक उम्र 17 वर्ष का नाम पता बताने पर आरोपियों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया गया दोनो आरोपियों से चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी दुकान के संचालक मो। जावेद पिता नूर मोहम्मद उम्र 46 वर्ष निवासी वार्ड क्र। 15 रामपारा गंडई को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया व अपचारी बालक को बाल न्यायालय में पेश किया गया है।



8 एमएम का 4 चिंटल का रिंग व छत ढ़ालने का 10 नग स्पांच

# बाल दिवस पर किया गया जागरूकता शिविर का आयोजन



**खैरागढ़,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। बाल दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता शिविर का आयोजन 18 नवम्बर को नालसा बिलासपुर व राजनांदगांव जिले के विधिक सेवा अध्यक्ष आलोक कुमार तालुका विधिक सेवा समिति खैरागढ़ के अध्यक्ष चन्द्र कुमार कश्यप सचिव देवशीष ठाकुर के मार्गदर्शन में शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हीं में बाल दिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया जहां पैरालीगल वालेंटियर गोलू दास साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाल दिवस 14 नवंबर को मनाया जाता है किन्तु स्कूलों का अवकाश होने के कारण से 18 नवम्बर को मनाया गया

यह स्वतंत्र भारत का पहला प्रधानमंत्री दिवंगत जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है. नेहरू स्वतंत्रता सेनानी व आदर्श नेता थे. वह बच्चों को देश की उन्नति और भविष्य का आधार मानते थे. उनका कहना था कि बच्चे कुम्हार कि कच्ची मिट्टी की तरह बना होता है. बच्चों को उन्नति के अनुसार आकार व आकृति देने की जरूरत होती है. बच्चों का मन निश्चछल निर्मल होता है.

इस अवसर पर बच्चों के द्वारा खाने कि समाग्री व ग्रुप में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया था. बच्चों के भविष्य के प्रति सजग रहें तभी देश का भविष्य कायम रहेगा पैरालीगल वालेंटियर गोलू दास साहू ने कार्यक्रम को संबोधित किया उक्त कार्यक्रम में प्रधान पाठक भूमि रावते सहित शिक्षक गण मनीता सिंह, शशि साहू व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# आज जलाराम जयंती पर रक्तदान शिविर

**दुर्ग,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। कल 19 नवंबर को जलाराम बापा की जयंती पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जलाराम मिष्ठान भंडार इंदिरा मार्केट में रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। रक्तदान शिविर पूरी तरह एयर कंडीशन ब्लड वेन में लगाया जायेगा।

रक्तदाताओं द्वारा दान किया गया रक्त थैलेसीमिया के मरीज बच्चों के लिये सुरक्षित रखा जायेगा। शिविर के आयोजन में नवदृष्टि फाउण्डेशन के कार्यकर्ताओं का भी विशेष सहयोग रहेगा।

# भारतीय पब्लिक स्कूल में बाल मेला

**डोंगरगाँव,** 18 नवंबर (देशबन्धु) मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक स्कूल में सबके प्रिय और बच्चों के चाचा पंडित जवाहर लाल नेहरू के याद मे 18 नवंबर शनिवार को बाल मेला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य द्वार में बंधे रिबन को प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय् द्वारा काटकर किया गया तत्पश्चात् माँ सरस्वती एव पंडित जवाहर लाल नेहरू के तैल्य चित्र का पूजन प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय,कार्यालयप्रभारी राजेन्द्र कुंवर,पाली प्रभारी बिरेन्द्र राजपूत,प्रधान पाठक पी.एल.बया प्रधान पाठिका दामिनी यदु के द्वारा किया गया। पूजन पश्चात् कु.अनुष्ठा एवं साथी द्वारा सरस्वती वंदना, कु लवली एवं साथी द्वारा स्वागत नृत्य गीत एवं कु. मेधा एवं साथी द्वारा छतिसगढ़ी रिमिक्स पर नृत्य गीत प्रस्तुत कर उपस्थित पालकों एवं गण मान्य नागरिकों का मन मोह लिया। इन कार्यक्रमों के पश्चात् उपस्थित पालकों एवं गण मान्य नागरिकों के द्वारा कक्षा 1ली से 12वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा लगाये गये गुपचुप,भेल,समोसा,इडली,जूस, पास्ता,पेस्ट्री, कटलेट, ब्रेडपकोड़ा,चाईनीज पकोड़ा,जूस, पास्ता का जम कर आनंद लिया। तत्पश्चात् लोगों का कारवां खेल की ओर बढ़ा विद्यार्थियों द्वारा लगाये ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤




# नाबालिग लड़की का अपहरण कर अनाचार

## आरोपी गिरफ्तार, नाबालिग भी आरोपी के पास से बरामद

**राजनांदगांव,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। हेमराज उर्फ़ हेमंत जांगड़े पिता पुरुषोत्तम जांगड़े उर्फ़ रतन लाल जांगड़े उम्र 35 साल साकिन ग्राम भटगांव थाना घुमका जिला राजनांदगाव। घटना 30 अगस्त को घुमका थाना अंतर्गत ग्राम की एक नाबालिक लड़की को भटगांव निवासी संदेही हेमराज उर्फ़ हेमंत के द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने के संबंध मे पीड़िता की माँ की शिकायत पर थाना घुमका मे संदेही के विरुद्ध धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा , अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगाव दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना घुमका पुलिस के द्वारा आज दिनांक 18.11.2023 को ही आरोपी हेमराज जांगड़े उर्फ़ हेमंत को ठेलकाडीह जिला खैरागढ़ से हिरासत मे लेकर पूछताछ किया आरोपी के द्वारा अपराध घटित किया जाना बताया आरोपी के कब्जे से नाबालिक पीड़िता को बरामद कर महिला पुलिस अधिकारी से पूछताछ कराये जाने पर आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने, मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के संबंध मे नए तथ्य आने पर विवेचना के दौरान 366, 376(2), 377,323, 506 भादवि व धारा 4,6 पोस्को एक्ट की धारा जोड़कर आरोपी को आज दिनांक 18.11.23 को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड मे जेल दाखिल किया गया है



उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना घुमका से थाना प्रभारी विनय कुमार पम्मार, उप निरीक्षक दयाशंकर मिश्रा , प्रधान आर. हेमंत अनंत, आरक्षक गोवर्धन कंवर, गौतम सिंह, सी.पी. साहू, केयूर भूषण यादव, महिला आरक्षक राजश्री मरकाम एवं थाना ठेलकाडीह पुलिस स्टॉफ की भूमिका सराहनीय रही।

# सीबीएसई नेशनल बॉस्केटबॉल का तीसरा दिन

## क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने की होड़ में जुटी टीमें

**राजनांदगांव,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव में चल रहे सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन सभी प्रतिभागी टीम अपने विपक्षी टीम से जीत हासिल कर चॅटर फाइनल में प्रवेश करने के लिए प्रयास कर रही है।

इस प्रतियोगिता में द एशियन स्कूल देहरादुन 53 अंक बनाम नेशनल पब्लिक स्कूल बैगलुरू 50 अंक, डी ए वी स्कूल हरियाणा 47 अंक बनाम सनबीम स्कूल वाराणासी 29 अंक, दिल्ली पब्लिक स्कूल हैदराबाद 20 अंक बनाम द मान स्कूल दिल्ली 57 अंक, इमराल्ड वैली पब्लिक स्कूल तमिलनाडु 56 अंक बनाम आईटीएल दिल्ली 37 अंक, स्प्रिंग डेल दुबई 42 अंक बनाम नवरचना इंटरनेशनल स्कूल बड़ोदा 38 अंक, इंडियन स्कूल मस्कट बनाम भारतीय विद्या भवन केरला 28 अंक, विद्या भारतीय विद्यालय झारखंड 37 अंक बनाम विखे पाटिल मेमोरियल स्कूल पुने ने 34 अंक प्राप्त किया। सीबीएसई आब्जर्वर श्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि देश-विदेश एवं विभिन्न प्रांतो से आए हुए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक अपनी टीम को शिखर तक पहुँचाने के लिए भरपुर प्रयासरत है।



# सकुशल वापस लौटा मतदान दल, प्रशासन ने ली राहत की सांस

**गरियाबंद**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के दोनों विधानसभाओं के सभी 573 मतदान दल सुरक्षित सकुशल वापस आ गये हैं। मतदान दलों की वापसी का सिलसिला शुक्रवार शाम से ही प्रारंभ हो गया था जो देर रात दो बजे तक जारी रहा। मतदानकी प्रकिया पूर्ण करने के पश्चात मतदान दलों की सकुशल वापसी हो गई है। जिस स्थानसे मतदान सामग्री का वितरण किया गया था, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसीहुई। मतगणना रविवार 3 दिसम्बर 2023 को सुबह 8 बजे से जिला मुख्यालय गरियाबंद के कृषिउपज मंडी परिसर में किया जाएगा।

मतदान दल के वापसी के बाद सामान्य प्रेक्षक सुश्री अंजू चौधरी, पुलिस प्रेक्षक अरूण कुमार श्रीवास्तव, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाशछिकारा एवं राजनैतिक दलों की उपस्थिति में शनिवार की सुबह 10.30 मंडी परिसरस्थित स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनें सील कर दी गई। इसके पहले प्रेक्षक,कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने राजनैतिक दलों के साथ कृषि उपज मंडी परिसर मेंस्थापित स्ट्रांग रूम में रखे मशीनों का अवलोकन किया। तत्पश्चात राजनीतिक दलों कीउपस्थिति में दोनों विधानसभा के स्ट्रांग रूम को सील की गई। सुरक्षा कीजिम्मेदारी अर्द्धसैनिक बल के जवानों को सौंपी गई।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक–54 राजिम केस्ट्रांग रूम में मतदान केन्द्रों में उपयोग किये गये कुल 276 कन्ट्रोल यूनिट, 276 बैलेट यूनिट एवं 277 व्हीव्ही पेट मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील किया गया है। इसीतरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक–55 बिन्द्रानवागढ़ के स्ट्रांग रूम में मतदान केन्द्रोंमें उपयोग किये गये कुल 306 कन्ट्रोल यूनिट, 306 बैलेट यूनिट एवं 315 व्ही.व्ही.पेटमशीनो को स्ट्रांग रूम में सील किया गया है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमतीरीता यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई,संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, डिप्टी कलेक्टर टी आर देवांगन, रिटर्निंग अधिकारी राजिम धनंजयनेताम, रिटर्निंग अधिकारी बिंद्रानवागढ़ सुश्री अर्पिता पाठक सहित



**प्रेक्षक, कलेक्टर एवं राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईव्हीएम व वीवीपेट स्ट्रांग रूम में सील निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने जताया आभार**

राजनैतिक दलों केप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

**कलेक्टर ने जताया आभार**

जिले के दोनों विधानसभाओं में शांतिपूर्ण एवंनिर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने मतदानकार्य संपादित एवं संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों–कर्मचारियों,सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहाकि जिले में बड़ी संख्या में मतदान कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों कीड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू ढंग सेसंपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली–भांति निर्वहन किया, वहींसुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। जिलेके नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ निर्वाचन व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुएउत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनीआस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहले बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों, युवा मतदाताओं एवं दिव्यांगजनों ने भी मतदान किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री छिकारा ने मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंनेसभी तरह के समाचारों का पर्याप्त कव्हरेज करते हुए सभी को अवगत कराया।स्काउट–गाईड एवं एनएसएस के छात्रों द्वारा मतदान के समय उपयोगी भूमिका निभाईगई, जो सराहनीय है। मतदान दलों को लाने–ले जाने के अन्य कार्यों में लगेवाहन चालकों के सहयोग के बिना यह निर्वाचन कार्य भली–भांति संपादित नहीं होपाता, इनके पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठ होने के फलस्वरूप यह कार्य संपादित हुआहै, इसके लिए सभी वाहन चालक बधाई के पात्र हैं। इसके अलावा स्वसहायता समूह,सामाजिक संगठनों सहित अन्य सभी संस्थाओं ने अपनी भूमिका अदा की है और उनकाकार्य सराहनीय रहा है, ये सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्तकरते हुए बधाई दी है।

# प्रेक्षक पवन कुमार ने राजनीतिक दलों के समक्ष सील कराया स्ट्रांग रूम



**बिलाईगढ़,** 18 नवंबर(देशबंधु)। बिलाईगढ़ विधानसभा 43 के सामान्य प्रेक्षक श्री पवन कुमार ने रिटर्निंग अधिकारी डॉ स्निग्धा तिवारी और राजनीतिक दलों की उपस्थिति में मतदान दलों के निर्वाचन सामग्री संग्रहण और बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कसडोल क्षेत्र में बिलाईगढ़ विधानसभा के 129 मतदान केंद्रों में हुए मतदान के बाद ईवीएम मशीनों आदि को कलेक्टर बलौदाबाजार से प्राप्त करने पर सील किया गया। अब इसका सुरक्षा सीआईएसएफ के जवान कर रहे हैं। साथ ही साथ सीसीटीवी कैमरा भी चालू है। इसी प्रकार रायगढ़ विधानसभा क्रमांक 16 अंतर्गत सरिया क्षेत्र के 59 मतदान केंद्र में निर्वाचन कराने के बाद ईवीएम मशीनों आदि को रायगढ़ के स्ट्रांग रूम के लिए कलेक्टर रायगढ़ को 17 नवम्बर की रात को भेजा गया है। इस अवसर पर लाइजनिंग अधिकारी श्री शैलेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

## रंगोली व कला प्रदर्शनी आयोजित



**भाटापारा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। हर साल की तरह इस वर्ष भी दीपावली के पावन अवसर पर दुबे क्लासेज द्वार अपने निज निवास शंकर वार्ड में कला उत्सव के रूप में रंगोली और कला प्रदर्शनी अयोजित की गई। जिसमें रंगोली द्वार कांतारा, कथकली और रसोई सामग्री बनाई गई। नागरवासियों द्वारा कलाकार अभिनव दुबे, अनुष्का दुबे, जागृति साहू और दीपा गिन्नौर की कला की सराहना कर मान बढ़ाया। भविष्य में और बेहतर प्रयास करने की शुभकामनाएं दी।

## ईवीएम मशीन में खराबी आने से घंटों प्रभावित रहा मतदान कार्य

**बागबाहरा,** 18 नवंबर (देशबंधु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अनेक मतदान केंद्रों में ईवीएम मशीनों में खराबी आने से कई ग्रामों के मतदान केंद्रों में वोट डालने के लिए मतदान कार्य प्रभावित रहा। हालांकि कुछ देर बाद उक्त मशीन को सुधार लिया गया। जिससे प्रभावित हुए मतदान कार्य प्रारम्भ किया गया। वोट डालने के लिए मतदाताओं में लम्बी लाईन लगी हुई थी। जो सुचारु रूप से चलता गया। लोकतंत्र के महापर्व खल्लारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 41 में कल शुक्रवार 17 नवम्बर को मतदान शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मतदाताओं में मतदान करने अपार उत्साह देखा गया। वहीं मतदान के दिन सुबह से लेकर शाम तक लंबी कतार देखा गया। वहीं ओड़िशा सीमा से लगे खल्लारी क्षेत्र के ग्राम पंचायत खट्टी के मतदान केन्द्र मे वोटिंग मशीन मे खराबी आने से आधे घंटे तक मतदान प्रभावित रहा। इसी तरह मतदान केन्द्र झिटकी मे भी वोटिंग मशीन खराब होने की वजह से दो घंटे तक मतदान कार्य प्रभावित हुआ। इसी तरह ग्राम पंचायत नर्रा मतदान केन्द्र मे आधे घंटे तक मशीन मे खराबी की वजह से मतदान कार्य बंद रहा। मतदान केन्द्र नर्रा बुथ क्रमांक 257 और 259 मे कुल मतदाता संख्या 2035 में 1795 मत पड़े। इसी तरह मतदान केन्द्र बिन्द्रावन में कुल मतदाता 1952 मे 1665 मत पड़े। मतदान केन्द्र खट्टी में कुल मतदाता 1449 में 1196 मत पड़े। मतदान केन्द्र परसुली मे 910 मे 700 मत पड़े। मतदान केन्द्र मुडपार में कुल मतदाता 1063 मे 858 मत पड़े। मतदान केन्द्र



परकोम ?? में कुल मतदाता 875 मे 735 मत पड़े। इसी तरह मतदान केन्द्र राटापाली में कुल मतदाता 565 मे 518 मत पड़े। मतदान केन्द्र कारागुला मे कुल मतदाता 996 मे 768 मत पड़े। मतदान केन्द्र पंडरीपानी मे कुल मतदाता 725 मे 628 मत पड़े। इसी ? प्रकार मतदान केन्द्र उखरा मे कुल मतदाता 730 मे 629 मत पड़े। मतदान केन्द्र लामीसरार मे कुल मतदाता 442 मे 354 मत पड़े।? मतदान केन्द्र अमेरा मे कुल मतदाता 428 मे 368 मत पड़े। ग्रामीण अंचल में मतदान करने मतदाताओं में सुबह से लेकर शाम तक लम्बी लाईन लगी रही। ग्रामीण मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने काफी उत्साहित थे। जिसका उन्होंने पूरा उपयोग किया है।

## केशला में हुए 75 फीसदी प्रतिशत मतदान आदर्श युवा संघ ने की

**केशला खरोरा में मतदान हेतु लोगों को जागरूक**



**खरोरा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। 17 नवंबर को हुवे द्वितीय चरण के मतदान में पूरे खरोरा क्षेत्र मानो चुनाव त्योहार मना रहा हो ऐसा सक्रिय माहौल सुबह से दिखाई देता रहा सुबह 8 बजे से प्रारंभ हुआ मतदान में 1 बजे तक 30 फीसदी मतदान क्षेत्र में हो चुका था आदर्श युवा संघ के सदस्य द्वारा लगातार शत प्रतिशत मतदान हेतु मुहिम चलाई गई थी और पूरे दिन भर लोगो से सोसल मीडिया में वोट की इंक दिखाते हुए फोटो अपलोड करने प्रोत्साहित किया जिससे सभी लोगो ने मतदान हेतु क्रेज दिखाई दिया खासकर फस्ट टाइम वोटर मतदान हेतु उत्साहित होकर मतदान केंद्र पहुंचे और व्हास्टैप, हो या फेसबुक, इंस्टाग्राम सभी सोसल मीडिया में फोटो अपलोड करते रहे।

## आज संत जलाराम जयंती होंगे विविध कार्यक्रम

**धमतरी,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। रविवार को श्री जलाराम जयंती महोत्सव का आयोजन गुजराती समाज व श्री जलारामबापा मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया गया है। सुबह 4 बजे जलाराम बापा मंदिर में मंगला आरती होगी। 5 बजे गुजराती समाज भवन से प्रभात फेरी निकलेगी। 11.30 बजे मंदिर में नारायण भोग आरती होगी। 12 बजे गुजराती समाज भवन में नारायण भोग लगाया जाएगा। शाम 5.30 बजे गुजराती समाज भवन से व 6.30 बजे जलाराम मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। गुजराती समाज भवन में रात 7.45 बजे आरती के बाद 8 बजे महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। इसी तरह जलाबापा मंदिर में महाप्रसादी दोपहर 12.30 बजे से 2.30 बजे तक होगी। श्री जलाराम महिला सत्संग मंडल द्वारा मंदिर में शाम 4 से 5.30 बजे तक भजन संध्या होगी।

## कलेक्टर ने सुबह 4 बजे तक जमा करवाया मतदान सामग्री

**बिलाईगढ़,** 18 नवंबर(देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में 17 नवम्बर को शाम 6 बजे से 4 बजे रात तक विधानसभा सारंगढ़, बिलाईगढ़ और रायगढ़ के मतदान केंद्रों के मतदान दलों की वापसी पर निर्वाचन सामग्री का संग्रहण पूरा कराया गया। जिला प्रशासन के इस टीम में पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, एएसपी निवेदिता पाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा, डॉ स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी, बी एक्का, एआरओ तहसीलदार, सीईओ योगेश्वरी बर्मन, प्रज्ञा यादव, संजू पटेल सहित जिले के सभी अधिकारी उपस्थित थे।

## नगर ठेठवार यादव समाज ने मातर मिलन महोत्सव का किया आयोजन

**फिंगेश्वर**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। नगर ठेठवार यादव समाज फिंगेश्वर द्वारा मातर मिलन महोत्सव का शानदार आयोजन किया गया इस अवसर पर फिंगेश्वर के राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों के द्वारा जिसमें जगदीश यादव अध्यक्ष नगर पंचायत फिंगेश्वर, बिसौहा हरित पूर्व सरपंच, डॉक्टर चंद्रशेखर हरित समाजसेवी, दूजलाल बंजारे पूर्व नगर अध्यक्ष, घनश्याम यदु संरक्षक नगर यादव समाज एवं मनचस्थ सभी अतिथियों के द्वारा भगवान श्री कृष्ण के पूजन वंदन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तत्पश्चात सभी अतिथियों ने गौ माता को सोहई बांधा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वागत भाषण में घनश्याम यदु संरक्षक नगर यादव समाज ने सभी समाज के प्रमुखों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया और इस प्रकाश पर्व पर सबको बधाई देते हुए विशेष रूप से राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह की बधाई देते हुए उन्हें अपनी ओर से बहुत साधुवाद





दिया कि उन्होंने फिंगेश्वर जो की मंदिरों के नाम से प्रसिद्ध है ऐसे सभी मंदिरों को एक नया रूप प्रदान किया है इसके लिए उन्हें बधाइयां दी साथ ही मंच पर उपस्थित फिंगेश्वर के गौशाला के संचालक डॉक्टर चंद्रशेखर हरित को भी इस अवसर पर बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सरपंच बिसौहा हरित ने यादव समाज को धन्यवाद दिया और कहा कि आप लोगों के कारण हम लोग भी इस दीपावली मिलन के कार्यक्रम में उपस्थित होकर एक दूसरे से मिल पाते हैं साथ ही गौ माता का पूजन करने का अवसर हम सब लोगों को प्राप्त होता है इसके लिए उन्होंने धन्यवाद दिया। अगले वक्ता दूज लाल बंजारे ने आज के वर्तमान स्थिति में समाज में लोग गोपालन से विमुख होकर दूसरे पालतू पशु जैसे कुत्ते पालन को अपना शान समझने लगे हैं इस पर कटाक्ष किया और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह ने दीपावली की शुभकामनाएं सभी नगर वासियों को देते हुए यादव समाज को बहुत–बहुत बधाई और धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक यदुनंदन श्रीवास, धर्मवीर यादव, रामजी विश्वकर्मा,संतोष थदानी, जितेंद्र ठाकुर, ओमप्रकाश सिंह , खेदू सिंहा,मन्नू यदु, अमृत यदु , दशरथ बंजारे, सुनहर यदु,रविदत्त पांडे,लाल चंद सिन्हा,सुशील शर्मा,सहित नगर फिंगेश्वर के यादव बंधु रज्जू यादव, संतोष यदु, गोपेश यदु, विनोद यदु, मनोज यदु, दिलीप यदु, बालमुकुंद यदु,पप्पू यदु, बलवंत यदु, कमलेश यदु, संतोष यदु, योगी यदु, चमन यदु,यशवंत यदु ,अरविंद यदु, त्रिलोक यदु, पांडा यदु,विजय यदु , अनिल यदु, हीरु यदु,सोनल यदु सहित फिंगेश्वर नगर के समस्त यादव बंधु और माताएं जिसमे संतोषी श्रीवास्तव,शांति कोसरे,शीला यदु,चंदा यदु, पद्मा यदु, मंटोरा यदु , पुष्पा यदु, संगीता यदु,संध्या यदु सहित सभी माताएं व बहनें शामिल थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अखाड़ा प्रदर्शन रहा जिसमे नगर के मौली पर के जाबाज वीरों ने शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का संचालन उमेश यदु शिक्षक एवम सचिव ने किया साथ ही आभार प्रदर्शन नगर अध्यक्ष तेजेश यदु ने किया।

## कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर आभार व्यक्त किया

**धमतरी,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की तीनो विधानसभाओं में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर मतदान कार्य संपादित एवं संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों–कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।



उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में मतदान कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू ढंग से संपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली–भांति निर्वहन किया, वहीं सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। जिले के नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ निर्वाचन व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहले बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों ने भी मतदान किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सभी तरह के समाचारों का पर्याप्त कव्हरेज करते हुए सभी को अवगत कराया। स्काउट–गाईड, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्रों द्वारा मतदान के समय उपयोगी भूमिका निभाई गई, जो सराहनीय है। मतदान दलों को लाने–ले जाने के अन्य कार्यों में लगे वाहन चालकों के सहयोग के बिना यह निर्वाचन कार्य भली–भांति संपादित नहीं हो पाता, इनके पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठ होने के फलस्वरूप यह कार्य संपादित हुआ है, इसके लिए सभी वाहन चालक बधाई के पात्र हैं। इसके अलावा स्वसहायता समूह, सामाजिक संगठनों सहित अन्य सभी संस्थाओं ने अपनी भूमिका अदा की है और उनका कार्य सराहनीय रहा है, ये सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## निधन

### भगवानधर दीवान

**नवापारा–राजिम,** 18 नवंबर।



ब्राम्हणपारा निवासी भगवानधर दीवान का निधन शनिवार शाम को हो गया। शवयात्रा आज रविवार 19 नवंबर को सुबह निवास स्थान से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजेश दीवान के पिता थे।

### नेतराम वर्मा

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 18 नवम्बर। ग्राम कोसमंदी निवासी नेतराम वर्मा का निधन हो गया। उनके निधन पर परिजन आत्मीयजन, ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम में किया गया। वे मन्नु वर्मा के पुत्र थे।



### स. किरत सिंह मथारू

**रायपुर,** 18 नवंबर। सिविल



लाइन निवासी स. किरत सिंह मथारू (15 वर्ष) का आकस्मिक निधन 15 नवंबर को हो गया था। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे हरमीत सिंह मथारु के पोते, सचेतन सिंह के बेटे व जसदेव सिंह के भतीजे थे।

## पहली बार मतदान, विकास पर वोट

**खरोरा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय खरोरा नगर सहित अंचल के गांवों में शुक्रवार को विधानसभा चुनाव का मतदान किया गया। लोकतंत्र का महापर्व पर ग्रामीण मतदाताओं के चेहरों में चमक दिखाई दे रहा था। वहीं मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सुबह ऐसे ही मतदान केंद्र की ओर निकल रहे थे। लोगों ने पूरी तरह शांति और सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में मतदान किया। मतदान में पुरुषों के साथ महिलाओं और युवाओं ने भी स्वस्फूर्त होकर मुद्दों के आधार पर अपने मतों का प्रयोग किया। जिसके कारण दोपहर 12.30 से 2.30 बजे के बीच पिक टाइम रहा । जिसके कारण मत दान केंद्रों में खासकर महिलाओं की लंबी लंबी लाइनें लगी रही वहीं खेतों में काम करने गए। किसानों ने दोपहर बाद मतदान केंद्र पहुंचकर वोट किया जिसके कारण 70 से 71त्न तक मतदान हुआ है ।

## प्रादेशिकी का शेष...

### भारतीय पब्लिक स्कूल में ...

गये बाल से निशाना लगाकर गिलास को गिराने का आनंद लिया।सबसे अंत में भूत बंगला को लोगों ने देखा हायर सेकेण्डरी के बच्चों द्वारा तैयार किया गया ये भूत बंगला रहस्य से भरपूर व रोमांचित कर देने वाला था। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षक देवेन्द्र साहू,लूनकरण यादव,रेणुका साहू अनुराधा सोनटेके,जमुना साहू,जितेन्द्र चंद्रवंशी,वेणुका निर्मलकर, कोमल सेन,गुरूविंदर,कांता सेन,लाखन साहू,रश्मि देवांगन,लक्ष्मी राजपूत, दुबीलता ठाकुर,वीणा,एवं सरीता गोलछा,उषा साहू का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधान पाठक पी.एल.बया द्वारा किया गया।

## भूपेश देवांगन के मौत की जांच व कार्रवाई के लिए की एसपी से मिले गिरीश देवांगन

**परिजनों से मिलकर किया शोक संवेदना व्यक्त**



**राजनांदगांव,** 18 नवंबर। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी गिरीश देवांगन अपने नियमित क्षेत्रीय प्रवास के दौरान शहर के युवा व्यवसायी भूपेश देवांगन के असमय निधन पर उनके निवास पहुंचकर परिजनों से भेंट मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों से चर्चा की एवं परिजनों से चर्चा उपरांत आए तथ्यों के आधार पर पुलिस अधीक्षक खैरागढ़ से मामले के सभी पहलुवों पर गंभीरता से जांच कर कार्यवाही करने हेतु चर्चा करते हुए भूपेश देवांगन के कार्य स्थल की भी एवं सीसीटीवी कैमरे के फुटेज एवं सोशल अकाउंट की भी सूक्ष्म जांच कर अग्रिम कार्यवाही करने हेतु चर्चा की एस पी खैरागढ़ ने तत्काल कार्यवाही करने को आश्वस्त किया।

श्री देवांगन ने कहा कि अल्पायु में परिवार के मुखिया के निधन का वज्रपात पूरे परिवार को सहन करना पड़ता है जो सभी लोगों के लिए अत्यंत पीड़ा दायक होती है तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्री गिरीश देवांगन ने परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया मृतक भूपेश की पत्नी एवं उनके अबोध बच्चों सहित भाई यमन देवांगन ने घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रकरण के तथ्यों से श्री देवांगन को अवगत कराया इस अवसर पर जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, वीरेंद्र चौहान, महेश देवांगन, सुरेंद्र देवांगन ,समाज के पदाधिकारी, प्रतिष्ठित सामाजिक बंधु बांधव सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित थे।

## स्काउट गाइड के छात्र–छात्राएं मतदान केन्द्रों में कर रहे हैं सेवा कार्य



**खरोरा,** 18 नवंबर। भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा के स्काउट गाइड की छात्र–छात्राएं खरोरा ,केशला, बुढेरा मांठ, के विभिन्न मतदान केंद्रों में सेवा कार्य का सुचारू व व्यवस्थित तरीके से कर रहे हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 67, 68, 69, 70, 71, 72, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 80 में विद्यालय के छात्र प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन व स्काउट गाइड प्रभारी शाहिना परवीन के मार्गदर्शन में यह शुभ कार्य संचालित है। इस सेवा कार्य में बीना देवांगन अंजलि देवांगन, अमृता देवांगन, चंद्र कुमार ने अपनी सेवा दी।

# सबसे ज्यादा पाटन, सबसे कम मतदान वैशालीनगर

**भिलाईनगर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 मतदान सम्पन्न के बाद आज जिले में खामोशी देखी गई। चुनाव के बाद अब आंकलन का तौर शुरु हो गया। सभी अपने अपने प्रत्याशियों के विजयी होने का दावा करते देखा गया। इस वर्ष मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक चुनाव में भाग लिया। जिले में सबसे ज्यादा मतदान मुख्यमंत्री के विधानसभा पाटन में हुआ। पाटन में 84.27 प्रतिशत रहा। सबसे कम मतदान वैशालीनगर विधान सभा क्षेत्र में रहा। वैशाली नगर में 65.71 प्रतिशत रहा। भिलाई नगर विधानसभा चुनाव में 66.34 प्रतिशत रहा। पाटन के बाद सबसे ज्यादा मतदान अहिवारा विधानसभा क्षेत्र का रहा। अहिवारा विधानसभा में 74.74 प्रतिशत मतदान हुआ। इस तहत मतदान का प्रतिशत काफी संतुष्ट रहा। मतदान के प्रति लोगों में भारी उत्साह देखा गया। महिलाओं सहित सभी वर्गों में दिखा भारी उत्साह रहा। सबसे ज्यादा उत्सह फर्स्ट टाइम वोटर ने किया दूसरे और आखिरी चरण का मतदान शाम 5 बजे खत्म हो गया है। किन्तु ऐसे कई बथू थे। जिसमे शाम 7 बजे तक लोग मतदान करते देखे गये। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार मतदान केन्द्र में शाम 5 बजे तक जितने लोग आ चुके रहते है, उन्हे मतदान देने का अधिकार होता है। मतदान के प्रति शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का भारी उत्साह देखा गया। वे स्वस्फुर्त मतदान हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंचे एक ओर जहां नये युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति ललक थी, वहीं वृद्धजन एवं महिलाएं भी पीछे नहीं थीं। शहरी क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। पुलिस अधिकारी, फोर्स लगातार गश्त कर रहे थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान दलों को पुलिस प्रशासन द्वारा बेहतर सुरक्षा मुहैय्या कराई गई थी। कई स्थान पर वृद्धजनों को पुलिस जवानों ने मतदान स्थल तक ले जाने मे अपना सहयोग दिया। मतदाताओं ने अपनी जागरूकता का परिचय देते हुऐ अपना निर्णय ईण्व्हीण्एमण् एवं व्हीण्व्हीण् पैट में दर्ज किया। पहली बार अपनी मताधिकार का प्रयोग करन वाले लोगो ने सेल्फी पाईंट में जाकर अपनी माता के साथ सेल्फी ली।



# ऑनलाइन प्रश्नावली का लिंक कोड होम पेज पर उपलब्ध

## विजन के प्रारूप के निर्माण लिए प्रश्नावली का विमोचन

**भिलाईनगर**, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। सेल के विज़न के पुन: प्रारूप के निर्माण के लिए निदेशक प्रभारी सभागार भिलाई इस्पात संयंत्र में आज शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि एक नया विज़न स्टेटमेंट हमारी आकांक्षा है। मैं सभी कर्मचारियों और हितधारकों से इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा, हमारे लिए प्रत्येक की राय महत्वपूर्ण है। जिससे हम अपने विज़न स्टेटमेंट को सामूहिक रूप से अपना सकें। हमें अपना दृष्टिकोण इस प्रकार स्पष्ट करना चाहिए कि हम स्थिरता की दिशा में काम करें। अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा विधिवत इस प्रश्नावली का विमोचन किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में इस पहल की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए इसकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों का आह्वान किया कि वो इस प्रश्नावली को भरने के लिए सभी कार्मिकों को प्रेरित करें। इसके अलावा कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक वर्क्स अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं, स ु ब ्र त मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन, ए के चक्रवर्तीए कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा, डॉ ए के पंडा, कार्यपालक निदेशक रावघाट, समीर स्वरुप कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन, पवन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी रविन्द्रनाथ एम एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिसमें बताया जाता है कि वह संगठन क्या बनना चाहता है। यह किसी कंपनी के प्रयास करने के लिए एक लक्ष्य के रूप में कार्य करता है। सेल अपने दृष्टिपथ को तैयार करने की प्रक्रिया में हैं और इसमें सभी कार्मिकों को इस यात्रा में एक महत्वपूर्ण हितधारक माना गया है। कार्मिकों के विचार और सुझाव प्राप्त करने के लिए एक द्विभाषी सर्वेक्षण प्रश्नावली एएससीआई हैदराबाद द्वारा डिजाइन किया गया है। जिसे ऑनलाइन भरा जा सकता है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम, महाप्रबंधक मानव संसाधन विकास और नोडल अधिकारी, अमूल्य प्रियदर्शी द्वारा इस अभिनव पहल के बारे में एक प्रस्तुतीकरण दिया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित कार्यपालक निदेशकों ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये और इस पहल की सफलता में अपने सक्रिय योगदान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के आरम्भ में मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन विकास सुश्री निशा सोनी ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा सहायक महाप्रबंधक जनसंपर्क सुश्री अपर्णा चंद्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया।



# आज चित्रकार डॉ. तिवारी की पेटिंग प्रर्दशनी



भिलाईनगर, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। मे ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर खोले जाने को लेकर होने वाले टाक शो में इस रविवार 19 नवंबर को चित्रकार डॉ ध्रुव तिवारी की सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे इस दौरान संध्या 6 से 7 बजे तक उनके पेन्टिंग की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की जाएगी। संयंत्र और ललित कला अकादमी दिल्ली को धन्यवाद देने के लिए शुरू किये गये इस टाक शो को जनता का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। जिसमें भिलाई मे ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर खोले जाने हेतु समस्त कलाकारो के साथ ही देश विदेश मे फैले कलाकार भी उत्साहित हैं। यहां प्रति रविवार किसी एक प्रख्यात कलाकार की कला पर चर्चा की जाती हैं। इसी कड़ी में डॉ ध्रुव तिवारी की कला पर चर्चा है जो केन्द्रीय विद्यालय रायपुर में ड्राइंग टीचर हैं। उनके चित्रों में गांव के पगडंडी, पेड़, पालतू जानवर सहज ही मिल जाते हैं। उन्होंने बस्तर के आदिवासियों के बीच जाकर वर्षों तक काम किया है, और उनकी लोक कला का रूपप्रद के संदर्भ में शोध किया है। उन्होंने आदिवासियों के मृतक स्तंभों पर भी व्यापक अनुसंधान किया है। केंद्रीय विद्यालय संगठन तथा एनसीईआरटी ने उनको राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षक बनाया है। जिसमें वे देश भर के कला शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हैं। वे मुंबई, मैसूर, ग्वालियर, खैरागढ, रायपुर के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक सोलो शोज़, कई गैलरी तथा एयरपोर्ट व मॉल पर शो कर चुके हैं। अनुराग्यम् कला, कला फिल्म तथा मॉडलिंग के क्षेत्र मे भी उनका काम उल्लेखनीय रहा है।

# जलाराम जयंती पर निकली शोभा यात्रा

**भिलाईनगर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बापू नगर खुर्सीपार स्थित श्री जलाराम मंदिर में संत शिरोमणि जलाराम बापा की 224 वीं जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनाई जावेगी। 22 वर्ष पूर्व बापू नगर में निर्मित भव्य मंदिर में संत जलाराम के भक्तों ने आपसी सहयोग से श्री जलाराम बापा तथा श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की तथा दो वर्ष पूर्व शिवलिंग एवं दुर्गा माँ की भी प्राण प्रतिष्ठा की जा चुकी है। इस मंदिर में प्रति वर्ष श्री जलाराम जयन्ती के अवसर पर पूजा अर्चन, महायज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें दर्शनार्थी बड़ी संख्या में खुर्सीपार आते है और प्रसाद ग्रहण करते हैं। 18 नवम्बर को संध्या 3 बजे शोभा यात्रा जलाराम मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पुन: मंदिर प्रांगण में पहुंची। 19 नवम्बर प्रात: 10 बजे से पूजा अर्चना, हवन दोपहर 12 बजे से भंडारा प्रारंभ एवं कीर्तन संध्या तक रात्रि 8.30 बजे से रास गरबा।

# चुनाव के बाद मारपीट पुलिस ने किया दर्ज

**भिलाईनगर,** 17 नवंबर (देशबन्धु)। मतदान समाप्ति के उपरांत कांग्रेस व भाजपा के लोग सेक्टर 7 में मारपीट का मामला कोतवाली थाने सेक्टर-6 में दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस पार्षद के साथ भाजपा के नेताओं ने मारपीट की है इस मामले को लेकर भिलाई नगर थाने का भी घेराव किया गया और अंतत: मारपीट के आरोप में मनीष सहित चार लोगों के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया गया है फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है चर्चा यह भी है कि इस मारपीट के दौरान कांग्रेसियों ने भिलाई नगर थाने के एक आरक्षक के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। टाउनशिप के भिलाई विद्यालय मतदान केंद्र में सुरक्षा बल और कांग्रेस नेताओं के बीच झड़प में सेक्टर 2 के कांग्रेसी नेता की पिटाई किए जाने का मामला भी चर्चाओं में है। भिलाई विधानसभा का मतदान समाप्त होने के उपरांत भारी हंगामा हुआ कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच कहां सनी इतनी बढ़ गई की कांग्रेसी पार्षद उमेश साहू की सेक्टर-7 में पिटाई किए जाने का मामले को लेकर विधायक देवेंद्र यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने भिलाई नगर थाने का घेराव करके आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किए जाने की मांग को लेकर धरना दिया गया।



लिखित शिकायत के बाद पुलिस ने मनीष, चिन्ना सहित चार लोगों के खिलाफ भिलाई नगर थाने में अपराध दर्ज किया गया है। कांग्रेसियों ने कोतवाली को घेर लिया है। हंगामा बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि उमेश साहू पर जानलेवा हमला किया। जानकारी के अनुसार वार्ड 67 सेक्टर 7 के पार्षद उमेश साहू ने पुलिस को बताया कि रात साढ़े 8 बजे वह अपने दोस्त अमन, आशीष के साथ बीएसपी हायर सेकंडरी स्कूल सेक्टर-7 में चर्चा कर रहा था तभी भाजपा नेता मनीष, चन्ना, अमरा और हरीश अपने साथियों सहित पहुंचे और उनसे मारपीट करने लगे। पुलिस ने देर रात उमेश साहू की रिपोर्ट पर मनीष, चन्ना, अमरा और हरीश के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है। पीड़ित पार्षद उमेश साहू का डाक्टरी मुलाहिजा करवाया गया है। एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है। वही इस मामले में पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि यदि मारपीट की घटना हुई है तो इसकी जांच की जानी चाहिए उन्होंने स्पष्ट रुप से कहा कि कहने से कुछ नही होता, यदि आरोप लगाने वाले यह प्रुफ कर दे कि मारपीट में मनीष का हाथ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एक ही काम है केवल झूठ बोलना। उन्होंने कहा कि अब तो चुनाव सम्पन्न हो चुके है। सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईव्हएम में कैद हो चुकी है। इस स्थिति में अब झूठ बोलने का कोई फायदा नही है। इस मामले में विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पार्षद पर हमला निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सेक्टर-7 में भी एक भाजपा कार्यकर्ता द्वारा मतदान करने वालो लोगों को लालच देने का कार्य किया जाने का आरोपी लगाया। विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि सेक्टर-2 में भी कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं को साथ मारपीट की घटना की बात उन्होंनें कही। इस मामले में पुलिस हर पहलूओं के जांच कर रही है। चुनाव के दौरान तनाव की स्थिति से पुलिस को काफी परेशान हुई। पुलिस सर्तकता से चुनाव पुरी तरह से शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ।

# काव्य संग्रह अम्मर बाई कथे का विमोचन



**भिलाईनगर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रसिद्ध कवि केदार दुबे के काव्य संग्रह अम्मर बाई कथे का विमोचन हुआ। चार पंक्तियों के छत्तीसगढ़ी चारगोड़िया इस संग्रह की विशेषता है। बिल्हा के रचनाकार केदार दुबे का यह नया संग्रह ज्ञान मुद्रा प्रकाशन से आया है । इससे पूर्व केदार दुबे के हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी में तीन संग्रह आ चुके हैं। विमोचन के अवसर पर केदार दुबे का सम्मान अतिथियों ने शाल श्रीफल से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि श्रीवास्तव ने कहा कि केदार दुबे लंबे समय से लिख रहे हैं। उनकी कविताएँ आकाशवाणी से लगातार प्रसारित हुई है। अगासदिया परिसर में बिल्हा के कवि की किताब का विमोचन बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा कि लंबे समय तक रचनाशील रहना बड़ी साधना है। विशेष अतिथि डॉ.सुधीर शर्मा ने कहा कि केदार दुबे भाषा शास्त्री एवं शिक्षा शास्त्री भी है। डा. सोनाली चक्रवर्ती विशेष अतिथि ने कहा कि छोटी छोटी रचनाएँ बड़े प्रभाव के साथ सामने आई हैं। तमाम विसंगति से जुझकर समाज साहित्य, कला एवं सेवा में ही सार्थकता तलाशता है। छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष डॉ.परदेशीराम वर्मा ने कहा कि केदार दुबे की रचनाएँ लोकमंच के माध्यम से जन जन तक पहुँची है। वे आज भी रचनाशील हैं यह बड़ी खुशी की बात है। अगासदिया परिसर को उन्होंने विमोचन के लिए चुना यह उनका बिल्हा और भिलाई के बीच पुल बनाने का रचनात्मक प्रयास है। कार्यक्रम में रजनी नेल्सन, प्यारेलाल देशमुख, डॉ. चंद्रशेखर, दिलीप बंजारे, अजय शर्मा, मनोहर दास, त्रयंबक साटकर, सचिन निषाद, प्रो. अभिषेक सुराना, डॉ. रजनीश उमरे, योगेश पाण्डे, हेमलाल कौशल, बी.एल. मालवीय, प्रदीप वर्मा, नीतीश, करन वर्मा, निक्कू पटेल, रामलाल शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन नारायण चंद्राकर ने किया। अजय शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# घूमंतु मवेशियों को निगम टीम ने पकड़ा



**भिलाईनगर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों से घूमंतु मवेशियों को निगम की टीम अभियान चलाकर पकड़ रही है। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर चलाए जा रहे शासन की योजना रोका छेका संकल्प अभियान अंतर्गत निगम भिलाई का दस्ता साक्षरता चौक, जवाहर मार्केट सब्जी मंडी, रामनगर, वैशालीनगर में पशुओं के सड़क पर बैठे होने की शिकायत सूचना पर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घूमंतू मवेशियों को पकड़ा गया। इसी प्रकार निगम की टीम बीते दो दिन में कोहका, सूर्या मॉल रोड, कोसा नगर, जीई रोड, सेक्टर एरिया, केम्प क्षेत्र सहित संपूर्ण निगम क्षेत्र में रोका छेका दल के कर्मचारी काउ कैचर के साथ घूम घूम कर 46 घूमंतु मवेशियों को पकड़कर शहरी गौठान में रखा गया है। जहां पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा पानी एवं रहने के लिए शेड की व्यवस्था है। मिली जानकारी के अनुसार सड़को पर अवारा मवेशियों को खुले में छोड़ने वाले पशु मालिकों को निगम प्रशासन पहले समझाईश दे रहे है। नही मानने पर पशु मालिकों के खिलाफ निगम द्वारा अर्थ दंड़ की कार्यवाही भी की जाती है। निगम के अनुसार सड़कों पर मवेशियों के कारण होने वाली घटनाओं पर रोक लगाने अथवा नियंत्रण के लिये निगम प्रशासन द्वारा इस तरह की कार्यवाही की जाती है।

# पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार, 2 लाख की जप्त



**भिलाईनगर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। दुकान से चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित ने चोरी की रकम से दिल्ली में जमकर मौज मस्ती की। मौज मस्ती में ही चोरों ने दो लाख 84 हजार रुपये उड़ा दिए। वहीं शेष रकम को पुलिस ने बरामद कर ली है। आरोपी भिलाई कोहका निवासी 18 वर्षीय मो. जुनैद और भिलाई कैंप वन रोड नंबर 18 संग्राम चौक निवासी 19 वर्षीय नीरज ने छह नवंबर को गंजलाइन स्थित दुकान के गल्ले में रखे चार लाख 90 हजार रुपये को चोरी कर ले गए थे। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने विशेष टीम गठित कर जांच कर रही थी। शहर के अलग.अलग क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज में दोनों आरोपित दिखे। पुलिस ने दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपित ने दुकान के गल्ले से रकम को चोरी कर दिल्ली में खर्च करना स्वीकार किया है। आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने नकद दो लाख चार हजार रुपये, मोटर साइकिल और चोरी में प्रयुक्त पेचकस को बरामद कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ करीब चार से अधिक थानों में अपराध दर्ज है। दोनों आदतन अपराधी हैं। इसके पहले भी अलग.अलग मामलों में जेल जा चुके हैं। पुलिस ने शहर में लगे 110 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का खंगाला। जिसके बाद आरोपित की पहचान हो पाई। पुलिस ने बताया कि आरोपित मो. जुनैद के कब्जे से नगदी रकम एक लाख 64 हजार एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल. पेचकस और दूसरे आरोपित नीरज के पास से नकदी 40 हजार रुपये जब्त किया गया है। दोनों आरोपितों को कोतवाली पुलिस ने जेल भेज दिया है।

# पॉली क्लोरो बाइ फिनाइल और पीसीबी दूषित कचरे का निपटारा

**भिलाईनगर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। पीसीबी कचरे के पर्यावरण.अनुकूल निपटारे हेतु बीएसपी फेसेलिटी के प्रोटोटाइप मॉडल का उद्घाटन पॉली क्लोरो बाइ फिनाइल और पीसीबी दूषित कचरे के पर्यावरण.अनुकूल निपटान के लिए स्थापित बीएसपी की सुविधा के एक प्रोटोटाइप मॉडल का उद्घाटन 18 नवंबर को संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा, संयंत्र के कार्यपालक निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस्पात भवन में किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन के साथ साझेदारी में, पॉली क्लोरो बाई फिनाइल और पीसीबी दूषित कचरे के निपटान के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परियोजना शुरू की थी। इन कचरे को स्टॉकहोम कन्वेंशन के अनुसार स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों में से एक घोषित किया गया है और अत्यधिक कार्सिनोजेनिक माना गया है। संयंत्र में स्थापित पीसीबी प्लांट सेल की विभिन्न इकाइयों में वर्तमान में उपलब्ध सभी पीसीबी कचरे के पर्यावरण अनुकूल निपटान में मदद करेगा और पूरे देश में फैले विभिन्न विद्युत प्रतिष्ठानों में संग्रहीत पीसीबी कचरे के विनाश और उपचार में भी मदद करेगा। यह पहल पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा करने वाले स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों ;पीओपीद्ध के प्रबंधन और उन्मूलन की तत्काल आवश्यकता को अभिभाषित करती है। प्लाज़्मा आर्क डिस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी, गैर.दहन रासायनिक डी.क्लोरिनेशन सिस्टम और अप्रत्यक्ष थर्मल डिसोर्प्शन सिस्टम जैसी सुविधा की तकनीकी विशेषताएं हानिकारक डाइऑक्सिन बिना उत्पन्न किये 100 प्रतिशत सुरक्षित संचालन की गारंटी देती हैं।

# आज तीसरे दिन शुरुवात प्रात: शिप्रा गणपति हवन

## पीटी उल्लास के द्वारा भजन संध्या का आयोजन



**भिलाईनगर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। स्कंदाश्रम मे चल रहे स्कंदषष्ठी समारोह के तीसरे दिन आज शुरुवात प्रात: श्री शिप्रा गणपती हवन से हुई जो कार्यशिद्धि दीर्घायु वृद्धि एवं मन की शांति तथा वृद्धि हेतु संपन हुआ तत्पश्चात समाज मे प्रसिद्धि के लिए तनाव रक्तचाप, हृदय एवं त्वचा संबंधी रोगो से मुक्ति, शत्रुओ से मुक्ति, सरकारी नौकरी मे सफलता, अपना घर भूमि प्राप्त करने दीर्घयु शांति और सुरक्षा प्राप्त करने के लिए बुरी नजर दोष और पाप को दूर करने के लिए संपन हुआ। दोपहर1 बजे वदूगराजा, कन्या सुहासनी दंपति पूजा वसुधारा हवन एवं महापूर्णाहुति दीप आराधना के पश्चयात सभी भक्तजनो ने प्रसाद ग्रहण किया। संध्याकाल में 7 बजे पी टी उल्लास के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। यह आयोजन ब्रम्हश्री राघवन शास्त्रीगल के साथ पधारे तमिलनाडू के सुप्रसिद्ध वेदाचार्य आर अरविंद, तिरुमलाई वेंकटेश, जी संकर नारायनन, के मानिकंदन, हरिहरन श्रीधरण, ए सी राघवन, श्री वेंकटा सुबरमानी श्री डी अखिल, एस हरीकृशन,श्री आर मुरलीथरन,श्री ए रघुनंदन, श्री एन गोकुलकृषणन एवं श्री गुरुनाथ स्वामी के द्वारा सम्पूर्ण हवनों को सम्पन्न किया गया ज्ञात हो कि एक दिन पूर्व स्कंद षष्ठी 2023 के दुसरे दिन प्रात: श्री लक्ष्मी गणपती पूजा से हुई जो धन प्राप्ति, उन्नत वितीय स्थिती, सदभाव और पारिवारिक मामलो मे सफलता, सभी बधाओ को दूर करने, केतु दशा समस्याओ के लिए शक्तिशाली उपाय हेतु सम्पन हुआ। तत्पश्चात धनधन्य वृद्धि परिवार मे संकट को दूर करने तथा शांति बहाल करने हेतु हवन आयोजित किया गया। इसके बात श्री सुदर्शन हवन हुआ जो उत्कृष्ट औधोगिक विकास, अत्यधिक सफ्ल लाभ, शक्तिशाली शत्रुओ, श्रम मुद्दो और प्रतिस्पराधों के कारण तीव्र समस्या से राहत हेतु आयोजित हुआ। इसके बाद शीघ्र विवाह के लिए विवाह बाधा से मुक्ति हेतु स्वयंबर पार्वती हवन किया गया था।

# हुड़को कालीबाड़ी मंदिर में चोरी का प्रयास, सीसी कैमरे में कैद



**भिलाईनगर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। हुडको कालीबाड़ी में चौथी बार चोरी का प्रयास किया गया है। बीती रात्रि अज्ञात चोर ने सब्बल से चैनल गेट को तोड़ते हुए मंदिर के अंदर प्रवेश किया। मंदिर के अंदर लगे सीसीटीवी को तोड़ दिया गया लेकिन उसके पहले ही आरोपी का चेहरा उसमें कैद हो गया था। सब्बल से दानपेटी को तोडने का प्रयास किया गया लेकिन चोर सफ्ल नहीं हो सका। हुडको कालीबाड़ी के बबलू विश्वास ने बताया कि उन्हें शनिवार की सुबह सूचना मिली की मंदिर में चोरी का फ्रि प्रयास किया गया है। काली मंदिर चोरी की यह चौथी वारदात है। कोतवाली पुलिस अब तक आरोपी को पकडने में सफ्लता नहीं पाई है। पुलिस के अनुसार मंदिर में लगे सीसी कैमरे के अनुसार आरोपी की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि चोरी के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर इसमें विवेचना शुरु कर दी गई है। आमदी नगर हुड़कों स्थित कालीबाड़ी मंदिर में चोरी करने की यह चौथी घटना पर कालीबाड़ी समिति में पुलिस से कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

**उल्टा पुल्टा**

पति- फेसबुक पर उलझा हुआ था, पत्नी रोमांटिक मूड में थी!
पत्नी- आई लव यू
पति-कोई नई बात हो तो बताओ
पत्नी- मै मां बनने वाली हूं
पति- अच्छा.. और कोई नई बात।
पत्नी (चिढ़कर)- बच्चे के बाप तुम नहीं हो.! पति के होश उड़ गए।

# मतदान दलों की हुई सकुशल वापसी

## राजिम में मतदान हुआ 84 प्रतिशत, मतदान में महिलाएं निकली पुरूषों से आगे



**राजिम,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदाताओं में मतदान के लिए अभूतपूर्व उल्लास एवं उत्साह रहा। मतदान में महिलाओं ने पुरूषो से ज्यादा सहभागिता दिखाई। मतदान की प्रकिया पूर्ण करने के पश्चात मतदान दलों की सकुशल वापसी हुई।

राजिम विधानसभा में 85.04 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले के राजिम विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54 में 94 हजार 647 पुरूष मतदाताओं तथा 97 हजार 230 महिला मतदाताओं ने मतदान किया।

मतगणना रविवार 3 दिसम्बर 2023 को सुबह 8 बजे से जिला मुख्यालय गरियाबंद के कृषि उपज मंडी परिसर में किया जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के दोनों विधानसभाओं में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर मतदान कार्य संपादित एवं संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में मतदान कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू ढंग से संपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया, वहीं सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। जिले के नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ निर्वाचन व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहले बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों, युवा मतदाताओं एवं दिव्यांगजनों ने भी मतदान किया।

# मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक किया मतदान, सुबह से लगी रही लंबी कतारें




**अमेरा/बलौदाबाजार,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। अमेरा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में मतदान करने सुबह से देर शाम तक लंबी कतारें लगाकर मतदाताओं अपनी पारी का इंतजार करते नजर आए। इस दौरान मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। हर पोलिंग बूथ में वोटर्स सुबह से ही मतदान के लिए पहुंच रहे थे जहां सभी वर्ग के मतदाताओं ने जमकर मतदान किया।

इस बार के चुनाव में महिला, बुजुर्ग, युवा वर्ग के मतदाताओं ने बढ़ चढ़ कर मतदान में हिस्सा लिया। ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में भी सुरक्षा का अच्छा प्रबंध किया गया था। हर पोलिंग बूथ पर सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए थे। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए खास व्यवस्था की गई, जिसमें बुजुर्ग लोगों को चुनाव में तैनात सुरक्षाबल सहित स्काउट गाइड एवं एजेंटों द्वारा सहयोग किया गया। साथ ही पोलिंग बूथ पर सेल्फी जोन भी बनाया गया था, जिसमें मतदाताओं ने सेल्फी फोटो लेकर सोशल मीडिया में शेयर किए व यादगार लम्हे को संजोए। कसडोल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 में कुल 2 लाख 69 हजार 969 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मत का प्रतिशत 74.65 प्रतिशत है। आयोग द्वारा ऐसे अशक्त मतदाता जो मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकते उनको घर पर ही मतदान की व्यवस्था की गई थी, परंतु कुछ दिव्यांग थे व असहाय भी मतदान केंद्र पर पहुंच मतदान किए। प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 3 दिसंबर को होगा। तब तक लोगों और प्रत्याशियों को बेसब्री से इंतजार रहेगा।

# मतदाताओं ने मोदी की गारंटी पर जताया भरोसा भाजपा सरकार की होगी वापसी : अशोक बजाज



**नवापारा राजिम,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रवक्ता एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने मतदान के बाद दावा किया कि पूरे प्रदेश में बदलाव की बयार चल रही है। छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने मोदी के नाम और मोदी के काम के आधार पर भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की महिलाओं ने स्वस्फूर्त घर से निकलकर अपने मताधिकार का उपयोग किया जो इस बात का घोतक है कि महतारी वंदन योजना जैसे वायदे से वे प्रभावित रही तथा भाजपा को जिताने के संकल्प के साथ उन्होंने मतदान में हिस्सा लिया। मतदाताओं ने भाजपा की गारंटी पर भरोसा जताया है।

श्रीबजाज ने दावा किया कि प्रदेश में भाजपा को दो तिहाई सीटें मिलेगी तथा भाजपा सरकार की वापसी होगी। श्रीबजाज ने आज दिनभर नवापारा में डटे रहे तथा सभी बूथों में जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं की हौसला अफ्जाई की। उन्होंने अपने गृह ग्राम खोल्हा में मतदान करने के बाद जवईबांधा, उमरपोटी, आलेखूंटा, सोनेसिल्ली, हसदा, अभनपुर व केन्द्री का प्रवास किया तथा अंतिम समय तक कार्यकर्ताओं से संपर्क करते रहे।

# स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात

**बलौदाबाजार,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में विधानसभा मतदान के पश्चात सभी मतपेटियों के आने के बाद

- स्ट्रांग रूम को किया गया सील
- सीआईएसएफके निगरानी में रहेगा पूरा परिसर




विधानसभा कसडोल सामान्य प्रेक्षक डॉ.राजेंद्र भारुड, बलौदाबाजार भाटापारा सामान्य प्रेक्षक डॉ अनीश शेखर, सभी रिटर्निंग अधिकारी और सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी में स्ट्रांग रूम को सील किया गया। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। सभी विधानसभा क्षेत्र के दरवाजे पर सुरक्षा के जवान तैनात हो गए हैं।

स्ट्रांग रूम में विधानसभावार 3 विधानसभा, कसडोल, बलौदाबाजार एवं भाटापारा के हिसाब से अलग-अलग ईवीएम एवं वीवीपैट रखी गई हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। पूरा परिसर को सीआईएसएफके हवाले कर दिया है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन अपर कलेक्टर बीसी एक्का,उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, सभी रिटर्निंग अधिकारी सहित समस्त विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# मतदान दलों की सकुशल वापसी पर प्रशासन ने गुलाब फूल देकर किया स्वागत



**महासमुंद,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। महासमुन्द जिले में 17 नवम्बर को हुए मतदान के पश्चात मतदान दलों की वापसी के दौरान पहला दल रात्रि 9 बजे खल्लारी विधानसभा अंतर्गत मतदान केंद्र धरमपुर, छिंदौला, अमेठी सहित अन्य मतदान दल की सकुशल वापसी हुई। जिला प्रशासन द्वारा सफ्लतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए गुलाब फूल देकर मतदान दल का स्वागत किया गया। कलेक्टर प्रभात मलिक ने सफ्लता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने के लिए पूरी टीम को बधाई दी एवं गुलाब भेंट कर उनका स्वागत किया। जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, उपजिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, खल्लारी के आर ओ सृष्टि चंद्राकर एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों ने भी गुलाब फूल देकर स्वागत किया। ज्ञात है कि शुक्रवार को सुबह 8:00 से 5:00 बजे तक मतदान हुआ तत्पश्चात मतदान दलों की वापसी का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चला। जिला प्रशासन द्वारा सभी काउंटर्स में मतदान दल वापसी के लिए तैयारी की गई थी एवं सभी कर्मचारी तैनात कर दिए गए थे। मंडी परिसर में इसके लिए माकूल व्यवस्था की गई थी।

# शांतिपूर्ण मतदान पर कलेक्टर ने जताया आभार



**महासमुंद,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की चारों विधानसभाओं में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर मतदान कार्य संपादित एवं संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों.कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में मतदान कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थीए जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू ढंग से संपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली.भांति निर्वहन किया, वहीं सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। जिले के नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ निर्वाचन व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों ने भी मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सकारात्मक व सभी तरह के समाचारों का पर्याप्त कव्हरेज करते हुए सभी को अवगत कराया। स्काउट.गाइड, एनसीसी एवं एनएसएस के मतदाता मित्रों द्वारा मतदान के समय उपयोगी भूमिका निभाई गईए जो सराहनीय है। निर्वाचन के दौरान गठित सभी निगरानी दल व संलग्न सभी कर्मचारियों के पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठ होने के फ्लस्वरूप यह कार्य संपादित हुआ है। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# मतदान केन्द्रो में स्काउट गाइड ने किया मतदाता मित्र के रूप में सेवा कार्य



**बलौदाबाजार,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी बी. एल. देवांगन एवं जिला संगठन आयुक्त भारत स्काउट गाइड सूरज कसार के निर्देशनुसार दाऊ खुमान सिंह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुमा विकासखण्ड पलारी के स्काउट्स एवं गाइड्स के बच्चों द्वारा स्काउट गाइड प्रशिक्षक योमेश कुमार साहू के नेतृत्व मे मतदान केन्द्र सरसेनी और गुमा में मतदाता मित्र के रूप में सेवा कार्य किये गए। जिसमे बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, एवं द्वियांगों को ब्हील चेयर के माध्यम से मतदान केन्द्र तक पहुंचाया गया। जहां बच्चों के इस सराहनीय कार्य से प्रसन्न होकर स्कूल के प्राचार्य बी.एल. कोसले ने स्काउट गाइड्स के बच्चों की प्रशंसा करके उन्हें प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जल भविष्य की कामना किया। इसी प्रकार भारत स्काउट गाइड के स्काउट्स एवं गाइड्स के द्वारा जिले के अधिकांश मतदान केन्द्रो में मतदाता मित्र के रूप में सेवा कार्य करते देखा गया। भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल एवं अन्य पदाधिकारियों ने इस सेवा कार्य के लिए सभी विद्यालय के स्काउट गाइड को बधाई दी।

# स्ट्रांग रूम सील की गई



**महासमुंद,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को जिले में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हो गया। शाम से ही मतदान दलों की वापसी शुरू हो गयी थी। देर रात तक मतदान सामग्री जमा करने की कार्रवाई की गई। मशीनों को विधानसभा वार स्ट्रांग रूम में सील किये जाने के पूर्व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार, जफ्र मलिक, पुलिस प्रेक्षक कृष्ण कुमार ने कलेक्टर प्रभात मलिक, सभी आर ओ और राजनीतिक दलों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। साथ ही बैठक लेकर पूरे मतदान प्रक्रिया की समीक्षा की गई। बैठक में विधानसभा वार समीक्षा और राजनीतिक दलों की सहमति के पश्चात उनके समक्ष ही स्ट्रांग रूम सीलिंग की कार्रवाई की गई।

# विधान सभा प्रत्याशी अमितेश शुक्ल, धनेंद्र साहू , इन्द्रकुमार और रोहित साहू ने प्रत्यक्ष -अप्रत्यक्ष रूप से दिए सहयोग के लिए माना आभार



**कांग्रेस प्रत्याशियों ने कहा कांग्रेस की सरकार बन रही है तो भाजपा प्रत्याशियों ने कहा कि बनेगी भाजपा की सरकार**

**नवापारा राजिम,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 का मतदान संम्पन्न होने पर भारतीय जनता पार्टी के अभनपुर विधानसभा प्रत्याशी इन्द्र कुमार साहू,धनेंद्र साहू एवम राजिम प्रत्याशी अमितेश शुक्ल और रोहित साहू ने मतदाताओं, आम जनता, मीडिया कर्मियों, पार्टी संगठन के साथियों एवम पार्टी कार्यकर्ताओ का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से दिये सहयोग के लिए आभार व्यक्त किये हैं। इन चारो प्रत्याशियों ने मतदाताओं, आम जनता, मीडिया कर्मियों, समर्थको एवं पार्टी संगठन के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शुरु से लेकर अंत तक अभनपुर एवम राजिम विधानसभा के लोगों ने जो आशीर्वाद दिया है साथ ही आप सभी ने बेहद ही दृढ़ता के साथ प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से मदद प्रदान किया है इसके लिए तहेदिल से सभी का आभार व्यक्त करता हूँ तथा भविष्य में सहयोग मिलते रहने की अपेक्षा करते हे। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशियो ने कहा कांग्रेस की सरकार बन रही हे तो भाजपा प्रत्याशियो ने कहा कि बनेगी भाजपा की सरकार ही।

# अंचल का प्रथम मड़ई मेला आज चांपा में

**बलौदाबाजार,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। ग्रमीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंचल के ग्राम पंचायत चांपा में लगभग गत 50 वर्षों से यादव समूहों द्वारा गांव और क्षेत्र के किसानों के पुर्ण सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन किया जाता है। इसी परम्परा के अनुसार धार्मिक त्यौहार शुभ दीपावली के सप्ताह भर बाद छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक संस्कृति के आयोजन मड़ई का प्रथम आयोजन ग्राम चांपा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 19 नवंबर रविवार को मड़ई आयोजित की गयी है। जहां यादव समाज द्वारा आस-पास के यादव टोलियों को बाजे-गाजे और राऊत नाच के पारंपरिक वेशभूषा में पधारने के लिए आमंत्रित करते हैं और उनके आगमन पर बाजे-गाजे के साथ पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते हुए ससम्मान उनका स्वागत करते हैं। तत्पश्चात पगड़ी और लाठियों से लैस सभी यादव समूहों द्वारा गोल घेरे में एक ताल, लय, और धुनों में सामूहिक नृत्य करते हुए बीच-बीच में बारी-बारी से वीर रस, ब्यंग रस, ओज रस और धार्मिक रस तथा माधुर्य रस में लाठी को ऊपर उठाकर उछल-ऊछल कर दोहे का वाचन करते हैं। जिसका सामूहिक रूप से लाठी ऊपर उठाकर एक स्वर में सभी आवाज देकर समर्थन करते हैं। वहां झूला एवं सर्कस तथा खिलौने सहित सभी प्रकार की दुकानें लगती हैं। जहां बच्चे, बुजुर्ग, किसान, जवान और युवक-युवतियां जान-पहचान, दोस्तों यारों और रिश्तेदारों से भावनात्मक मेलजोल होते हैं तथा मनभावन खरीददारी करते हैं, जिसे कहते हैं छत्तीसगढ़ का पारंपरिक मड़ई।

# जिले में कुल 81.52 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया उपयोग

**बसना में सर्वाधिक 83.67 व महासमुंद में कम 78.31 प्रतिशत मतदान**

**महासमुंद,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत महासमुंद जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हुआ। मतदाताओं में मतदान के लिए उल्लास एवं उत्साह देखा गया। शाम 05:00 बजे के पश्चात भी कई मतदान केन्द्रों में लोग कतार में खड़े होकर मतदान का इंतजार करते रहे। मतदान में महिलाओं ने पुरूषों के मुकाबले अधिक मतदान किया। मतदान की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात मतदान दलों की शुक्रवार देर रात सकुशल वापसी हो गई है। आज प्रेक्षक, राजनीतिक दलों की उपस्थिति में सभी मशीनों को विधानसभावार स्ट्रांग रूम में सील किया गया। यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम है। मतगणना रविवार 3 दिसंबर 2023 को सुबह 8 बजे से पिटियाझर कृषि उपज मंडी परिसर में किया जाएगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में कुल 81.52 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र महासमुंद.42 अंतर्गत कुल 2,08,697 मतदाताओं में से 80 हजार 526 पुरुष मतदाताओं तथा 82 हजार 913 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। दो थर्ड जेंडर के मतदाताओं ने भी मतदान किया। इस तरह कुल 1,63,441 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान का कुल प्रतिशत 78.31 रहा। जिसमें महिलाओं का 77.72 प्रतिशत एवं पुरुषों का 78.94 प्रतिशत मतदान रहा। विधानसभा क्षेत्र खल्लारी.41 अंतर्गत कुल 2,17,323 मतदाताओं में से 88 हजार 387 पुरुष मतदाताओं तथा 90 हजार 659 महिला मतदाताओं ने वोट किया। एक थर्ड जेंडर मतदाता ने अपने मत का प्रयोग किया। इस तरह कुल 1,79,047 मतदाताओं >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बाबूजी फाउंडेशन ने मनाई अपनी दीपावली जरूरतमंद बच्चों के बीच



**भाटापारा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। बाबूजी फाउंडेशन ने जरूरत मंद बच्चों के बीच पहुंचकर दीपावली पर मिठाई, रंगोली, सुरसुरी, फुलझड़ी पटाखे सभी बच्चों को एक-एक पैकेट भेट, वितरण कर बाबूजी फाउंडेशन के सदस्यों ने दीपावली मनाएं बधाई व शुभकामनाएं दिए।

फाउंडेशन के संचालक (महोदय) बाबू तोरण साहू ने बताया आत्मिक खुशी मिलती है इन सभी के बीच पहुंचकर। दया, करुणा, ही धर्म का मूल है। सदगुरु कबीर साहेब की कृपा से उनके द्वारा मिला सामर्थ से ही हो पाता है। स्थान = अटल आवास रावण भाटा मैदान के पास भाटापारा। उपस्थितजन तेज प्रकाश जैन, श्रीमती वीणा साहू शिक्षिका, रामकुमार साहू, शेषनारायण पांडे, सुभाष भट्टर, नारायण साहू नगर अध्यक्ष, रमेश श्रीमाली, गिरिराज भट्टर, आदि रहे।

# सकुशल वापस लौटा मतदान दल, प्रशासन ने ली राहत की सांस

**गरियाबंद**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के दोनों विधानसभाओं के सभी 573 मतदान दल सुरक्षित सकुशल वापस आ गये हैं। मतदान दलों की वापसी का सिलसिला शुक्रवार शाम से ही प्रारंभ हो गया था जो देर रात दो बजे तक जारी रहा। मतदानकी प्रकिया पूर्ण करने के पश्चात मतदान दलों की सकुशल वापसी हो गई है। जिस स्थानसे मतदान सामग्री का वितरण किया गया था, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसीहुई। मतगणना रविवार 3 दिसम्बर 2023 को सुबह 8 बजे से जिला मुख्यालय गरियाबंद के कृषिउपज मंडी परिसर में किया जाएगा।

मतदान दल के वापसी के बाद सामान्य प्रेक्षक सुश्री अंजू चौधरी, पुलिस प्रेक्षक अरूण कुमार श्रीवास्तव, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाशछिकारा एवं राजनैतिक दलों की उपस्थिति में शनिवार की सुबह 10.30 मंडी परिसरस्थित स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनें सील कर दी गई। इसके पहले प्रेक्षक,कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने राजनैतिक दलों के साथ कृषि उपज मंडी परिसर मेंस्थापित स्ट्रांग रूम में रखे मशीनों का अवलोकन किया। तत्पश्चात राजनीतिक दलों कीउपस्थिति में दोनों विधानसभा के स्ट्रांग रूम को सील की गई। सुरक्षा कीजिम्मेदारी अर्द्धसैनिक बल के जवानों को सौंपी गई।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-54 राजिम केस्ट्रांग रूम में मतदान केन्द्रों में उपयोग किये गये कुल 276 कन्ट्रोल यूनिट, 276 बैलेट यूनिट एवं 277 व्हीव्ही पेट मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील किया गया है। इसीतरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-55 बिन्द्रानवागढ़ के स्ट्रांग रूम में मतदान केन्द्रोंमें उपयोग किये गये कुल 306 कन्ट्रोल यूनिट, 306 बैलेट यूनिट एवं 315 व्ही.व्ही.पेटमशीनो को स्ट्रांग रूम में सील किया गया है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमतीरीता यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई,संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, डिप्टी कलेक्टर टी आर देवांगन, रिटर्निंग अधिकारी राजिम धनंजयनेताम, रिटर्निंग अधिकारी बिंद्रानवागढ़ सुश्री अर्पिता पाठक सहित



## प्रेक्षक, कलेक्टर एवं राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईव्हीएम व वीवीपेट स्ट्रांग रूम में सील निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने जताया आभार

राजनैतिक दलों केप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

**कलेक्टर ने जताया आभार**

जिले के दोनों विधानसभाओं में शांतिपूर्ण एवंनिर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने मतदानकार्य संपादित एवं संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों,सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहाकि जिले में बड़ी संख्या में मतदान कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों कीड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू ढंग सेसंपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया, वहींसुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। जिलेके नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ निर्वाचन व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुएउत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनीआस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहले बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों, युवा मतदाताओं एवं दिव्यांगजनों ने भी मतदान किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री छिकारा ने मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंनेसभी तरह के समाचारों का पर्याप्त कव्हरेज करते हुए सभी को अवगत कराया।स्काउट-गाईड एवं एनएसएस के छात्रों द्वारा मतदान के समय उपयोगी भूमिका निभाईगई, जो सराहनीय है। मतदान दलों को लाने-ले जाने के अन्य कार्यों में लगेवाहन चालकों के सहयोग के बिना यह निर्वाचन कार्य भली-भांति संपादित नहीं होपाता, इनके पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठ होने के फलस्वरूप यह कार्य संपादित हुआहै, इसके लिए सभी वाहन चालक बधाई के पात्र हैं। इसके अलावा स्वसहायता समूह,सामाजिक संगठनों सहित अन्य सभी संस्थाओं ने अपनी भूमिका अदा की है और उनकाकार्य सराहनीय रहा है, ये सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्तकरते हुए बधाई दी है।

# प्रेक्षक पवन कुमार ने राजनीतिक दलों के समक्ष सील कराया स्ट्रांग रूम



**बिलाईगढ़,** 18 नवंबर(देशबंधु)। बिलाईगढ़ विधानसभा 43 के सामान्य प्रेक्षक श्री पवन कुमार ने रिटर्निंग अधिकारी डॉ स्निग्धा तिवारी और राजनीतिक दलों की उपस्थिति में मतदान दलों के निर्वाचन सामग्री संग्रहण और बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कसडोल क्षेत्र में बिलाईगढ़ विधानसभा के 129 मतदान केंद्रों में हुए मतदान के बाद ईवीएम मशीनों आदि को कलेक्टर बलौदाबाजार से प्राप्त करने पर सील किया गया। अब इसका सुरक्षा सीआईएसएफ के जवान कर रहे हैं। साथ ही साथ सीसीटीवी कैमरा भी चालू है। इसी प्रकार रायगढ़ विधानसभा क्रमांक 16 अंतर्गत सरिया क्षेत्र के 59 मतदान केंद्र में निर्वाचन कराने के बाद ईवीएम मशीनों आदि को रायगढ़ के स्ट्रांग रूम के लिए कलेक्टर रायगढ़ को 17 नवम्बर की रात को भेजा गया है। इस अवसर पर लाइजनिंग अधिकारी श्री शैलेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

# रंगोली व कला प्रदर्शनी आयोजित



**भाटापारा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। हर साल की तरह इस वर्ष भी दीपावली के पावन अवसर पर दुबे क्लासेज द्वार अपने निज निवास शंकर वार्ड में कला उत्सव के रूप में रंगोली और कला प्रदर्शनी अयोजित की गई। जिसमें रंगोली द्वार कांतारा, कथकली और रसोई सामग्री बनाई गई। नागरवासियों द्वारा कलाकार अभिनव दुबे, अनुष्का दुबे, जागृति साहू और दीपा गिन्नौर की कला की सराहना कर मान बढ़ाया। भविष्य में और बेहतर प्रयास करने की शुभकामनाएं दी।

# ईवीएम मशीन में खराबी आने से घंटों प्रभावित रहा मतदान कार्य

**बागबाहरा,** 18 नवंबर (देशबंधु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अनेक मतदान केंद्रों में ईवीएम मशीनों में खराबी आने से कई ग्रामों के मतदान केंद्रों में वोट डालने के लिए मतदान कार्य प्रभावित रहा। हालांकि कुछ देर बाद उक्त मशीन को सुधार लिया गया। जिससे प्रभावित हुए मतदान कार्य प्रारम्भ किया गया। वोट डालने के लिए मतदाताओं में लम्बी लाईन लगी हुई थी। जो सुचारु रूप से चलता गया। लोकतंत्र के महापर्व खल्लारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 41 में कल शुक्रवार 17 नवम्बर को मतदान शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मतदाताओं में मतदान करने अपार उत्साह देखा गया। वहीं मतदान के दिन सुबह से लेकर शाम तक लंबी कतार देखा गया। वहीं ओड़िशा सीमा से लगे खल्लारी क्षेत्र के ग्राम पंचायत खट्टी के मतदान केन्द्र मे वोटिंग मशीन मे खराबी आने से आधे घंटे तक मतदान प्रभावित रहा। इसी तरह मतदान केन्द्र झिटकी मे भी वोटिंग मशीन खराब होने की वजह से दो घंटे तक मतदान कार्य प्रभावित हुआ। इसी तरह ग्राम पंचायत नर्रा मतदान केन्द्र मे आधे घंटे तक मशीन मे खराबी की वजह से मतदान कार्य बंद रहा। मतदान केन्द्र नर्रा बुथ क्रमांक 257 और 259 मे कुल मतदाता संख्या 2035 में 1795 मत पड़े। इसी तरह मतदान केन्द्र बिन्द्रावन में कुल मतदाता 1952 मे 1665 मत पड़े। मतदान केन्द्र खट्टी में कुल मतदाता 1449 में 1196 मत पड़े। मतदान केन्द्र परसुली मे 910 मे 700 मत पड़े। मतदान केन्द्र मुडपार में कुल मतदाता 1063 मे 858 मत पड़े। मतदान केन्द्र



परकोम ?? में कुल मतदाता 875 मे 735 मत पड़े। इसी तरह मतदान केन्द्र राटापाली में कुल मतदाता 565 मे 518 मत पड़े। मतदान केन्द्र कारागुला मे कुल मतदाता 996 मे 768 मत पड़े। मतदान केन्द्र पंडरीपानी मे कुल मतदाता 725 मे 628 मत पड़े। इसी ? प्रकार मतदान केन्द्र उखरा मे कुल मतदाता 730 मे 629 मत पड़े। मतदान केन्द्र लामीसरार मे कुल मतदाता 442 मे 354 मत पड़े।? मतदान केन्द्र अमेरा मे कुल मतदाता 428 मे 368 मत पड़े। ग्रामीण अंचल में मतदान करने मतदाताओं में सुबह से लेकर शाम तक लम्बी लाईन लगी रही। ग्रामीण मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने काफी उत्साहित थे। जिसका उन्होंने पूरा उपयोग किया है।

# केशला में हुए 75 फीसदी प्रतिशत मतदान आदर्श युवा संघ ने की

## केशला खरोरा में मतदान हेतु लोगों को जागरूक



**खरोरा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। 17 नवंबर को हुवे द्वितीय चरण के मतदान में पूरे खरोरा क्षेत्र मानो चुनाव त्योहार मना रहा हो ऐसा सक्रिय माहौल सुबह से दिखाई देता रहा सुबह 8 बजे से प्रारंभ हुआ मतदान में 1 बजे तक 30 फीसदी मतदान क्षेत्र में हो चुका था आदर्श युवा संघ के सदस्य द्वारा लगातार शत प्रतिशत मतदान हेतु मुहिम चलाई गई थी और पूरे दिन भर लोगो से सोसल मीडिया में वोट की इंक दिखाते हुए फोटो अपलोड करने प्रोत्साहित किया जिससे सभी लोगो ने मतदान हेतु क्रेज दिखाई दिया खासकर फस्ट टाइम वोटर मतदान हेतु उत्साहित होकर मतदान केंद्र पहुंचे और व्हास्टैप, हो या फेसबुक, इंस्टाग्राम सभी सोसल मीडिया में फोटो अपलोड करते रहे।

# आज संत जलाराम जयंती होंगे विविध कार्यक्रम

**धमतरी,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। रविवार को श्री जलाराम जयंती महोत्सव का आयोजन गुजराती समाज व श्री जलारामबापा मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया गया है। सुबह 4 बजे जलाराम बापा मंदिर में मंगला आरती होगी। 5 बजे गुजराती समाज भवन से प्रभात फेरी निकलेगी। 11.30 बजे मंदिर में नारायण भोग आरती होगी। 12 बजे गुजराती समाज भवन में नारायण भोग लगाया जाएगा। शाम 5.30 बजे गुजराती समाज भवन से व 6.30 बजे जलाराम मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। गुजराती समाज भवन में रात 7.45 बजे आरती के बाद 8 बजे महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। इसी तरह जलाबापा मंदिर में महाप्रसादी दोपहर 12.30 बजे से 2.30 बजे तक होगी। श्री जलाराम महिला सत्संग मंडल द्वारा मंदिर में शाम 4 से 5.30 बजे तक भजन संध्या होगी।

# कलेक्टर ने सुबह 4 बजे तक जमा करवाया मतदान सामग्री

**बिलाईगढ़,** 18 नवंबर(देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में 17 नवम्बर को शाम 6 बजे से 4 बजे रात तक विधानसभा सारंगढ़, बिलाईगढ़ और रायगढ़ के मतदान केंद्रों के मतदान दलों की वापसी पर निर्वाचन सामग्री का संग्रहण पूरा कराया गया। जिला प्रशासन के इस टीम में पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, एएसपी निवेदिता पाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा, डॉ स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, डिप्टी कलेक्टर टी आर महेश्वरी, बी एक्का, एआरओ तहसीलदार, सीईओ योगेश्वरी बर्मन, प्रज्ञा यादव, संजू पटेल सहित जिले के सभी अधिकारी उपस्थित थे।

# नगर ठेठवार यादव समाज ने मातर मिलन महोत्सव का किया आयोजन

**फिंगेश्वर**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। नगर ठेठवार यादव समाज फिंगेश्वर द्वारा मातर मिलन महोत्सव का शानदार आयोजन किया गया इस अवसर पर फिंगेश्वर के राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों के द्वारा जिसमें जगदीश यादव अध्यक्ष नगर पंचायत फिंगेश्वर, बिसौहा हरित पूर्व सरपंच, डॉक्टर चंद्रशेखर हरित समाजसेवी, दूजलाल बंजारे पूर्व नगर अध्यक्ष, घनश्याम यदु संरक्षक नगर यादव समाज एवं मनचस्थ सभी अतिथियों के द्वारा भगवान श्री कृष्ण के पूजन वंदन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तत्पश्चात सभी अतिथियों ने गौ माता को सोहई बांधा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वागत भाषण में घनश्याम यदु संरक्षक नगर यादव समाज ने सभी समाज के प्रमुखों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया और इस प्रकाश पर्व पर सबको बधाई देते हुए विशेष रूप से राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह की बधाई देते हुए उन्हें अपनी ओर से बहुत साधुवाद दिया कि उन्होंने फिंगेश्वर जो की मंदिरों के नाम से प्रसिद्ध है ऐसे सभी मंदिरों को एक नया रूप प्रदान किया है इसके लिए उन्हें बधाइयां दी साथ ही मंच पर उपस्थित फिंगेश्वर के गौशाला के संचालक डॉक्टर चंद्रशेखर हरित को भी इस अवसर पर बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सरपंच बिसौहा हरित ने यादव समाज को धन्यवाद दिया और कहा कि आप लोगों के कारण हम लोग भी इस दीपावली मिलन के कार्यक्रम में उपस्थित होकर एक दूसरे से मिल पाते हैं साथ ही गौ माता का पूजन करने का अवसर हम सब लोगों को प्राप्त होता है इसके लिए उन्होंने धन्यवाद दिया। अगले वक्ता दूज लाल बंजारे ने आज के वर्तमान स्थिति में समाज में लोग गोपालन से विमुख होकर दूसरे पालतू पशु जैसे कुत्ते पालन को अपना शान समझने लगे हैं इस पर कटाक्ष किया और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह ने दीपावली की शुभकामनाएं सभी नगर वासियों को देते हुए यादव समाज को बहुत-बहुत बधाई और धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक यदुनंदन श्रीवास, धर्मवीर



यादव, रामजी विश्वकर्मा,संतोष थदानी, जितेंद्र ठाकुर, ओमप्रकाश सिंह , खेदू सिंहा,मन्नू यदु, अमृत यदु , दशरथ बंजारे, सुनहर यदु,रविदत्त पांडे,लाल चंद सिन्हा,सुशील शर्मा,सहित नगर फिंगेश्वर के यादव बंधु रज्जू यादव, संतोष यदु, गोपेश यदु, विनोद यदु, मनोज यदु, दिलीप यदु, बालमुकुंद यदु,पप्पू यदु, बलवंत यदु, कमलेश यदु, संतोष यदु, योगी यदु, चमन यदु,यशवंत यदु ,अरविंद यदु, त्रिलोक यदु, पांडा यदु,विजय यदु , अनिल यदु, हीरु यदु,सोनल यदु सहित फिंगेश्वर नगर के समस्त यादव बंधु और माताएं जिसमे संतोषी श्रीवास्तव,शांति कोसरे,शीला यदु,चंदा यदु, पद्मा यदु, मंटोरा यदु , पुष्पा यदु, संगीता यदु,संध्या यदु सहित सभी माताएं व बहनें शामिल थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अखाड़ा प्रदर्शन रहा जिसमे नगर के मौली पर के जाबाज वीरों ने शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का संचालन उमेश यदु शिक्षक एवम सचिव ने किया साथ ही आभार प्रदर्शन नगर अध्यक्ष तेजेश यदु ने किया।

# कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर आभार व्यक्त किया

**धमतरी,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की तीनो विधानसभाओं में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर मतदान कार्य संपादित एवं संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।



उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में मतदान कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू ढंग से संपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया, वहीं सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। जिले के नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ निर्वाचन व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहले बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों ने भी मतदान किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सभी तरह के समाचारों का पर्याप्त कव्हरेज करते हुए सभी को अवगत कराया। स्काउट-गाईड, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्रों द्वारा मतदान के समय उपयोगी भूमिका निभाई गई, जो सराहनीय है। मतदान दलों को लाने-ले जाने के अन्य कार्यों में लगे वाहन चालकों के सहयोग के बिना यह निर्वाचन कार्य भली-भांति संपादित नहीं हो पाता, इनके पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठ होने के फलस्वरूप यह कार्य संपादित हुआ है, इसके लिए सभी वाहन चालक बधाई के पात्र हैं। इसके अलावा स्वसहायता समूह, सामाजिक संगठनों सहित अन्य सभी संस्थाओं ने अपनी भूमिका अदा की है और उनका कार्य सराहनीय रहा है, ये सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# प्रेक्षक तापस राय व पवन कुमार ने मतदान दल के वापसी पर संग्रहण व्यवस्था का निरीक्षण किया

**बिलाईगढ़,** 18 नवंबर(देशबंधु)। सामान्य प्रेक्षक तापस राय, पवन कुमार ने 17 नवम्बर की रात को 11 बजे से 2 बजे रात तक मतदान दलों के निर्वाचन सामग्री वापसी के समय संग्रहण व्यवस्था की तैयारी का जायजा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी, पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, एएसपी निवेदिता पाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश भारद्धाज, रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा, डॉ स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान आदि उपस्थित थे।

# चोरी का सामान खरीदने वाला कबाड़ी गिरफ्तार

## तीनों आरोपियों को भेजा गया ज्युडिशियल रिमाण्ड पर

**खैरागढ़,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। नगर के वार्ड क्रमांक 2 पंडरिया गंडई निवासी प्राथी किशन लाल यादव ने 16 नवम्बर को गंडई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था. प्रार्थी किशन ने बताया कि 13-14 नवम्बर की रात्रि में मेरे घर के सामने बना छड़ सिमेंट रखने का गोदाम का ताला टुटा हुआ था. उसमे 8 एमएम का 4 चिंटल का रिंग व छत ढ़ालने का 10 नग स्पांच जिसकी कीमत लगभग 49000 हजार रूपए बताई जा रही है. जो कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया प्राथी के द्वारा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा के तहत 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान एसपी अंकिता शर्मा, एएसपी नेहा पाण्डेय के निर्देशन में एसडीओपी प्रशांत खाण्डे के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में 8 एमएम का 4 चिंटल का रिंग व छत ढ़ालने का 10 नग स्पांच कीमत 49000 रुपए की चोरी करने वालो को पुलिस के द्वारा पता तलास किया जा रहा था. तलासी के दौरान गंडई के एक कबाडी दुकान में चोरी का 8 एमएम का रिंग व स्पांच मिलने पर



कबाडी दुकान वाले मो. जावेद से पुलिस के द्वारा पूछताछ करने पर चोरी का सामान खरीदना स्वीकार किया गया पुलिस के द्वारा पूछने पर बताया गया कि विकाश जायसवाल पिता फगनू जायसवाल उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 2 पंडरिया गडई आपचारी बालक उम्र 17 वर्ष का नाम पता बताने पर आरोपियों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया गया दोनो आरोपियों से चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी दुकान के संचालक मो. जावेद पिता नूर मोहम्मद उम्र 46 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 15 रामपारा गंडई को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया व अपचारी बालक को बाल न्यायालय में पेश किया गया है।

# युवकों ने बढ़ चढ़कर किया मतदान




**देवकर,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। मतदान के प्रति आमजन मानस में रहा भारी उत्साह लोकतंत्र के महात्सव विधानसभा चुनाव में मतदान को लेकर लोगों में जमकर उत्साह नजर आया ।नगर देवकर में सबसे पहले युवाओं राकेश पान्डेय ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लगभग सभी वर्ग अपने -अपने घरों से निकलकर अपने दायित्व का निवँहन करते हुए ।जागरूकता का परिचय दिए ।मतदान केंद्रों में लोग सहपरिवार पहुंचकर चुनाव तिहार में भाग लिए ।विशेष कर पहली बार वोट डाल रहे युवाओं में काफी उत्साह नजर आया ।लोकतंत्र की बुनियाद रखने में सभी ने अपनी जिम्मेदारी निभाई ।इसी प्रकार छात्र वर्ग ,नौकरी पेशा वर्ग व्यापारी वर्ग ,गृहिणी वर्ग ,वरिष्ठ जन सहित तमाम वर्ग के लोग मतदान केन्द्रों में पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी का निवँहन किए ।साथ ही बाकी लोगों को भी मतदान करने का संदेश देकर जागरूक लाते रहे। देवकर नगर में मतदान केंद्र पर अपना अपना मतदान करने पहुंचे रहे हैं ।मतदाता मतदान केंद्र को खूबसूरत सचाया गया है। सेल्फी पाँइंट देंखे युवाओं ने।

## प्रादेशिकी का शेष...

### जिले में कुल 81.52 प्रतिशत...

ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान का प्रतिशत 82.39 रहा। जिसमें महिलाओं का 82.09 प्रतिशत एवं पुरुषों का 82.7 प्रतिशत मतदान रहा। विधानसभा क्षेत्र बसना.40 अंतर्गत कुल 2,24,450 मतदाताओं में से 92 हजार 652 पुरुष मतदाताओं तथा 95 हजार 139 महिला मतदाताओं सहित एक थर्ड जेंडर ने भी मतदान किया। इस तरह कुल 1,87,792 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान का प्रतिशत 83.67 रहा। जिसमें महिलाओं का 83.51 प्रतिशत तथा पुरुषों का 83.83 प्रतिशत मतदान रहा। सरायपाली.39 अंतर्गत कुल 2,05,033 मतदाताओं में से 83 हजार 561 पुरुष मतदाताओं तथा 83 हजार 976 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। इस तरह कुल 1,67,537 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें कुल मतदान का प्रतिशत 81.71 प्रतिशत रहा। इसमें महिलाओं की 81.79 प्रतिशत तथा पुरुषों 81.63 प्रतिशत भागीदारी रही।

## निधन

### भगवानधर दीवान

**नवापारा-राजिम,** 18 नवंबर।



ब्राम्हणपारा निवासी भगवानधर दीवान का निधन शनिवार शाम को हो गया। शवयात्रा आज रविवार 19 नवंबर को सुबह निवास स्थान से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजेश दीवान के पिता थे।

### नेतराम वर्मा

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 18 नवम्बर। ग्राम कोसमंदी निवासी नेतराम वर्मा का निधन हो गया। उनके निधन पर परिजन आत्मीयजन,



ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम में किया गया। वे मन्नु वर्मा के पुत्र थे।

### स. किरत सिंह मथारू

**रायपुर,** 18 नवंबर। सिविल लाइन निवासी स. किरत सिंह मथारू (15 वर्ष) का आकस्मिक निधन 15 नवंबर को हो गया था।



उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे हरमीत सिंह मथारु के पोते, सचेतन सिंह के बेटे व जसदेव सिंह के भतीजे थे।

# प्रदेश में सबसे अधिक मतदान धमतरी में हुआ, 86.65 प्रतिशत हुआ मतदान



**धमतरी,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत् शुक्रवार 17 नवम्बर को जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी 753 मतदान केंद्रों में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस बार हुए मतदान ने यह सिद्ध कर दिया है कि आदिवासी क्षेत्र के मतदाता अपने मताधिकार को लेकर काफी जागरूक हो चुके हैं। जिले में स्थापित किए गए आदर्श मतदान केन्द्र, संगवारी पोलिंग बूथ, बिटिया हेल्प डेस्क, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्थापित किए गए मतदान केन्द्रों में वोट डालने मतदाताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। 17 नवम्बर को सुबह 7.30 बजे से ही कतार में लगकर मतदाताओं ने वोट डाला, जो कि देर शाम तक चलता रहा।

प्राप्त आंकड़े अनुसार जिले के कुल 5 लाख 38 हजार 945 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 86.65 प्रतिशत है। इसमें 2 लाख 66 हजार 244 पुरूष मतदाता एवं 2 लाख 72 हजार 696 महिला मतदाता और 5 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56-सिहावा (अनुसूचित जनजाति) में 1 लाख 69 हजार 417 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 87.64 प्रतिशत है। इसमें 82 हजार 338 पुरूष मतदाता एवं 87 हजार 77 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 57-कुरूद में 1 लाख 88 हजार 136 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 90.17 प्रतिशत है। इसमें 94 हजार 437 पुरूष मतदाता एवं 93 हजार 698 महिला मतदाताओं ने मतदान किया, जो डाले गए मतों का 90.17 प्रतिशत है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 58-धमतरी में 1 लाख 81 हजार 392 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 82.44 प्रतिशत है। इसमें 89 हजार 469 पुरूष मतदाता एवं 91 हजार 921 महिला मतदाताओं ने मतदान किया, जो डाले गए मतों का 82.44 प्रतिशत है।

**पोस्टल बैलेट और होम वोटिंग के माध्यम से जिले के 3307 लोगों ने मतदान किया**

17 नवम्बर 2023 को हुये मतदान एवं पोस्टल बैलेट वोटिंग तथा होम वोटिंग को मिलाये तो जिले में 87.18 प्रतिशत मतदान हुआ है। सिहावा विधानसभा में पोस्टल बैलेट एवं होम वोटिंग के माध्यम से 986 लोगों ने मतदान किया। कुरूद विधानसभा में पोस्टल बैलेट एवं होम वोटिंग के माध्यम से 982 और धमतरी विधानसभा में 1339 लोगों ने मतदान किया। इस तरह पोस्टल बैलेट और होम वोटिंग के माध्यम से जिले के 3307 लोगों ने मतदान किया।

**मतदाता सूची का सटीक पुनरीक्षण के कारण बढा मतदान प्रतिशत**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में पुनरीक्षण के कार्य को गंभीरता के साथ कराने के निर्देश दिए थे। जिसके परिणाम स्वरूप पूरे जिले में 29 हजार 717 से अधिक नए मतदाता जुड़े, वही 18 हजार 363 के नाम मतदाताओं के नाम सूची से काटे गए।

**स्वीप गतिविधियों के परिणामस्वरूप प्रदेश का सबसे अधिक मतदान धमतरी जिले में हुआ**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने विभिन्न स्वीप गतिविधियां आयोजित की गईं। इसके परिणामस्वरूप धमतरी जिला प्रदेश का सबसे अधिक मतदान वाला जिला बना।

- **पूरे प्रदेश में अधिक मतदान के साथ साथ विधानसभावार कुरुद व सिहावा विधानसभा में भी हुआ अधिक मतदान**
- **धमतरी जिले में ऐतिहासिक रहा मतदान, पिछले कई सालों के मतदान रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 86.65 हुआ मतदान**

**जिले के अधिकतर नये मतदान केन्द्रों में 90 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदान**

विधानसभा 56 सिहावा के मतदान केन्द्र क्रमांक 4 बांसपारा में 90.32 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 13 साल्हेभाठा में 94.23 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 55 हथबंध में 82.15 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 57 रेंगाडीह में 87.78 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 83 भोभलाबाहरा में 83 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 91 झूरातराई में 90 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 110 खैरभर्री में 95 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 120 आमदी में 86.77 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 124 दाबगांव में 86.80 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 127 राजपुर में 90.18 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 134 चारगांव में 85.66 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 189 देवपुर में 87.63 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 194 पंडरीपानी रैयत मे 90.43 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 235 लखनपुरी में 89.14 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 237 पंडरवाही में 88.96 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 239 मौहाबाहरा में 91.72 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 240 रानीगांव में 87.88 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 245 तुमड़ीबाहार 91.26 प्रतिशत और मतदान केन्द्र क्रमांक 248 फरसगांव में 90.79 प्रतिशत वोट पड़े।

विधानसभा 57 कुरूद के मतदान केन्द्र क्रमांक 3 कचना में 88.77 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 35 दर्रा में 95.66 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 39 संकरी में 93.68 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 117 बगौद में 89.91 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 134 भाठागंव में 89.93 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 205 परसट्ठी में 93.66 प्रतिशत वोट पड़े। विधानसभा 58 धमतरी के मतदान केन्द्र क्रमांक 92 बलियारा में 84.41 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 102 मुजगहन में 85.87 प्रतिशत वोट पड़े।

**'संगवारी मतदान केन्द्रों में पिछले निर्वाचन से अधिक हुआ मतदान**

संगवारी मतदान केन्द्रों में भी पिछले निर्वाचन से इस बार अधिक मतदाताओं ने वोट डालकर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था जताई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा के मतदान केन्द्र क्रमांक 62 मगरलोड में वर्ष 2018 में 79.25 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि इस वर्ष 84.49 प्रतिशत वोटरों ने वोट किया। इस तरह 2023 में 5.24 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ। मतदान केन्द्र क्रमांक 143 बिलभदर में वर्ष 2018 में 83.43 प्रतिशत वोट पड़ा, जबकि इस बार 86.04 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार 2.62 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। इसी तरह मतदान केन्द्र क्रमांक 146 हरदीभाठा में वर्ष 2018 में 82.97 प्रतिशत वोट पड़े वहीं इस वर्ष 87.08 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। इस तरह 4.12 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 151 नगरी में वर्ष 2018 में 73.50 प्रतिशत वोट पड़े, इस साल 78.76 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। इस तरह 5.26 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 152 नगरी में वर्ष 2018 में 72.47 प्रतिशत वोट पड़े, वर्ष 2023 में 78.62 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला, इस तरह 6.16 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 153 नगरी में वर्ष 2018 में 68.04 प्रतिशत तो वर्ष 2023 में 77.39 प्रतिशत वोट पड़े, इस तरह 9.36 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 163 अमाली में वर्ष 2018 में 89.63 प्रतिशत, तो वर्ष 2023 में 89.52 प्रतिशत वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 173 सांकरा में वर्ष 2018 में 81.52 प्रतिशत तो 2023 में 82.15 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला, इस तरह 0.64 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 189 देवपुर में 2023 में 87.63 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 196 सेमरा में वर्ष 2018 में 81.70 प्रतिशत तो वर्ष 2023 में 86.32 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाले। इस तरह 4.62 प्रतिशत वोट अधिक पड़े।

विधानसभा क्षेत्र 57 कुरूद के तहत मतदान केन्द्र क्रमांक 01 कचना में वर्ष 2018 में 92.78 प्रतिशत मतदान हुआ था, वहीं 2023 में 95.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस तरह 2.47 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 15 सरबदा में वर्ष 2018 में 87.61 प्रतिशत वोट पड़ा, जबकि इस बार 86.39 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार 1.22 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। इसी तरह मतदान केन्द्र क्रमांक 32 फुसेरा में वर्ष 2018 में 87.73 प्रतिशत वोट पड़े वहीं इस वर्ष 90.99 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। इस तरह 3.27 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 71 भखारा में वर्ष 2018 में 88.21 प्रतिशत वोट पड़े, इस साल 87 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। मतदान केन्द्र क्रमांक 126 नवागांव (थु.) में वर्ष 2018 में 80.80 प्रतिशत वोट पड़े, वर्ष 2023 में 90.40 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला, इस तरह 9.60 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 129 मरौद में वर्ष 2018 में 85.10 प्रतिशत तो वर्ष 2023 में 76.69 प्रतिशत वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 133 भाठागांव में वर्ष 2018 में 89.94 प्रतिशत, तो वर्ष 2023 में 88.49 प्रतिशत वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 152 सेलदीप में वर्ष 2018 में 89.95 प्रतिशत तो 2023 में 90.13 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला, इस तरह 0.18 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 162 चर्रा में वर्ष 2018 में 91.37 प्रतिशत था, वर्ष 2023 में 90.56 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान केन्द्र क्रमांक 175 कुरूद में वर्ष 2018 में 87.82 प्रतिशत तो वर्ष 2023 में 84.81 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाले।

विधानसभा क्षेत्र 58 धमतरी के तहत मतदान केन्द्र क्रमांक 104 लोहरसी में वर्ष 2018 में 86.17 प्रतिशत मतदान हुआ था, वहीं 2023 में 93.17 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस तरह 6.99 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 106 लोहरसी में वर्ष 2018 में 88.73 प्रतिशत वोट पड़ा, जबकि इस बार 91.98 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार 3.25 प्रतिशत अधिक वोट पड़े। इसी तरह मतदान केन्द्र क्रमांक 115 गोकुलपुर में वर्ष 2018 में 79 प्रतिशत वोट पड़े वहीं इस वर्ष 77.39 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। मतदान केन्द्र क्रमांक 116 गोकुलपुर में वर्ष 2018 में 65.16 प्रतिशत वोट पड़े, इस साल 70.57 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला।

इस तरह 5.41 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ। मतदान केन्द्र क्रमांक 151 रामपुर वार्ड में वर्ष 2018 में 74.53 प्रतिशत वोट पड़े, वर्ष 2023 में 71.59 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। मतदान केन्द्र क्रमांक 154 रामपुर वार्ड में वर्ष 2018 में 75.09 प्रतिशत तो वर्ष 2023 में 73.05 प्रतिशत वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 179 बठेना वार्ड में वर्ष 2018 में 85.84 प्रतिशत, तो वर्ष 2023 में 84.54 प्रतिशत वोट पड़े। मतदान केन्द्र क्रमांक 216 रूद्री में वर्ष 2018 में 77.74 प्रतिशत तो 2023 में 72.31 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाला। मतदान केन्द्र क्रमांक 218 रूद्री में वर्ष 2018 में 59.08 प्रतिशत था, वर्ष 2023 में 56.74 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान केन्द्र क्रमांक 221 भटगांव में वर्ष 2018 में 90.38 प्रतिशत तो वर्ष 2023 में 88.47 प्रतिशत वोटरों ने वोट डाले।



## दिव्यांग वी वृद्धजन मतदाताओं का सहयोग किया एनएसएस के स्वयंसेवकों ने



**सरायपाली,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय - लम्बर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के मतदाता मित्रों द्वारा डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो महासमुंद के निर्देशन में तथा जी. पी. पटेल प्राचार्य, व आर. के. पटेल कार्यक्रम अधिकारी के मार्गनिर्देशन में 27 स्वयं सेवको ने 14 मतदान केन्द्रो जिसमें करनापाली, ढूटीकोना, प्राथमिक शाला लम्बर, मिडिल स्कूल लम्बर, छिर्राबाहरा, डोंगरीपाली, झालपाली, पोटापारा, लोहरिनडीपा, सागरपाली, रोहिना, बंसुलीडीह पलसाभाडी, विजराभांठा आदि में वृद्धजन एवं दिव्यांग लोगों की मतदान करने में सहायता किये, उसमें सुमित चौरसिया दलनायक, प्रीति साहू दल नायिका सीमा साहू, अंजली भास्कर, रुपाली वैरागी, कुन्ती मैत्री, प्रेमशीला पटेल, गुलाब पटेल, योगेश अजय, हरीश पटेल, भूपेन्द्र बरिहा नीकेश पटेल, ताराचंद नागवंशी, विकास चौहान, अजय कत्थाकार, राहुल पटेल, हर्ष चौधरी, करनदास मानिकपुरी, नंदकुमार पटेल, गोपी किशन श्रीवास, अनुराग साहू, विनाद पटेल, चुमन पटेल, करन निषाद, कुशल पटेल, घनेश पटेल, अंकित चंद्रा आदि स्वयं सेवक सहयोग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उक्त जानकारी आर के पटेल कार्यक्रम अधिकारी ने दिया।

## पहले मतदान फिर अंतिम संस्कार

### पहले मतदान उसके बाद दूसरा काम की तर्ज पर

**बागबाहरा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधान सभा के बागबाहरा के समीपस्थ ग्राम हरनादादर में नरेंद्र मांझी की माता शतायु प्राप्त श्रीमती मिथिला मांझी का निधन हो जाने से अंतिम संस्कार के लिए जाने की तैयारी कर रहे थे। इस घटना की जानकारी होने पर स्वीप ब्रांड एंबेसेडर डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही शोक संतप्त परिवार के बीच पहुंच कर सांत्वना दी। साथ ही परिवार जनों को समझाया कि अंतिम संस्कार के पहले मतदान जरूर करें। डॉ पाणिग्रही ने बताया कि शोक संतप्त परिवार के बीच ऐसे संवेदनशील अवसर पर जहां शव पड़ा हो, मतदान की बात करना चुनौतीभरा था, फिर स्वीप कार्यक्रमों के मैदानी अनुभवों एवं सबसे पहले मतदान उसके बाद दूसरा काम च्च इस सूत्र वाक्य को लेकर साहस जुटा कर मैने परिवार जनों के बीच बात रखा।



परिवार के मुखिया नरेंद्र मांझी ने परिवार के बीच चर्चा की। नरेंद्र मांझी ने बताया कि जगबंधु मांझी, कोई बाई मांझी, कृष्टो मांझी, सुभद्रा मांझी, नूरपति मांझी, नैन कुमार मांझी, जोगेश्वरी मांझी, मुकेश मांझी, प्रे म मांझी, वंदना मांझी, पहले मतदान करने निकले तथा बाकी लोग अंतिम संस्कार के बाद मतदान करने जाएंगे। अंतिम संस्कार पूर्ण कर लौटने के बाद मैं पुनः मांझी परिवार के घर पहुंचा। मुझे जानकार अच्छा लगा कि परिवार के सारे सदस्य मतदान करने गए हुए थे। मेरी मुलाकात नहीं हो सकी। मतदान समय समाप्त होने के बाद फिर मैं उनके पास गया। उन्होंने बताया कि परिवार के सभी लोग मतदान करके आ चुके हैं इस तरह नरेंद्र मांझी परिवार ने शोक के समय भी मतदान एक अनुकरणीय कार्य किया है।

## स्ट्रांग रूम किया गया सील

### 3 दिसम्बर को होगी मतगणना



**धमतरी,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में विधानसभा मतदान के पश्चात सभी मशीनों को आने के बाद सामान्य प्रेक्षक विधानसभा धमतरी एवं सिहावा मनीष अग्रवाल, सामान्य प्रेक्षक विधानसभा कुरुद दीपक रामचंद्र तावरे तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी और सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पॉलिटेक्निक कालेज रुद्री में स्ट्रांग रूम को सील किया गया। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए जवान तैनात हो गए हैं। स्ट्रांग रूम में विधानसभा वार 3 विधानसभा के हिसाब से अलग-अलग ईवीएम एवं वीवीपैट रखी गई हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने पॉलिटेक्निक कालेज रुद्री में मतगणना स्थल और सीसीटीवी मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमति रोक्तिमा यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी, समस्त एसडीएम एवं रिटर्निंग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएं मतदान केन्द्रों में कर रहे हैं सेवा कार्य



**खरोरा,** 18 नवंबर। भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा के स्काउट गाइड की छात्र-छात्राएं खरोरा ,केशला, बुढेरा मांठ, के विभिन्न मतदान केंद्रों में सेवा कार्य का सुचारू व व्यवस्थित तरीके से कर रहे हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 67, 68, 69, 70, 71, 72, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 80 में विद्यालय के छात्र प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन व स्काउट गाइड प्रभारी शाहिना परवीन के मार्गदर्शन में यह शुभ कार्य संचालित है। इस सेवा कार्य में बीना देवांगन अंजलि देवांगन, अमृता देवांगन, चंद्र कुमार ने अपनी सेवा दी।

## पहली बार मतदान, विकास पर वोट




**खरोरा,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय खरोरा नगर सहित अंचल के गांवों में शुक्रवार को विधानसभा चुनाव का मतदान किया गया। लोकतंत्र का महापर्व पर ग्रामीण मतदाताओं के चेहरों में चमक दिखाई दे रहा था। वहीं मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सुबह ऐसे ही मतदान केंद्र की ओर निकल रहे थे। लोगों ने पूरी तरह शांति और सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में मतदान किया। मतदान में पुरुषों के साथ महिलाओं और युवाओं ने भी स्वस्फूर्त होकर मुद्दों के आधार पर अपने मतों का प्रयोग किया। जिसके कारण दोपहर 12.30 से 2.30 बजे के बीच पिक टाइम रहा। जिसके कारण मत दान केंद्रों में खासकर महिलाओं की लंबी लंबी लाइनें लगी रही वहीं खेतों में काम करने गए। किसानों ने दोपहर बाद मतदान केंद्र पहुंचकर वोट किया जिसके कारण 70 से 71त्न तक मतदान हुआ है लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट ही एक ऐसा अधिकार है,जिससे जनता अपनी मनचाही सरकार चुनती है,इसलिए आवश्यक है कि सभी को इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए।

अपने मताधिकार का उपयोग ऐसे प्रतिनिधि के लिए करें जो बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र का विकास करे।

सुबह से ही क्षेत्र के मतदान केंद्र में मतदाताओं की लंबी कतार देखने में मिली पुरुष मतदाताओं के साथ महिलाएं भी सुबह से मतदान के प्रति जागरूक दिखी। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को प्रदेश में संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में जागरूक नागरिकों ने बढ़ चढ़कर अपने मताधिकार का उपयोग किया।

## गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने हेतु विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ता दिल्ली में होने वाले आंदोलन के समर्थन हेतु रवाना हुए



**सरायपाली,** 18 नवंबर (देशबन्धु)। गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने हेतु विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता दिल्ली में होने वाले आंदोलन के समर्थन हेतु रवाना हुए। 20 नवंबर, सोमवार को गोपाष्टमी के पर्व पर गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने हेतु पूरे देश के हर एक क्षेत्र के गौ रक्षकों, गौ भक्तों के द्वारा एकत्रित होकर दिल्ली के रामलीला मैदान में वृहद रूप से आंदोलन किया जाएगा। इसी कार्यक्रम में समर्थन देने गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने में अपना योगदान देने हेतु सरायपाली प्रखंड से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता कल 18 नवंबर को सरायपाली से रवाना हुए हैं। दिल्ली हेतु विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष गुड्डु जायसवाल, प्रखंड संयोजक मयंक पाणिग्राही, प्रखंड सहङ्कसंयोजक दीपक यादव, सहङ्कसंयोजक नंदन सिंह , कार्यकर्ताओं में नितिन साहू , अनंत भोई , हेमंत, खिरेंद्र, कमलेश्वर बंछोर, आशीष निषाद, कामेश मलिक, दीपेश यादव, विकेश भोई, खिरोद बंछोर, अनंत भोई, आशीष डडसेना, घनश्याम बैरागी आदि रवाना हुए हैं।